3 राजधानी
कोरोना का संक्रमण घटाने को चलेगा अभियान

6 अभिमत
पुलिस सुधारों की आवश्यकता

11 विदेश
ट्रंप ने कोविड-19 राहत पैकेज पर किए हस्ताक्षर

12 स्पोर्ट्स
भारत ने कंगारुओं पर कसा शिकंजा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 70
लखनऊ, मंगलवार, 29 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सोनम कपूर की फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग शुरू
विविध-12

# सरकार ने किसानों को कल बुलाया

## किसान संगठनों ने वार्ता के लिए सैद्धांतिक रूप से जताई सहमति लेकिन कहा- केंद्र का एजेंडा अस्पष्ट

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**सरकार** ने नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 40 किसान संगठनों को सभी प्रासंगिक मुद्दों पर अगले दौर की वार्ता के लिए 30 दिसंबर को बुलाया है। सरकार द्वारा सोमवार को उठाए गए इस कदम का उद्देश्य तीन नए कृषि कानूनों पर जारी गतिरोध का एक तार्किक समाधान निकालना है। यह छठीं बार होगा जब केंद्र किसानों को माह भर से चले आ रहे आंदोलन को समाप्त करने के लिए मनाने का प्रयास करेगा। किसानों के संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार को बातचीत के लिए प्रस्ताव दिया था।

इस बीच किसान संगठनों ने सरकार के बातचीत शुरू करने के प्रस्ताव पर 'सैद्धांतिक रूप' से सहमति जताई है लेकिन कहा कि केंद्र को अपने आमंत्रण में एजेंडे को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए था। कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत 40 संगठनों के मंच संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रस्तावित तिथि को बैठक करने के लिए किसान तैयार हैं, जबकि अखिल भारतीय किसान संघर्ष कोआर्डिनेशन कमेटी ने कहा कि केंद्र मुद्दे का हल ढूंढने के प्रति अपनी अनिच्छा को दर्शा रहा है। संगठन ने एक बयान में कहा 'सरकार ने अस्पष्ट भाषा का इस्तेमाल किया है जो किसानों द्वारा प्रस्तावित एजेंडे पर चर्चा करने की उसकी इच्छा को दर्शाता है।' बयान में यह भी कहा गया है सरकार किसानों को दोषी ठहराने के तरीकों को ढूंढ रही है जिससे कि तीनों कृषि कानूनों और बिजली बिल 2020 को लेकर उसके अड़ियल रुख को छिपाया जा सका। किसान संगठनों ने सितंबर में लागू किए गए नए कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए तौर तरीके सहित एजेंडे पर मंगलवार, 29 दिसंबर, को वार्ता करने का पिछले हफ्ते एक प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सरकार ने उन्हें आमंत्रित किया है। कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने किसान संगठनों को लिखे एक पत्र के जरिए उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में बुधवार, 30 दिसंबर, दोपहर दो बजे वार्ता करने का न्योता दिया है। पिछली औपचारिक बैठक पांच दिसंबर को हुई थी, जिसमें किसान संगठनों के नेताओं ने ( शेष पेज 9 )



### पंजाब में किसानों ने तोड़े 1,500 मोबाइल टावर

**मुकेश अंबानी की फर्म जियो के टावरों को बनाया निशाना**

**नई दिल्ली।** तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों ने पंजाब में 1,500 से अधिक मोबाइल टावर तोड़े हैं, जिससे कुछ क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं प्रभावित हुई हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। किसानों का मानना है कि नए कृषि कानूनों से अरबपति उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी को सबसे अधिक फायदा होगा। इसलिए उनका गुस्सा मुकेश अंबानी की कंपनी जियो के मोबाइल टावरों पर निकल रहा है। राज्य में कई हिस्सों में इन टावरों को बिजली की आपूर्ति रोक दी गई है और साथ ही ( शेष पेज 9 )

### जल्द गिरेगी झूठ की दीवार: तोमर

**कृषि कानूनों लेकर जारी गतिरोध के शीघ्र समाधान की उम्मीद**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**कृषि मंत्री** नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को कहा कि नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के बीच सुनियोजित तरीके से झूठ की दीवार खड़ी की गई है, लेकिन ऐसा लंबे समय तक नहीं चलेगा है और प्रदर्शनकारी किसानों को जल्द सच्चाई का अहसास होगा। मंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गतिरोध का जल्द समाधान ढूंढ लिया जाएगा। एक महीने से अधिक समय से पंजाब, हरियाणा और उत्तरप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों के किसान तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए दिल्ली की सीमाओं पर डटे हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे। तोमर ने कन्फेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) की तरफ से आयोजित डिजिटल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, जल्द ही कुछ रास्ता निकलेगा और हम समाधान तक पहुंचेंगे। हर कोई जानता है कि झूठ की दीवार कभी मजबूत नहीं होती। सच्चाई सच्चाई होती है। समय आएगा जब लोग सच्चाई स्वीकार करना शुरू करेंगे। मंत्री ने निराशा जताई कि कुछ लोगों ने आंदोलनकारी किसानों के दिलों में सुनियोजित तरीके से गलतफहमी पैदा कर दी है। बहरहाल, सरकार इस तरह के किसान संगठनों के साथ लगातार वार्ता कर रही है। उन्होंने कहा कि नए कृषि कानूनों के लाभ किसानों तक पहुंचने शुरू हो गए हैं। कई किसान इन कानूनों के बारे में सकारात्मक सोचने लगे हैं लेकिन किसानों के कुछ धड़े में भ्रम बना हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इन चिंताओं को दूर करने में सफल होंगे। तोमर ने कहा कि सरकार लोकतांत्रिक ढांचे के तहत वार्ता के लिए हमेशा तैयार है और ( शेष पेज 9 )

# कोरोना टीकाकरण के लिए दो दिन का ड्राई रन शुरू

- आंध्र प्रदेश, गुजरात पंजाब और असम में शुरू हुआ कार्यक्रम
- मॉक ड्रिल के जरिये अभियान के दौरान पेश आने वाली दिक्कतों के बारे में ली जाएगी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस वैक्सीन कार्यक्रम के लिए सरकार ने सोमवार को आंध्र प्रदेश, पंजाब, गुजरात और असम में दो दिवसीय ड्राई रन शुरू किया। ड्राई रन का मुख्य उद्देश्य संभावित प्रतिकूल परिस्थितियों का प्रबंधन तथा टीकाकरण स्थल पर संक्रमण नियंत्रण प्रबंधन है। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले, गुजरात में राजकोट और गांधीनगर, पंजाब में लुधियाना और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) तथा असम में सोनितपुर तथा नलबारी जिलों में मॉक ड्रिल किया गया। केंद्र ने सभी चार राज्यों से दो जिलों में तथा पांच अलग अलग स्थलों जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर, शहरी स्थलों, निजी स्वास्थ्य केंद्रों तथा ग्रामीण इलाकों इसके आयोजन के लिए कहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य कोविड-19 टीकाकरण के लिए व्यवस्था तैयार करना तथा अभियान की शुरुआत से पहले यदि कोई कमी है तो उसे ठीक करना है। उन्होंने कहा कि यह कवायद को-विन की संचालन का जांच करने के लिए भी है, जो कि कोविड-19 वैक्सीन के वितरण, टीमों की तैनाती, कोल्ड स्टोरेज की निगरानी, परिवहन प्रबंधन तथा सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी करने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है। मंत्रालय ने कहा कि इसमें कोल्ड स्टोरेज की जांच तथा कोविड-19 टीकों के परिवहन प्रबंध और सेशन साइट पर उचित ( शेष पेज 9 )




### उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र रावत दिल्ली एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली/देहरादून।** कोरोना वायरस से संक्रमित उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सोमवार को फेफड़ों में हल्के संक्रमण के चलते परीक्षण के लिए दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। नई दिल्ली में सूत्रों ने बताया कि रावत को दोपहर करीब 12:30 बजे एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है जहां खास तौर से कोविड-19 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। सुबह देहरादून में सरकारी अधिकारी ने बताया था कि मुख्यमंत्री को चिकित्सकों की सलाह पर हेलीकॉप्टर से एम्स, दिल्ली भेजा गया है। हल्का बुखार आने के बाद रावत रविवार देर शाम जांच के लिए यहां सरकारी दून अस्पताल गए थे जहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती कर लिया था। उनके फेफड़ों में हल्का संक्रमण पाया गया जिसके बाद सुबह उन्हें ( शेष पेज 9 )

**कोविड-19 पर गृह मंत्रालय का नया दिशा निर्देश**

### वायरस के नए प्रकार के प्रति सतर्क रहने की जरूरत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विभिन्न गतिविधियों पर कोविड-19 से जुड़ी पाबंदियों को कायम रखते हुए सोमवार को कहा कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार कमी आ रही है, लेकिन दुनिया भर में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने और ब्रिटेन में इस वायरस का एक नया प्रकार सामने आने के मद्देनजर निगरानी और सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसने कोविड-19 की (स्थिति की) निगरानी के सिलसिले में नए दिशानिर्देश जारी किए हैं और ए दिशानिर्देश 31 जनवरी तक प्रभावी रहेंगे। साथ ही, इसने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नव वर्ष समारोहों तथा ठंड के मौसम में मामलों को किसी भी तरह से बढ़ने देने से रोकने के लिए सख्त निगरानी रखने को कहा है। मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संभावित टीकाकरण अभियान के लिए तैयारियों में केंद्रीय ( शेष पेज 9 )

## कोरोना प्रोटोकाल के दायरे में ही मनाएं न्यू ईयर पार्टी

- कार्यक्रम के लिए अनुमित जरूरी, मुख्य सचिव ने जारी किए दिशा-निर्देश
- घरों में ही नववर्ष का पर्व मनाए जाने के लिए किया जाए प्रेरित:सीएस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोविड के संक्रमण और इसके नए वैरियंट को लेकर यूपी सरकार ने दिशा-निर्देश जाी किए हैं। नए साल के स्वागत में कोविड प्रोटोकाल का पालन करना होगा। प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर आयोजकों के साथ इसमें शामिल होने वालों पर कार्रवाई होगी। सूबे के मुख्य सचिव आरके तिवारी ने कोविड-19 के प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए विशेष सजगता एवं सावधानी बरते जाने के लिए सभी डीएम, कमिश्नर, एडीजी, डीजी, आईजी, डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा है।




अपने निर्देश में आरके तिवारी ने कहा कि नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले सामूहिक कार्यक्रमों व अन्य आने वाले कार्यक्रमों में लोगों का अधिक संख्या में एकत्रित होना स्वाभाविक है, जिससे कोरोना संक्रमण के प्रसार की संभावना रहेगी। कार्यक्रमों में विशेष सजगता, सावधानी बरतते हुए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों, कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन कराये जाने के साथ-साथ नववर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले कोई भी कार्यक्रम सम्बन्धित जनपद ( शेष पेज 9 )

### केंद्र सरकार ने कानपुर में ग्रीन फील्ड मेगा लेदर पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत सरकार** द्वारा कानपुर में ग्रीन फील्ड मेगा लेदर पार्क की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी प्रदान कर दी गई है। कानपुर में मेगा लेदर कल्स्टर की स्थापना से लगभग 5850 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं 1.50 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। कल्स्टर के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 13000 करोड़ रुपये का टर्नओवर भी होगा।

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने इसके लिए भारत सरकार के रेलवे, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मेगा लेदर पार्क की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 236 करोड़ रुपये तथा भारत सरकार द्वारा 125 करोड़ रुपये कुल 451 करोड़ रुपये सहित अवस्थापना सुविधाओं के लिए व्यय ( शेष पेज 9 )

## अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस राहुल का नाम कर सकती है प्रस्तावित

- जनवरी के अंत में राजस्थान में होने वाले सम्मेलन में चुना जाएगा पार्टी प्रमुख

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** पार्टी राहुल गांधी के नाम का प्रस्ताव अध्यक्ष पद के लिए कर सकती है। इसके लिए आगामी जनवरी के अंत में राजस्थान में एक सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। एआईसीसी के सूत्रों ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर या उदयपुर में सम्मेलन आयोजित करने के इच्छुक हैं। वह कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राहुल की वापसी का रास्ता बनाना चाहते हैं।

संयोग से 2012 में जयपुर में आयोजित कांग्रेस के पिछले राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राहुल को एआईसीसी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। सूत्रों ने कहा कि



कांग्रेस का सम्मेलन अगले साल जनवरी या फरवरी में हो सकता है। अभी पार्टी के केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा संगठन के आंतरिक चुनाव चरणबद्ध और आभासी मोड में कराए जा रहे हैं। गहलोत ने जयपुर या उदयपुर में सत्र आयोजित करने का प्रस्ताव रखते हुए राहुल गांधी के कार्यालय से बातचीत की है। इस पर अंतिम फैसला राहुल गांधी के विदेश से लौटने के बाद लिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राहुल गांधी की फिर से नियुक्ति का प्रस्ताव सम्मेलन में रखा जाएगा। राहुल ने पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नैतिक आधार पर अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था और सख्ती से इस पद पर अपनी वापसी से इनकार कर दिया है। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि वरिष्ठ नेताओं और सोनिया गांधी के साथ बैठक के दौरान दिया गया उनका यह बयान कि वह पार्टी के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं, कांग्रेस अध्यक्ष पद स्वीकार करने की स्वीकृति ही है। इसलिए पार्टी उसी दिषा में सोच रही है। पार्टी नेता ने कहा कि सोनिया गांधी ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि वह अब और पार्टी की मुखिया नहीं रहेंगी। उन्हें बीते साल अगस्त में ही छह महीने के लिए अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया था। सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में पूर्ण बदलाव की मांग करने वाले नेताओं के साथ 19 दिसंबर को हुई बैठक में राहुल गांधी ने कहा था कि यदि सब चाहते हैं तो वह पार्टी के लिए काम करने को तैयार हैं। उनकी इस टिप्पणी पर नाराज नेताओं समेत सभी ने तालियां बजाकर बधाई दी और उसके बाद ( शेष पेज 9 )

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 46,973 |
| निफ्टी | 13,749 |
| सोना | 49,624 /10g |
| चांदी | 66,954 /kg |

**क्विक न्यूज**

### मोदी ने 100वीं किसान रेल को हरीझंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किसान रेल के 100वें फेरे को हरी झंडी दिखाई। यह रेल फल-सब्जी लेकर महाराष्ट्र के संगोला से पश्चिम बंगाल के शालीमार के लिए रवाना हुई। उन्होंने इस मौके पर जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को मजबूत बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए किसान रेल हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए उनकी सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं और इरादे पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी ताकत और समर्पण के साथ किसानों और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने का काम जारी रखेगी।

## राम मंदिर परियोजना पर लगभग 1100 करोड़ खर्च होने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर

**अयोध्या** में राम मंदिर परिसर के निर्माण पर करीब 1100 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है, जिसमें मुख्य ढांचा का खर्च भी शामिल है और इसके साढ़े तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। यह जानकारी परियोजना की देखरेख कर रहे न्यास के कोषाध्यक्ष ने सोमवार को दी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरिजी महाराज ने कहा कि मंदिर की आधारशिला के लिए ढांचा विशेषज्ञ और इंजीनियर योजना बना रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर के मुख्य ढांचे के निर्माण पर 300 से 400 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है जबकि पूरे परिसर के निर्माण पर 1100 करोड़ रुपए से कम का खर्च नहीं आएगा। संत ने कहा, लेकिन ए सब आकलन है। गिरिजी महाराज ने कहा कि मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है और आईआईटी बंबई, दिल्ली, मद्रास, गुवाहाटी के विशेषज्ञ तथा केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की के विशेषज्ञ एवं



एलएंडटी तथा टाटा समूह के इंजीनियर परिसर के मजबूत आधार की योजना तैयार कर रहे हैं।उन्होंने कहा, मंदिर की आधारशिला के लिए दिए गए विकल्पों पर कल की बैठक (न्यास के) में चर्चा होगी (और अंतिम चयन किया जाएगा)। गिरिजी महाराज ने कहा, इसके अलावा हम चार लाख गांवों और 11 करोड़ परिवारों तक पहुंच रहे हैं ताकि इस पहल में समाज के सभी तबकों की भागीदारी हो सके। न्यास ने मंदिर के निर्माण के लिए व्यापक स्तर पर संपर्क एवं धन जुटाने के अभियान की घोषणा की है। कुछ दिनों पहले चंदा जुटाने के लिए विदर्भ क्षेत्रीय कार्यालय की शुरुआत की गई।

## उत्पीड़न से भी नहीं टूटा हौसला, ट्रांसजेंडर ने लिखी कामयाबी की नई इबारत

### 22 साल लड़का रहने के बाद बनी ट्रांसवुमेन, नोएडा में सफलतापूर्वक चला रही शानदार रेस्त्रां

**रिंकू यादव।** नोएडा

**बदलाव** समाज आगे बढ़ाता है। आज हम आपको एक ऐसे बदलाव की कहानी बताने जा रहे हैंए जो हिम्मत और हौसले को बयां करती है। समाज के वंचित हिस्से ट्रांसजेंडर के एक सदस्य ने मिसाल पेश की। है। करीब 22 साल तक लड़का रहने के बाद वह महिला बन गई हैं। इस दौरान तमाम बुरे अनुभव झेले हैं। अब उरूज हुसैन ने नोएडा के सेक्टर-119 में एक कैफे शुरू किया है। उन्हें उम्मीद है कि उनकी यह कामयाबी उनके 'समुदाय' में दूसरों को प्रेरित करेंगी।

उरूज हुसैन ने बताया मुझे अपने कार्यस्थलों पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इसलिए मैंने अपना कैफे शुरू करने का फैसला किया है। जो सभी के साथ समान व्यवहार करता है। मुझे उम्मीद है कि यह मेरे समुदाय से दूसरों को प्रेरित करेगा। वह अब नोएडा में स्ट्रीट टेम्पटेशन नाम का एक रेस्त्रां चलाती हैं। वह कहती



रेस्तरां स्ट्रीट टैंपटेशन और उरुज हुसैन — पायनियर

हैं, मैं एक एंटरप्रन्योर और सोशल वर्कर हूं, लेकिन जब लोग मुझे देखते हैं तो मेरी पहली पहचान ट्रांसवुमन के तौर पर ही करते हैं। लोगों की नजर में हमारी तस्वीर कुछ इस तरह की बन गई है कि उन्हें हम सिर्फ एक किन्नर ही नजर आते हैं। उरूज हुसैन ने कहा, लोगों ने मुझे यहां स्वीकार किया है, उन्होंने मुझ पर प्यार बरसाया है। हुसैन ने आतिथ्य के क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण लिया है। वह इससे पहले कई नौकरियां कर चुकी हैं। अब वह अंततः अपने कारोबार की मालिक बन गई हैं। हुसैन ने कहा, मेरा कैफे सभी लिंगों के लिए उत्पीड़न मुक्त है। मेरे साथ जो हुआ है, उसका सामना किसी अन्य को करने की ज़रूरत नहीं है। मेरे माता-पिता नहीं हैं, लेकिन मेरे होने पर उन्हें गर्व होगा। उरूज आगे कहती हैं, सामान्य तौर पर लोगों को लगता है कि हम ताली बजाकर भीख मांगेंगे या सेक्स वर्कर्स हैं। असलियत इससे काफी अलग है। सारे ट्रांसजेंडर एक जैसे नहीं हैं। मुझे खुद पर गर्व होता है कि मैं समाज के बनाए स्टीरियोटाइप तोड़ रही हूं। खुद के दम पर अपना रेस्त्रां चला रहीं हूं। यहां आने वाले बहुत सारे लोग मेरे साथ खड़े होकर सेल्फी लेते हैं। कुछ लोग अपने बच्चों को मेरे बारे में बताकर प्रेरणा लेने को कहते हैं। तब मुझे अहसास होता है कि सोसाइटी में अच्छे लोगों की भी कोई कमी नहीं है।

उरूज का बचपन भी कम कठिनाइयों से भरा नहीं था। वह पुरानी बातें याद करके बताती हैं, मैंने एक सामान्य बच्चे की तरह जन्म लिया था। धीर धीरे मुझे एहसास होने लगा कि मेरा शरीर ही सिर्फ लड़कों जैसा है, लेकिन मेरी फीलिंग्स एक औरत जैसी हैं। इसी वजह से मुझे परिवार और समाज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। परेशानियों की शुरुआत परिवार से ( शेष पेज 9 )

# गांव-गांव पहुंची यूपी की टाप ब्यूरोक्रेसी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान और गन्ना खरीद, गोआश्रयों की हकीकत का पता लगाने को लेकर उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**चाहे** कुछ हो जाए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना लक्ष्य छोटा नहीं रखते हैं। उनके हर फैसले में सूबे की बडी आबादी फोकस पर होती है। अपनी इसी सोच के तहत मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने और कोरोना संकट के दौरान पलायन करके आ रहे श्रमिकों की मदद करने के मामले में सरकार के समूचे तंत्र को लोगों की मदद में लगा दिया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य में किसानों का सुख दु:ख जानने के लिए ग्राउंड जीरो पर यूपी की टाप ब्यूरोक्रेसी को उतार दिया है। जिसके तहत मुख्यमंत्री ने धान और गन्ना खरीद, गोआश्रयों की हकीकत का पता लगाने को लेकर सूबे के सभी 75 जिलों में वरिष्ठ आईएएस अफसरों को नोडल अफसर बनाकर भेजा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में पहुंचे अधिकारी ठंड की परवाह किये बिना सुबह से ही गन्ना एवं धान खरीद केन्द्रों तथा निराश्रित गो आश्रम स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। राज्य में यह पहला मौका है, जब सूबे के सीनियर आईएएस अफसरों को सभी 75 जिलों नोडल अफसर बनाकर भेजा गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 27 से 29 दिसंबर तक यह अधिकारी जिलों में रुकेंगे। इस दौरान यह नोडल अफसर जिलों में गन्ना, धान खरीद केंद्र व निराश्रित गोशालाओं का भी निरीक्षण करके वहां की समस्याओं को जानेंगे। फसलों की सिंचाई, नहरों में पानी की उपलब्धता, बिजली आपूर्ति, वरासत अभियान तथा पुलिस संबंधी शिकायतों की भी समीक्षा करेंगे। इन अफसरों को धान खरीद में किसी तरह की शिकायत व जांच में पुष्टि होने पर जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिन्हित किये गए जिलों में तीन दिन रुक कर अब यह अधिकारी धान क्रय केंद्रों, गन्ना खरीद केंद्रों तथा गौआश्रय स्थलों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। मौके पर ही किसानों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। यही नहीं नोडल अधिकारी जिले में गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्था, विशेष वरासत अभियान, विद्युत आपूर्ति और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधा की भी समीक्षा कर रहें हैं। कुल मिलाकर बीत रहे साल के अंतिम दिनों में कड़ाके की ठंड में किसान के द्वार पर पहुंच कर सरकार के आला अफसर किसानों की समस्याओं की जानकारी कर उसका निदान कर रहे हैं। इसके तहत ही अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी ने शाहजहांपुर में निराश्रित गो आश्रम का निरीक्षण किया, वे धान क्रय केंद्र पर भी गए और किसानों से उनकी दिक्कतों के बारे पूछा।

इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव हेमंत राव ने औरैया में धान क्रय केंद्र का दौरा किया। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बरेली में वैक्सीनेशन की तैयारियों की समीक्षा की और प्रतिदिन तीन हजार लोगों के सैंपल लेकर जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने विदेश से आने वालों की कोविड जांच करने का भी निर्देश दिया और अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिले। मरीजों से उन्होंने पूछा कि डाक्टर आपका ख्याल रख रहे हैं या नहीं। बहेडी के धान खरीद केंद्र का भी उन्होंने निरीक्षण किया जहां किसानों ने धान की तौल कम होने के शिकायत की। किसानों ने बताया कि बहेड़ी में धान खरीद के सेंटर कम होने से किसानों को धान तुलवाने काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। एक हफ्ते में तौल का नंबर आता है। अपर मुख्य सचिव ने डीएम बरेली से धान खरीद के सेन्टर बढ़ाने को कहा। उसके बाद अपर मुख्य सचिव ने समीप के गुड्वारा गाँव में सरकारी स्कूल में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की जनसमस्याओं को भी उन्होंने सुना। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव गन्ना एवं चीनी उद्योग संजय भूसरेड्डी, प्रमुख सचिव डिंपल वर्मा तथा कानपुर के मण्डलायुक्त राजशेखर आदि ने भी धान खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया और वरासत अभियान की प्रगति की जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में भी इन अफसरों के जानकारी प्राप्त की।

### नोडल अफसरों को आज देनी है रिपोर्ट

**लखनऊ।** विकास कार्यों की हकीकत तथा किसानों की दिक्कतों को जानने जमीन पर उतरे अफसरों से सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार तक अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। नोडल अधिकारियों को जनपद भ्रमण के दौरान विकास कार्यों की गहन मानिटरिंग के साथ साथ किसानों की दिक्कतों का पता लगाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोडल अधिकारी जनपद स्तर पर धान क्रय व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को समुचित मार्गदर्शन प्रदान करें। सभी नोडल अधिकारी गन्ना क्रय केन्द्रों का भी निरीक्षण करें। साथ ही गो आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखें। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी सिंचाई व्यवस्था, नहरों में पानी की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा वरासत अभियान की प्रगति की भी समीक्षा करें।

# जनसमस्याओं का किया जाय समयबद्ध निस्तारण: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को प्रयागराज रवाना होने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये लोगों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना और समस्याओ शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने प्रयागराज स्थित चन्द्रशेखर आजाद गेस्ट हाउस पहुंच कर वहां भी लोगों से सीधे संवाद करते हुये उनकी समस्याएं सुनीं तथा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही क्षम्य नहीं होगी। श्री मौर्य ने जनसुनवाई के साथ साथ ठंड से बचाव हेतु अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों एवं चैराहों पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी तथा प्रार्थना पत्र भी दिये। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध ढ़ंग से कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**भारतीय जीवन बीमा निगम**
मण्डल कार्यालय, "जीवन प्रकाश" 30, हजरतगंज, लखनऊ- 226001
दूरभाष : 0522-2624855
ई-मेल : sales.lucknow@licindia.com

**प्रतियोगिता पुरस्कार, मेमेण्टो व गिफ्ट आइटम की खरीद के लिए वेण्डर/फर्म/डीलर के इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन की सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम लखनऊ मण्डल अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली 19 शाखाओं हेतु प्रतियोगिता पुरस्कार, मेमेण्टो व गिफ्ट आइटम की खरीद के लिए वेण्डर/फर्म/डीलर से इम्पैनलमेंट हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इम्पैनलमेंट आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्न प्रकार होगा–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | इम्पैनलमेंट आवेदन फीस | रू0 100+18%GST कुल 118 |
| 2. | आवेदन निर्गत तिथि | दिनांक: 29.12.2020 |
| 3. | आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि | दिनांक: 18.01.2021<br>समय : अपरान्ह 3:00 बजे तक |

आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण, मण्डल कार्यालय के विक्रय विभाग से किसी भी कार्य दिवस में **29.12.2020** से **18.01.2021** तक रू0 118/– देकर प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा निगम की वेब साइट **www.licindia.in** के **Tenders Section** से प्राप्त की जा सकती है, जिसके साथ रू0 118/– का ड्राफ्ट संलग्न होना चाहिए। आवेदन सील बन्द लिफाफे में **"क्रय समिति", विक्रय विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, जीवन प्रकाश, हजरतगंज, लखनऊ–226001** को सम्बोधित करते हुए अन्तिम तिथि एवं समय तक पहुंच जानी चाहिए। भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय लखनऊ के पास किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक**

# बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे को मिली यूपीडा बोर्ड की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वांचल** एक्सप्रेस–वे अब बलिया तक जाएगा। सोमवार को यूपीडा की बोर्ड बैठक में बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे के प्रस्ताव पर मुहर लग गई और अब इस परियोजना के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। करीब 50 किमी लंबे इस लिंक एक्सप्रेस–वे के बन जाने से पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का विस्तार बलिया तक हो जाएगा।

सोमवार को यूपीडा के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पर सहमति बनी जिसमें खासतौर पर बलिया लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे सम्बन्धी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### ● गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए जनवरी से शुरू होगा भूमि अधिग्रहण

एक्सप्रेस–वे के निर्माण से बलिया क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस एक्सप्रेस–वे के निर्माण से बलिया क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित तथा सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। इससे बलिया क्षेत्र के औद्योगीकरण का भी मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेस–वे परियोजना से आच्छादित क्षेत्रों के सामाजिक व आर्थिक विकास होगा। साथ ही कृषि, वाणिज्य, पर्यटन, हस्तशिल्प, स्थानीय उद्योगों आदि को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, भण्डारण गृह मण्डी तथा दुग्ध उत्पादन इकाइयों की स्थापना हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। बलिया लिंक एक्सप्रेस–वे 4 लेन एक्सपैण्डेबल टु 6–लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड परियोजना होगी। इस परियोजना से गाजीपुर और बलिया सहित पूर्वांचल के अन्य क्षेत्र लाभान्वित होंगे। बैठक में गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। इसको लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गंगा एक्सप्रेस–वे परियोजना के लिए जनवरी में भूमि अधिग्रहण का काम शुरू करते हुए जुलाई तक पूरा कर लिया जाए ताकि जून में ही परियोजना का शिलान्यास कराया जाए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की भी समीक्षा की गई जिसमें बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे के लिए जो ऋण लिया गया था उसकी स्वीकृति बोर्ड ने दी है। अब तक इस परियोजना का 30 प्रतिशत भौतिक काम पूरा हो गया है।

# किसानों से बात करने के नाम पर उन्हें धमकाया जा रहा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक गांव में पुलिस भेजी जा रही है। बहाना धान खरीद की रिपोर्ट बनाना है जबकि धान की लूट हो चुकी है। सच्चाई यह है कि इसका उद्देश्य गांवों में डर पैदा करना है ताकि किसानों को आंदोलन से डराकर अलग रखा जा सके। किसानों से बात करने के नाम पर उन्हें धमकाया जा रहा है और किसान नेताओं के साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी घरों में नज़रबंद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि भाजपा का राजनीतिक नेतृत्व अक्षम हो गया है। कृषि कानून पर अब पुलिस बात करेगी, धान खरीद की कथित रिपोर्ट पुलिस इकट्ठा करेगी, अपनी पूरी ताकत झोंकने के बावजूद भाजपा नेतृत्व किसानों से संवाद नहीं कर पा रहा है। भाजपा का चूंकि किसान खेती से कभी रिश्ता रहा नहीं इसलिए अन्नदाता का सम्मान करना उन्हें नहीं आता है। कारपोरेट दुनिया भाजपा की सरंक्षक है और भाजपा उनकी पोषक पार्टी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लाख झूठ बोले किसान समझ गया है कि उसके फायदे के नाम पर बनाए गए कृषि कानून वस्तुत: छलावा है। किसानों से जो भाजपा सरकार अपने किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं कर सकी है वह किसानों की जिंदगी में खुशहाली कहां से लाएगी। जैसे जैसे भाजपा की जमीन खिसक रही है, वह और भी दमनकारी होती जा रही है। किसान जाग चुका है, वह भाजपा की साजिशों में अब फंसने वाला नहीं है। वह उत्तर प्रदेश की राजनीति में बदलाव चाहता है। वहीं समाजवादी पार्टी का सोमवार को चौथे दिन भी समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम प्रदेश के सभी जनपदों में जारी रहा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि गांवों में अलाव पर चौपाल लगाकर किसानों के बीच उनकी समस्याओं और भाजपा राज में उनके साथ होने वाले अन्याय पर खुलकर चर्चा की गयी। किसानों को समाजवादी सरकार में उनके हित में किए गए कामों की भी जानकारी दी गई। समाजवादी किसान घेरा कार्यक्रम में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अब तक एक हजार से ज्यादा गांवों में यह किसान घेरा कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मियाँपुर**
**विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मियाँपुर वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.01.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।
निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | देवला के मकान से राजापुर लिंक रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 361373.00 | 10,000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 28.12.2020 से 02.01.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छ: माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम मियाँपुर के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**कृष्णा देवी**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-मियाँपुर**
**विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी**

# बैंकों के करेंसी चेस्ट व एटीएम की सुरक्षा को मजबूत करने में लिया जाएगा यूपी 112 का सहयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बैंकों** की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं चुस्त दुरूस्त व उच्चीकृत बनाए जाने के लिए तकनीकी का अधिकाधिक उपयोग किया जाएगा। बैंकों विशेषकर करेंसी चेस्ट एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए यूपी.112 का सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए बैंकों से उनकी शाखाओं तथा उसके अन्तर्गत स्थापित एटीएम की लोकेशन का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा गया है ताकि उसको पुलिस की आपात सेवा यूपी.112 के डाटा बैंक से जोड़ा जा सके। राज्य सरकार द्वारा नवगठित स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की सुविधा बैंको को भी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### ● नवगठित स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की सुविधा बैंकों को प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी उपलब्ध

यह निर्णय अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में बैंकों की सुरक्षा के संदर्भ में गठित राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की लोक भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के क्षेत्रीय निदेशक आरएलके राव, प्रबन्धक, सहायक महाप्रबन्धक, गृह सचिव, भगवान स्वरूप, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध केएसपी कुमार के अलावा विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ गृह एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी बैंकों में आग से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबन्ध किए जाने हेतु नियमित फायर आडिट कराए जाने तथा उसकी समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैंको के करेंसी चेस्ट का सुरक्षा आडिट स्थानीय थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धक के संयुक्त प्रयास से किया जाएगा।

बैंकों की करेंसी चेस्ट में उपयोग की जाने वाली नगदी के सुरक्षित आवागमन विशेषकर उसे दूसरे राज्यों में लाने ले जाने से जुड़े सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। जाली नोटों के प्रचलन को सख्ती से रोकने हेतु भी सम्मिलित प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैंकों की सुरक्षा प्रबन्धों से जुड़े जिन प्रकरणों में स्थानीय शाखाओं की लापरवाही पायी जाएगी उसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

बैंकों की ओर से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने में सुगमता के लिए सीसीटीएनएस योजना के तहत ई–एफआईआर प्रणाली की विस्तृत जानकारी भी बैंकों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ व कानपुर में पुलिस के समुचित सुरक्षा कार्मियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराए जाने के लिए कहा गया है। बैंकों के अन्तर्गत स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने तथा उसकी डीबीआर को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए सभी शाखा प्रबन्धकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित किए जाने तथा उसकी समय समय पर आकास्मिक निरीक्षण किए जाने के लिए भी कहा गया है।

# खनिजों का अवैध परिवहन रोकने के लिए चलेगा साप्ताहिक अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**निदेशक** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब ने समस्त जिलाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह जनपद स्तर पर गठित टास्क फोर्स द्वारा प्रत्येक माह में एक सप्ताह का विशेष प्रर्वतन अभियान चलाएं। उन्होंने अपेक्षा की है कि अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये जनपदीय मासिक बैठक में अनुश्रवण करें तथा प्रवर्तन की समेकित सूचना आगामी माह की 5 तारीख से पहले शासन व खनन निदेशालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डॉ रोशन ने समस्त जिलाधिकारियों को परिपत्र भेजते हुये कहा है कि अन्य राज्यों से प्रदेश में आने वाले खनिज वाहनों पर सम्बन्धित राज्य के अभिवहन प्रपत्रों एवं उप्र के अन्तर्राज्यीय परिवहन प्रपत्रों की जांच की जाय तथा जांच के दौरान वैध अभिवहन प्रपत्र नहीं पाये जाने अथवा अभिवहन प्रपत्र में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा के परिवहन पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाय। उन्होंने जारी परिपत्र में यह भी कहा है कि प्रदेश के खदानों, भण्डारण स्थल से खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की जाय। जांच के दौरान वैध ई–एमएम प्रपत्र सी नहीं पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाय। उल्लेखनीय है कि समय समय पर निर्गत शासनादेशों–निर्देशों के अनुसार पट्टाधारक, भण्डारण अनुज्ञप्तिधारकों को उद्गम स्थल पर निर्धारित मात्रा के अनुसार उपखनिजों की लोडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मगरेना**
**विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मगरेना वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.01.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।
निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | धमौला चाड़ंजा से सईद के घर तक इण्टरलाक कार्य 55 मी0 | 266030.00 | 10000.00 |
| 2 | सरदार अली के झार से रिजवान अली के घर तक इण्टरलाक कार्य 33 मी0। | 133358.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 28.12.2020 से 02.01.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छ: माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम मगरेना के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**राहुल सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-मगरेना**
**विकास खण्ड-मोहम्मदी, जनपद-खीरी**

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं श्रीमती मीना पत्नी नूर मोहम्मद, निवासी – मकान नं0 630, निशातगंज, लखनऊ की हूँ। मेरी जीवनबीमा पॉलिसी सं0 219596770 में मेरा त्रुटिवश गलत नाम बीना अंकित हो गया, जबकि सही नाम मीना है। मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा सही नाम मीना है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानी जाऊँ।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र मनोज कुमार वर्मा को उसका चाल–चलन ठीक न होने के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अब से उसके किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा, मेरी पत्नी श्रीमती किरने व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। दिनेश कुमार वर्मा पुत्र जियालाल, निवासी – मो0 मुशीगंज, तहसील व जिला–सीतापुर।

# कांग्रेस संदेश पदयात्रा रोके जाने पर प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेता उपवास पर बैठे

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस प्रदेश मुख्यालय में परम्परागत तरीके से मनाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के कांग्रेस संदेश यात्रा निकालकर हजरतगंज (जीपीओ पार्क) स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए प्रदेश मुख्यालय से निकलते ही भारी पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। पदयात्रा रोके जाने पर अजय कुमार लल्लू एवं वरिष्ठ नेताओं की पुलिस से नोंक झोंक व बहस हुई। जिसके बाद लल्लू के नेतृत्व में कई वरिष्ठ नेता एवं सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन प्रदेश कार्यालय पर उपवास पर बैठ गए। इससे पहले सोमवार को सुबह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में परम्परागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर सेवादल द्वारा ध्वजवंदन व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अजय कुमार लल्लू ने कांग्रेस की 136वीं वर्षगांठ पर सभी कांग्रेसजनों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही गर्व का दिन है। उन्होंने कहा कि आजादी के आन्दोलन से लेकर स्वतंत्रता के बाद महात्मा गांधी, इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे महापुरुषों ने अपने खून से इस देश की मिट्टी को सींचा है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोकतंत्रविरोधी शक्तियां संविधान, संवैधानिक संस्थाओं को कुचलना चाहती हैं। अपने अधिकारों के लिए जब कोई आवाज उठाता है तो उस पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाता है।

### कार्यक्रम रोके जाने पर प्रियंका ने जताई नाराजगी

**लखनऊ।** कांग्रेस स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में पुलिस द्वारा रोके जाने पर कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा किए कांग्रेस पार्टी की नसों में आजादी के आन्दोलन एवं किसानों मजदूरों के आन्दोलन का रक्त बहता है। हमारे स्थापना दिवस पर यूपी में हमें महापुरुषों का माल्यार्पण करने, संदेश यात्रा निकालने से रोका जा रहा है। नेताओं, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार, नजरबंद किया जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है।

### बीजेपी से मुकाबला करना है तो शरद पवार को यूपीए का अध्यक्ष बनाएं सोनिया: सिराज मेहंदी

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सदस्य विधान परिषद सिराज मेंहदी ने कहा है कि अगर सोनिया गांधी को बीजेपी से मुकाबला करना है तो शिव सेना की बात को स्वीकार करके शरद पवार को यूपीए का अध्यक्ष बनाने के लिए यूपीए के घटक दलों से वार्ता करके शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना भारतीय जनता पार्टी के साथ रही है, वह भारतीय जनता पार्टी के हर दांव पेंच को जानती है। इसलिए उनका प्रस्ताव मौजूदा हालात को ठीक करने का अच्छा मौका है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना की चेन तोड़ने को हर जरूरी कदम उठाएं: योगी

### नए स्ट्रेन को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना के नए स्ट्रेन को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के साथ साथ कोविड चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने को कहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए स्ट्रेन की जांच के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि रैपिड एन्टीजन टेस्ट की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने आरटीपीसीआर टेस्ट को भी पूरी क्षमता से करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद लखनऊ में विशेष ध्यान देते हुए रिकवरी दर को बेहतर किया जाए। इस सम्बन्ध में एक रणनीति तैयार करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनपद की उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कोविड.19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि जनपद स्तर पर इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा तथा आगे की रणनीति तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के आयोजन के लिए सभी तैयारियां की जाएं। मेले के दौरान लोगों को कुपोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आमजन को कोविड 19 से बचाव सम्बन्धी उपाय भी बताए जाएं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में 213, सूबे में मिले कोरोना के 945 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 213 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 945 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 14710 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2858 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8322 मरीजों की और राजधानी में 1110 की मौत हो चुकी है। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,25,734 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,35,08,431 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 14,710 कोरोना के एक्टिव मामले में से 6,545 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 5,59,888 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से अब तक 3 लाख से अधिक लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है।

## यूके से लौटने वालों में 10 पॉजिटिव मिले, कराई जाएगी जिनोम सीक्वेंसिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ब्रिटेन** में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को लेकर नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने कोरोना के नए स्ट्रेन से निपटने के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफसे यूके से आने वाले लोगों से सम्पर्क किया जा रहा हैं। सम्पर्क में आने पर कोविड.19 की जांच करायी जा रही है। अब तक 10 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन ने बताया कि 10 पॉजिटिव पाए गए लोगों की जिनोम सीक्केंसिंग करायी जायेगी। जिससे पता चलेगा की उन्हें कौन से स्ट्रैन का वायरस है। फिलहाल विदेश यात्रा से लौटने वाले सभी लोगों की आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है।

**यह होती है जिनोम सीक्वेंसिंग:** हमारी कोशिकाओं के भीतर आनुवंशिक पदार्थ होता है जिसे हम डीएनए, आरएनए कहते हैं। इन सभी पदार्थों को सामूहिक रूप से जीनोम कहा जाता है। जीनोम सीक्केंसिंग के तहत डीएनए के भीतर न्यूक्लियोटाइड के सटीक क्रम का पता लगाया जाता है। इसके अंतर्गत डीएनए में मौजूद चारों तत्वों एडानीन, गुआनीन, साइटोसीन और थायामीन के क्रम का पता लगाया जाता है।

# राजधानी में कोरोना का संक्रमण घटाने के लिए चलेगा अभियान

### उच्च अधिकारियों की कोविड-19 मैनेजमेंट बैठक में लिए गए अहम फैसले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** वेव टू के मद्देनजर ज़िला प्रशासन अलर्ट हो गया है। मास्क न लगाने या सोशल डिस्टेंसिंग की अवहेलना भारी पड़ेगी। दुकानों, मार्केट, मॉल, रेस्टोरेंट व फूड पॉइंट पर बिना मास्क लगाए या बिना सोशल डिस्टेंसिंग के भीड़ इकट्ठा होने पर दुकान का चालान किया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन कराने के लिए नगर निगम, ज़िला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम तैयार की गयी है।

सोमवार को प्रदेश के ग्राम विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लालबाग स्थित कोविड कमाण्ड सेन्टर में जनपद लखनऊ में कोरोना संक्रमण घटाने के लिए सहयोगी विभागों के उच्चाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि लखनऊ में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कोविड के संक्रमित संवेदनशील मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने के कार्य में तेजी लायी जाये। होम आइसोलेशन में रहे मरीजों को आइसोलेशन नियमों का गम्भीरता से पालन सुनिश्चित कराया जाये, जिससे वे संक्रमण के प्रसार का कारण न बनें।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के कई जनपदों में इस संक्रमण का स्तर निम्न हो चुका है, लखनऊ में भी इसका प्रतिशत उतनी तेजी से गिरना चाहिए। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों से सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क तथा सैनेटाइजेशन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आलोक कुमार ने कहा कि संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए नियमों का सख्ती से पालन कराना आवश्यक है। उन्होंने कन्टेन्मेंट जोन और होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यालयों में मास्क का उपयोग आवश्यक कराने हेतु नोटिस जारी कराने को कहा। सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य वी हेकाली झिमोमी ने सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनने, अनावश्यक भीड़ न लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने हेतु विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कहा कि तुलनात्मक रूप से लखनऊ में अन्य जनपदों से आवागमन अधिक है तथा छोटे जनपदों के बहुत से संक्रमित मरीज भी लखनऊ में चिकित्सा ले रहे है, इसलिए लखनऊ का प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बैठक में संक्रमित मरीजों द्वारा अस्पताल में भर्ती होने से मना कर देने के गम्भीर विषय पर भी चर्चा की।

## मेडिकल कराने गई पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ आरोपी

**लखनऊ।** राजधानी का विभूतिखण्ड थाना आये दिन सुर्खियों में नजर आ रहा है तो वहीं एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। विभूतिखण्ड पुलिस एक मुलजिम का मेडिकल कराने सिविल अस्पताल गई हुई थी जहां पुलिस को चकमा देकर आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। मिली जानकारी के मुताबिक विभूतिखंड थाने से पुलिस वाले एक आरोपी वीरेंद्र कुमार निषाद का मेडिकल कराने के लिए आरोपी को सिविल अस्पताल लेकर गए हुए थे। मेडिकल होने के दौरान पुलिस अपने मे मस्त थी तभी पुलिस को चकमा देकर आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी के भागने पर मौके पर मौजूद पुलिस उसको ढूंढने में जुट गई लेकिन काफी प्रयास करने के बाद भी आरोपी पुलिस को नहीं मिला। इस मामले पर आरोपी के फरार होने पर डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के प्रवक्ता की तरफसे जारी हुए बयान में बताया गया है कोई आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार नहीं हुआ है। थाने से सीआरपीसी की धारा 151 के मुलजिम का मुचलका भर चुका था, जिसका मेडिकल कराने पुलिस गई हुई थी। मेडिकल होने के बाद युवक पुलिस को बिना बताए चला गया है।

## कार सवार रईसजादों ने बिजली का पोल, बाइक और स्कूटी को किया क्षतिग्रस्त

**लखनऊ।** जानकीपुरम के सेक्टर एच में सोमवार रात नशे में धुत कार सवार रईसजादों ने जमकर उत्पात मचाया। बेकाबू हुई कार से बिजली का पोल समेत एक बाइक और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने मौके से दोनों आरोपितों को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस पूरे घटना की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम ने बताया कि सेक्टर एच में सोमवार रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार हांडा इमेज कार ने सड़क के किनारे पेड़ का घेरा तोड़ते हुए बिजली का पोल तोड़ दिया। भागने के प्रयास में स्थानीय निवासी योगेश की बाइक और सूर्य प्रताप की घर के बाहर खड़ी स्कूटी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। करीब दो सौ मीटर तक कार अनियंत्रित होकर इधर उधर दौड़ती रही। इससे कई लोग उसके चपेट में आने से बाल बाल बचे। इसके बाद लोगों ने कार सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों युवक नशे में धुत थे, उनकी कार पर उच्चतम न्यायालय लिखा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों की पहचान पैकरामऊ, गुडम्बा निवासी सतीश वर्मा और कुर्सी रोड बसहा निवासी जीतू राजपूत के रूप में हुई है। दोनों का मेडिकल करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### शराब पीने के दौरान झगड़े में गयी थी युवक की जान, आरोपित गिरफ्तार

**बख्शी का तालाब।** शराब के ठेके के पास मृत मिले मनोज की मौत दोस्त द्वारा डंडे से पिटाई के बाद हो गयी थी । पुलिस ने सोमवार को सीताराम पुत्र स्व पुत्तीलाल निवासी भोला पुरवा बीकेटी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है । गौरतलब है कि अस्ती रोड के किनारे स्थित देशी शराब के ठेके के पास रविवार को बिजली मिस्त्री मनोज का शव मिला था । जांच के दौरान शराब के नशे में झगड़ा होने की बात सामने आई थी और पुलिस सीताराम लोधी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। इस दौरान उसने अपना जुर्म कबूल करते हुऐ बताया कि नशे में दोनों का झगड़ा हो गया था। डंडे से उसपर कई वार करने के बाद वह मौके से भाग गया था। नशे और ठंड से मनोज की मौत हो गयी थी। सीओ ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर लिया गया है। आरोपी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है ।

### जेसीपी नवीन अरोड़ा ने की बैंकों की चेकिंग, निकली खामियां

**लखनऊ।** जॉइंट पुलिस कमिश्नर ला एंड आर्डर नवीन अरोरा ने नए साल को लेकर जब तमाम अधिकारियो के साथ सोमवार को बैंकों की औचक चेकिंग की तो अधिकतर बैंक सुरक्षा मानकों में खरे नही उतरे। बैंकों में लाकर सिस्टम, सीसीटीवी, फायर व अलार्म सिस्टम से लेकर तमाम मानकों को जेसीपी ने चेक किया तो इनमें खामियां ही खामियां निकलीं। जेसीपी नवीन अरोड़ा द्वारा बैंकों में की गई ड्रिल के दौरान बैंक अधिकारी और कर्मचारी लापरवाह दिखाई दिए। जिसके बाद जेसीपी ने नाराजगी जताते हुए इन खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। चेकिंग के दौरान चौक क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बरौदा, केनरा बैंक सहित कई बैंकों में सुरक्षा और व्यवस्था को परखा गया। वहीं इस दौरान बैंकों के बाहर भी संदिग्ध लोगों को पुलिस ने चेक किया। इस दौरान डीसीपी, एसीपी चौक आईपी सिंह और इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### 16 जनवरी को ऑफलाइन मोड में होगा एकेटीयू का दीक्षांत समारोह

**लखनऊ।** आगामी 16 जनवरी को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि विवि के 18वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 65 मेधावियों को मेडल और लगभग 55181 स्टूडेंट्स को उपाधि व लगभग 75 पीएचडी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी। समारोह ऑफलाइन मोड में होगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिमालयी पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन (हेस्को) प्रमुख पद्मश्री एवं पद्मभूषण अनिल प्रकाश जोशी मौजूद रहेंगे।

# लूट के विरोध में हुई थी पिकप चालक की हत्या

### विकासनगर पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर किया खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अमेठी से** नवीन गल्लामंडी फल लेने आया पिकप चालक गाड़ी लेकर फरार नहीं हुआ था बल्कि उसकी हत्या करके फल व पिकप को लूट लिया गया था। हत्या के बाद बदमाशों ने शव को सुल्तानपुर रोड स्थित इंदिरा नहर में फेंक दिया था। विकासनगर पुलिस ने हत्यारोपी तीन लुटेरों को गिरफ्तार करके मामले का खुलासा कर दिया है। उनके पास से लूटी पिकप व शव को ठिकाने में इस्तेमाल बुलेरो भी बरामद हुई है।

पुलिस आयुक्त उत्तरी रईस अख्तर ने बताया कि सोमवार को इंस्पेक्टर विकासनगर मनोज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मामा चौराहा पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान डंडहिया बाजार की ओर से आ रही बुलोरो व पिकप को रोका गया। गाड़ी में सवार तीन युवकों की सन्दिग्ध गतिविधियों को देखकर कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसपर युवकों ने 23 दिसंबर को पिकप चालक गांधीनगर, अमेठी निवासी जियालाल की गला दबाकर हत्या करके फल सहित पिकप लूटने की बात कबूल कर ली। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अहिरन ठकवा, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी श्रीराम व राकेश कुमार व दुलारमऊ, गोसाईगंज निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अभियुक्तों ने ऐसी कई अन्य घटनाएं करने की बात कबूली है। इन सभी के बारे में जानकारी बटोरी जा रही है।

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जियालाल नवीन गल्लामंडी से किन्नू लाद कर जगदीश पुर, अमेठी जा रहा था। रास्ते में शराब के ठेके पर उसकी मुलाकात तीनों अभियुक्तों से हुई। साजिश के तहत जियालाल को नशे में धुत कर दिया। बाद में तीनों ने मिलकर गमछे से उसकी गला कसकर हत्या कर दी और शव को इंदिरानहर में फेंक दिया। शव की गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर विकासनगर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जब चालक जियालाल फल लेकर पिकप मालिक पालपुरए जगदीशपुर निवासी रिजवान अहमद के यहां नहीं पहुंचा तो उन्होंने जियालाल की तलाश शुरू की। कोई भी जानकारी नहीं पता चलने पर रिजवान ने 26 दिसंबर को अलीगंज थाने पर जियालाल के खिलाफ़ फल व पिकप हड़पने का मुकदमा दर्ज करा दिया था। वहीं हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने 20 हजार रुपये की धनराशि से देने की घोषणा की है।

## बीबीएयू में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार से तृतीयए पंचम एवं अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई। यह परीक्षाएं ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित हो रही हैं। आज पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की पब्लिक रिलेशन एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विषय की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हुई। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में बायोइंफोर्मेटिक्स एंड सिस्टम बायोलॉजी विषय की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से हुई।

## डेंगू शॉक सिंड्रोम से पीड़ित गंभीर मरीज की डॉक्टरों ने बचायी जान

**लखनऊ( पीएनएस )।** डेंगू शॉक सिंड्रोम से गंभीर हालत में पहुंचे युवक को गोमती नगर स्थित सहारा हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नया जीवन दिया है। करीब 15 दिनों तक चले उपचार में क्रिटिकल केयर के साथ मरीज की डायलिसिस भी की गयी। सहारा हॉस्पिटल के डॉक्टर स्वदेश कुमार सिंह के अनुसार कुछ समय के लिए मरीज की बीपी और पल्स भी बंद हो गयी थी और मरीज मल्टी ऑर्गन फेल्योर की चपेट में आ गया था लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जा चुका है। राजधानी निवासी 28 वर्षीय यह मरीज पेशे से फार्मासिस्ट है। तेज बुखार आने पर उसने अपना इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जहां डेंगू की पुष्टि हुई। वहां 3 दिन भर्ती रहने के बावजूद उसकी हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ने लगी तो वहीं के डॉक्टरों ने सहारा हॉस्पिटल में इलाज कराने की बात कही। सहारा हॉस्पिटल के फिजिशियन डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने जांच में पाया कि डेंगू की एडवांस स्टेज डेंगू शॉक सिंड्रोम में पहुंचने के कारण मरीज मल्टी ऑर्गन फेल्योर की कगार पर पहुंच गया है। इसके चलते अस्पताल के अन्य विशेषज्ञों से भी परामर्श किया गया। सहारा हॉस्पिटल के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर देवनन्दन चौधरी और नेफ्रोलॉजिस्ट डा. शशांक गुप्ता की सलाह पर मरीज की क्रिटिकल केयर सेवाओं के साथ डायलिसिस भी की गयी।

## एलयू इंजीनियरिंग फैकल्टी के छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**लखनऊ( पीएनएस )।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के छात्र आदर्श मिश्रा, सुधांशु प्रजापति, मानसी अग्निहोत्री, तुषार गुप्ता एवं धर्मेंद्र सिंह पटेल का प्लेसमेंट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में हुआ है। कैंपस हायरिंग के लिए टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित नेशनल क्वालीफ़ायर टेस्ट (एप्टीटूयड टेस्ट, टेक्निकल टेस्ट एवं पर्सनल इंटरव्यू) को उत्तरीण कर छात्र असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर चयनित हुए। इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रोफेसर आरएस गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने सभी छात्रों को 3.36 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

## व्यवसायी ने लगाई फांसी, पार्टनर पर उकसाने का आरोप


**लखनऊ( पीएनएस )।** मड़ियांव के शिव नगर में एक दवा व्यवसायी ने सोमवर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारीजनों ने पार्टनर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली निवासी मार्सल (28) पुत्र जियाउल मड़ियांव के शिव नगर, मुर्गी फार्म के पास मोईद खान के मकान में दो साल से किराए पर रह रहा था। किराएदार से सूचना मिली कि शाम करीब 4.30 बजे मार्सल ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर पंखे के सहारे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पत्नी हुमा परवीन का कहना है कि वह अपने पति व बेटी के साथ किराए पर रहती है वही सानू पुत्र इदरीश भी किराए पर रहता है। पति मार्सल व सानू पार्टनरशिप में ग्लूकोज एंव सेनेटाइजर आपूर्ति का व्यवसाय करते थे। दोनों ने व्यवसाय में रुपया लगाया था। सानू कई दिनों से पति मार्सल से 2 लाख 8 हजार रुपये व व्यापार में मुनाफे के रुपये की मांग कर रहे थे। हुमा के अनुसार 24 दिसंबर को उसने एटीएम से 25 हजार रुपये निकालकर सोनू को दिया था। हुमा ने बताया कि शाम 4.30 बजे उसने पति को फोन किया तो मार्सल का फोन किसी अन्य ने उठाया और बताया कि मार्सल ने फांसी लगा ली है।

# सुजीत पाण्डेय हत्याकांड: रियल एस्टेट कारोबार पर भी पुलिस की नजर

### घटनास्थल के आसपास पांच किलोमीटर पैदल चलकर टटोली नब्ज

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**व्यापार** मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय हत्याकांड का राजफाश करने में जुटे पुलिस अधिकारियों ने सुराग की तलाश में घटनास्थल के आसपास पांच किलोमीटर के दायरे में पैदल गश्त कर लोगों की नब्ज टटोली। राजनीतिक बिन्दु के साथ पुलिस ने अब रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े पहलुओं को भी जांच में शामिल किया है। वहीं दोनों संदिग्ध के स्केच जारी होने के बाद मिल रही सूचनाओं के आधार पर पुलिस की एक टीम संदिग्धों की तलाश में भी भेजी गई है।

मोहनलालगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय की 20 दिसम्बर को गौरा में उनके ईंट भट्ठे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डीसीपी रवि कुमार और एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत की अगुवाई में मामले की जांच कर रही पुलिस राजनीतिक बिन्दु के साथ अब रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े मामलों की भी पड़ताल कर रही है। प्रापर्टी खरीद फरोख्त से जुड़े कुछ लोगों से पूछताछ भी शुरु कर दी गई है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत की अगुवाई में पुलिस टीमों ने सुराग जुटाने के लिए घटनास्थल के आसपास पैदल ही खेतों और कई गांव की खाक छानकर लोगों से पूछताछ की। स्केच जारी होने के बाद संदिग्धों के बारे में मिल रहे इनपुट को लेकर भी पुलिस लगातार पूछताछ कर नतीजे तक पहुंचने में लगी हुई है। वहीं एक टीम संदिग्धों की तलाश में भी रवाना की गयी है। एडीसीपी सुरेश चन्द्र रावत ने बताया पुलिस सभी बिन्दुओं पर लगातार पूछताछ कर खुलासे के लिए सुराग तलाशने की कोशिश कर रही है। स्केच जारी होने के बाद से लगातार इनपुट मिल रहे हैं जिनके बारे में बारीकी से छानबीन की जा रही है। अभी तक की जांच में न तो कोई दोषी पाया गया है और न ही किसी को क्लीन चिट ही दी जा सकती है। इसलिए जांच तेज कर शक के दायरे में आ रहे हर एक शख्स से पूछताछ की जा रही है। जांच में वक्त लग रहा है लेकिन हम खुलासे के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। उधर सुजीत पाण्डेय हत्याकांड में शामिल दोनो संदिग्ध का पुलिस के रिकार्ड में अब तक कोई ब्योरा नहीं मिल सका है।

# परीक्षा को लेकर सीएचओ ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**हाल ही** में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफसे सम्पन्न कराई गई सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ फार नर्सेज की परीक्षा को लेकर सोमवार को एनएचएम कार्यालय पर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लगातार कोविड 19 में ड्यूटी लगे होने के चलते वह परीक्षा को लेकर सही से तैयारी नहीं कर सके। जिसके चलते उन्हें रिजल्ट में गड़बड़ी की संभावना है। प्रदेश उपाध्यक्ष सनत सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के तमाम जनपदों से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एनएचएम कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सीएचओ के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को छह माह की ट्रेनिंग के पश्चात एक परीक्षा पास करना आवश्यक है, इसके बाद ही सीएचओ पद पर उन्हें पूर्ण चयनित माना जायेगा। इस परीक्षा का आयोजन किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने कराया है। सीएचओ का कहना था कि अप्रैल 2020 में चयनित हुए सीएचओ कोरोना महामारी के दौरान विभिन्न चिकित्सालयों में ट्रेनिंग कर रहे थे तथा दिसंबर 2020 में होने वाली परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे। सभी अभ्यर्थी कोरोना महामारी में मरीजों की सेवा में अस्पतालों में तैनात थे तथा नेटवर्क की समस्या होने के कारण ऑनलाइन क्लास में भी असुविधा हुई। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थी पूरी ईमानदारी तथा निष्ठा पूर्वक इस महामारी में अस्पतालों में तैनात है और मरीजो की सेवा में हैं। अभ्यर्थियों का यह भी कहना है कि परीक्षा के दौरान कठिन पेपर होने के कारण सभी अभ्यर्थी मानसिक रूप से परेशान हो गए तथा सीएचओ में चयन होने एवं लगभग 8 माह तक अस्पतालों में सेवा के बाद अब उन्हें नौकरी जाने का डर सता रहा है इसीलिए मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पास अपनी बात रखने के लिए आये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा एक प्रतिनिधिमंडल लेकर कार्यवाहक मिशन निदेशक प्रांजल यादव से वार्ता कराई। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया कि नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी तथा मामले में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन से बात की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सनत सिंह इलाहाबाद, प्रिया श्रीवास्तव, राधे ठाकुर, प्रिया शर्मा, सुनीता, दिव्यांशी, सूरज मौजूद रहे।

## यूपी सहित कई प्रदेशों से तस्करी कर बांग्लादेश पहुंचाए जा रहे गोवंश

### एसटीएफ ने चिनहट से 20 तस्करों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने खुलासा किया है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जिलों व हरियाणा और राजस्थान आदि प्रदेशों से एक संगठित गिरोह के लोग गोवंश की तस्करी कर उन्हें पश्चिम बंगाल के रास्ते होते हुए बांग्लादेश तक पहुंचा रहे हैं। एसटीएफ ने तस्करी में शामिल गिरोह के 20 सदस्यों को चिनहट थाना क्षेत्र के अयोध्या राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे के पास से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफको गोपनीय जानकारी मिली की गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह का एक समूह किसान पथ पर पंजाबी ढाबा के सामने खरीद फरोख्त के लिए एकत्रित हुआ है। इस सूचना के बाद सक्रिय हुई एसटीएफ टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंच कर 20 तस्करों रिजवान उर्फ भूरे, अतीक अहमद, शौकीन मोहम्मद, खीझर, मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद शादिक, नईम रियाज, सलीम, मोहम्मद अयूब, आरिफ, मोहम्मद वैश, मोहम्मद यूसुफ, रोहित, मोहम्मद आदिल, असलम, फरदीन उर्फ शोएब, आशूब मोहम्मद, नजाकत और फरमान आदि को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक ट्रक, एक स्कॉर्पियो, एक बोलेरो, एक आई टेन कार, एक स्विफ्ट वीडीआई कार, 11 मोबाइल फोन, तीन तमंचा, भारी मात्रा में कारतूस और 83500 रुपए बरामद हुए।

# गांव की समृद्धि का संकल्प लेने वाले हों पहली पसंदः राधा मोहन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में चुनावी व्यूह रचना पर मंत्रणा हुई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने पंचायत चुनाव की कोर टीम के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि पार्टी की परिकल्पना ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्रत्येक गांव को मजबूत बनाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**● पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय में हुई मंत्रणा**

गांव, गरीब, किसान को आर्थिक व सामाजिक रूप से सुदृढ़ करना चाहते है। इसलिए अच्छे और सच्चे लोग पंचायत चुनावों में जीतकर आये, जिनका संकल्प गांव की समृद्धि हो, इस ओर विशेष ध्यान देना है। स्वतंत्र देव सिंह कहा कि प्रवास और संपर्क के माध्यम से पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ता स्वयं को सक्रिय करे, इसकी चिन्ता पंचायत चुनाव में लगी इस कोर टीम को करना है। समृद्ध ग्राम से ही समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है और पंचायत चुनाव में अच्छे लोगों के चयन से समृद्ध ग्राम का आधारभूत ढांचा तैयार होगा। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से राष्ट्र की आर्थिक व सामरिक आत्मनिर्भरता का जो संकल्प लिया है वह ग्राम व ग्रामवासियों के स्वावलम्बन से ही सार्थक होगा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश पंचायत चुनाव प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने पंचायत चुनाव को लेकर तय किये गये संगठनात्मक ढांचे का ब्यौरा बैठक में रखा और बताया कि सभी लोग मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में लगे हुए है।

# राजधानी के 10 लाख 50 हजार वोटर चुनेंगे 494 ग्राम प्रधान

**● सभी 619 ग्राम पंचायतों के मतदान केंद्रों में किया गया मतदाता सूची का प्रकाशन, 22 जनवरी को होगा अंतिम प्रकाशन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्राम** पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का प्रकाशन राजधानी के सभी 494 ग्राम पंचायतों में बने 619 मतदान केंद्रों में रविवार को कर दिया गया। इसके साथ ही आगामी ग्राम पंचायत चुनावों में राजधानी के 494 ग्राम प्रधानों को चुनने के लिए कुल 10 लाख 50 हजार 517 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इससे पहले 2015 में राजधनी में कुल 995213 वोटर थे। राजधानी की आठों ब्लाक में कुल 55304 वोटर बढ़े हैं और 92640 डुटलीकेट व मृतक वोटरों के नाम काटे गए हैं। इसके अलावा 147944 परिर्वधन हुए है और 35633 संशोधन हुए हैं। ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक ड्राफ्ट मतदाता सूची का निरीक्षण किया जाएगा। 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक मतदाता सूची के ड्राफ्ट पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 4 से 11 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। दावे और आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद 12 से 21 जनवरी तक पूरक सूची प्रकाशित कर उन्हें मूल सूची में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय बिपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान 12 नवंबर तक चला है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 622 बीएलओ ने घर.घर जाकर गणना और सर्वेक्षण कार्य किया। इस दौरान वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को ऑनलाइन आवेदन भी किया गया। बीएलओ ने पांच नवंबर तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर घर जाकर जांच की और उसके बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 दिसंबर को किया गया है।

**पंचायत चुनाव फरवरी में कराने की तैयारी:** यूपी में पंचायत चुनाव फरवरी में करवाए जा सकते हैं। सरकार के स्तर पर फरवरी और मई की कुछ तारीखों पर मंथन किया जा रहा है। इसमें ज्यादातर लोगों का सुझाव है कि मई में गर्मी ज्यादा पड़ेगी। इस वजह से चुनाव फरवरी में बोर्ड परीक्षा से पहले करवा लिए जाएं। पहले चुनाव दिसंबर में होने थे। दरअसल मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही टीम.11 की मीटिंग में कोविड संकट की वजह से पंचायत चुनाव टालने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पंचायती राज विभाग ने चुनाव के लिए नई तारीखों पर मंथन शुरू कर दिया था। इसी बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने एक अक्टूबर से वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण शुरू कर दिया था। अब ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो गया है इसलिए प्रशासक बैठा दिए गए हैं।

**पंचायत चुनाव का दायरा सिमटा:** अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव का दायरा काफी हद तक सिमटा नजर आएगा। वर्ष 2015 में हुए पंचायत चुनाव में जहां जिले की 570 ग्राम पंचायतों में चुनाव हुए थेए वहीं अगले साल होने वाले चुनाव में ग्राम पंचायतों की संख्या घटकर 494 रह जाएगी। बीते चुनाव में शामिल 75 ग्राम पंचायतों के नगर निगम सीमा में शामिल हो जाने से अबकी वह पंचायत चुनाव से बाहर हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए जारी अधिसूचना में जिले के आठ ब्लॉक की 494 ग्राम पंचायतों को ही पंचायत चुनाव में शामिल किया है। इसमें सबसे ज्यादा 26 गांव चिनहट ब्लॉक और 23 गांव सरोजनी नगर ब्लॉक से पंचायत चुनाव के घेरे से बाहर आए हैं।

## पत्नी को जलाने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** गाजीपुर थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि आरोपी ने ना सिर्फ महिला से मारपीट करता था बल्कि जलाकर मारने के प्रयास भी किए।इसके बाद महिला के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि गत 26 दिसंबर को हरदोई जिले के संडीला निवासी निर्मल कुमार गुप्ता ने स्थानीय थाना क्षेत्र के सेक्टर 17 निवासी सौरभ गुप्ता पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति सौरभ बेटी वंदना को लगातार दहेज के लिए मारपीट करता है। इतना नहीं आरोपी ने जलाकर मारने के प्रयास भी किए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली थी। साथ ही तलाश कर रही थी।सोमवार को पुलिस ने आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही स्थानीय पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे कर रही है।

## पत्नी पर हमला करने वाले आरोपी पति को भेजा जेल

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने सोमवार को महिला पर बांके से हमला करने वाले आरोपी पति को जेल भेज दिया है। वहीं पीड़ित महिला ट्रामा सेंटर में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। हालांकि महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इससे पहले रविवार शाम को शराब के नशे में आरोपी अमित कुमार सिंह ने पत्नी गीता सिंह पर बांके से हमला बोल दिया था। वर्ष 2018 में दोनों की शादी हुई थी। इसके बाद से दोनों स्थानीय स्तर पर रहते थे। गत दिनों से दोनों में अनबन चल रही थी। इसके बाद रविवार को आरोपी ने महिला पर बांके से हमला कर दिया था। ऐसे में महिला बुरी तरह घायल हो गई थी। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही सोमवार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। उधर पीड़ित महिला का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। जहां अब महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## बाग में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में हलवापुर स्थित आम के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे सोमवार को मनोज यादव उर्फ जितेन्द्र यादव उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र महावीर यादव ने फांसी लगा ली। मौके पर पहुँची पुलिस ने बताया की अपनी जिन्दगी से परेशान टेलर ने सोमवार को आम के बाग में पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। जबकि मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मौत के कारणो की जानकारी करने में लगी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त कर शव को बाग में लटकाने का आरोप लगा रहे थे, लेकिन पुलिस ने इससे इनकार किया है और खुदकुशी बताया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सही तथ्य सामने आएगा।

## सीएमएस छात्रा को 1,46,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की मेधावी छात्रा तान्या सम्यक को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ इवांसविले द्वारा 1,46,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रतिभाशाली छात्रा को अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ रोड आईलैंड एवं यूनिवर्सिटी ऑफ लोवा द्वारा 92,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, इस होनहार छात्रा ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्रा की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गोदाम में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**लखनऊ।** विभूतिखंड इलाके में सोमवार सुबह एक प्लाईवुड के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड टीम को घटना की जानकारी दी। इसके बाद करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। चौकी इंचार्ज संदीप मिश्रा ने बताया कि कमता इलाके के श्याम विहार कॉलोनी में नवीन अग्रवाल का प्लाईवुड का गोदाम है। सोमवार सुबह करीब 9 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को बुलवाया गया। इसके बाद करीब 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उन्नाव

संख्या : 781 /का0जि0आ0अ0/विषाक्त मदिरा/उन्नाव/दिनांक : दिसम्बर 28, 2020

### "अवैध शराब से बचें"

**अपील**

"अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डे से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो निम्न मोबाइल नम्बर पर तत्काल सूचना दें।

| | |
|---|---|
| जिला आबकारी अधिकारी, उन्नाव | 9454465636 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम, सदर, उन्नाव | 9454466278 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र द्वितीय, हसनगंज, उन्नाव | 9454466279 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तृतीय, सफीपुर, उन्नाव | 9454466280 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चतुर्थ, पुरवा उन्नाव | 9454466281 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र बीघापुर, उन्नाव | 9695606635 |
| आबकारी निरीक्षक क्षेत्र बॉगरमऊ, उन्नाव | 8840056825 |

**(के0 के0 शुक्ला)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**उन्नाव**

**(रवीन्द्र कुमार)**
**जिलाधिकारी**
**उन्नाव**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी,चतरा-सोनभद्र।

पत्रांक-1772.A क0गा०वा0वि0/बा०नि०/सा0आ0/नि0का0/2020-21 दिनांक-23.12.2020

### अल्पकालिन निविदा सूचना/सामग्री आपूर्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी चतरा के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गेट सहित बाउण्डीवाल निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2020-21 में प्राप्त धनराशि से कार्य को पूर्ण कराने तथा प्राकलन में वर्णित सामग्री की आपर्ति चिन्हित स्थल पर कार्य हेतु सामग्री जैसे- पत्थर, गिट्टी 40 mm डाला गिट्टी 20 mm सीमेंट, सरिया, प्रथम श्रेणी ईंट, भस्सी, बोल्डर, बालू मोटा, बालू महीन, एम0एस आयरन गेट पेन्टिंग इत्यादि के निविदा दर आमंत्रित की जाती है जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक-26.12.2020 से 01.01.2021 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से कार्यालय कार्य दिवस में निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप में सामग्री के लागत का 0.5 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी चतरा के नाम बन्धक या बैंक गारण्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्त की जानकारी कार्यालय अवधि में लेखाकार पटल से देखी व पढी जा सकती है। निविदा दिनांक-02.01.2021 को सुबह 10:00 बज से अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा की जायेगी तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक-02.01.2021 को 02:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता उपस्थित रह सकते है। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने एवं तिथि परिर्वतन का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते फार्म क्रय के समय लेखा पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | विकास खण्ड | परियोजना की अनुमानित लागत | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गेट सहित बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | चतरा | 5.625 | 1000 |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**चतरा-सोनभद्र।**



## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

पत्रांक : 849/न0पं0नवा0/वि0 नामान्तरण 2020-21 दिनांक : 28 दिसम्बर, 2020

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची में कालम सं० 02 में अंकित प्रार्थनापत्र दाता का नाम कालम सं0 03 में दर्ज किया जाना है निम्न लिखित नामान्तरण के विरूद्ध यदि किसी को आपत्ति हो तो यह प्रकाशन तिथि में 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रार्थी/आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। इसके उपरान्त कार्यालय नगर पंचायत नयाबगंज, उन्नाव की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/आवेदक का नाम | विक्रीत प्लाट/कार्यालय नगर पंचायत अभिलेख में दर्ज भवन/अध्यासी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला/वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गीता पत्नी अनिल कुमार नि0 शीतलगंज नवाबगंज परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | सविता पत्नी सुखवीर सिंह उर्फ सुखवीर, नि0 तिवारिनखेड़ा भौली पर० झलोतार, अजगैन तह0 हसनगंज, जि0 उन्नाव। | शीलगंज | रजिस्ट्री |
| 2 | रेनू दीक्षित पत्नी स्व0 हरीशंकर दीक्षित, नि0 दुर्गारोड, नवाबगंज परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | मकान नामान्तरण वार्ड 03 दुर्गारोड पर स्थित | दुर्गारोड | मकान नामान्तरण हेतु साक्ष्य |
| 3 | सोनी उर्फ स्वाना देवी पत्नी संतोष कुमार कनौजिया, नि0 एकेता नगर पो० कली पश्चिम, लखनऊ, व सुमन पत्नी शिवबालक, नि0 वार्ड नं. 03 दुर्गामंदिर रोड़ पछियांव, नवाबगंज व सुनता राजेश कुमार, चौधरीटोला, मौरांवा, तह0 पुरवा, जिला उन्नाव, व सुरेखा विमल पत्नी दीपक विमल, वार्ड 01 दुर्गामन्दिर रोड़, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | हिबानामाकर्ता शान्ती देवी पत्नी स्व० सुरेशचन्द्र, नि0 दुर्गामंदिर रोड़, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | दुर्गा मन्दिर रोड | हिबानामा रजिस्टर्ड |
| 4 | रजत गुप्ता व स्वर्ण गुप्ता पुत्रगण निर्मल कुमार गुप्ता निवासी नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | हरीप्रकाश पुत्र श्यामकरण वर्मा निवासी झखरी, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | झखरी | रजिस्ट्री |
| 5 | शिवशंकर राठौर पुत्र देवीदीन राठौर व अंजू राठौर पत्नी शिवशंकर राठौर, नि0 दुर्गा मंदिर रोड, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | रामलखन पुत्र स्व० लालता प्रसाद, नि0 ग्राम सेरसा, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | दुर्गा मन्दिर रोड | रजिस्ट्री |
| 6 | पूनम पत्नी रमेश कुमार निवासी संगीता होटल वाली गली, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | सुन्दरलाल व राममूर्ति पुत्रगण दुर्गाप्रसाद निवासी पछियांव, नवाबगंज, उन्नाव, श्याममूर्ति व राजकपूर पुत्रगण दुर्गाप्रसाद निवासी ठेरूवा परगना हड़हा तह0 व जिला उन्नाव। | पुराना बस स्टाप (मदारीखेड़ा) | रजिस्ट्री |
| 7 | आशा देवी पत्नी हरीलाल निवासी खोया मण्डी के सामने, नवाबगंज, परगना झलोतर तहसील हसनगंज,उन्नाव। | अनुराग गुप्ता उर्फ राजू व मनीष गुप्ता पुत्रगण स्व० सरजू प्रसाद नि0 नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | देवीनगर | रजिस्ट्री |
| 8 | कमला देवी पत्नी ओमप्रकाश, नि0 गांधीनगर, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | चन्द्रसेन पुत्र स्व० गयाप्रसाद, नि0 नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | गांधीनगर | रजिस्ट्री |
| 9 | शहजहाँ पत्नी मोहम्मद गफ्फर, नि० दुर्गागंज, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | कुमारी अंशी त्रिवेदी पत्नी अशोक कुमार त्रिवेदी नि0 बेलीगंज, रायबरेली। | पछियांव | रजिस्ट्री |

**अनिल कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत नवाबगंज**

**तुफैल अहमद**
**प्रभारी कर समाहर्ता**
**नगर पंचायत नवाबगंज**

**दिलीप लश्करी**
**अध्यक्ष नगर पंचायत**
**नवाबगंज, उन्नाव**


# विशेष अभियान के तहत बरामद की गई 38802 लीटर अवैध शराब, 472 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रत्येक** वर्ष की भांति नववर्ष में मदिरा की मांग में बढ़ोत्तरी को देखते हुए प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए 24 दिसम्बर 2020 से 2 जनवरी 2021 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अवैध मदिरा के खिलाफ दैनिक रूप से की जा रही प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान विभाग द्वारा विगत सप्ताह प्रदेश में कुल 1395 मामले पकड़े गए, जिसमें 38,802 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 1,82,399 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 472 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 14 वाहनों को जब्त किया गया। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि पिछले सप्ताह में आबकारी मुख्यालय की ईआईबी टीम द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में जनपदीय स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से थाना फरधान व धौरहरा में दबिश की कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई में कुल 170 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए 3 वाहनों को जब्त किया गया तथा 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित थानों में कुल 4 एफआईआर दर्ज कराई गई। शामली में बिडौली चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक से कुल 850 पेटी अवैध विदेशी मदिरा फार सेल इन अरूणांचल प्रदेश बरामद की गयी तथा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना झिंझाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। अपर मुख्य सचिव आबकारी ने बताया कि प्रदेश के कई जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आबकारी विभाग एवं जनपद के अनुज्ञापियों की बैठक आहूत की गई जिसमें अनुज्ञापियों को विषाक्त मदिरा के प्रकरण में धारा 60 क में किये गये कड़े प्राविधानों को विस्तार से बताते हुए नियमानुसार दुकान संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा अवैध मदिरा का कार्य करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना आबकारी विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त लेखपालों व चैकीदारों से सम्पर्क कर अवैध शराब के अपराधों की सूचना एकत्रित कर क्षेत्रीय स्टाफको दबिश की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत फरेन्दा विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक दिसम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फरेन्दा वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.01.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वजीत के मकान से समीम के मकान तक इंटरलाक कार्य | 357604.00 | 10,000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 28.12.2020 से 02.01.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम फरेन्दा के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**मनोज यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-फरेन्दा**
**विकास खण्ड-मोहम्मदी, जनपद-खीरी**



## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरपुर विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020-21 दिनांक दिसम्बर 2020

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरपुर वर्ष 2020-21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग मार्ग, खड़ंजा निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, इण्टरलाक टायल्स, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.01.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिन के 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मेन रोड से लालाराम के घर तक इण्टरलाक कार्य। | 370351.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 28.12.2020 से 02.01.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम उमरपुर के नाम से बंधक होनी चाहिए।

**राहुल राज**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-उमरपुर**
**विकास खण्ड-मोहम्मदी, जनपद-खीरी**


# राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसें चलाने के फैसले के खिलाफ रोडवेज यूनियनें एकजुट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसें चलाने के सरकार के फरमान पर रोडवेज यूनियनें एक जुट हो गई हैं। उन्होंने सरकार के इस फैसले को निजीकरण की ओर बढ़ावा देने का विरोध किया है। इस संबंध में सात सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 55 हजार रोडवेज कर्मियों के खातिर 30 दिसंबर को प्रदेश भर के क्षेत्रीय कार्यालय में धरना प्रदर्शन के जरिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा से संयोजक रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री गिरीश मिश्रा ने कहा कि सात सूत्री मांगों को लेकर 25 नवंबर को धरना दिया गया था। बावजूद निगम प्रबंधन और शासन की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया। ऐसे में 29 दिसंबर तक फैसला वापस नहीं लिया तो 30 दिसंबर को बड़ा आंदोलन होगा। संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता व सेंटर रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ के महामंत्री जसवंत सिंह व संविदा संघर्ष यूनियन के महामंत्री कंहौया लाल पांडेय मौजूद थे।

## जनसमस्याओं को लेकर प्रसपा ने निकाला पैदल मार्च



**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने सोमवार को नगर-नगर डगर -डगर कार्यक्रम के तहत लखनऊ समेत प्रदेश के कई शहरों व गांवों में पैदल मार्च निकाला। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया प्रमुख शिवपाल सिंह यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे इस कार्यक्रम के तहत इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से जानकीपुरम विस्तार तक प्रसपा के युवा नेता यश भदौरिया के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। यश भदौरिया ने बताया कि प्रसपा सुप्रीमो शिवपाल यादव के आव्हान के बाद प्रदेश भर में कार्यकर्ता द्वारा पैदल मार्च निकाल कर जन समस्याओं को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2022 यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रसपा ने अभी से अभियान शुरू कर दिया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय त्रिपाठी, यश भदौरिया, कल्पेश दिवेदी, अजय कुमार, गयासुल हक, मो. इकलाख व अन्य नेता शामिल थे।

# जाति सूचक शब्द लिखे वाहनों पर सख्त हुई पुलिस की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



सीएम योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद पुलिस अब जाति सूचक शब्द लिखे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के मूड में है। दो दिन से चल रहे अभियान के दौरान पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों पर एमबी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं यातायात अधिकारियों का कहना है कि गाड़ियों के नंबर प्लेट पर कुछ भी लिखना मोटर वाहन एक्ट के तहत उसका उल्लंघन है, फिलहाल अभी उनके पास गाड़ियों पर अन्य जगह लिखे हुए जातिसूचक शब्दों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश नहीं मिले हैं। जिसे मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस उप आयुक्त ट्रैफिक पूर्णेदू सिंह ने बताया कि वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखना मोटर व्हीकल एक्ट के खिलाफ है। इसके लिए कार्रवाई का प्रावधान है। गाड़ी में सिर्फ नंबर प्लेट लगी होनी चाहिए। वह भी मानक के अनुरूप साइज में। एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि जाति सूचक शब्द लिखा होने पर गाड़ियों का चालान करने संबंधी कोई आदेश उन्हें उच्चाधिकारियों अथवा शासन से अभी तक नहीं मिला है। आदेश मिलते ही एक वाहनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निरीक्षण के दौरान भुगतान में विलंब होने पर मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी

● पीसीएफ के जिला प्रबंधक को दिये तत्काल भुगतान के निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

**मंडलायुक्त** एमपी अग्रवाल ने धान क्रय केंद्र ,पशु आश्रय स्थल, कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु की गई व्यवस्था, गन्ना खरीद आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने कटेहरी स्थित पीसीएफद्वारा संचालित धान क्रय केंद्र का जायजा लिया। मौके पर क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी दिवाकर वर्मा, पीसीएफ के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुशील कुमार उपस्थित थे। मंडल आयुक्त द्वारा रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें पाया गया कि इस केंद्र पर अब तक 291 कृषकों का धान क्रय किया जा चुका है, परंतु अब तक केवल 132 कृषकों का भुगतान किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि केवल 15 दिसंबर 2020 तक का ही भुगतान किया गया था। जिस पर नाराज मंडलायुक्त ने पीसीएफ के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुशील कुमार पर नाराजगी जाहिर करते हुए कृषको के बकाया भुगतान अविलंब करने के निर्देश दिए ।

इसके उपरांत मंडल आयुक्त द्वारा विकासखंड कटेहरी में संचालित साधन सहकारी समिति लिमिटेड प्रतापपुरचमुर्खा का जायजा लिया गया। मौके पर केंद्र प्रभारी मनोज गिरी उपस्थित थे । पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अब तक 465 किसानों का धान क्रय किया गया है। 18521 कुंटल धान की खरीद की गई है जिसमें से 14460 कुंटल धान मिल द्वारा उठान किया गया पाया गया। निरीक्षण के दौरान सोमवार को इस केंद्र पर कुल 6 किसानों का 189 कुंटल धान क्रय किया गया था । रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया जिसमें 2 दिन पूर्व धान क्रय का सभी किसानों का भुगतान किया गया था। मंडलायुक्त ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने यह भी कहा कि अब तक जिन किसानों का धान क्रय किया जा चुका है, उनका अविलंब भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ,उप जिलाधिकारी अकबरपुर ,पुलिस क्षेत्राधिकारी अकबरपुर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारी ने पशु आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के नोडल अधिकारी मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल द्वारा विकासखंड अकबरपुर में स्थित मिर्जापुर गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त आश्रय स्थल पर मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ नगर पालिका अकबरपुर उपस्थित थे। इस आश्रय स्थल पर कुल 87 पशु पाए गए। पूछे जाने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि इस आश्रय स्थल से कुल 23 पशुपालकों को पशु दिए गए हैं। आश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था की गई थी, भूसा, चरही आदि की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु वायु रोधी त्रिपाल भी लगाए गए थे, पशुओं का ईयर टैगिंग एवं पशुओं को बोरे का कोट ओढ़ाया पाया गया। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। इस दौरान मंडलायुक्त ने उपस्थित मातहतों को निर्देशित किया कि पशुओं के संवर्धन एवं संरक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, पशुओं के प्रति सहृदयता, सद्भावना एवं दया का भाव रखते हुए इनका संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ठंड के मद्देनजर प्रत्येक पशु आश्रय स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पराली एवं अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ वायु रोधी त्रिपाल एवं पशुओं के कोट की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, एसडीएम अकबरपुर, सीओ सिटी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# विधवा बहू को पाने के लिए भाजपा प्रतिनिधि ने बच्चे को किया कैद

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**महिला** सशक्तिकरण की बात करने वाली भाजपा सरकार ही महिला के शोषण को दबाने में लगी हुई है। ऐसा ही एक मामला ग्राम कोइलसवा बुजुर्ग पटेरा थाना अंतर्गत जिला कुशीनगर से सुनने में आ रहा है। दरअसल निर्मला गिरी स्व. आनंद कुमार गिरी की पत्नी का यह कहना है कि पति की मृत्यु के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा मेरे ससुर रामप्रीत गिरी, देवर सच्चिदानंद गिरी, बड़े ससुर मनोज कुमार गिरी एवं बड़े ससुर कथित भाजपा नेता रामवृक्ष गिरी द्वारा नाना प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है। घर में मुझे पीटा जाता है, मेरे साथ अश्लीलता की जाती है, जोर जबरदस्ती भी की जाती है। मेरा ससुर मुझे पाना चाहता है। बड़े ससुर रामवृक्ष गिरी जो फाजिलनगर के विधायक गंगा सिंह कुशवाहा के प्रतिनिधि हैं। जिनके राजनीतिक हस्तक्षेप एवं वर्चस्व से मेरी कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होती है और मुझे आए दिन मारा पीटा भी जाता है।

पीड़िता ने बताया है कि मेरे द्वारा अपनी ननद के बेटे संदर्भ गिरी को गोद लिया गया है। जिसका रजिस्ट्रेशन गोदनामा भी है। वर्तमान में मेरे दत्तक पुत्र की उम्र लगभग 7 वर्ष है। जिसे मेरे बड़े ससुर रामवृक्ष गिरी द्वारा मुझसे छीन लिया गया है। मैं हैरान एवं परेशान होकर अपनी पीड़ा से एसओ पटहेरवा समक्ष अधिकारीगण को अवगत करा चुकी हूं। लेकिन भाजपा नेता रामवृक्ष गिरी के राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण मेरी कहीं कोई किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही और ना ही मुझे न्याय मिल रहा है। मैंने अपनी समस्या को महिला आयोग से भी अवगत कराया। जिसमें महिला आयोग द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही किए जाने हेतु एसपी कुशीनगर को आदेशित किया गया है, किंतु अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं स्थानीय विधायक प्रतिनिधि रामवृक्ष गिरी द्वारा मामले की लीपापोती कर दबा दिया गया है।

# मंडलायुक्त ने दिया वेतन रोकने का निर्देश

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने जनपद महराजगंज में मधवलिया गो सदन का निरीक्षण करते हुए वहां पर बने 5 नये शेडों के कार्य की गुणवत्ता की जांच कर 24 घंटे के अन्दर रिपोर्ट देने का निर्देश तकनीकी टीम को दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था आर.ई.डी. के अधिशासी अभियंता का वेतन रोकने का भी निर्देश देते हुए जिलाधिकारी महराजगंज को शेडों में बिजली एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गन्ना क्रय केन्द्र मिठौरा जगदौर का निरीक्षण कर अपने सामने गन्ने की ट्राली की तौल कराया। धान क्रय केन्द्र सिमरा राजा का निरीक्षण कर वहां पर धान क्रय एवं भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि 20 बड़े किसान जिन्होंने अधिक मात्रा में धान बेचा है, उनके गांव में राजस्व टीम भेजकर जांच कराई जाये कि वास्तव में उनके पास उतना खेत है कि नहीं।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**अम्बेडकरनगर।** बैंक से पेंशन निकालने आई वृद्ध महिला की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के जयसिंहपुर निवासी राम आशीष की 65 वर्षीय पत्नी पहितीपुर स्थित बैंक से पेंशन निकालने आई थी। पेंशन निकालने के बाद वह वापस घर जाने के लिए सड़क पार करते समय अज्ञात मोटर साइकिल ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गई तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मोटर साइकिल चालक भाग निकलने में सफल रहा।

# केंद्र प्रभारी व विपणन निरीक्षक सीधे किसानों से धान क्रय करें: अनुज झा

● जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि केन्द्र प्रभारी एवं विपणन निरीक्षक सीधे किसानों से धान क्रय करें तथा उनके न्यूनतम मूल्य का समय से भुगतान सुनिश्चित करें। किसी प्रकार से विचैलियों से धान न क्रय किया जाय। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को ठंड से बचाव हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था के साथ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आज किसान मण्डी केन्द्र अयोध्या का निरीक्षण किया गया। मौके पर नवीन मण्डी के कर्मचारी मिले तथा मौके पर किसान श्री अशोक वर्मा के धान की छनाई एवं तौल को देखा तथा दूसरे किसान रमाशंकर मिश्र की लगभग 50 कुन्तल धान तौल के लिए ट्राली पर रखा गया था। विपणन निरीक्षक ने बताया कि प्रतिदिन 4 से 5 गाड़ियों में धान उठान होता है। जिलाधिकारी ने इसकी मात्रा बढ़ाने हेतु निर्देश दिया तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी द्वारा अगले चरण में अस्थायी गोवंश, आश्रय स्थल सेमरा बीकापुर का निरीक्षण किया गया जहां पर कुल 50 गोवंश मिले जिसमें 38 नर और 12 मादा गोवंश थे। गोवंश को पशु आहार दिया जा रहा है तथा मौके पर अलाव जलता हुआ पाया गया। जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं पर ठंड से बचाव हेतु टीन शेड के चारों तरफ प्लास्टिक का तिरपाल लगाने तथा ठंड से बचाव हेतु सभी आवश्यक उपाय करने को कहा तथा यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय कि आम जनमानस के साथ साथ पशुओं को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था हो इसमें किसी भी प्रकार से संसाधन में कोई कमी आने नही दी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा अगले चरण में गोवंश आश्रय स्थल चीरे चन्दौली का निरीक्षण किया वहां पर भी 50 पशु मिले जिसमें 33 नर और 17 मादा थे। मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सम्बंधित केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# मण्डलायुक्त ने वैक्सीनेशन स्टोरेज व्यवस्था का लिया जायजा

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के नोडल अधिकारी मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने कोविड-19 वैक्सीनेशन की स्टोरेज व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु विकासखंड कटेहरी स्थित सीएचसी एवं विकासखंड अकबरपुर स्थित सीएचसी का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने अवगत कराया कि कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु जनपद को 26 जोन में विभाजित किया गया है जिसमें कुल 40 बूथ बनाए जाएंगे। 170 वैक्सीनेटर द्वारा टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में आईएलआर पर्याप्त मात्रा में है। वैक्सीनेशन स्टोरेज में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है ,सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। मंडलायुक्त द्वारा आईएलआर कक्ष का भी जायजा लिया गया जिसमें पर्याप्त मात्रा में आई एल आर उपलब्ध पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि प्रथम चरण में 11,000 स्वास्थ्य कर्मियों का वैक्सीनेशन किया जाएगा एवं दूसरे चरण में 18000 के लक्ष्य को पूर्ण किया जाएगा । जनपद में वैक्सीनेशन की सुव्यवस्थित व्यवस्था देख मंडलायुक्त ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा वैक्सीनेशन स्टोरेज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतना होगा और इस कार्य को प्राथमिकता से करना होगा। मौके पर जिला अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर ,सीओ सिटी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र

पत्रांक : 1574 / जि0पं0 / नि0अनु0–ईटेण्डर / 2020–21 / दिनांक : 26 दिसम्बर, 2020–20

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली 2020 के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / 15वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त अनुदान के सापेक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत सोनभद्र द्वारा दिनांक–07.01.2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा आनलाइन दिनांक–31.12.2020 के अपरान्ह 04.00 बजे से दिनांक–07.01.2021 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक ई–टेंडरिंग पोर्टल वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी, जो आनलाईन etender.up.nic.in पर ही अपलोड / डाउनलोड / सबमिट किया जा सकेगा। आमंत्रित निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक–07.01.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। वित्तीय बिड की सूचना पृथक से आनलाइन सूचित की जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोधर धनराशि पृथक–पृथक राष्ट्रीय कृत बैंको की एफडीआर / डाकघर की एनएससी जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र के नाम से बन्धक होगा, तथा निविदा मूल्य का ड्राफ्ट राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा अपर मुख्य अधिकारी के पक्ष में पृथक–पृथक देय होगा, जिसकी स्कैन प्रतियॉ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्टस / पे आर्डर्स की स्कैन प्रति अथवा प्रतिभूति प्रमाण पत्र विभाग के पक्ष में बन्धक कराने पर प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से जिला पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्ट्स / पे आर्डर्स / प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नही किये जाने पर निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी। रू0–100.00 स्टैम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र आनलाईन स्कैन करते हुए निविदा के साथ संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य तथा अद्यतन चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। ई–निविदा कार्यो की सूची निम्नवत है :

| क्र. सं. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | अनु0 लागत लाख में | अर्नेस्टमनी 02 प्रति0 रू0 में | टेण्डर फार्म मूल्य रू0 में | कार्य अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| पन्द्रहवां वित्त आयोग | | | | | | | |
| 1 | राबर्ट्सगंज | मुसही गांव में रा0 गंज चुर्क रोड से पोखरा तक नाला निर्माण। | 21.55 | 44000 | 560 | 03 माह | A,B |
| 2 | राबर्ट्सगंज | कतवरिया मेनरोड से प्राइमरी स्कूल तक नाला निर्माण। | 13.96 | 28000 | 560 | 03 माह | A,B,C |
| 3 | राबर्ट्सगंज | कैथी द्वितीय में पोखरा से बस्ती तक नाला निर्माण। | 10.85 | 22000 | 560 | 03 माह | A,B,C |
| 4 | राबर्ट्सगंज | केकराही में नाला निर्माण। | 50.83 | 102000 | 560 | 03 माह | A |
| 5 | घोरावल | शाहगंज बाजार में नाला निर्माण। | 108.53 | 218000 | 560 | 03 माह | A |
| 6 | नगवॉं | खलियारी बाजार में नाला निर्माण। | 61.71 | 124000 | 560 | 03 माह | A |
| 7 | नगवॉं | बैनी बाजार में नाला निर्माण। | 86.04 | 174000 | 560 | 03 माह | A |
| 8 | चोपन | बिल्ली मारकुण्डी में इम्तियाज के घर से मुख्य नाले तक नाला निर्माण | 14.21 | 30000 | 560 | 03 माह | A,B,C |
| 9 | दुद्धी | विंढमगंज बाजार में नाला निर्माण। | 30.23 | 62000 | 560 | 03 माह | A,B |
| पंचम राज्य वित्त आयोग – | | | | | | | |
| 10 | घोरावल | ग्राम खजुरी में बंगड़ के घर से सेधू के घर तक नाली निर्माण। | 17.21 | 36000 | 560 | 03 माह | A,B,C |
| 11 | घोरावल | ग्राम भड़कना मेनरोड से बिन्द बस्ती तक नाली निर्माण। | 13.91 | 28000 | 560 | 03 माह | A,B,C |
| 12 | घोरावल | ग्राम भैसवार में पूर्व बनी नाली से मौर्या बस्ती तक नाली निर्माण। | 21.67 | 44000 | 560 | 03 माह | A,B |
| 13 | घोरावल | ग्रा0 पं0 सोनौटी में बिजेन्दर के खेत से जुम्मन के खेत तक नाली निर्माण। | 8.35 | 18000 | 560 | 03 माह | A,B, C,D |

उक्त निविदा कार्यो से सम्बन्धित आवश्यक नियम / शर्तो का विवरण etender.up.nic.in एवं sonbhadra.nic.in पर अपलोड है, जिसे निविदा डालने हेतु प्राप्त किया जा सकता है। किसी / सभी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है।

(एस0पी0 पाण्डेय) अभियन्ता जिला पंचायत सोनभद्र | (एस0के0 त्रिपाठी) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र | (अमरेश सिंह पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत सोनभद्र


# किसान संदेश पदयात्रा निकालते कांग्रेसी गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के 136वें स्थापना दिवस पर जनपद में विधान सभावार 'किसान संदेश पदयात्रा' निकाली। किसानों की रक्षा एवं केंद्र द्वारा पारित कृषि बिल के विरोध में कांग्रेसियों द्वारा निकाली जाने वाली पदयात्रा को जगह-जगह पुलिस ने रोका। इसे लेकर कांग्रेसियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी कई जगहों पर हुई। पदयात्रा रोके जाने पर कांग्रेसियों ने विरोध किया तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर थाने लाई। खजनी विधानसभा में पदयात्रा को पुलिस द्वारा रोके जाने पर पार्टी के जोनल प्रवक्ता डा. पी. एन. भट्ट ने कहा कि सत्ता के इशारे पर पुलिस और प्रशासन द्वारा जगह-जगह पदयात्रा को रोका जा रहा है। हम कांग्रेसी न अंग्रेजों से डरे थे और न उनके समर्थक भाजपाइयों से डरेंगे। जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही किसानों की हितैषी रही है। पार्टी किसानों के समर्थन में किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक तीनों किसान बिल वापस नहीं ले लेती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार खजनी विधानसभा में पदयात्रा दौरान पुलिस गिरफ्तार कर कांग्रेसियों को खजनी थाने उठा लाई। गिरफ्तार होने वाले कांगेसियों में जितेंद्र पांडेय, डा. बी. यस. सिंह, घटोत्कच शुक्ल, राम लगन दुबे, पारस चन्द्र कौशिक, डा. एखलाक, सच्चिदानन्द त्रिपाठी, पन्नेलाल, मनोज त्रिपाठी, राम अवतार गौड़, बद्री विशाल शुक्ल, उषा, निर्मला गुप्ता आदि शामिल रहें।

# नए साल पर यातायात पुलिस ने कसी कमर

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**नए साल** के आगाज होने में महज 3 दिन ही बाकी है। ऐसे में तमाम लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए सड़कों पर निकलते हैं और इस वजह से शहर में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। नए साल पर अधिकतर देखने को मिलता है कि ज्यादातर लोग सड़कों पर ही अपने दो पहिया, चार पहिया वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बाधित हो जाती है। नए साल पर कम उम्र के लड़के अक्सर सड़को पर स्टंटबाजी करते हुए नज़र आते है, जिसकी वजह से बड़ी दुर्घटना हो जाती है। खुद तो घायल होते हैं दुसरों को भी घायल करते हैं। इन सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एसएसपी जोगिंदर कुमार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यातायात अशुतोष शुक्ल ने नए साल को सकुशल सम्पन्न करवाने के लिए पूरी तरह से तैयारियां कर ली है। एसपी ट्रैफिक्र आशुतोष शुक्ल ने बताया है कि शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। यातायात व्यवस्था किसी भी तरह से बाधित न हो इसके लिए सभी यातायात पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका हैं। साथ ही सभी टीआई और टीएसआई को बता दिया गया है कि उन सड़को और ओवरब्रिज पर विशेष नज़र बनाये रखे जहाँ पर लड़के स्टंटबाजी करते हैं। उनको पकड़े और कार्यवाही करें। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों को सख्त चेतावनी दी जाती है कि शराब पीकर वाहन न चलाये। पकड़े जाने पर वाहन को सीज कर दिया जाएगा। शहर के प्रमुख चौराहों पर हाईटेक कैमेरे लगे हैं। हर एक गतिविधियों को कैमरे में रिकॉर्ड किया जा रहा है।

# बहू भोज में गौमांस परोसे जाने की चर्चा

**अम्बेडकरनगर।** बहुभोज में आए मेहमानों के लिए गौ मांस बनाए जाने को लेकर लोगों ने पुलिस से शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को मय औजार वा मॉस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि सोमवार को सुबह सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सम्मनपुर बाजार में बहुभोज का आयोजन किया गया था जिसमें मेहमानों के लिए गौ मांस की व्यवस्था की गई थी । इस पर कुछ लोगों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेते हुए खाल के साथ मांस भी बरामद किया लेकिन जब इस संबंध में सम्मनपुर थानाध्यक्ष राम लखन पटेल से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई मामला नहीं है । सूचना पर पुलिस गयी थी ।जबकि इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओ का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि पुलिस इस मामले को रफा-दफा करने में जुटी है। विहिप जिला संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि अगर ऐसा मामला है तो पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ।

# मां सरयू में विसर्जित हुईं कायाकल्पी संत श्रीबर्फानी दादा की अस्थियां

● दादा जी के पूरे देश में बर्फानी धाम के नाम से दर्जनों स्थान थे और सभी पर गौ सेवा संत सेवा असहाय सेवा निरंतर चलता रहता है

संवाददाता। अयोध्या



**मां सरयू** में विसर्जित की गई संत समाज के गौरव चतुरू सम्प्रदाय के अध्यक्ष हिमालय के महायोगी कायाकल्पी मंहत बर्फानी दादा महाराज की अस्थियां। दादाजी का 23 दिसंबर बुधवार की रात 9:30 बजे साकेत धाम पधार गए और राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में अंतिम संस्कार किया गया था। 28 दिसंबर को श्री तेरह भाई त्यागी खाक चौक व संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के महंत परशुराम दास आरा के संयोजन में किया गया। बर्फानी दादाजी महाराज का अयोध्या से बहुत पुराना नाता था और वह प्रत्येक वर्ष अपने गुरु जी महाराज खाक चौक के संस्थापकश्री महंत अर्जुनदास जी की महाराज की पुण्यतिथि पर अयोध्या पधार कर 7 दिन तक गरीबों असहायों एवं संतों की सेवा करते थे। संत समाज के गौरव बर्फानी दादाजी महाराज देश में बर्फानी धाम के नाम से कई आश्रम बनाए जिसमें निरंतर गौ सेवा संत सेवा चलती रहती है। कई वर्षों से संकट मोचन हनुमान किला मंदिर मैं महंत परशुराम दास जी महाराज के संरक्षण में गरीबों के लिए सायं कालीन अन्य क्षेत्र भी संचालित हो रहा था। महंत परशुराम दास जी महाराज ने बताया दादाजी की प्रेरणा से इंदौर के मालवीय नगर में भी बर्फानी धाम की स्थापना की गई है, जहां प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर हजारों अस्थमा रोगियों को औषधियुक्त खीर का वितरण किया जाता है। जड़ी.बूटियों आधारित औषधालय से निरूशुल्क दवाई वितरण भी दादाजी की प्रेरणा से किया जाता है। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में भी श्री महाराज जी का बड़ा स्थान था जहां भी निरंतर गरीबों की सेवा होती रहती थी। दादाजी के अस्थि विसर्जन के दौरान महंत राम चरण दास पुजारी महाराज, महंत मंगलदास, महंत धर्मदास, महंत जानकीदास, महंत रघुनंदन दास, महंत राम प्रताप दास, आचार्य चंद्रांशु जी, अमर सिंह विपिन सिंह बबलू, कीर्तिवर्धन सिंह, बमबम यादव सहित दर्जनों नेमी प्रेमी एवं संत महंत उपस्थित रहे।

# बीट प्रभारी की मिलीभगत से काटे गए थे सागौन के पेड़

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** बीट प्रभारी की सांठगांठ से ठेकेदार ने कांटे दो दर्जन सागौन के पेड़ ठेकेदार से वसूला गया जुर्माना। प्रभागीय वन अधिकारी अयोध्या ने बीट प्रभारी के खिलाफ दिए थे जांच के निर्देश 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक बीट प्रभारी पर नहीं हुई कोई कार्यवाही। कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत खण्डासा थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव से 15 दिन पूर्व बीट प्रभारी दीपक शुक्ला की सांठगांठ से लकड़ी ठेकेदार ने प्रतिबंधित प्रजाति के सागौन के दो दर्जन पेड़ काट कर रातों.रात धराशाई कर दिए थे। खण्डासा पुलिस ने जब सागौन से भरी पिकअप को पकड़ा कर मामले की जानकारी वन विभाग के बीट प्रभारी को दीएतो बीट प्रभारी दीपक शुक्ला पहले तो पुलिस से कटान के संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की लेकिन मामला बढ़ता देख आनन.फानन में तुलापुर गांव पहुंचकर वन कर्मियों के सहयोग से दो ट्राली लकड़ी को वन चेतना कुमारगंज ले आए। और ठेकेदार को कुमारगंज रेंज कार्यालय बुलाकर जुर्माना जमा करने के लिए ठेकेदार से गिड़गिड़ाने लगे। तब जाकर लकड़ी ठेकेदार ने 75 हजार रुपए का जुर्माना जमा किया। वही प्रभागीय वन अधिकारी अयोध्या मनोज कुमार खरे का कहना है कि ठेकेदार से एक लाख छह हजार रूपए का घोषित किया जुर्माना वसूला जाना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार से अभी तक ना तो बचे जुर्माने को वसूला गया है और ना ही बीट प्रभारी के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही की गई है। अब देखना है कि बीट प्रभारी के खिलाफ डिप्टी रेंजर कुमारगंज राजेश कुमार यादव क्या रिपोर्ट लगाते है और प्रभागीय वन अधिकारी अयोध्या क्या कार्यवाही करते हैं।

# कोरोना पर लगाम

## धारावी बना उदाहरण

**धारावी** मुंबई का पहला वार्ड है जहां 1 अप्रैल को पहला मामला सामने आने के बाद कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया। अक्सर भारतीय धारावी पर गर्व नहीं करते हैं क्योंकि वहां एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्ती है। लेकिन कोविड-19 पर नियंत्रण के मामले में इस बस्ती ने न केवल देश, बल्कि दुनिया को भी गौरवान्वित किया है। 25 दिसंबर को धारावी ने बाकी मुंबई को एक क्रिसमस उपहार दिया जब यह कोई नया संक्रमण न मिलने वाला पहला वार्ड बना। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि मुंबई व महाराष्ट्र के अन्य भागों में कोविड-19 मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने भी बार-बार 'धारावी माडल' की तारीफ की है। इसका कारण समस्याओं के सामाधान में समुदाय की सहभागिता है। यह तारीफइसलिए भी उचित है कि केवल 2.5 किलोमीटर क्षेत्र में 6.5 लाख जनसंख्या रहती है। ऐसे में सोशल डिस्टेंसिंग, हाथ धोने व हवादार स्थानों की संभावना नहीं थी जो कोरोना संक्रमण से बचने के उपाय हैं। यहां छोटे 100 फीट के स्थानों में सात से आठ लोग रहते हैं और सभी घरों में पाइप से पानी की सुविधा भी नहीं है। 80 प्रतिशत निवासी सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करते हैं। मलिन बस्ती की संकरी गलियों में फैक्ट्रियां भी हैं, ऐसे में साफ हवा मिलना भी आसान नहीं है। डब्लूएचओ के निर्देश पर बस्ती ने अपनी क्वैरेंटीन सुविधायें विकसित कीं जहां हल्के लक्षणों वालों व उनके निकटस्थ लोगों को रखा गया। इसके साथ ही उसने ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रैकिंग व ट्रीटमेंट का कठोरता से पालन किया। धारावी में कोरोना महामारी का प्रबंधन इस बात का उदाहरण है कि प्रभावी सामुदायिक सहभागिता, जागरूकता व तैनाती से कम संसाधन वाली घनी बस्तियों में भी इससे मुकाबला किया जा सकता है।



मलिन बस्ती निवासियों के साथ इसका श्रेय महाराष्ट्र सरकार को भी जाता है। इसमें खासकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की भूमिका है जिनको 9 मार्च को मुख्यमंत्री पद संभालने के साथ कोरोना महामारी से निपटना पड़ा। अनुभवहीन मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ी चुनौती थी क्योंकि राज्य की स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था अच्छी हालत में नहीं थी। इसके अलावा महाराष्ट्र भारत में सबसे अधिक मामलों वाला राज्य भी बन गया। प्रवासी श्रमिकों के पलायन ने भी सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इसके बावजूद उद्धव ठाकरे ने संयम बनाए रखा और संक्रमण थामने के व्यापक उपाय किए। आज धारावी देश में अन्य स्थानों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और ऐसा ढांचागत कमजोरियों के बावजूद है। कोरोना विभीषिका समाप्त होने के बाद धारावी के निवासी और मुंबई के नागरिक संक्रमण रोकने में मिले सबकों पर ध्यान देंगे। निश्चित रूप से देश की वित्तीय राजधानी इस हाशियाकृत स्थान को सम्मान के दृष्टिकोण से देखेगी। इस नियंत्रण का श्रेय बृहन्मुंबई नगर निगम-बीएमसी को भी दिया जाना चाहिए जिसने वायरस से सीधे मुकाबला करने का निर्णय किया और समुदाय के सहयोग से उसे मार भगाया। निगम ने परिवारों तक पहुंचने के लिए टीमें बनाईं तथा धारावी निवासियों की जांच के लिए डाक्टरों, निजी चिकित्सकों व मोबाइल वैनों का समुचित प्रयोग किया। किसी भी महामारी को रोकने में व्यापक परीक्षण महत्वपूर्ण है जिसके लिए बीएमसी ने फीवर क्लीनिकें खोलीं तथा नागरिकों को स्वयं अपनी जांच कराने के लिए प्रेरित किया। इनमें लोगों के आक्सीजन लेविल की जांच भी हुई और 95 प्रतिशत से कम पाए जाने पर उनको क्वैरेंटीन केन्द्रों में ले जाया गया। बीएमसी ने स्थानीय निजी चिकित्सकों की सेवायें लीं तथा लक्षणों वाले लोगों को जांच से पहले ही क्वैरेंटीन करने की व्यवस्था की। धारावी में घर पर क्वैरेंटीन की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय क्लबों व स्कूलों को क्वैरेंटीन केन्द्रों में बदला गया। हजारों वृद्धों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्वैरेंटीन किया गया। केवल गंभीर बीमारों को ही अस्पताल में भर्ती किया गया और 90 प्रतिशत का इलाज बस्ती में ही हो गया। रिकार्ड समय में 200 बेड का अस्पताल भी बनाया गया। धारावी ने दिखा दिया कि सामुदायिक सहभागिता के अच्छे नतीजे निकलते हैं।

# पुलिस सुधारों की आवश्यकता

तत्काल पुलिस सुधारों की प्रक्रिया शुरू करने के सर्वोच्च न्यायालय के 14 वर्ष पुराने दिशानिर्देशों के बावजूद किसी भी राज्य ने अभी इनका पूर्ण क्रियान्वयन नहीं किया है।



**अजय कुमार**
लेखक पूर्व आईपीएस
एवं पूर्व सांसद हैं)



पुलिस व सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण स्थलों तथा अवस्थापना के गलियारों में एक पुरानी कहावत सुनाई जाती है। कहावत यह है कि किसी समय एक बद्दू के पास उसके विशाल फार्म में बहुत से घोड़े, मुर्गियां, मवेशी व अन्य जानवर थे। एक दिन जब बद्दू सो रहा था तब उसकी एक मुर्गी चोरी हो गई। सवेरे सो कर उठने पर बद्दू को मुर्गी गायब होने का पता चला। इसके बाद उसने पूरे फार्म में कुहराम मचा दिया। उसने सभी कर्मचारियों को तगड़ी डाट लगाई तथा साथी बद्दुओं को दौड़ कर मुर्गी चोर पकड़ने को कहा। चूंकि फार्म में सैकड़ों मुर्गियां थीं, इसलिए बाकी कर्मचारी मुर्गी चोर पकड़ने के प्रति मालिक बद्दे के इस उत्साह से आश्चर्यचकित थे। फार्म में सैकड़ों मुर्गियां थी और इसे देखते हुए एक मुर्गी की चोरी कोई बड़ा आर्थिक नुकसान भी नहीं था। अत: मुर्गी चोर को पकड़ने की ज्यादा कोशिश नहीं की गई और जल्द ही उसकी तलाश बंद हो गई।

यह बात समझ में आती है कि मुर्गी चोर का पता लगाने के गंभीर प्रयास न होने के कारण बद्दू के कर्मचारी उसे कभी नहीं तलाश सके। अगले कुछ सप्ताहों में फार्म पर दूसरे जानवर पालने वालों को पता लगा कि उनके मवेशी और घोड़े भी बार-बार चोरी हो रहे हैं। इससे परेशान युवा बद्दू सलाह लेने के लिए बुजुर्ग बद्दू के पास गए। वृद्ध बद्दू ने याद दिलाया कि उसने पहले कई बार कहा था कि 'मुर्गी चोर को तलाशो', लेकिन उस समय उसकी इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया।

उसने कहा कि इसके नतीजे में ही मौजूदा स्थिति पैदा हुई है। इस कहानी से मिलने वाला सबक बहुत सरल है। यह छोटे अपराधों से निपटने में सावधानी की आवश्यकता बताती है क्योंकि हर ऐसा अपराध समाज में बड़े अपराधों की आदत पैदा कर सकता है। यह सिद्धान्त जीवन के सभी क्षेत्रों में लागू होता है। इस संदर्भ को ध्यान में रख कर मैं इस सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर चर्चा करना चाहता हूं। यह निर्देश एक विशेष अनुमति याचिका-एसएलपी की सुनवाई में दिए गए जिसमें पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने तथा बयानों का आडियो-वीडियो रिकार्ड करने का आदेश दिया गया। हिरासत में अत्याचार रोकने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए ये निर्देश एक प्रशंसनीय कदम है। उसने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय-ईडी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए व अन्य ऐसी ही एजेंसियों के साथ ही देश भर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने इतना ही अच्छा एक कदम उठाते हुए अतीत में भी निर्देश दिए तथा उसने 2013 में दिए आदेश का विस्तार भी किया। इस आदेश में कहा गया था कि 15 जुलाई, 2018 तक कम से कम कुछ स्थानों पर अपराध स्थल की वीडियोग्राफी का पहला चरण लागू किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय को बताया गया था कि यह निर्देश केन्द्रीय निगरानी संस्था की प्राथमिकता में आते हैं, इसलिए उसने लचीला दृष्टिकोण अपनाया। पुलिस तथा केन्द्र व राज्य सरकारों के साथ कामकाज के अपने अनुभव के आधार पर मुझे विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2018 में अपनाये इस लचीले दृष्टिकोण का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया। यह इस सीमा तक था कि जैसे देश ने वास्तव में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किया। आपको यह कथन अतिरंजित लग सकता है, पर अनेक प्रमाणों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होती है। इसका एक स्पष्ट उदाहरण पुलिस सुधारों के बारे में राज्य सरकारों द्वारा उठाए गए कदम हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुलिस सुधार के बारे में दिए निर्देश आज तक पूरी तरह लागू नहीं हुए हैं।

वर्ष 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका पर पुलिस सुधारों के बारे में व्यापक निर्देश दिए थे। यह जनहित याचिका पुलिस के दो पूर्व उल्लेखनीय महानिदेशकों प्रकाश सिंह व एन.के. सिंह ने दायर की थी। इसमें सात निर्देश दिए गए थे जिनका आधार 1979 तक राष्ट्रीय पुलिस आयोगों द्वारा की गई अनेक संस्तुतियां थीं। इन निर्देशों का लक्ष्य तत्काल पुलिस सुधार लागू करना था जो ब्रिटिश शासनकाल से लंबित पड़े थे। इनमें राज्य सुरक्षा आयोग का गठन करना भी शामिल था ताकि राज्य पुलिस पर अनावश्यक प्रभाव या दबाव न डाल सकें। इसमें पुलिस महानिदेशक-डीजीपी को दो साल का न्यूनतम कार्यकाल सुनिश्चित करने के साथ ही एक पुलिस अवस्थापना बोर्ड गठित करना भी शामिल था। इस बोर्ड के माध्यम से स्थानान्तरण व तैनाती के निर्णय किए जाने थे, जबकि वर्तमान समय में यह काम राज्य सरकारें करती हैं। इसके साथ ही भारतीय पुलिस बल को वास्तव में आधुनिक बनाने के लिए अनेक अन्य महत्वपूर्ण कदमों के सुझाव भी दिए गए थे। इन कदमों को लागू करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि पुलिस बलों को राजनीतिक आकाओं के शिकंजे से मुक्ति दिला कर उनको वास्तव में आधुनिक पुलिस बल बनाया जा सके।

लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के इन निर्देशों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय अलाभकारी संस्थान कामनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनीशियेटिव की एक रिपोर्ट के अनुसार किसी भी भारतीय राज्य ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए 14 निर्देशों को पूरी तरह नहीं लागू किया है। वास्तव में इस रिपोर्ट के अनुसार केवल दो राज्यों-आंध्र प्रदेश व अरुणाचल प्रदेश ने आंशिक रूप से सर्वोच्च न्यायालय के बाध्यकारी निर्देश लागू किए हैं। यह अत्यन्त दु:ख की बात है क्योंकि भारत को फौरन पुलिस सुधार लागू करने की आवश्यकता है। इसका कारण यह है कि वर्तमान समय में पुलिस बलों का आकार बहुत छोटा है। 'इंडिया स्पेंड' के अनुसार, भारत में प्रति एक लाख जनसंख्या पर केवल 151 पुलिसकर्मी हैं। दूसरा और सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण यह है कि भारत के पुलिस बलों का आधुनिकीकरण करने तथा पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए ये सुधार पहला कदम हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, प्रति पांच पुलिसकर्मियों में से एक की राय है कि कानूनी सुनवाई के बजाय किसी खतरनाक अपराधी को मार डालना बेहतर उपाय है। देश में ऐसी राय रखने वालों की बड़ी संख्या लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकती है। लेकिन दयनीय स्थितियों को देखते हुए तथा देश की सबसे बड़ी अदालत के निर्देशों के बावजूद हमें निर्वाचित प्रतिनिधियों की ओर से इस दिशा में कोई बड़ा कदम नहीं दिखाई पड़ रहा है। इस दिशा में इरादों और दृष्टिकोण का कारण आसानी से समझा जा सकता है। पुलिस सुधारों का क्रियान्वयन कर सरकारों का पुलिस पर नियंत्रण काफी सीमा तक ढीला हो जाएगा, जबकि यह भ्रष्ट नेताओं के हाथों में दुरुपयोग का बड़ा हथियार है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को उन सरकारों और नौकरशाहों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने उसके निर्देशों का क्रियान्वयन नहीं किया है।

यदि ऐसा कदम नहीं उठाया जाता है तो सर्वोच्च न्यायलय के सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्देशों का नतीजा वैसा ही हो सकता है जैसा वृद्ध बद्दू द्वारा 'मुर्गी चोर' को पकड़ने के आदेश का हुआ था।

# जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए जनादेश

> "हालिया डीडीसी चुनावों में असली विजय भारत, उसके विचारों, मूल्यों तथा राज्य को देश के साथ एकीकृत करने वाले केंद्र के निर्णय की हुई है।"

**आशीष सूद**
(लेखक जम्मू-कश्मीर भाजपा के उप प्रभारी हैं)



जम्मू-कश्मीर संघ शासित क्षेत्र विकास तथा सामाजिक समावेशन के मार्ग पर आगे बढ़ने को तैयार है। घाटी अब गुपकार गठबंधन की जागीर नहीं रह गई है। उसके सदस्य जिला विकास परिषदा के चुनाव में जनता से पूर्ण बहुमत प्राप्त करने की उम्मीद लगाए हुए थे। हालांकि, बड़ी संख्या में घाटी के लागों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास जाहिर किया है। साथ में, निर्दलीय प्रत्याशी 50 सीटें जीतकर इन चुनावों के दौरान अहम खिलाड़ी साबित हुए हैं।

कश्मीर में भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं, गुपकार गठबंधन की उम्मीदों के विपरीत और बड़ी संख्या में आकर मतदान किया है। पार्टी ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जम्मू क्षेत्र में, वह 129 सीटों पर लड़ी, 72 सीटें जीतीं और 57 पर पराजित हुई। भाजपा का कुल मत प्रतिशत 24.64 है। निर्दलीय उम्मीदवारों को 28.36 प्रतिशत मत मिले, जबकि कांग्रेस को लगभग 14 प्रतिशत मिले।

निर्दलीयों एवं भाजपा के प्रदर्शन से गुपकर गठबंधन के प्रति लोगों का मोहभंग होने का संकेत मिलता है, जिसने, हाल ही में कहावती तौर पर नाशकारी विजय दर्ज की है। डीडीसी चुनावों में असली विजय भारत, उसके विचारों, मूल्यों तथा राज्य को देश के साथ एकीकृत करने वाले केंद्र के निर्णय की हुई है। यह प्रतीक्षित था उन लोगों की वजह से जिन्होंने उस क्षेत्र को निरपराध लोगों का नाजायज़ फायदा उठाने तथा नागरिकों के लिए उपलब्ध संसाधनों को दोहन करने के शैतानी इरादे के तहत अपनी राजनीतिक जागीर बना दिया था। बीतें वर्षों में, भ्रष्ट नेताओं ने अपनी जेबें भरने के लिए घाटी के संसाधनों को लूटा और विभाजनकारी ताकतों के इशारों पर नाचते रहे। यह मोदी का साहसी निर्णय और दूरदृष्टि ही थी, जिसने घाटी का भारत में पूर्ण एकीकरण सुनिश्चित किया।

यद्यपि गुपकार गठबंधन जीता है, लेकिन तथ्य यह है कि भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर उभरी है जिससे जनता के इरादे स्पष्ट हो गए हैं। वे मजबूती से संविधान, लोकतंत्र और भारत के पक्ष में झुके हुए हैं। यदि गुपकार गठबंधन के सदस्यों ने चुनाच वैयक्तिक रूप से लड़ा होता, तो उनका सफाया हो गया होता। घाटी के लोगों की कठिनाइयों एवं वेदनाओं को क्षीण करने हेतु कठिन परिश्रम करने व कल्याणकारी योजनाओं के लाभ उन तक पहुंचाने के बजाए, भ्रष्ट नेताओं ने जनता को दिग्भ्रमित किया और नागरिकों को गरीबी की हालत में बनाए रखा।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, ने जम्मू-कश्मीर का भारत संघ में पूर्ण एकीकरण किए जाने की मांग करते हुए देशव्यापी अहिंसक प्रदर्शन करते हुए अपने जीवन का बलिदान किया था। 10 मई 1953 को, उन्होंने यह नारा लगाते हुए गिरफ्तारी दी थी कि एक देश में दो संविधान, दो प्रधानमंत्री और दो ध्वज नहीं हो सकते। उन्हें श्रीनगर जेल ले जाया गया था जहां 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 का उन्मूलन करके, केंद्र सरकार ने क्षेत्र के लोगों को केंद्र सरकारी के सभी कार्यक्रमों का लाभ उठाने योग्य सामर्थ्य प्रदान की है तथा प्रबंचित तबकों के लिए अन्य सुविधाओं के साथ आरक्षण का अधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा सूचना का अधिकार भी उसमें शामिल है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ शासित क्षेत्रों ने शांति तथा प्रगति के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया है, जिसके चलते समावेशी विकास एवं पारदर्शी सुशासन का एक नया युग प्रारम्भ हुआ है। केंद्र सरकार ने नवीनतम तकनीक से परिपूर्ण अवसंरचना निर्मित करने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है और तीव्र गतीय समाज कल्याण एवं रोजगार सृजनकर्ता योजनाएं व कार्यक्रम निर्धारित किए हैं।

यह मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए खास तौर से सच है जिनमें कुटीर, हथकरघा, हस्तशिल्प एवं बागवानी उद्यम शामिल हैं, क्योंकि योजनाओं का उद्देश्य तीनों क्षेत्रों में समग्र समृद्धि लाना तथा समाज के सीमांत तथा वंचित तबकों को सामाजिक-आर्थिक रूप से मुक्ति दिलाना है। अच्छी गुणवत्ता वाली, सभी मौसमों की सड़कें एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्ववर्ती अभावग्रस्त अंत:-क्षेत्रीय संपर्क रेखा को बढ़ावा दे रहे हैं जिससे नए रोजगारों का सृजन होगा और विभाजन के बाद के दौर में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन हमेशा से ही कश्मीर की अर्थव्यवस्था की जानन रेखा रहा है और संवर्धित ढांचागत संरचना घाटी से निर्यातों को बढ़ावा देकर सफलता में प्रमुख कारक साबित हो रही है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम जैसी अपने भुजाओं के साथ, सीमावर्ती सड़क संगठन एवं राज्य सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ मिलकर कई परियोजनाओं को पूरा करने में लगा हुआ है जिससे आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा और रेशम उत्पादन, शीत जल मत्स्य पालन, लकड़ी के काम, क्रिकेट बैट, केसर उत्पादन, हस्तकला एवं बागवानी उत्पादों के विकास पर आगे और ध्यान केंद्रित करते हुए उद्यमियों को उत्पादक कम्पनियां स्थापित करने में मदद मिलेगी।

तेजी से बढ़ते रेल और सड़क संपर्क के साथ, जम्मू रिंग रोड समेत, जम्मू में भारी मात्रा में आर्थिक बढ़ोतरी देखी जा रही है, साथ में धार्मिक पर्यटन फल-फूल रहा है और मिलों, वुड ग्रेन वर्क, बासमती चावल के व्यापार, कालीन, इलेक्ट्रानिक वस्तुएं एवं बिजली के समान जैसे बिजनेसों में स्टार्ट अप्स को बढ़ावा मिल रहा है।

इसी तरह, लद्दाख में भी अभूतपूर्व रूप से अवसंरचना विकास को बल मिला है जहां दुर्गम शैल प्रदेशों व सामरिक अवस्थितियों पर सड़कों एवं राजमार्गों का संजाल बड़े पैमाने पर निर्मित किया जा रहा है। ऐसे में आकाश ही सीमा नजर आता है, और लद्दाख को मिलने वाले केंद्रीय पैकेजों के चलते लद्दाख की अर्थव्यवस्था में कृषि संवर्धन तथा पशुधन संबंधी गतिविधियों के चलते तेज गति से वृद्धि हो रही है। क्षेत्र का चौमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए केंद्र तथा राज्य प्रशासन को हाथ मिलाने होंगे।

## आप की बात

### बढ़ती जनसंख्या का बोझ

**विश्व** में दूसरा सबसे ज्यादा जनसंख्या के मामले में भारत है।सुनने में कितना गर्व हो रहा होगा भारत किसी मामले में तो आगे है...शर्म आनी चाहिए। जनसंख्या शब्द सुनते ही पड़ोसी मुल्क चीन याद आता है, जो कि विश्व में पहले पायदान पर है।हालांकि चीन का एरिया भारत से कई गुना ज्यादा है। जिससे उसे 1.5 बिलियन जनसंख्या को संभालना कोई टेडी खीर नहीं।इतना ही नहीं वह तो तानाशाही व्यवस्था से सरकार चलता है।जबकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ साथ अभिव्यक्ति की आजादी जैसे अनमोल संविधान है। बढ़ती जनसंख्या किसी भी देश के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि तमाम तरीके से देश को खोखला करने का काम करते हैं।बढ़ती आबादी से बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ता खाद्य संकट, बढ़ती मंहगाई, बढ़ता प्रदूषण और बढ़ती तंगी। बढ़ती जनसंख्या से देश में घटते संसाधन, घटती उपजाऊ जमीन, घटती अर्थव्यवस्था और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, सब पर इसके नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। भारत की आबादी वर्ष 2017 में 1.38 बिलियन से वर्ष 2048 में 1.60 बिलियन होगी। जरूरत है भारत इस संदर्भ में जितना जल्द से जल्द और सख्त से सख्त कदम उठाए।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### रहमदिल बन गए ट्रंप

**न्यायालय** से मुंह की खा चुके ट्रंप आखिरी दिनों में कुछ ज्यादा ही रहम दिल होते जा रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में वे कुछ ऐसे फैसले कर रहे हैं जो उनके ह्रदय परिवर्तन का संकेत हैं। इन दिनों वे माफीनामा चला रहे हैं जो उनकी चर्चा का इस समय कारण बना हुआ है। ट्रंप अपने शासनकाल के अंतिम समय में कुछ कड़े फैसले ले रहे हैं तो कुछ उदारता भी जता रहे हैं। अमेरिकी नागरिकों को मिलने वाली कोरोना सहायता की राशि कम होने का हवाला देकर ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस द्वारा स्वीकृत 66 लाख करोड के पैकेज को मंजूरी नहीं दी है। उनका मानना है कि राहत राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। हर अमेरिकी नागरिक को 600 डालर की बजाय कम से कम 2000 डावर की सहायता मिलनी चाहिए। इसके अलावा ट्रंप इन दिनों माफी पर माफी दिए जा रहे हैं जो अधिकारी उनके कार्यकाल में गलतियां कर बैठे थे। अपने पूर्व विदेश नीति सलाहकार को रूसी संपर्क को लेकर सजा दिला बैठे चार्ज पापड़ोपोलोस को तो माफ किया है साथ ही 2007 में इराक युद्ध के दौरान 17 निर्दोष नागरिकों की हत्या के दोषी चार गार्डों को भी माफी दे दी है। इस तरह ट्रंप का माफी का सफरनामा चल रहा है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


### पशुओं को आवारा न छोड़ें

**प्राचीन** ग्रंथों में कामधेनु ,पदमा आदि गाय का काफी महत्व बताया है। गाय की पूजा की जाती है पर्यावरण की दिशा मे गाय के दूध ,गोबर, गोमूत्र ,घी ,दही,आदि का स्वास्थ्य, हवन, पूजन आदि के कार्यो उपयोग कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कहते हैं की गाय को स्पर्श मात्र से व्याधियां दूर होती एवं गौमूत्र चिकित्सा विधि, धार्मिक कार्यो में गंगाजल के समान शुद्धिकरण में उपयोग में लाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल के नाम से पुकारा जाता है ।आज भी कई घरो में गाय की रोटी रखी जाती है कई स्थानो पर संस्थाए गौशाला बनाकर पुनीत कार्य कर रही है किन्तु दु:ख इस बात का होता है की लोग बाग इन पशुओं को आवारा भटकने को बाजारों मे छोड़ देते है उन्हें इनके भूख प्यास की कोई चिंता ही नहीं। पशुओं के कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।यदि पशुओं को पालने का शौक रखते है तो उन्हें बाजारों में आवारा न छोड़ें। उनकी देखभाल अपनी निगरानी में करना भी बेहद आवश्यक है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**बहुत** से लोग अभी भी लाकडाउन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कृपया स्वयं को व अपने परिवार को बचाएं। निर्देशों का गंभीरता से पालन करें।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**वेंटीलेटरों** व सर्जिकल मॉस्क का पर्याप्त भंडार रखने के बजाए सरकार ने उनके आयात की मंजूरी क्यों नहीं दी। क्या यह आपराधिक साजिश नहीं?

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैं** आभारी हूं कि बहुत से मुख्यमंत्रियों ने लाकडाउन को गंभीरता से लिया है। उन्हें आगे बढ़कर अपने राज्य के सभी शहरों व कस्बों को बंद करना चाहिए।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

# चारों दिशाओं में सफलता के झंडे फहरा रही हैं महिलाएं: नीलिमा

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- कहा, छात्राओं को आत्मनिर्भर स्वाभिमानी और साहसी बनाने में उच्च शिक्षा संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान
- मुक्त विश्वविद्यालय में साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव व्याख्यानमाला का हुआ समापन

**महिलाएं** आज प्रत्येक क्षेत्र में बराबरी की सहभागिता के साथ आगे बढ़ रही हैं। वर्जनाओं एवं सीमाओं को आज तोड़ा जा रहा है। महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त हो रही हैं लेकिन अभी भी बहुत बड़ा संघर्ष एवं व्यवस्था परिवर्तन होना बांकी है। यह बातें प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार ने सोमवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहिक अटल जन्मोत्सव समारोह के समापन अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहीं।

राज्य मंत्री नीलिमा कटियार ने मिशन शक्ति उच्च शिक्षा संस्थाओं की भूमिका एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि शक्ति एवं सामर्थ्य मातृत्व से ही पाया जा सकता है। व्यवस्था परिवर्तन का आधार उसके सामर्थ्य और शक्ति से ही संभव है। यह समाज का कार्य है कि वह महिलाओं में जागरूकता उत्पन्न करें और उन्हें स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए केंद्र तक पहुंचाने में मदद करे। श्रीमती कटियार ने कहा कि आज सीमा सुरक्षा बल में महिलाओं को स्थान दिया जा रहा है। वहीं सीआरपीएफ की दो बटालियन महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। पुलिसिंग में 35 फीसद स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। मुद्रा योजना के अंदर ऐसे प्रावधान हैं जिनमें महिलाओं को 70 प्रतिशत वरीयता दी जा रही है। मनरेगा में भी दुर्गम प्रकार के कार्यों में महिलाएं देश के विकास



में योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में महिलाएं सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर पदक प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी मंगल मिशन में भी 27 फीसद महिला वैज्ञानिक हैं।साथ ही कोर ग्रुप में नेतृत्व करने वाली वैज्ञानिक भी महिला हैं।

महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि दस दिन पहले नलकूप चालक की भर्ती प्रक्रिया का जब परिणाम घोषित किया गया है। उसमें भी कानपुर की कल्पना ने टॉप किया है। कहा कि मूल मानसिकता में परिवर्तन किए बिना हम भवन तैयार कर लें तो वह लंबे समय तक आसरा देने वाला नहीं बन सकता। विश्वविद्यालय परिसर प्रारंभ से ही दिशा निर्देशक एवं मार्गदर्शक रहे हैं। हर परिसर अपने परिवेश के अनुसार परिवर्तन लाएगा। जिससे समाज में संतुलन स्थापित होगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती कटियार ने कहा कि महिलाएं आज चारों दिशाओं में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इतना ही नहीं आज मातृत्व अवकाश को दोगुना करके पितृत्व अवकाश भी प्रदान किया जा रहा है। छात्राओं को आत्मनिर्भर स्वाभिमानी एवं साहसी बनाने में उच्च शिक्षा संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने की। व्याख्यानमाला का संचालन डा सुरेंद्र कुमार तथा स्वागत एवं विषय प्रवर्तन अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के निदेशक प्रोफेसर पी के पांडेय ने किया। परिचय डा दिनेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डा अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

## किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**आराजी लाईन** ब्लाक के समक्ष सोमवार को मनरेगा मज़दूर यूनियन सभागार में किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा। इसमें किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।बतौर प्रशिक्षक लोकचेतना समिति की प्रियंका पटेल ने किशोरियों को स्त्रीजनित बीमारियों एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील होने की सलाह दी। उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों से अवगत कराते हुए पौष्टिक आहार लेने और शारीरिक श्रम आदि करने का सुझाव दिया। किशोरावस्था में अनेक प्रकार की शारीरिक समस्याएं आती है, उनसे प्रभावी तरीके से निपटने के लिए जरूरत के अनुसार चिकित्सकों से अवश्य परामर्श लें। आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा के लिए भारत सरकार ने कई कानून के द्वारा किशोरियों महिलाओं बच्चों को संरक्षण प्रदान किया है। मनरेगा मज़दूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने किशोरियों को बताया कि मानव पूंजी निर्माण में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण कारक हैं।

## भाजपाइयों ने किया उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत



बमरौली एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम का स्वागत करते भाजपाई।

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**दो दिवसीय** दौरे पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज स्थित बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचने परभाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का स्वागत किया। भाजपा के कई नेताओं ने डिप्टी सीएम को गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से सीधे चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस पहुंचे डिप्टी सीएम का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता कुंज बिहारी मिश्रा देवेश सिंह महामंत्री वरुण केसरवानी मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी राजू पाठक विवेक अग्रवाल रमेश पासी श्याम प्रकाश पांडेय अमर सिंह रामलोचन साहू सुभाष वैश्य किशोरी लाल जायसवाल शोभिता श्रीवास्तव मनीष केसरवानी अभिषेक सोनकर मयंक यादव बबलू केसरवानी आशीष जायसवाल राजेश पाठक आदि सैकड़ों पार्टी के वरिष्ठ नेता अधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नये कृषि कानून को लेकर किसानों से नोडल अधिकारी ने लिये सुझाव

**उन्नाव।** मुकुल सिंहल नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक ने सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में धान क्रय केन्द्र नवीन गल्ला मण्ड़ी, अचलगंज तथा विचपरी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन गल्ला मण्ड़ी में मक्का एवं धान खरीद के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसानों से आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों के बारे में जानकारी ली। नवीन गल्ला मण्डी में ही उपस्थित अड़तिया शिव शंकर लोधी से किसानों के हित में केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये कृषि कानून के बारे में विस्तार से जानकारी ली। शिव शंकर लोधी ने बताया कि जनपद उन्नाव में किसानों में नये कृषि कानून को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी नही है। लगभग 86 प्रतिशत किसान अपने खेती किसानी में व्यस्त है। वर्तमान में अन्य राज्यों में किसानों द्वारा किये जा रहे है आन्दोलन को लेकर जनपद उन्नाव के किसान नये कृषि कानून के विरोध में नही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, सीडीओ, नगर मजिस्ट्रेट, जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं विभिन्न धान क्रय एजेन्सियों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने किया कर्मवीरों का सम्मान

- चाका में धूमधाम से मनाया गया संस्था का वार्षिकोत्सव



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**सरस्वती** सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी की ओर से विकास खंड चाका स्थित रेस्टोरेंट में संस्था का वार्षिकोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव के मौके पर सम्मान समारोह हुआ। जिसमें सभी मुख्य अतिथियों भाजपा नेत्री अनामिका चौधरी वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश त्रिपाठी पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा अमित पांडेय आशीष कुमार मिश्रा रंजीत यादव कैप्टन सुनील निषाद ममता द्विवेदी विमल तिवारी भगवती प्रसाद पांडेय आदि को संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान संस्था द्वारा चलाए जा रहे गंगा स्वच्छता अभियान के स्वयंसेवकों पुलिस मित्र रक्तदानियों समाजसेवियों एवं महिला समाजसेवियों को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ऐसे लोगों को सम्मानित करना है जो समाजहित में असहायों एवं गरीब तबके के लोगों की मदद करते हैं। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं कोषाध्यक्ष मनीष पांडेय ने किया। संचालन संस्था के प्रबंधक एवं सचिव कुंवर जी तिवारी एवं मुख्य सलाहकार अवधेश निषाद ने किया।

## 'रम्भा' के संस्थापक अध्यक्ष स्व0 पाण्डेय की 8वीं पुण्य तिथि

**वाराणसी।** नागरिक संघ के अध्यक्ष व काशी पत्रकार संघ के संस्थापक सदस्य तथा वरिष्ठ पत्रकार स्व0 मुन्नू प्रसाद पाण्डेय की आठवीं पुण्य तिथि रविवार को पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्व0 मुन्नू प्रसाद पाण्डेय सच्चे अर्थो में सहज, सरल भ्रमणशील कर्मयोगी पत्रकार थे। वे हमेशा अपने विधा से समाज के सभी लोगों को जोड़कर रचनात्मक सामाजिक कार्यो को आगे बढ़ाने वाले संत थे।वे हमेशा समाज के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पातालपुरी मठ के महंत बालक दास जी महराज ने कहा कि मनुष्य की सच्ची सार्थकता वहीं होता है जो अपने जीवन का एक-एक क्षण समाजहित के लिए है। वहीं असली पुरूषार्थ व परमार्थ का कार्य है। यह कार्य स्व0 पाण्डेय ने किया है। प्रारंभ में कार्यक्रम का शुभारंभ बटुक बालक आदित्य शंकर मिश्र व राधिका रंजन तिवारी के मंगलाचरण एवं शिव वंदना से हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात भजन गायक विजय कपूर ने भजन सुनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अशोक कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापित सुरेश प्रसाद पाण्डेय ने किया।

## सिलिका सैंड व्यवसायी ने डीएम से की एसडीएम बारा की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- कागजात सही होने के बाद भी एसडीएम ने सीज करा दी लोड ट्रक

**सिलिका** सैंड व्यवसायी नितिन कुमार ने सोमवार को जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचंद्र गोस्वामी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर एसडीएम बारा सुभाष चन्द्र यादव की शिकायत कर उनके विरुद्ध जांच कराने की मांग की है। व्यवसाई नितिन कुमार का कहना है कि उनका उदगम मिनिरल्स फर्म के नाम से तहसील बारा स्थित परवेजाबाद की पहाड़ी पर बारा व्हाइट स्टोन हाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से सिलिका भंडारण का व्यवसाय है। जिसके लिए माइंस और प्रदूषण विभाग से बाकायदा अनुमति ली गयी है। आरोप है कि तीन दिन पूर्व एसडीएम बारा सुभाष चंद्र यादव निरीक्षण के दौरान सिलिका सैंड लदी ट्रक को रोककर जांच पड़ताल की। सिलिका व्यवसायी के मुताबिक सभी कागजात मौके पर सही पाए जाने के बावजूद भी ट्रक को जबरन लालापुर थाने पर खड़ी कराकर कार्यवाई करा दी गयी। कार्यवाई का कारण जानने के लिए व्यवसायी ने बार बार प्रयास किया लेकिन एसडीएम बारा सुभाष चन्द्र यादव ने एक नही सुनी। इससे नाराज सिलिका व्यवसायियों के एक समूह ने जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर एसडीएम बारा सुभाष चन्द्र यादव पर अवैध वसूली और व्यापारी को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाई की मांग करते हुए ट्रक को अवमुक्त किए जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि उन्होंने एसडीएम बारा से ट्रक छोड़ने के लिए पैरवी की तो उन्होंने सभी कागजात सही होने के बाद भी ट्रक को सीज कर दिया।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर संदेश यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**कांग्रेस** पार्टी की स्थापना दिवस पर 'कांग्रेस सन्देश पदयात्रा' का शुरुआत महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में हुआ। पदयात्रा की शुरुवात भदऊ चुंगी स्तिथि महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प शपथ लेकर शुरू होते हुए प्रह्लादघाट, मछोदरी, विश्वेशरगंज, भैरोनाथ गली होते हुए ठठेरी बाजार, चौक थाना, बांसफाटक गोदौलिया होते हुए दशाश्वमेध घाट चितरंजन पार्क में जाकर समाप्त हुआ। पार्टी की विचारधारा को जनजन तक पहुँचाने व वर्तमान सरकार की जनविरोधी व लोकतंत्र विरोधी नीतियों को जनजन तक पहुँचाते हुए पदयात्रा के रास्ते वरिष्ठजनों का सम्मान करते हुए, महापुरुषो की चित्र के साथ पदयात्रा सम्पन्न हुआ। व कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष स्व. चंद्रमोहन पाण्डेय जी के जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व संयोजन महानगर कोषाध्यक्ष मनीष मोरोलिया, सुनील कपूर ने कियाए पदयात्रा का सञ्चालन सैय्यद हसन अंसारी, राजू भारती व आनंद पाठक ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसियों को सम्मानित किया गया जिसमें प्रमुख रुप से डॉ. अनुराग टंडन, हरि अग्रवाल, अंजनी मिश्रा, भाइयों महाराज, दिग्विजय सिंह, गणेश शंकर पांडेय, उमेश पति त्रिपाठी, मोहनलाल गुप्ता, बड़ारू सरदार, डॉक्टर अंजनी दत्ता, पंडित कन्हैया त्रिपाठी, राजनाथ तिवारी समेत दर्जनों वरिष्ठ कांग्रेसी नेतावो का माल्यापर्ण कर अभिनंदन किया गया।

# बिड़ला अस्पताल के सचिव झुनझुनवाला ने नगर निगम के संपत्ति का किया सौदा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



- बिड़ला अस्पताल एक निजी कंपनी के हाथों बिका!
- गरीबों की उम्मीदों पर अब टूटेगा निजी कंपनी का कहर

**जिंदादिल** शहर बनारस की गलियों में गरीबों के मददगार के रूप में विख्यात रहे गोकुल चन्द्र खत्री ने अपने जिन्दा रहते कभी यह सोचा नहीं होगा कि जनता-जनार्दन की सेवा के मकसद से वो जिन बेशकीमती जमीनों को नगर निगम को दान में दे रहे हैं। वक्त के साथ नक्कारे नगर निगम सहित तथाकथित समाजसेवियों के द्वारा ही इन जमीनों का सौदा कर दिया जाएगा परन्तु अकूत धन इकट्ठा करने की बदनीयत रखने वाले तथाकथित समाजसेवियों ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। नगर निगम की जमीन पर बने बिड़ला अस्पताल का संचालन करने वाले ट्रस्ट ने ही एक निजी कंपनी के हाथों इस अस्पताल का सौंदा कर दिया है। वाराणसी के पक्के मुहल्लों से लगायत पूर्वांचल को विख्यात गल्ला मंडी विशेश्वरगंज इलाके में मच्छोदरी पार्क के नाम से अपनी पहचान बना चुके बेशकीमती जमीन के उस हिस्से की जिस पर जनता जनार्दन को सेवा के राजा बलदेव दास बिड़ला ने दशकों पूर्व अस्पताल बनवाया था। बताया जाता है कि खत्री समाज से ताल्लुकात रखने वाले अति सम्मानित शख्सियत गोकुल चन्द्र खत्री इन जमीनों के मालिक थे उन्होंने उस दौर में जनता को चहल कदमी और बच्चों के खेलकूद का एक बेहतरीन ठिकाना बनवाने के मकसद से मच्छोदरी पार्क।

तीर्थ व तालाब सहित आसपास के जमीनों को वाराणसी नगर महापालिका को दान दे दिया था। इसी जमीन के एक छोर पर विद्युत विभाग का कार्यालय घर बनाया गया तथा दूसरे छोर पर राजा बलदेव दास बिड़ला के नाम पर बिड़ला अस्पताल की नींव रखी गई। बिड़ला परिवार ने गरीबों के इलाज व सेवा के मकसद से वाराणसी नगर महापालिका से लीज पर जमीन लेकर अस्पताल का निर्माण कराया जो आज भी बिड़ला अस्पताल के नाम जाना जाता है। इस अस्पताल का संचालन एक चैरिटी अस्पताल के रूप में आर्य आयुर्वेद ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा था जिसमें लगभग एक दर्जन ट्रस्टी व पदाधिकारी शामिल है। इस ट्रस्ट में सचिव का दायित्व उद्यमी दीनानाथ झुनझुनवाला के हाथों में ही हैं जिन हाथों ने इस जनविरोधी डील पर अपना पहला हस्ताक्षर बनाया है। बतातें चले कि दीनानाथ झुनझुनवाला वाराणसी शहर का नामी उद्यमी है जिससे लगभग आधा दर्जन बैंकों का अरबों रूपया हड़प् लिया है। इस कृत्य के लिए बकायदा डिफाल्टर भी घोषित किया गया है। डिफाल्टर दीनानाथ झुनझुनवाला ने नगर निगम के मालिकाना हक की जमीन पर बने अस्पताल का संचालन के नाम पर अपने बेहद करीबी व्यक्ति की कंपनी हैज कंट्रोल सिस्टम प्रा0 लिमिटेड को दे दिया। सूत्र बतातें हैं कि इस अस्पताल की लीज भी खत्म हो चुकी है इसके बावजूद झुनझुनवाला ने अस्पताल की सारी सेवाओं का जिम्मा एक निजी कंपनी को दे दिया। इस डील के अनुसार अब हैज कंट्रोल सिस्टम प्रा0लिमिटेड कंपनी प्रतिमाह दो लाख रूपये बतौर किराया आर्य आयुर्वेद ट्रस्ट को अदा करेगी जो छह माह बढ़कर तीन लाख रूपये हो जाएगा, और प्रत्येक तीन वर्ष पर किराए के रकम में दस प्रतिशत की वृद्धि होती रहेगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस सौदे के बदले हैज कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टरों ने इस डील में अपनी सहमति के लिए हस्ताक्षर बनाने वाले आर्य आयुर्वेद ट्रस्ट के पदाधिकारियों को मोटी रकम अदा की है।

### नगर आयुक्त सहित अस्पताल के प्रबंध कमेटी में महापौर भी शामिल

इस अस्पताल के लिए बनायी गई प्रबंध कमेटी में कुल 13 सदस्य हैं जिसमें वाराणसी की महापौर, नगर आयुक्त सहित सेवा समिति काशी तथा हिन्दू सेवा सदन के कमेटी के लोग शामिल हैं।

### डील के प्रस्ताव पर दो के हस्ताक्षर नहीं, नौ ने किए दस्तखत

ट्रस्ट और कंपनी के बीच हुई इस डील के प्रस्ताव के पन्नों पर 29 नवम्बर 2020 की तारीख को कुल नौ ट्रस्टियों के हस्ताक्षर बने हैं जिसमें सुदर्शन कुमार बिड़ला, राधेश्याम खेमका, चम्पालाल सरावगी, दीनानाथ झुनझुनवाला, अनिल अग्रवाल, धनपत राज भंसाली, अशोक गुप्ता, एन के अग्रवाल व रवि अग्रवाल हैं। वहीं इस प्रस्ताव पर दो लोग दीपक बजाज व संजीव शाह के हस्ताक्षर नहीं हैं।

### नगर निगम के दो अधिकारियों को जॉच के लिए कमेटी बनी

नगर आयुक्त,वाराणसी गौरांग राठी ने 'पायनियर संवाददाता' को बताया कि बिड़ला अस्पताल के संबंध में किसी कंपनी के हाथों बेचने की सौदा हो रही है, मेरी जानकारी में नहीं हैं किन्तु मैं एक कमेटी बनायी है जिसमें नगर निगम के अपर नगर आयुक्त प्रथम एवं राजस्व अधीक्षक को बिड़ला अस्पताल के बारे में 48 घंटे के अंदर जॉच कर सौंपने को कहा गया है। अगर इसमें बिड़ला अस्पताल बेचने का कारण सामने आया तो उसके खिलाफकड़ी कार्यवाही होगी।

## धूमधाम से मना राव साहब का 162वां बलिदान दिवस



**पाटन।** 1857 क्रांति के महानायक अमर शहीद राजा रावरामबक्स सिंह का 162 वा बलिदान दिवस सोमवार को उनकी शहीद स्थली बक्सर में धूमधाम से मनाया गया। रावराम बक्स सिंह स्मारक एवं बलिदान दिवस समिति द्वारा आयोजित समारोह में राजनेता, समाजसेवी, कवियों एवं पत्रकारों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद देवी बक्स सिंह ने कहा कि बलिदानियों की कुर्बानी कभी व्यर्थ नहीं जाती। रावरामबक्स सिंह जैसे वीर सपूतों ने बैसवारा क्षेत्र का नेतृत्व किया था। उन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अंग्रेजों व्दारा दिये गये लालच के बाद भी उन्होंने पराधीनता स्वीकार नहीं की। और हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। ऐसे बलिदानी सपूतों की याद में लगने वाला मेला उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व न्यायाधीश डॉ आरएन सिंह ने कहा कि जो समाज के लिए कुछ करके जाते हैं इतिहास उन्हीं का लिखा जाता है। युवा पीढ़ी को अपने इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए। और राव साहब जैसे बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को राजकिशोर रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा, शशांक शेखर सिंह, अनिरुद्ध सिंह चंदेल, आरती बाजपेयी, सुभाष सिंह जिला अध्यक्ष कांग्रेस, अंकित सिंह परिहार ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व सांसद देवी बक्स सिंह व संचालन समिति के मन्त्री वीर प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर श्रध्दांजलि अर्पित की।

## जैविक विधि से उगाई गई फलों व सब्जियों की मांग राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**शाहंशाहपुर** स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान में सोमवार को अपर मुख्य सचिव (कृषि) डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के साथ भ्रमण किया। संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश सिंह ने स्वागत सम्बोधन किया एवं शोध परियोजनाओं की उपलब्धियों तथा राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के आर्थिक उत्थान एवं रोजगार सृजन पर सब्जी शोध के विशेष प्रभाव की जानकारी दी। सचिव ने संस्थान के वैज्ञानिकों से मुख्य एवं अल्पदोहित सब्जियों पर चल रहे विशिष्ट अनुसंधान कार्यक्रमों पर चर्चा की और उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुये वैज्ञानिकों से आह्वान किया की संस्थान से विकसित क़िस्मों को कृषकों के बीच समय से पहुचना जरूरी है जिससे उनकी आय और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। परिवर्तित जलवायु की परिस्थितियों में इस संस्थान के पास अनेकों तकनीकें जैसे-ताप, बाढ़ एवं सूखा रोधी किस्मेंए पौधों का कलम बंधन, पॉली हाउस में उत्पादन, बेमौसम में होने वाली सब्जियों की खेती आदि देश के किसानों के लिए बहुत महत्व रखती हैं। अच्छा होगा कि नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत प्रकृतिक ध्जैविक खेती कि प्रक्रिया को समाहित किया जाना चाहिए। इसके लिए समसामयिक तकनीकी प्रशिक्षण किसानों एवं अधिकारियों को दी जानी चाहिए तथा प्रशिक्षण उपरांत उनके उपयोग के आकड़ें भी रखे जाने चाहिए। प्रतिवर्ष जैविक खेती किसान करते रहें इसके लिए कार्बनिक विधि से उगाई गई बीज कि प्रचुर मात्रा उन्हें मिलनी चाहिए। आने वाले दिनों में जैविक विधि से उगाई गई फ्लों एवं सब्जियों कि मांग राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

## पिछड़े इलाके में तैनाती नहीं लेना चाहते चिकित्सक: सीएमओ

**पाटन, उन्नाव।** मूलभूत सुविधाओं के अभाव व पिछड़ा इलाका होने के कारण चिकित्सक यहां काम नहीं करना चाहते, तैनाती की भी जाती है तो राजनैतिक दबाव आड़े आ जाते हैं। ये बातें सोमवार को क्षेत्र में निरीक्षण दौरे पर आए सीएमओ कैप्टन आशुतोष ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक सवाल पर कही। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने बेहद अटपटे अंदाज में कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की जिम्मेदारी शासन व उससे जुड़े लोगों की है। विभागीय स्तर पर जो भी मुमकिन हो पा रहा, उसके लिए वह प्रयास कर रहे हैं।



- निरीक्षण दौरे पर आए सीएमओ ने क्षेत्र की खराब सड़कों व मूलभूत सुविधाओं पर कसा तंज, कहा-खराब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शासन के लोग हैं जिम्मेदार

सीएमओ ने सोमवार को बीघापुर व सुमेरपुर पीएचसी का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान बीघापुर पीएचसी स्थित जच्चा बच्चा केंद्र में प्रसव संबंधित कार्य ठप्प मिले। मौके पर कोई महिला कर्मचारी व स्टाफनर्स मौजूद नहीं मिला। इस संबंध में एमओआईसी डॉ पंकज ने अवगत कराया कि डिलीवरी प्वाइंट पर महज एक स्टाफ नर्स अल्का वर्मा की नियुक्ति है। जिनकी नाइट शिफ्ट में ड्यूटी लगी थी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांग पर सीएमओ ने डिलीवरी प्वाइंट पर जल्द ही महिला स्टाफ की नियुक्ति का आश्वासन दिया। सीएमओ अपरान्ह 3 बजे करीब सुमेरपुर पीएससी पहुंचे। यहां उन्होंने वैक्सीनों के कोल्ड चौन स्टोरेज, स्टाफ उपस्थित, ड्यूटी रजिस्टर एवं दवाओं के रखरखाव आदि की जांच पड़ताल की। स्वास्थ्य केंद्र में खराब सफाई व्यवस्था पर उन्होंने हाल ही नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय कुमार को जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर रहने के निर्देश दिए। यहां करीब 30 मिनट तक रुक कर डीएचईओ लालबहादुर यादव के साथ एनएचएम एवं आयुष्मान योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सीय सेवाओं की कमी व ओपीडी के संचालन को लेकर मीडियाकर्मियों ने सवाल किए तो खराब सड़कों व मूलभूत सुविधाओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में चिकित्सक जाना नहीं चाहते। किसी तरह समझा बुझाकर यहां उनकी तैनाती कर भी दी जाती है तो तबादले के लिए एमपी और एमएलए की सिफारिशें आने लगती हैं।

### महिला वार्ड में 5 बेडों की आपूर्ति किए जाने के निर्देश

सीएमओ ने यहां जच्चा बच्चा केंद्र के निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में पाटन सीएचसी से मंगा कर पांच अतिरिक्त बेड डलवाए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जच्चा बच्चा की उचित देखभाल एवं स्वच्छता संबंधित विशेष ख्याल रखने की चेतावनी दी।

### निरीक्षण के दौरान गैरमौजूद मिले एमओआईसी

सीएमओ द्वारा निरीक्षण के दौरान एमओआईसी डॉ विनय तोमर पीएचसी में गैरमौजूद मिले। हांलाकि सीएमओ ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं प्रकट की। कर्मचारियों ने अवगत कराया कि एमओआईसी इनकम टैक्स संबंधित अपने किसी कार्य से लखनऊ गए हैं।

## मिर्जामुराद में एडीजी व एसएसपी पहुंचे थाने, की किसानों से वार्ता

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मिर्जामुराद** थाना पर सोमवार की दोपहर एडीजी (जोन) व एसएसपी पहुंचे। किसान आंदोलन को देखते हुए अधिकारियों ने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनने के बाद पुलिसकर्मियों संग विभागीय बैठक कर उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लेने के साथ ही कागजी अभिलेखों की जांच कर अपराध नियंत्रण हेतु मातहतों को जरूरी दिशा.निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क कक्ष का निरीक्षण किए। एडीजी (जोन) बृजभूषण व एसएसपी अमित पाठक ने किसानों से पुलिस गश्त, पशुतस्करी, चोरी, जुआ समेत खेती-किसानी और पशुपालन पर विस्तृत रूप से चर्चा कर जानकारी लेकर सुझाव लिए। किसानों ने नहर में पानी न आने का दुखड़ा सुनाने के साथ छुट्टा पशुओं व नीलगाय के आतंक समेत हाइवे पर कट बनाने की बात रखी। इसके बाद गौर गांव (मिर्जामुराद) की महिला ग्रामप्रधान सरोज सिंह के सहयोग से सौंदर्यीकरण कराए गए थाना में बने महिला हेल्प डेस्क कक्ष का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीओ नितेश प्रताप सिंह, थाना प्रभारी सुनील दत्त दुबे समेत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व किसान नारायण प्रताप सिंह, अशोक सिंह, रूपनारायण पटेल, रामशखा त्रिपाठी, सुरेश राठौर, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पन्नालाल पटेल, श्यामलाल मौर्य समेत अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा महाराष्ट्र सरकार को गिराने के लिए एजेंसियों का कर रही इस्तेमालः राउत

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** के सांसद संजय राउत ने सोमवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में उद्धव के नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईडी ने राउत की पत्नी को एक मामले में तलब किया है, जिसके बाद संजय राउत ने केंद्र सरकार पर हमला किया है। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा नेताओं के पास कांग्रेस और राकांपा के 22 विधायकों की सूची है जिनके बारे में दावा था कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के दबाव में वे इस्तीफा दे देंगे।



शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस घटक है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद के बाद शिवसेना और भाजपा के रास्ते अलग हो गए थ। इसके बाद महा विकास आघाड़ी सरकार का गठन हुआ था। राउत ने कहा, भाजपा के कुछ नेता पिछले एक साल से मुझसे संपर्क कर कह रहे हैं कि उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर करने के लिए सारे इंतजाम कर लिए हैं। वे मुझपर दबाव बना रहे हैं और मुझे धमका रहे हैं।

राउत ने कहा, उन्होंने (भाजपा नेताओं ने) मुझसे कहा कि उनके पास कांग्रेस और राकांपा के 22 विधायकों की सूची है जो कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के दबाव में इस्तीफा दे देंगे। अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि प्रवर्तन निदेशालय ने संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को पीएमसी बैंक धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 29 दिसंबर को तलब किया है। तीसरी बार उनको तलब किया गया है इससे पहले दो मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देकर आने से इनकार कर दिया था।

क्या वर्षा राउत ईडी के सामने पेश होंगी, यह सवाल पूछे जाने पर संजय राउत ने कहा, मैं राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से भी चर्चा करूंगा। राउत ने दावा किया कि उनके पास भाजपा के 120 नेताओं की सूची है जिनके खिलाफ धन शोधन मामले में ईडी को जांच करनी चाहिए। राउत ने कहा, मेरी पत्नी शिक्षिका हैं, भाजपा के नेताओं की तरह हमारी संपत्ति बढ़कर 1600 करोड़ रुपए नहीं हो गई है। ईडी द्वारा उनकी पत्नी को तलब किए जाने संबंधी सवाल पर राउत ने आरोप लगाया कि (भाजपा के) राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के परिवार के सदस्यों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

## ममता की सात जनवरी को नंदीग्राम में होने वाली जनसभा टली

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता सुब्रत मुखर्जी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सात जनवरी 2021 को पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में होने वाली रैली को टाल दिया गया है। इसकी वजह पार्टी विधायक अखिल गिरि का बीमार होना है। बनर्जी को सात जनवरी को पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में एक जनसभा को संबोधित करना था। तृणमूल के पूर्व नेता सुवेंदू अधिकारी इसी जिले से हैं। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री मुखर्जी ने पत्रकारों को यहां बताया कि बैठक को रद्द नहीं किया गया है, बल्कि टाला गया है।

उन्होंने कहा, ' पूर्व मेदिनीपुर की राम नगर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले टीएमसी के विधायक अस्पताल में हैं जिस वजह से जनसभा को टाला गया है। इसे बाद में किसी और तारीख पर किया जाएगा'।




कोलकाता में कांग्रेस पार्टी के 136वें स्थापना दिवस के अवसर पर झण्डा लेकर जश्न मनाते हुए कार्यकर्ता

# अन्ना हजारे ने केन्द्र के किसानों की मांग पूरी ना करने पर अंतिम प्रदर्शन की धमकी दी

**पुणे (महाराष्ट्र)।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने चेतावनी दी है कि अगर केन्द्र ने किसानों के संबंध में उनकी मांगें जनवरी के अंत तक स्वीकार नहीं की तो वह भूख हड़ताल करेंगे। अहमदनगर जिले के रालेगांव सिद्धि गांव में अन्ना हजारे ने पत्रकारों से रविवार को कहा कि वह किसानों के लिए पिछले तीन साल से प्रदर्शन कर रहे हैं सरकार ने इन मुद्दों के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया। हजारे (83) ने कहा, सरकार केवल खोखले वादे करती है, इसलिए मुझे उस पर अब कोई विश्वास नहीं है। देखते हैं सरकार मेरी मांगों पर क्या कदम उठाती है। एक महीने का समय मांगा है और मैंने उन्हें जनवरी अंत तक का समय दिया है। अगर मेरी मांगे पूरी नहीं हुईं, मैं फिर भूख हड़ताल करूंगा। यह मेरा आखिरी प्रदर्शन होगा।

अन्ना हजारे ने 14 दिसम्बर को केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि एम. एस. स्वामीनाथन समिति की अनुशंसाओं को लागू करने और कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को स्वायत्तता प्रदान करने संबंधी उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया गया तो वह भूख हड़ताल करेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाऊ बागाडे ने हाल ही में हजारे से मुलाकात भी की थी और उन्हें केन्द्र द्वारा लाए गए तीन नए कृषि कानूनों के बारे में अवगत कराया था। हजारे ने केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर आठ दिसम्बर को किसान संगठनों के भारत बंद के समर्थन में उपवास रखा था। केन्द्र सरकार सितम्बर में पारित इन तीनों कृषि कानूनों को जहां कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार के तौर पर पेश कर रही है, प्रदर्शनकारी किसानों ने आशंका जताई है कि नए कानूनों से एमएसपी और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी और वे बड़े कॉरपोरेट पर निर्भर हो जाएंगे। किसान दिल्ली से लगी सीमाओं पर एक महीने से अधिक समय से इन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ रघु शर्मा पेट में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती

**जयपुर।** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा को पेट में तकलीफ के बाद सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गैस्ट्रोएन्ट्रोलोजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि चिकित्सा मंत्री डॉ रघु शर्मा को पेट की तकलीफ के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनकी सोनोग्राफी और सिटी स्कैन सहित विभिन्न जांच हुई जिसमें उनकी आंतों में संक्रमण का पता चला है। डॉ शर्मा ने बताया कि चिकित्सा मंत्री की पोस्ट कोविड संबंधी जांच भी करवाई गई है। उन्हें एक दो दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा नवंबर में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। उन्हें कोविड डेडिकेटेड अस्पताल आरयूएचएस में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था जहां से उन्हें कुछ दिन बाद छुट्टी दे दी गई थी।

# नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने रहने को अनिच्छुक थे, भाजपा को उन्हें मनाना पड़ाः सुशील मोदी

**पटना।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद बने रहने को लेकर अनिच्छुक थे और वह तब जाकर राजी हुए जब उन्हें याद दिलाया गया कि राजग ने उनके नाम पर वोट मांगे थे। कुमार के पिछले कार्यकालों में एक दशक से अधिक समय तक उपमुख्यमंत्री रहे मोदी ने एक दिन पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) द्वारा दिए गए बयान के संबंध में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। कुमार और मोदी के बीच बहुत अच्छे समीकरण होने की चर्चा होती रही है।

रविवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता के सी त्यागी ने उनकी पार्टी के पास भाजपा से कम विधायक होने के बावजूद मुख्यमंत्री (कुमार) के अपने पद बने रहने के बार बार चर्चा होने का लेकर नाखुशी प्रकट की थी। त्यागी ने इस बात पर



बल दिया था कि कुमार ने तो शुरू में ही राय व्यक्त कर दी थी कि अधिक संख्याबल के आधार पर भाजपा को अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। कार्यकारिणी की इसी बैठक में कुमार ने जदयू अध्यक्ष पद छोड़ दिया।

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 74 सीटें जीती थी जबकि उससे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाले जदयू को 43 सीटें ही मिल पाई। मोदी ने कहा, यह सच है कि नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने की अनिच्छा प्रकट की थी और कहा था कि भाजपा को इस शीर्ष पद पर दावा करना चाहिए।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, जब राज्य में राजग के घटक दलों-- भाजपा, हम, वीआईपी ने उनसे पद पर बने रहने का अनुरोध किया और उन्हें याद दिलाया कि वोट उनके नाम पर मांगे गए थे, तब ही वह इस पद पर बने रहने के लिए राजी हुए। उन्होंने अरूणाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर जदयू के विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद दोनों दलों के बीच संबंध बिगड़ने की संभावना से भी इनकार किया। मोदी ने कहा, जदयू ने स्वयं ही कहा है कि अन्य राज्य में हो रहे घटनाक्रम का बिहार में भाजपा के साथ पार्टी के गठजोड़ पर असर नहीं पड़ेगा। मुझे विश्वास है कि राजग बिहार में अगले पांच साल तक बिना किसी परेशानी के शासन करेगा और कमान नीतीश कुमार के हाथों में होगी।

## क्विक न्यूज

### राउत की पत्नी को ईडी का समन राजनीतिक रूप से प्रेरित

**मुंबई।** युवा सेना के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा शिवसेना के सांसद संजय राउत की पत्नी को समन भेजे जाने को सोमवार को राजनीतिक रूप से प्रेरित करार दिया। अधिकारियों ने रविवार को कहा था कि पीएमसी बैंक धनशोधन मामले में वर्षा राउत से 29 दिसंबर को पूछताछ के लिए ईडी ने समन भेजा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने कहा, ईडी का कदम राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हम भयभीत नही है। एमवीए (महा विकास आघाडी) सरकार स्थिर है। ईडी अधिकारियों ने कहा था कि वर्षा राउत से कहा गया है कि मुंबई में संघीय एजेंसी के समक्ष पेश हों। उन्होंने कहा कि यह तीसरा समन है। पहले दो बार समन किए जाने पर वह स्वास्थ्य कारणों से पेश नही हुई थी। उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। ईडी वर्षा राउत से कुछ धन हासिल करने के बारे में पूछताछ करना चाहती है, जो बैंक से कथित तौर पर बेईमानी से निकाल लिए गए थे।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल का सांकेतिक मौन धरना

**भोपाल।** केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल ने सोमवार को यहां प्रदेश विस परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक मौन धरना दिया। मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने बताया, केन्द्र सरकार के नए तीन कृषि कानूनों और किसान आंदोलन के समर्थन में सोमवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में विधानसभा परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक मौन धरना दिया। कांग्रेस विधायकों ने हाथों में ट्रैक्टर के खिलौने ले रखे थे। धरने के पहले कमलनाथ ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सलूजा ने बताया कि किसानों के समर्थन में कांग्रेस का आंदोलन सतत जारी रहेगा। कांग्रेस किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ है।

### पश्चिम बंगाल में चाय बागान क्षेत्र के आदिवासी नेता राजेश लकड़ा तृणमूल कांग्रेस में हुए शामिल

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल के दुआर-तराई क्षेत्र से आदिवासी नेता राजेश लकड़ा सोमवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। क्षेत्र के चाय बागान श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए कदमों ने उन्हें पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। तृणमूल कांग्रेस नेता और राज्य के श्रम एवं कानून मंत्री मलय घटक ने कहा कि लकड़ा चाय बागान क्षेत्र के मुख्य नेता रहे हैं। लकड़ा को क्षेत्र में टाईगर नाम से जाना जाता है। मैं तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गया हूं और हम चाय बागान श्रमिकों के लिए सरकार के कार्यक्रमों से खुश है। मुख्यमंत्री ने तराई और दुआर क्षेत्र में ऐसा विकास किया है, जो पहले किसी अन्य सरकार ने किया था। मंत्री ने कहा कि चाय बागान श्रमिकों के लिए आवास बनाने की योजना, चा सुंदरी , पर काम शुरू हो चुका है। लकड़ा ने कहा, बनर्जी का आदिवासियो से विशेष लगाव है...चाय बागान श्रमिकों का अब अपना खुद का आवास होगा।

### अमर्त्य सेन को केंद्र के खिलाफ विचार रखने के लिए बनाया जा रहा निशाना : ममता बनर्जी

**बोलपुर (पश्चिम बंगाल)।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ विचार रखने के लिए भाजपा द्वारा नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन को निशाना बनाया जा रहा है। बनर्जी ने पिछले सप्ताह अमर्त्य सेन को पत्र लिखकर उनकी पारिवारिक संपत्ति से जुड़े हालिया विवाद को लेकर दुख जताया था। केंद्रीय विवि विश्वभारती ने पिछले दिनों कहा था कि सेन के परिवार ने अवैध तरीके से कैंपस मे जमीन पर कब्जा कर रखा है। बनर्जी ने यहां संवाददाताओ से कहा, केंद्र सरकार के खिलाफ विचार रखने के लिए अमर्त्य सेन को निशाना बनाया जा रहा है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। राजनीतिक विचार रखने के लिए जिस तरह मुझ पर निशाना साधा जा रहा है, उसी तरह उनपर भी हमले किए जा रहे है। सेन ने बनर्जी को पत्र लिखकर समर्थन देने के लिए उनका शुक्रिया अदा किया और कहा कि उनकी बुलंद आवाज से उन्हे बड़ी ताकत मिली है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आरोप लगाया कि विश्वभारती के कुलपति केंद्र के इशारे पर काम कर रहे हैं।

### पंजाब में भाजपा नेताओं पर कथित हमला अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की विफलता हैः अविनाश राय

**शिमल।** वरिष्ठ भाजपा नेता अविनाश राय खन्ना ने सोमवार को कहा कि पंजाब में उनकी पार्टी के नेताओ पर कथित हमला अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की विफलता है क्योकि राज्य मे कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है। पंजाब के बठिंडा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम मे कुछ किसानो ने कथित रूप से बाधा डाली थी और भाजपा की जिला इकाई द्वारा तैयार किए गए मंच पर तोड़फोड़ की। कुछ सप्ताह पहले होशियापुर मे भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की कार पर किसानों के एक समूह ने कथित रूप से हमला किया था।



हिमांचल प्रदेश के डलहौजी में भारी बर्फभारी का आनन्द लेते हुए पर्यटक।

# भाजपा के खिलाफ बोलने वालों को ईडी सीबीआई का सामना करना पड़ रहाः देशमुख

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने केंद्र पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियों या नेताओं के खिलाफ बोलने वालों को केंद्रीय एजेंसियों की कार्वाई का सामना करना पड़ रहा है। उनका बयान ऐसे वक्त पर आया है जब एक दिन पहले ही ईडी ने पीएमसी बैंक धन शोधन मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत की पत्नी को 29 दिसंबर को तलब किया है। राकांपा के वरिष्ठ नेता देशमुख ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक मकसद से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, भाजपा के नेताओं या उनकी नीतियों के खिलाफ बोलने वालों को ईडी या सीबीआई का सामना करना पड़ रहा है। जहां तक सीबीआई की बात है, हमने फैसला किया था कि एजेंसी को महाराष्ट्र में किसी भी तरह की जांच के पहले राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी।

देशमुख ने कहा, हालांकि, ईडी को जांच के आदेश देने का अधिकार उनके (केंद्र सरकार के) पास है लेकिन राजनीतिक मकसद से इन अधिकारों का इस्तेमाल महाराष्ट्र में पहले कभी नहीं हुआ था। वह संजय राउत की पत्नी को पूछताछ के लिए ईडी द्वारा तलब किए जाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। इस बीच राकांपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने संवाददाताओं से कहा कि अब कई लोगों को ईडी के नोटिस मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके (ऐसे नोटिस मिलने के) पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं या कुछ और भी...। जो भी हो, तथ्य सामने आएंगे। मैं इस कार्वाई का कुछ और मतलब नहीं निकालना चाहता हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, इस पर पटेल ने कहा, हमलोग इन चीजों को अन्यथा नहीं लेते हैं। ऐसी चीजें होती हैं... कार्वाई होती है... हम प्रक्रिया का पालन करते हैं।

# राजग सरकार पुडुचेरी का पृथक राज्य का दर्जा खत्म कर देगीः वी नारायणसामी

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने सोमवार को दावा किया कि केंद्र सरकार पुडुचेरी के पृथक दर्जे को समाप्त कर देगी और इसे पड़ोसी राज्यों के साथ मिला देगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता खामोश नहीं बैठे रहेंगे और राज्य के पृथक दर्जे की रक्षा करने के लिए अपने जीवन का बलिदान कर देंगे। नारायणसामने कहा कि केंद्र पहले ही जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे को कम करके उसे केंद्र शासित प्रदेश में बदल चुका है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन ही विजई हो।

कांग्रेस के 136वें स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी नजरें पुडुचेरी की तरफ कर ली हैं और वह पुडुचेरी के पृथक राज्य के दर्जे को खत्म कर देंगे और इसे पड़ोसी राज्यों से मिला देंगे। पुडुचेरी को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में अलग राज्य से वंचित होने की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं और लोगों को इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम मूक दर्शक नहीं बने रहेंगे और पुडुचेरी की पृथक राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देंगे। नारायणसामी ने प्रधानमंत्री के उस हालिया बयान पर भी पलटवार किया जिसमें मोदी ने कहा था कि कांग्रेस पुडुचेरी में नगर निकाय के चुनाव न करा कर उन्हें लोकतंत्र पर उपदेश दे रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि चुनाव कराने में देरी के लिए उपराज्यपाल किरण बेदी जिम्मेदार हैं।

# गुजरात में दस साल से कमरे में बंद तीन भाई-बहनों को बचा लिया गया

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** के राजकोट में तीन बहन-भाइयों के स्वयं को तकरीबन 10 साल तक कमरे में बंद रखने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने तीनों को उनके पिता की सहायता से बचा लिया है। तीनों की आयु 30 से 42 वर्ष के बीच है। बेघरों के कल्याण के लिए काम करने वाले एनजीओ साथी सेवा ग्रुप की अधिकारी जालपा पटेल ने बताया कि जब रविवार शाम को उनके संगठन के सदस्यों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो उन्होंने पाया कि उसमें बिल्कुल रोशनी नहीं थी और उसमें से बासी खाने एवं मानव के मल की दुर्गंध आ रही थी तथा कमरे में चारों ओर समाचार पत्र बिखरे पड़े थे।

पटेल ने कहा, भाइयों अमरीश एवं भावेश और उनकी बहन मेघना ने करीब 10 साल पहले स्वयं को कमरे में बंद कर लिया था। उनके पिता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, तीनों की स्थिति बहुत खराब एवं अस्त-व्यस्त थी और उनके बाल एवं दाढी किसी भीख मांगने वाले की तरह बढ़े हुए थे। वे इतने कमजोर थे कि खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। पटेल के अनुसार, तीनों के पिता ने बताया कि करीब 10 पहले मां का निधन होने के बाद से वे इस प्रकार की स्थिति में रह रहे हैं। उन्होंने कहा, हो सकता है कि उनकी स्थिति वही है (मानसिक रूप से बीमार), जो उनके पिता बता रहे हैं, लेकिन उन्हें उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

एनजीओ के सदस्यों ने तीनों को बाहर निकाला, उन्हें साफ-सुथरा बनाया और उनके बाल काटे एवं दाढी बनाई। पटेल ने बताया कि एनजीओ तीनों को ऐसे स्थान पर भेजने की योजना बना रहा है, जहां उन्हें बेहतर भोजन एवं उपचार मिल सके। उनके पिता एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि उनके बच्चे पढ़े-लिखे हैं।

तीनों के पिता ने कहा, मेरा बड़ा बेटा अमरीश 42 साल का है। उसके पास बीए, एलएलबी की डिग्री हैं और वह वकालत कर रहा था। मेरी छोटी बेटी मेघना (39) ने मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। मेरे सबसे छोटे बेटे ने अर्थशास्त्र में स्नातक किया है और वह एक अच्छा क्रिकेटर था। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की की मौत हो गई, जिसने मेरे बच्चों को भीतर तक तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपने-आप को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने कहा कि वह रोज कमरे के बाहर खाना रख दिया करते थे। पिता ने कहा, लोगों का कहना है कि कुछ रिश्तेदारों ने उन पर काला जादू कर दिया है। इस मामले में पुलिस में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।



भोपाल में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा नेता कुशाभाऊ ठाकरे और पूर्व मुख्यमंत्री सुन्दर लाल पटवा के निर्वाण दिवस के अवसर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते हुए।

# हम भारत को सुपर पावर बनाना चाहते हैं : राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत में सुपर पावर बनने की क्षमता है और इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने आर्यभट्ट जैसे प्राचीन वैज्ञानिकों की बड़ी खोजों सहित देश के गौरवपूर्ण इतिहास का जिक्र किया।आईआईएम रांची के ऑनलाइन दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में भारत के समृद्ध योगदान की चर्चा की और कहा कि आर्यभट्ट ने जर्मनी के खगोलविद कॉपरनिकस से करीब एक हजार वर्ष पहले पृथ्वी के गोल आकार और इसके धुरी पर चक्कर लगाने की पुष्टि की। सिंह ने कहा, हम भारत को सुपर पावर बनाना चाहते हैं। देश को सुपर पावर बनाने के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग आदि के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने की जरूरत है। इन क्षेत्रों में संभावना हमारे देश की पहुंच के अंदर है। इसका अभी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हुआ है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के युवकों के पास किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता है और वे शोध, अन्वेषण और विचारों की मदद से उन्हें अवसर में तब्दील कर सकते हैं। न्यू इंडिया में छात्रों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सिंह ने कहा कि आधुनिक शिक्षा उन्हें देश के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान के नए मानकों को तय करती है। सिंह ने कहा, आधुनिक शिक्षा गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने में बाधा नहीं बन सकती है। विज्ञान पढ़ने का यह मतलब नहीं है कि आप भगवान में विश्वास नहीं करते हैं। उन्होंने गणितज्ञ रामानुजन का जिक्र किया और कहा, उन्होंने कहा कि कोई समीकरण मेरे लिए तब तक अर्थहीन है, जब तक यह भगवान के विचार को अभिव्यक्ति नहीं करता है। रक्षा मंत्री ने छात्रों से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करने की अपील करते हुए प्रख्यात प्राचीन भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान का उद्धरण दिया और कहा, कोई भी सफलता अंतिम नहीं होती और कोई भी विफलता घातक नहीं होती। सिंह ने कहा, भारत में आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, बौधायन, चरक, सुश्रुत, नागार्जुन से लेकर सवाई जय सिंह तक वैज्ञानिकों की लंबी परंपरा रही है। सिंह ने कहा, आइजक न्यूटन से पहले ब्रह्मगुप्त ने गुरुत्वाकर्षण के नियम की पुष्टि की थी। यह अलग मामला है कि इन सभी खोजों का श्रेय पश्चिमी देशों के वैज्ञानिकों को किसी न किसी कारण से मिल गया। उन्होंने कहा कि वह इस बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि वह खुद ही भौतिकी विज्ञान के छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक बौधायन ने पाइथागोरस से काफी पहले पाइथागोरस के सिद्धांत की खोज की। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक मशहूर रूसी इतिहासकार के मुताबिक ईसा मसीह से पहले ही भारत ने प्लास्टिक सर्जरी का हुनर हासिल कर लिया था और अस्पताल बनाने वाला यह पहला देश था।सिंह ने 12वीं सदी के वैज्ञानिक भास्कराचार्य के खगोल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान का जिक्र किया और ग्रहों के कक्षीय अवधि से जुड़े सिद्धांत का प्रतिपादन किया, जिसकी खोज जर्मनी के वैज्ञानिक केप्लर ने की थी। सिंह ने कहा, उन्होंने आइजक न्यूटन से करीब 500 वर्ष पहले गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को जन्म दिया, जिनका जन्म 17वीं सदी में हुआ था। रक्षा मंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की सूची काफी लंबी है। साथ ही देश अर्थव्यवस्था, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और लोक प्रशासन जैसे अन्य क्षेत्रों में पीछे नहीं है।कोविड वायरस महामारी के बारे में सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भारत ने प्रभावी तरीके से संकट का सामना किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आपदा को अवसर में बदल दिया।छात्रों से अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील करते हुए सिंह ने कहा, हमें समझना होगा कि सफलता की राह विफलता के मार्ग से होकर जाती है। दुनिया में कोई भी सफल व्यक्ति नहीं होगा, जिसने असफलता का सामना नहीं किया हो।



भोपाल में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के दौरान मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा

## मोदी समेत भाजपा के शीर्ष नेताओं ने दी जेटली को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवंगत भाजपा नेता अरुण जेटली को उनकी जयंती पर सोमवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका ओजस्वी और गर्मजोशीपूर्ण व्यक्तित्व, बुद्धिमत्ता, कानूनी समझ तथा हाजिरजवाबी की कमी वे सभी लोग महसूस करते हैं, जो उनके काफी निकट थे। अन्य भाजपा नेताओं ने भी पूर्व वित्त मंत्री को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जेटली सालों तक पार्टी के सबसे प्रखर नेताओं में गिने जाते रहे और उन्हें सबसे तीक्ष्ण राजनीतिक समझ रखने वाले नेताओं में से एक माना जाता था। जेटली का जन्म 1952 में हुआ था। उनका पिछले साल अगस्त में निधन हो गया था। मोदी ने ट्वीट किया, मैं अपने मित्र अरुण जेटली जी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उनके ओजस्वी व्यक्तित्व, बुद्धिमत्ता, कानूनी समझ और हाजिरजवाबी को वे सभी लोग याद करते हैं, जिन्हें उनसे निकटता से बातचीत की है। उन्होंने भारत की प्रगति के लिए अथक मेहनत की। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जेटली असाधारण सांसद थे, जिनके ज्ञान और अंतर्दृष्टि के सानी बहुत कम हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने देश की राजनीति में चिरस्थाई योगदान दिया और पूरे उत्साह एवं समर्पण के साथ देश की सेवा की। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि जेटली को एक प्रखर वक्ता एवं सक्षम रणनीतिकार के तौर पर याद किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने में जेटली की भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा।

## अन्नाद्रमुक को गठबंधन के लिए मनाने की कोशिश में भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई

- सत्तारूढ़ पार्टी के तल्ख तेवर के मद्देनजर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम पलानीस्वामी से की बात

**एआईएडीएमके** के खुले तौर पर एक ऐलान के बाद भाजपा में उच्च स्तर पर खलबली मच गई है और वह टूटती साझेदारी को बचाने की जद्दोजहद में लग गई है। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी ने षनिवार को कहा था कि या तो भाजपा 2021 के विधानसभा चुनाव के लिए ई. पलानीस्वामी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार करें अन्यथा अपना रास्ता अलग चुन ले। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष एल मुरुगन से मुलाकात की।मुरुगन ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि बैठक में क्या बातचीत हुई। हालांकि माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेष अध्यक्ष से कहा कि वह सांसद की चेतावनी को गंभीरता से न लें। मुरुगन के करीबी सहयोगी के अनुसार पार्टी प्रदेष अध्यक्ष ने कहा कि यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम का समर्थन करने के लिए थी, क्योंकि अन्नाद्रमुक एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने ई पलानीस्वामी और मुरुगन के बीच बैठक के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की।

## कांग्रेस ने राहुल की गैर मौजूदगी में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

### सोनिया ने एकजुटता की अपील की

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** सोमवार को अपना 136वां स्थापना दिवस मनाया और इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से एकजुटता की अपील की।दूसरी तरफ, निजी दौरे पर विदेश में होने के कारण पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सोनिया स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, सोनिया ने एक वीडियो संदेश में सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि देश में वर्तमान परिस्थितियां आजादी के पहले की तरह हैं और तानाशाही ताकतों से देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को सलाह दी गई थी कि वह पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं हों और इस कारण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी ने ध्वजारोहण किया। कांग्रेस मुख्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, वरिष्ठ नेता ए के एंटनी, गुलाम नबी आजाद, केसी वेणुगोपाल, पवन कुमार बंसल, राजीव शुक्ला और कई अन्य नेता शामिल हुए। राहुल गांधी निजी दौरे पर विदेश में होने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी अपने परिवार के गंभीर रूप से बीमार सदस्य को देखने और अपनी नानी से मुलाकात करने विदेश में हैं तथा कुछ दिनों के भीतर स्वदेश लौट आएंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, परिवार का अगर कोई सदस्य बीमार हो, तो क्या व्यक्ति उसे देखने नहीं जा सकता? आज सवाल ए नहीं है कि कौन कहां गया है, आज सवाल ए है कि लाखों किसानों की पीड़ा कौन हरने का प्रयास कर रहा है? भारतीय जनता पार्टी के मंत्री और प्रधानमंत्री किसानों की सुध क्यों नहीं लेते?

## हालिया चुनावों में भाजपा की जीत मोदी में जनविश्वास दर्शाती है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि 27 सितंबर को कृषि विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद, बिहार चुनाव तथा विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों एवं स्थानीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है। उन्होंने यहां पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि कांग्रेस यह भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रही है कि देश के ग्रामीण भागों में लोग भाजपा के विरूद्ध हैं। ईरानी ने कहा कि लोगों ने इन चुनावों में कांग्रेस को उपयुक्त जवाब दिया है।

## असम सरकार ने सभी सरकारी मदरसों को बंद करने वाला विधेयक पेश किया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने अगले साल एक अप्रैल 2021 से राज्य में सभी सरकारी मदरसों को बंद करने और उन्हें स्कूलों में बदलने संबंधी एक विधेयक सोमवार को विधानसभा में पेश किया। विपक्ष की आपत्ति के बावजूद शिक्षा मंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र के पहले दिन असम निरसन विधेयक, 2020 को पेश किया। विधेयक में दो मौजूदों कानूनों असम मदरसा शिक्षा (प्रांतीयकरण) कानून, 1995 और असम मदरसा शिक्षा (कर्मचारियों की सेवा का प्रांतीयकरण और मदरसा शिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन) कानून, 2018 को निरस्त करने का प्रस्ताव दिया गया है। शर्मा ने कहा, विधेयक निजी मदरसे पर नियंत्रण और उनको बंद करने के लिए नहीं है।

## शेष पेज 1...

### सरकार ने किसानों को...

तीनों कानूनों को निरस्त करने की अपनी मुख्य मांग पर सरकार से हां या ना में स्पष्ट रूप से जवाब देने को कहा था। वार्ता बहाल करने के लिए किसान संगठनों के प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए अग्रवाल ने कहा, सरकार भी एक स्पष्ट इरादे और खुले मन से सभी प्रासंगिक मुद्दों का एक तार्किक समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के लिए किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एजेंडे के बारे में सचिव ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों, (फसलों की) एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) खरीद प्रणाली और विद्युत संशोधन विधेयक तथा दिल्लीाएनसीआर(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अध्यादेश पर विस्तृत चर्चा होगी। हालांकि, सरकार के पत्र में किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एक प्रमुख शर्त का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है, जिसमें किसानों ने नए कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए तौर तरीकों पर वार्ता किए जाने की मांग की थी। केंद्र और 40 प्रदर्शनकारी किसान संगठनों के बीच अब तक हुई पांच दौर की औपचारिक वार्ता बेनतीजा रही है। पिछली वार्ता पांच दिसंबर को हुई थी, जबकि छठे दौर की वार्ता मूल रूप से नौ दिसंबर को होने का कार्यक्रम था। लेकिन गृह मंत्री अमित शाह की किसान संगठनों के नेताओं के साथ एक अनौपचारिक बैठक में कोई सफलता हाथ नहीं लगने के बाद यह (नौ दिसंबर की वार्ता) रद्द कर दी गई थी। हालांकि, सरकार ने शाह की बैठक के बाद किसान संगठनों को एक मसौदा पत्र भेजा था, जिसमें उसने नए कानूनों में सात-आठ संशोधन और एमएसपी पर लिखित आश्वासन का सुझाव दिया था। वहीं, किसान संगठनों ने 26 दिसंबर को सरकार को लिखे अपने पत्र में वार्ता बहाल करने के लिए 29 दिसंबर की तारीख दी थी। साथ ही, यह स्पष्ट कर दिया था कि तीनों नए कृषि कानूनों को निरस्त करने के तौर तरीकों और एमएसपी के लिए गारंटी सरकार के साथ वार्ता बहाल करने के एजेंडे का हिस्सा होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि सरकार एमएसपी पर किसानों से उनकी फसल की खरीद करती है। सरकार ने अगले दौर की वार्ता के लिए उसी दिन की तारीख दी है, जिस दिन किसान संगठनों ने सिंघू बॉर्डर और टिकरी बॉर्डर से कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) राजमार्ग तक ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि एक महीने से अधिक समय से दिल्ली की सीमाओं पर हजारों की संख्या में किसान डेरा डाले हुए हैं। वे तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इन किसानों में ज्यादातर पंजाब और हरियाणा से हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने अपनी मांगें नहीं माने जाने की स्थिति में आने वाले दिनों में अपना आंदोलन तेज करने की धमकी दी थी। सरकार ने इन कानूनों को बड़े कृषि सुधार के तौर पर पेश किया है और इनका लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना बताया है। लेकिन प्रदर्शनकारी किसान संगठनों को यह डर है कि ए नए कानून उन्हें एमएसपी प्रणाली और मंडी व्यवस्था को कमजोर कर उन्हें बड़े कॉरपोरेट की दया का मोहताज बना देंगे। आंदोलनरत किसान संगठनों और केंद्र के बीच वार्ता अटकी रहने के बीच सरकार ऐसे कई अन्य किसान संगठनों के साथ बैठक कर रही है, जिन्होंने नए कानूनों का समर्थन किया है। सरकार ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शनकारी किसानों को विपक्षी दल अपने राजनीतिक फायदे के लिए गुमराह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 100वीं किसान रेल को रवाना करते हुए कहा कि सरकार ने कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक सुधार किए हैं तथा सरकार पूरी ताकत और समर्पण के साथ ऐसा करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि किसान रेल उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई एक ऐसी सेवा है जो किसानों की उपज को दूर दराज के बाजारों तक आपूर्ति करने में छोटे और सीमांत किसानों की मदद करेगी। ऐसे किसान 80 प्रतिशत से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि यह किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी।

### पंजाब में किसानों ...

केबल भी काट दी गई है। हालांकि, अंबानी का रिलायंस समूह और अडाणी की कंपनियां किसानों से अनाज खरीदने के कारोबार में नहीं हैं। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, कल तक।,411 टावरों को नुकसान पहुंचाया गया था। आज यह आंकड़ा।,500 के पार हो गया है। जालंधर में जियो की फाइबर केबल के कुछ बंडल भी जला दिए गए हैं। राज्य में जियो के 9,000 से अधिक टावर हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा कि टावर को नुकसान पहुंचाने का सबसे आम तरीका बिजली की आपूर्ति काटना है। एक मामले में टावर साइट पर जेनरेटर को लोग उठाकर ले गए और उसे एक स्थानीय गुरुद्वारे में दान कर दिया। कुछ जियो कर्मचारियों को धमकाने और उनके भागने का वीडियो भी वायरल है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को आंदोलनकारी किसानों से अपील की थी कि वे ऐसा कोई कदम नहीं उठाएं जिससे आम लोगों को परेशानी हो। सूत्रों ने कहा कि राज्य पुलिस ने टावर तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है और ज्यादातर मामलों में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। टावर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (टीएआईपीए) ने कहा है कि कम से।,600 टावरों को नुकसान पहुंचाया गया है।

### जल्द गिरेगी झूठ ...

तैयार रहेगी। सरकार का मानना है कि मुद्दों के समाधान के लिए वार्ता ही एकमात्र हथियार है। उन्होंने कहा, हम इस पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1990 में आर्थिक उदारीकरण के बाद से कृषि क्षेत्र में सुधार की चर्चा चल रही थी। मंत्री ने कहा कि कई समितियों का गठन हुआ और देश भर में विचार-विमर्श हुआ। पूर्ववर्ती सरकारों ने भी चर्चा की और सहमति तक पहुंचे लेकिन किसी तरह से इसे लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि लेकिन मोदी सरकार ने पहल की और तीनों कृषि कानूनों को लागू किया, जिसे संसद के दोनों सदनों में चार घंटे की चर्चा के बाद पारित किया गया। कृषि मंत्री ने कहा, मैं खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भविष्य को ध्यान में रखते हुए कृषि कानूनों के माध्यम से आंदोलनकारी बदलाव लाए हैं। मुझे विश्वास है कि इन कानूनों से देश भर के गरीब, छोटे और सीमांत किसानों को फायदा होगा।

### कोरोना टीकाकरण के...

सोशल डिस्टेंसिंग के साथ भीड़ का प्रबंधन भी शामिल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राज्यों से साझा की गई चेकलिस्ट के मुताबिक जिन लोगों को टीका लगाना है उनकी पहचान पहले ही कर ली जाएगी तथा वैक्सीन लगवाने वाले के नाम और टीका लगाने के समय की जानकारी के साथ एक एसएमएस पहले ही भेजा दिया जाएगा। टीका लगने के बाद वे अगले 30 मिनट तक निगरानी में रहेंगे जिससे कि कोई विपरीत प्रभाव दिखाई दे तो उससे निपटा जा सके। ड्राई रन पर राज्यों द्वारा एक रिपोर्ट केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ राज्य की टास्क फोर्स को दी जाएगी जिसमें इससे संबंधित मुद्दों का उल्लेख किया जाएगा। इससे विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम में शामिल टीम को अनुभव मिलेगा।

### उत्तराखंड के सीएम ...

दिल्ली एम्स ले जाया गया। मुख्यमंत्री के साथ उनके फीजिशियन डॉ एन. एस. बिष्ट भी दिल्ली गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने यहां बताया कि एम्स में मुख्यमंत्री रावत के कुछ जरूरी टेस्ट किए गए हैं। हालांकि, अधिकारी ने देर शाम बताया कि मुख्यमंत्री रावत का स्वास्थ्य ठीक है और रात में उनके बुखार में भी कमी आई है। उन्होंने कहा, उनके फीजियशन डॉ बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य सामान्य है। उनके फेफड़ों में हल्का संक्रमण है। इससे पहले, 18 दिसंबर को मुख्यमंत्री रावत के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी जिसके बाद उन्होंने खुद को गृहपृथक-वास में रखा था। रावत के साथ उनकी पत्नी और पुत्री भी कोविड-19 से ग्रस्त हुए थे।

### वायरस के नए ...

अधिकारियों की तत्परता से मदद करने को भी कहा है। मंत्रालय ने कहा, (देश में कोविड-19 के) उपचाराधीन मरीजों और संक्रमण के नए मामलों में लगातार कमी आ रही है, लेकिन वैश्विक स्तर पर मामले बढ़ने और ब्रिटेन में वायरस का एक नया प्रकार सामने आने के मद्देनजर निगरानी, रोकथाम और सतर्कता बरकरार रखने की जरूरत है। गृह मंत्रालय ने कहा, निरूद्ध क्षेत्रों का सावधानीपूर्वक सीमांकन जारी रखा जाए, इन क्षेत्रों में संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए निर्धारित उपायों का सख्ती से पालन किया जाए, कोविड से जुड़े उपयुक्त व्यवहार को बढ़ावा दिया जाए और उन्हें सख्ती से लागू किया जाए तथा विभिन्न गतिवधियों के संदर्भ में सुझाई गई मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। मंत्रालय ने कहा कि निगरानी और रोकथाम के प्रति पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर और उसके एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा पिछले महीने जारी दिशानिर्देशों एवं एसओपी को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किए जाने की जरूरत है। पिछले महीने, गृह मंत्रालय ने कहा कि था कि राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए रात का कर्फ्यू जैसी पाबंदियां लगा सकते हैं। लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें निरूद्ध क्षेत्रों के बाहर लॉकडाउन लागू करने से पहले केंद्र से परामर्श करना पड़ेगा। मंत्रालय ने सोमवार को कहा, आगामी नववर्ष समारोहों और इन दिनों जारी ठंड के मौसम के मद्देनजर नए मामलों को तेजी से बढ़ने से रोकने के लिए सख्त निगरानी की जरूरत है। दरअसल, ए परिस्थितियां वायरस के प्रसार के लिए अनुकूल हैं। इस सिलसिले में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश उपयुक्त कदम उठा सकते हैं। मंत्रालय ने कोविड-19 का टीकाकरण अभियान चलाने के लिए केंद्र द्वारा तैयारियां शुरू कर दिए जाने का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि कोविड-19 के टीकाकरण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) ने शुरूआती चरण में टीके को प्राथमिकता वाली श्रेणी को लगाने की सिफारिश की है, इसके तहत स्वास्थ्य कर्मी, कोविड के खिलाफ अग्रिम मोर्चे के कर्मी 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग और अन्य बीमारियों से ग्रसित 50 वर्ष से कम आयु के लोग आते हैं। मंत्रालय ने कहा, राज्याकेंद्र शासित प्रदेश लाभार्थियों की पहचान करने, डेटाबेस तैयार करने, टीके को पहुंचाने, भंडारण, सुरक्षा, टीकाकरण में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सक्रियता से मदद करने का संबद्ध प्राधिकारों को निर्देश दे सकते हैं। दिशानिर्देश में कहा गया है कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कोविड-19 से जुड़े उपयुक्त व्यवहार, जैसे कि मास्क पहनने, हाथ स्वच्छ रखने और सामाजिक दूरी का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

### नए साल के ...

के जिलाधिकारी एवं कमिश्नरेट जिलों में पुलिस कमिश्नर को पूर्व सूचना देकर ही आयोजित किये जाएं। अनुमति के समय ही आयोजक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सूचीबद्ध कर लिया जाए तथा उनसे कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या भी प्राप्त कर ली जाए। इसके अतिरिक्त आयोजकों को उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कोविड-19 से बचाव सम्बन्धी दिशा-निर्देशों से भली-भांति अवगत करा दिया जाए। यह भी स्पष्ट कर दिया जाए कि कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकॉल तथा गाइडलाइन्स के अनुपालन का उत्तरदायित्व उन्हीं का होगा। किसी भी बन्द स्थान यथा हॉल एवं कमरे में कार्यक्रम की स्थिति में हॉल एवं कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत किन्तु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों तक तथा खुले स्थान एवं मैदान में कार्यक्रम होने की स्थिति में ऐसे स्थानों के क्षेत्रफल के 40 प्रतिशत से कम क्षमता तक ही फेस मास्क, सोशल डिस्टेन्सिंग, थर्मल स्कैनिंग, सेनिटाइजर एवं हैण्डवाश की उपलब्ध की अनिवार्यता के साथ अनुमन्य किया जाए। इसके अलावा नववर्ष के कार्यक्रमों के दृष्टिगत वर्तमान में कोविड-19 के संक्रमण की प्रभावी रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर पीए सिस्टम, लाउड हेलर आदि के माध्यम से अनवरत प्रचार-प्रसार कराया जाए। जनता के व्यक्तियों को नववर्ष का पर्व सार्वजनिक स्थानों पर न मनाकर यथासंभव अपने-अपने घरों में ही मनाए जाने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम स्थलों के आस-पास समुचित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था प्रभावी ढ़ंग से सुनिश्चित करायी जाए। सार्वजनिक स्थानों एवं कार्यक्रम स्थलों पर यथावश्यक ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी सतत् निगरानी की जाए। भड़काऊ एवं विद्वेष फैलाने वाली भ्रामक अफ वाहों की तत्परता से रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी अवश्य रखी जाए। जनपद के स्थानीय अभिसूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय कर दिया जए।

### केंद्र सरकार ने...

किये जायेंगे। इसके तहत सड़क, वाटर सप्लाई, सीवेज, ड्रेनेज, हार्टीकल्चर, बाउंड्रीवाल, स्ट्रीट लाइट, इंटरनल वाटर सप्लाई, इंटरनर स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, आईटी एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन, प्रशासनिक भवन, डिजाइन लैब, टेस्टिंग लैब, वैल्यू एडीशन सेंटर, हास्टल तथा अन्य सामान्य सुविधाएं उद्यमियों को सुलभ कराई जायेंगी। परियोजना के पूर्ण होने जाने पर उत्तर प्रदेश के चर्म उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर की अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी तथा घरेलू चर्म उद्योग को बेहतर उत्पादकता, निर्यात तथा नये निवेश के संदर्भ में वांछित प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा चर्म उद्योग के क्षेत्र में नये निवेश किये जाने से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। श्री सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त परियोजना के तहत कल्स्टर में एक 20 एमएलडी क्षमता के दूषित जल ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जायेगी। 250 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित इस परियोजना से कानपुर की सभी प्रमुख टैनरियां आच्छादित हो सकेंगी। परियोजना के फलस्वरूप गंगा को साफ बनाये रखने की दिशा में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को भी बल मिलेगा। कानपुर में चर्म उद्योग से संबंधित 2125 इकाइयां स्थापित हैं जिसके माध्यम से 1.20 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। इन इकाइयों में प्रतिदिन 75000 जोड़े फुटवेयर का निर्माण होता है और लगभग 6500 करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात भी किया जाता रहा है। इससे प्रतिवर्ष 10 हजार करोड़ का टर्नओवर भी होता था। प्रदूषण आदि की वजह से इन टैनरियों को 18 नवम्बर 2018 को बंद कर दिया गया। इस संबंध में उन्होंने कानपुर जाकर टैनरियों की विस्तार से समीक्षा की और 20 दिसम्बर 2019 से पुन: इनको शुरू करने के स्वीकृति दी गई लेकिन कतिपय कारणों से 19 फरवरी से इन्हें एक बार पुन: को बंद करना पड़ा है। राज्य सरकार द्वारा कानपुर के चर्म उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए उठाये गये इन कदमों से इस उद्योग को नया आयाम मिलेगा, वहीं नये निवेश के साथ अधिक से अधिक रोजगार का सृजन भी होगा।

### अध्यक्ष पद के...

से नए साल में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में 50 वर्षीय गांधी के लौटने की बात मजबूती से उठने लगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि उस बैठक में किसी भी राहुल गांधी की आलोचना या उनके खिलाफबात नहीं की। यहां तक कि पत्र लिखकर अपनी नाराजगी जताने वाले नेताओं ने भी उनका समर्थन किया था।

### उत्पीड़न से भी ...

हुई। मेरे दोस्त और परिजन चाहते थे कि मैं लड़के की तरह बर्ताव करूं। मैंने कोशिश भी की लेकिन मुझसे नहीं हो पाया। जिसकी वजह से दोस्तों और परिवार से दूरी बनती चली गई। उरूज हुसैन ने आगे कह हालांकि ये कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। हमें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जब हम कैफे के लिए लोगों को नियुक्त करते हैं। मुझे पता था कि अगर मैंने हिम्मत खो दी तो मैं टूट जाउंगी। मैं टूटना नहीं चाहती हूं। हुसैन ने यौनकर्मियों, उनके बच्चों को भी लॉकडाउन में मदद की। इसी समय सेक्टर-119 में उरूज हुसैन का कैफे स्ट्रीट टेम्पटेशन शुरू हुआ है। यह कैफे भारतीय-चीनी भोजन परोसता है।

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 29 दिसंबर , 2020



## दिल्ली की टीम की अगुआई करेंगे धवन

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में दिल्ली की 20 सदस्ईय टीम की अगुआई करेंगे। इस टी20 टूर्नामेंट के साथ अगले महीने भारत के 2020-21 घरेलू सत्र की शुरुआत होगी।

## हरिकृष्णा 10वें स्थान पर

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा चैम्पियंस शतरंज टूर एयरथिंग्स मास्टर्स आनलाइन चैम्पियनशिप के दूसरे दिन एक जीत और तीन ड्रॉ के बाद दसवें स्थान पर खिसक गए। विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन शीर्ष पर पहुंच गए है।

## मरे को आस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पांच बार के फाइनलिस्ट एंडी मेंरे को अगले साल वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रवेश के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है।विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मेंरे पिछले कुछ वर्षों से कूल्हे की चोट से जूझते रहे है जिसका उन्हे आपरेशन करवाना पड़ा था। इससे वह विश्व रैंकिंग में 122वें स्थान पर खिसक गए। भारत के सुमित नागल, चीन की वांग झियु, आस्ट्रेलिया के थनासी कोकिनाकिस को भी वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

## आस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगे फेडरर

**मेलबर्न।** रोजर फेडरर अपने दाएं घुटने के दो आपरेशन के कारण वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट आस्ट्रेलियाई ओपन में भी नही खेल पाएंगे। फेडरर के लंबे समय से एजेंट रहे टोनी गॉडसिक ने कहा कि 20 बार का ग्रैंडस्लैम चैंपियन आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद एटीपी टूर मे वापसी की योजना बना रहे है और वह उनके लिए 2021 का टेनिस कैलेंडर तैयार करने पर लगे हुए है।

## बेदी से स्टैंड से अनुरोध करूंगा : रोहन जेटली

**नई दिल्ली।** बिशन सिंह बेदी को दिल्ली क्रिकेट का भीष्म पितामह बताते हुए डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को कहा कि उनसे फिरोज शाह कोटला मैदान के स्टैंड से नाम हटाने की उनकी मांग वापिस लेने का अनुरोध किया जाएगा। रोहन ने कहा कि अच्छा होता कि बेदी उनके दिवंगत पिता के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने की बजाय निजी तौर पर इस मसले पर उनसे बात करते। डीडीसीए ने सोमवार को प्रतिमा का अनावरण किया।

## मेस्सी भविष्य में जा सकते हैं अमेरिका

**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी वर्तमान सत्र समाप्त होने तक बार्सिलोना के साथ अपने भविष्य पर फैसला नही करेंगे और इस फुटबॉल दिग्गज ने एक दिन अमेरिका में खेलने की संभावना भी व्यक्त की है। मेस्सी ने टीवी चैनल ला सेक्सटा से कहा, मैं सत्र के आखिर तक इंतजार करूंगा। अभी मैं खिताब जीतने पर ध्यान दे रहा हूं।

# भारत ने कंगारूओं पर कसा शिकंजा

● **दूसरा टेस्ट : आस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम ध्वस्त, तीसरे दिन छह विकेट पर 133 रन बनाए हैं**

● **भारत से केवल दो रन आगे है**

भाषा। मेलबर्न



पहली पारी की अच्छी बढ़त के बाद गेंदबाजों के एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां आस्ट्रेलिया को बैकफुट पर भेजकर चार मैचों की श्रृंखला बराबर करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 133 रन बनाए हैं और वह भारत से केवल दो रन आगे है। भारत ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (112) के आकर्षक शतक और रविंद्र जडेजा (57) के अर्धशतक की मदद से अपनी पहली पारी में 326 रन बनाकर 131 रन की बढ़त हासिल की थी। आस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 195 रन बनाए थे। भारतीय कप्तान रहाणे ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, मैच अभी समाप्त नहीं हुआ है। हमें अभी चार और विकेट चाहिए। गेंदबाजों को श्रेय जाता है। उन्होंने वास्तव में सही क्षेत्रों में गेंद की। भारत ने सुबह पांच विकेट पर 277 रन से आगे खेलना शुरू किया और तीसरे दिन पहले सत्र में 49 रन जोड़े और इस बीच अपने बाकी बचे पांचों विकेट गंवाए। आस्ट्रेलिया ने भी बीच में एक रन के अंदर तीन विकेट गंवाए जिससे भारत ने मैच पर शिकंजा कसा। आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 98 रन था जो मैथ्यू वेड (40), ट्रेविस हेड (17) और कप्तान टिम पेन (एक) के आउट होने से छह विकेट पर 99 रन हो गया। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भारत को फिर को परेशान किया क्योंकि आलराउंडर कैमरन ग्रीन (नाबाद 17) और पैट कमिन्स (नाबाद 15) ने दिन के बाकी बचे 18 ओवरों में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए अब तक 34 रन जोड़े हैं। पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनती जा रही है लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने सही क्षेत्र में गेंद करके विकेट लिए। भारत की तरफ से जडेजा ने दो जबकि उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज ने एक एक विकेट लिया है। भारत को इस बीच तेज गेंदबाज उमेश की सेवाएं नहीं मिली जिन्हें अपना चौथा ओवर करते समय पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। उमेश ने इससे पहले अपने दूसरे ओवर में ही जो बर्न्स (चार) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया जिस पर बल्लेबाज एक रिव्यू भी गंवाया था।

अश्विन ने मार्नस लाबुशेन (28) को अपनी कैरम बॉल के जाल में फंसाया। बल्लेबाज ने उनकी गेंद रक्षात्मक रूप से खेलने का प्रयास किया लेकिन वह बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में रहाणे के पास चली गई। स्टीव स्मिथ (आठ) का लचर प्रदर्शन बरकरार रहा और अपने करियर में दूसरी बार उन्होंने पूरे मैच में 10 से कम रन बनाए। बुमराह ने उन्हें लगातार लेग स्टंप पर गेंद कराई और आखिर में उनकी ऐसी ही एक गेंद गिल्ली को गिराकर भारत को महत्वपूर्ण विकेट दिला गई। बल्लेबाज ही नहीं गेंदबाज को विश्वास नहीं हुआ कि विकेट गिर चुका है। जडेजा ने 38वें ओवर में पहली बार गेंद संभाली और वेड की जुझारू पारी का अंत करके सफलता हासिल करने में देर नहीं लगाई।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी:** 195,भारत पहली पारी, अग्रवाल पगबाधा बो स्टार्क 0, गिल का पेन बो कमिन्स 45, पुजारा का पेन बो कमिन्स 17, रहाणे रन आउट 112,विहारी का स्मिथ बो लियोन 21, पंत का पेन बो स्टार्क 29,जडेजा का कमिन्स बो स्टार्क 57,अश्विन का लियोन बो हेजलवुड 14, यादव का स्मिथ बो लियोन 09, बुमराह का हेड बो लियान 00,सिराज नाबाद 00,**अतिरिक्त** : (बाई : 12, **लेग बाई:** 06, **नोबॉल:** 02, वाइड: 02) 22,कुल (115.1 ओवर में सभी आउट) 326, **विकेट पतन** :1-0, 2-61, 3-64, 4-116, 5-173, 6-294, 7-306, 8-325, 9-325, 10-326, **गेंदबाजी** : स्टार्क 26-5-78-3,कमिन्स 27-9-80-2, हेजलवुड 23-6-47-1, लियोन 27.1-4-72-3, ग्रीन 12-1-31-0,

**आस्ट्रेलिया दूसरी पारी** : वेड पगबाधा बो जडेजा 40,बर्न्स का पंत बो उमेश 04,लाबुशेन का रहाणे बो अश्विन 28, स्मिथ बो बुमराह 08, हेड का अग्रवाल बो सिराज 17,ग्रीन खेल रहे है 17, पेन का पंत बो जडेजा 01, कमिन्स खेल रहे है 15,**अतिरिक्त** (नोबाल 03) 03,कुल (66 ओवर मे, छह विकेट पर) 133,**विकेट पतन** :1-4, 2-42, 3-71, 4-98, 5-98, 6-99,**गेंदबाजी** :बुमराह 17-4-34-1, उमेश 3.3-0-5-1,सिराज 12.3-1-23-1, अश्विन 23-4-46-1 ,जडेजा 10-3-25-2

## रहाणे ने कहा, अब भी लगता है कि लार्ड्स पर लगाया शतक सर्वश्रेष्ठ



**मेलबर्न।** मुश्किल समय में टीम की कमान संभालते हुए शानदार शतक जड़ने वाले भारत के कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे ने लार्ड्स पर बनाए अपने शतक को आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बनाए शतक पर तरजीह देते हुए सर्वश्रेष्ठ करार दिया है। रहाणे ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, यह विशेष (शतक) था। शतक बनाना हमेशा विशेष होता है। अब भी लगता है कि लार्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ मेरा शतक सर्वश्रेष्ठ था। एडीलेड ओवल में श्रृंखला के पहले मैच में शर्मनाक हार के कुछ दिनों बाद टीम की कमान संभालने वाले रहाणे ने मेलबर्न में जिस तरह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और क्षेत्ररक्षकों को सजाया, उसके लिए क्रिकेट जगत ने उनकी सराहना की।

### इतिहास के सबसे महत्वूपर्ण शतकों में से एक: गावस्कर

**मेलबर्न।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि एडीलेड में पहले टेस्ट में भारत की शर्मनाक हार के बाद यहां चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट में अजिंक्य रहाणे का शतक देश के क्रिकेट इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण पारियो में गिना जाएगा। गावस्कर ने सेवन नेटवर्क से कहा, मेरा मानना है कि यह शतक भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण शतकों में से एक होगा। गावस्कर ने कहा कि इस पारी से घरेलू टीम को संदेश गया कि भारत श्रृंखला के पहले मैच मे शर्मनाक हार के बावजूद घुटने नही टेकेगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने अब तब बहुत खराब बल्लेबाजी की: पोंटिंग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने कहा कि एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) की पिच में कोई खामी नहीं है लेकिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने दूसरे टेस्ट में सोमवार को भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ बहुत खराब बल्लेबाजी की। पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की आलोचना करते हुए कहा, आप पिच को दोष नहीं दे सकते। पिच आज बिल्कुल सही है। गेंद थोड़ी स्पिन हो रही थी, लेकिन आप पहले से ऐसी उम्मीद करते है। टेस्ट मैच के पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन यह सिर्फ खराब, अब तक बहुत खराब बल्लेबाजी का नमूना है। इस पूर्व कप्तान ने चैनल सेवन से कहा कि उनकी टीम के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ सजग होकर नहीं खेले।


## अंपायर्स कॉल की समीक्षा करनी चाहिए : तेंदुलकर

**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में अंपायर्स कॉल की संपूर्ण समीक्षा करने का आग्रह किया। अंपायर्स कॉल तब मुख्य रूप से सामने आता है जबकि पगबाधा के लिए रिव्यू की मांग की गई हो। इस स्थिति में अगर अंपायर ने नॉट आउट दिया है तो रिव्यू में यह पता चलने पर कि गेंद स्टंप पर लग रही है, टीवी अंपायर के पास फैसला बदलने का अधिकार नहीं होता है। गेंदबाजी टीम के लिए यही अच्छी बात होती है कि वह अपना रिव्यू नहीं गंवाती है।

## सोचते रहे तो निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते : कोहली

**नई दिल्ली।** लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए मशहूर बल्लेबाज विराट कोहली का कहना है कि उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर इसे हासिल करने की कभी कोशिश नहीं की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा सोमवार को दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय क्रिकेटर चुने गए कोहली ने बीसीसीआई की वेबसाइट पर बल्लेबाजी को लेकर अपने फलसफे के बारे में बताया। , अगर सिर्फ निरंतरता पर फोकस किया जाए तो मुझे नहीं लगता कि आप लगातार अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप मैदान पर उतरें तो हर हालत में टीम की जीत का प्रयास करें। ऐसा सोचने पर ही आप अपनी सीमाओं और क्षमताओं से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। मेरी हमेशा यही सोच रही है।

## उमेश की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव



**मेलबर्न।** भारत के तेज गेंदबाज उमेश यादव को आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन के खेल के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लंगड़ाते हुए मैदान छोड़ना पड़ा। आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का आठवां और अपना चौथा ओवर करते समय 33 वर्षीय उमेश तेज दर्द के कारण लड़खड़ा गए। उन्होंने तुरंत ही चिकित्सा टीम को बुलाया। इसके बाद वह लंगड़ाते हुए ड्रेसिंग रूम में चले गए। चिकित्सा दल ने बयान जारी करके कहा, उमेश यादव को अपना चौथा ओवर करते समय पिंडली में दर्द हुआ।

## डुप्लेसिस की शतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका को बढ़त

**सेंचुरियन।** कप्तानी के बोझ से मुक्त होने के बाद दिग्गज बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शतकीय पारी खेलकर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में बढ़त दिला दी। लंच के समय डुप्लेसिस 112 रन बनाकर खेल रहे थे जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 435 रन बना लिए है।

## पाकिस्तान 239 रन पर आउट, फालोआन बचाया

**माउंट मोनगानुई।** कप्तान मोहम्मद रिजवान के 71 और फहीम अशरफ के 91 रन की मदद से पाकिस्तान शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बावजूद न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 239 रन बनाकर फालोऑन बचाने में सफल रहा। रिजवान ने तब क्रीज पर कदम रखा जब पाकिस्तान ने सुबह 32 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे और उसका स्कोर पांच विकेट पर 52 रन था। वह टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने के बाद अंतिम सत्र में आउट हुए।

# आईसीसी के दशक के सर्वश्रेष्ठ किकेटर कोहली

● **धोनी को क्रिकेट भावना सम्मान**

भाषा। दुबई





भारतीय कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को आईसीसी का दशक का शीर्ष सम्मान अपने नाम किया जब उन्होंने पिछले 10 साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी जीती। कोहली को दशक का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी चुना गया। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईसीसी का दशक का खेल भावना पुरस्कार जीता। प्रशंसकों ने 2011 में नॉटिंघम टेस्ट में इयान बेल के अजीब हालात में रन आउट होने के बाद उन्हें वापस बुलाने के लिए धोनी को इस पुरस्कार के लिए चुना। आईसीसी ने ट्विटर पर कोहली के इस पुरस्कार के लिए चुने जाने की घोषणा की। कोहली ने आईसीसी पुरस्कारों के समय के दौरान अपने 70 में से 66 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े। इस दौरान उनके नाम पर सर्वाधिक अर्धशतक (94), सर्वाधिक रन (20396) के अलावा 70 से अधिक पारी खेलते हुए सर्वाधिक औसत (56.97) का रिकॉर्ड भी रहा। कुल मिलाकर 32 साल के कोहली ने वनडे में 12040 रन, टेस्ट क्रिकेट में 7318 रन और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2928 रन बनाए हैं और सभी प्रारूपों में मिलाकर उनका औसत 50 से अधिक का है। आईसीसी के दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में कोहली को भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट, श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा, आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ, दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन से चुनौती मिल रही थी। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर जबकि अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान को दशक का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना। आस्ट्रेलिया की एलिस पैरी ने महिला पुरस्कारों में बाजी मारते हुए दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के अलावा दशक की सर्वश्रेष्ठ वनडे और टी20 महिला क्रिकेटर के पुरस्कार भी अपने नाम किए।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले आदिवासी मूल के पहले खिलाड़ी बने मुलाग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पहले विदेशी दौरे पर कप्तानी करने वाले जॉनी मुलाग सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले स्थानीय आदिवासी मूल के पहले खिलाड़ी बने। मुलाग विदेशी दौरे पर जाने वाली पहली आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान थे। उनकी अगुवाई मे 1868 मे टीम ने ब्रिटेन का दौरा किया था।

## लगातार एक जगह गेंद डालकर खिलाड़ियों को आउट किया जा सकता है: सिराज

**मेलबर्न।** टेस्ट में पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सोमवार को कहा कि एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) की पिच धीमी हो गई है और ऑस्ट्रेलियाई टीम के पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने के लिए गेंद को लगातार एक जगह टप्पा खिलाना होगा। तेज गेंदबाज उमेश यादव के चोटिल होने के बावजूद भारत ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के छह बल्लेबाजों को 133 रन तक पवेलियन भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में दो रन से आगे है और उसके चार विकेट बचे हुए है।

## पेन के आउट होने के तरीके से निराश वेड ने डीआरएस को सही तरीके से लागू करने की मांग की

**मेलबर्न।** भारत के खिलाफ चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट की दूसरी पारी में कप्तान टिम पेन के आउट होने से नाखुश ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने सोमवार को फैसला समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में एकरूपता लागू करने की मांगी की।

## वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का चीन से निकलकर दूसरे देशों की ओर जाना भारत के लिए फायदेमंद

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का चीन से बाहर निकलकर दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की रुख करना भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। एक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। उद्योग मंडल फिक्की और ध्रुव एडवाइजर्स ने इस महीने की शुरुआत में यह सर्वेक्षण किया। इसमें 150 से ज्यादा कंपनियों को शामिल किया गया है। फिक्की ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर कहा, "कोविड-19 का एक बड़ा परिणाम यह है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चीन से दूसरी अर्थव्यवस्थाओं यानी देशों की ओर जा रही है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 70 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि इस कदम से भारत को लाभ होगा और आने वाले समय में विनिर्माण का अच्छा खासा हिस्सा चीन से भारत का रुख करेगा।"

## दूरसंचार उद्योग पर वित्तीय दबाव बरकरार, सीओएआई ने सरकार से मांगा समर्थन

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के दौरान दूरसंचार उद्योग द्वारा उपलब्ध सुविधा के चलते डिजिटल का उपयोग काफी बढ़ा है, लेकिन उद्योग खुद वित्तीय संकट में घिरा हुआ है। दूरसंचार ऑपरेटरों के संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने नकदी संकट, शुल्कों को सुसंगत बनाने, समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) और स्पेक्ट्रम के मूल्य जैसे मुद्दों पर सरकार से उद्योग को समर्थन की मांग की है। सीओएआई ने अपने 2021 के परिदृश्य में कहा कि पांचवीं पीढ़ी की मोबाइल सेवा-5जी के 2021 में शुरू होने की उम्मीद है। सीओएआई के महानिदेशक एस पी कोचर ने सोमवार को बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से कई तरह की संभावनाएं खुलेंगी। कारोबारी मॉडल से लेकर बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और इंटेलिजेंट लॉजिस्टिक्स आदि क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## बिजली क्षेत्र में निर्बाध आपूर्ति, डिस्कॉम की वित्तीय सेहत को लेकर चुनौतियां

**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र बीते दिनों महामारी से बुरी तरह प्रभावित होने के बाद सामान्य स्थिति में आने की जद्दोजहद कर रहा है और ऐसे में उसे सुधारों की जल्द से जल्द दरकार है। उपभोक्ताओं को 2021 तक निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य और बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की वित्तीय सेहत में सुधार के कदम उठाने के लिए ए सुधार जरूरी हैं। सरकार के सामने सबसे महत्वपूर्ण काम डिस्कॉम की बीमारी को दूर करने की है, जो नकदी संकट से जूझ रहे हैं और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली उत्पादन कंपनियों (जेनकॉस) को भुगतान करने की स्थिति में नहीं हैं। बिजली की मांग पर और डिस्कॉम के बिल संग्रह पर भी कोरोना वायरस महामारी का भी नकारात्मक असर पड़ा।

## टिप्स इंडस्ट्रीज, फेसबुक ने वैश्विक लाइसेंसिंग समझौता किया

**नई दिल्ली।** संगीत क्षेत्र की कंपनी टिप्स इंडस्ट्रीज ने सोमवार को कहा कि उसने सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी फेसबुक के साथ अपने संगीत को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर करने के लिए एक वैश्विक लाइसेंस समझौता किया है। इस समझौते के साथ ही फेसबुक और इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता अपने पोस्ट और स्टोरी में टिप्स के संगीत को जोड़ पाएंगे।

# सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर

● **अमेरिकी प्रोत्साहन पैकेज की खुराक , ब्रेक्जिट करार का असर**

भाषा। मुंबई







शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी अपने नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। अमेरिका में 2,300 अरब डॉलर के प्रोत्साहन पैकेज तथा ब्रेक्जिट व्यापार करार से वैश्विक स्तर पर बाजारों में तेजी आई, जिससे यहां भी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 380.21 अंक या 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 47,353.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय 47,406.72 अंक का नया सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 123.95 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,873.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 13,885.30 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, एसबीआई, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर लाभ में रहे। इनके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और ओएनजीसी के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 26 में लाभ और चार में गिरावट आई है। पिछले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 529.36 अंक या 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,973.54 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 148.15 अंक या 1.09 प्रतिशत के लाभ से 13,749.25 अंक पर बंद हुआ था। शुक्रवार को क्रिसमस के अवसर पर बाजार बंद रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक रुख से साल के अंतिम सप्ताह में भारतीय बाजार बढ़त के साथ खुले। अमेरिका में 2,300 अरब डॉलर के महामारी पैकेज की घोषणा तथा ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक ब्रेक्जिट करार से वैश्विक बाजार चढ़ गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2,300 अरब डॉलर के व्यय खर्च पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इनमें से 900 अरब डॉलर का कोरोना वायरस राहत पैकेज शामिल है। हालांकि, ट्रंप ने शुरुआत कई दिन तक इस कानून को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने इस विधेयक को अपमान बताया था। भारत में अब कोविड-19 का टीका आने की उम्मीद बढ़ी है। इससे भी घरेलू शेयर बाजारों की धारणा मजबूत हुई।

## रुपया छह पैसे बढ़कर 73.49 रुपए पर

**मुंबई।** डॉलर के कमजोर होने और घरेलू शेयर बाजारो मे तेजी के रुख के बीच सोमवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया छह पैसे बढ़कर 73.49 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रो ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशको के सतत निवेश के कारण भी रुपए को समर्थन प्राप्त हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे डालर के मुकाबले रुपए मे कारोबार की शुरुआत 73.52 रुपए प्रति डालर की दर पर हुई। डालर- रुपए की विनिमय दर कारोबार के दौरान ऊंचे मे 73.47 रुपए और नीचे मे 73.61 रुपए प्रति डालर तक घटबढ़ मे रही। कारोबार की समाप्ति पर अंततः रुपया 73.49 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। पिछले दिन के बंद भाव की तुलना मे यह छह पैसे ऊंचा रहा।

## निर्यात सब्सिडी, एथेनॉल मूल्य वृद्धि से चीनी मिलों का परिचालन मार्जिन सुधरेगा: रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में सरकार द्वारा चीनी सत्र 2020-21 के लिए घोषित 3,500 करोड़ रुपए की निर्यात सब्सिडी, स्थिर घरेलू मांग और एथनॉल की कीमत वृद्धि के कारण चीनी मिलों का परिचालन लाभ 10.5 - 11.5 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। क्रिसिल रेटिंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि चीनी सत्र 2021 के अक्टूबर-सितंबर के लिए सरकार द्वारा घोषित निर्यात सब्सिडी, चीनी निर्यात को लगभग पिछले साल के स्तर पर बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ, घरेलू मांग पूर्वस्तर पर बने रहने, एथनॉल उत्पादन में गन्ने के अधिक उपयोग से एथॅनाल से अधिक प्राप्ति तथा एथनाल के दाम बढ़ने से चीनी मिलों के परिचालन मार्जिन में एक से दो प्रतिशत की वृद्धि होगी, जो बढ़कर चालू वित्तवर्ष में 10.5-11.5 प्रतिशत तक हो जाएगा।

### सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगी रोक हटाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज की सभी किस्मो के निर्यात पर लगाई गई रोक को अगले साल एक जनवरी से हटाने की सोमवार को घोषणा की।सरकार ने प्याज की कीमतो मे वृद्धि को देखते हुए सितंबर मे इसके निर्यात पर रोक लगा दी थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना मे कहा, प्याज की सभी किस्मो का निर्यात एक जनवरी 2021 से पाबंदियो से मुक्त कर दिया गया है।

# नए कृषि कानूनों पर गलतबयानी किसानों के हितों को पहुंचा रही नुकसान: उपाध्यक्ष

भाषा। नई दिल्ली



नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि नए कृषि कानूनों के बारे में गलत बयानी से किसानों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी काफी नुकसान हो रहा है, साथ ही उन्होंने इन नए कृषि कानूनों के बारे में कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा अपना रुख बदलने को लेकर, निराशा भी जताई। तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन जारी है। किसानों का एक वर्ग इन कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहा है। इस बारे में राजीव कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रदर्शनकारी किसानों के साथ निरंतर बातचीत ही निश्चित रूप से आगे का रास्ता हो सकता है। राजीव कुमार ने एक साक्षात्कार के दौरान पीटीआई-भाषा को बताया, इन कानूनों (केन्द्र के नए कृषि कानूनों) से बड़ी कंपनियां के हाथों, किसानों का शोषण होने लगेगा जैसी कोई भी बहस पूरी तरह से झूठ है क्योंकि सरकार ने तमाम फसलों के लिए सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का आश्वासन दिया है। नीति आयोग सरकारी नीतियों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरकारी थिंक टैंक माने जाने वाले नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि वह पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु सहित कुछ भारतीय अर्थशास्त्रियों के बदले रवैए से क्षुब्ध हैं क्योंकि ए लोग कृषि सुधारों का समर्थन किया करते थे लेकिन यही लोग अब पाला बदलकर दूसरी भाषा बोल रहे हैं।

## सेबी की एकबारगी समाधान योजना 31 को समाप्त हो जाएगी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की एकबारगी समाधान योजना बृहस्पतिवार यानी 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त हो रही है। यह योजना उन इकाइयों के लिए है जिन्होने 2014 और 2015 के दौरान बीएसई के शेयर विकल्प खंड मे सौदों को पलटा था। यह योजना समाप्त होने के बाद जिन इकाइयो ने एकबारगी निपटान के अवसर का लाभ नही उठाया है, उनके खिलाफ कार्वाई की जा सकती है।

## घर से काम का कार्यालय स्थलों की मांग पर असर

नई दिल्ली। देश के सात प्रमुख शहरो मे दफ्तर के लिए जगह पट्टे पर लेने मे साल 2020 मे सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह घटकर 2.58 करोड़ वर्गफुट रह गई। कोविड के कारण कंपनियों ने अपनी विस्तार योजना फिलहाल टाल दी है और कर्मचारियो के लिए घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की नीति अपना रही है।

## मार्च तक बैंकों का सकल एनपीए बढ़कर 10.6 प्रतिशत होगा : इक्रा

**मुंबई।** बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) मार्च, 2021 तक बढ़कर 10.1 से 10.6 पर पहुंच जाएंगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इक्रा ने कहा कि इस दौरान बैंकों का शुद्ध एनपीए 3.1 से 3.2 प्रतिशत रहेगा। एजेंसी का अनुमान है कि मार्च, 2022 तक शुद्ध एनपीए घटकर 2.4-2.6 प्रतिशत रह जाएगा।

## कोल इंडिया 21 रेलवे साइडिंग का निर्माण करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने सोमवार को कहा कि वह अपनी चार अनुषंगी इकाइयो में 3,370 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से 21 रेलवे साइडिग का निर्माण कर रही है। इन रेलवे साइडिग के वित्त वर्ष 2023-24 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# ट्रंप ने कोविड-19 राहत पैकेज पर किए हस्ताक्षर

**एपी। वाशिंगटन (अमेरिका)**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 900 अरब डॉलर के कोरोना वायरस राहत पैकेज समेत 23 खरब डॉलर के खर्च संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर करके उसे कानून में बदल दिया।

इस राशि का इस्तेमाल कोरोना वायरस महामारी के दौरान बुरी तरह प्रभावित हुए कारोबारियों एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करने और टीका मुहैया कराने के अभियान में किया जाएगा। ट्रंप ने शुरुआत में विधेयक मिलने के बाद उस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने तब इस विधेयक को शर्मनाक बताया था।

ट्रंप ने एक बयान में कहा, मैं बेरोजगारों को मिलने वाले लाभ बहाल करने, घर से किराएदारों को निकाले जाने से रोकने, किराएदारों को सहायता देने, पीपीपी के लिए धन बढ़ाने, हमारे हवाईसेवा कर्मियों को वापस काम पर भेजने, टीका वितरण के लिए अतिरिक्त धन मुहैया कराने और अन्य प्रकार की सहायता के लिए इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर रहा हूं।

इस विधेयक में सरकारी एजेंसियों को।,400 अरब डॉलर की सहायता दिए जाने का भी प्रावधान है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद आंशिक सरकारी बंदी टल गई और इसने इस अनिश्चितता को भी समाप्त कर दिया कि लाखों अमेरिकियों को आर्थिक राहत पैकेज कब मिल पाएगाा। इसके कई प्रावधानों में कोरोना वायरस राहत पैकेज के तहत अमेरिकियों को सीधा भुगतान करना, प्रति वयस्क एवं बच्चे को 600 डॉलर की सहायता देना, बेरोजगारों को मिलने वाले साप्ताहिक लाभ में बढ़ोतरी और छोटे काराबोरों एवं टीका वितरण के लिए मदद शामिल है।



ट्रंप ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिकियों को चीनी वायरस के कारण पैदा हुई आर्थिक तबाही से बचाना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकारों वाले राज्यों के कड़े कदमों के कारण कई छोटे कारोबार बंद हो गए हैं। कई लोग काम पर लौट चुके है, लेकिन मेरा काम तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक हर व्यक्ति काम पर न लौट जाए।

ट्रंप ने इस विधेयक के प्रति अपनी आपत्ति का संकेत दिया और कहा कि वह हर अमेरिकी को दो-दो हजार डॉलर देने पर जोर दे रहे हैं। अमेरिका में इस विधेयक पर ऐसे समय में हस्ताक्षर किए हैं, जब जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी ने बताया है कि देश में एक करोड़ 91 लाख लोग संक्रमित हैं और 3,33,110 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने इस विधेयक पर हस्ताक्षर किए जाने का स्वागत किया।

### ट्रंप ने दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में चीन का हस्तक्षेप रोकने को तिब्बत नीति पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसे विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें तिब्बत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की बात की गई है कि अगले दलाई लामा का चयन केवल तिब्बती बौद्ध समुदाय के लोग करें एवं इसमें चीन का कोई हस्तक्षेप नहीं हो।तिब्बती नीति एवं समर्थन कानून 2020 में तिब्बत संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रावधानों में संशोधन किया गया है। ट्रंप ने रविवार को कोरोना वायरस से निपटने के लिए राहत देने और संघीय सरकार को धन मुहैया कराने के लिए 2300 अरब डॉलर के पैकेज के तहत रविवार को इस विधेयक को मंजूरी दी।चीन के विरोध के बावजूद अमेरिकी सीनेट ने पिछले सप्ताह इसे सर्वसम्मति से पारित किया था, जिसमें तिब्बतियों को उनके आध्यात्मिक नेता का उत्तराधिकारी चुनने के अधिकार को रेखांकित किया गया है और तिब्बत के मुद्दों पर एक विशेष राजनयिक की भूमिका का विस्तार किया गया है।



नैशवीलि में हुए बम विस्फोट के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी

# नैशविले विस्फोट के पीछे हमलावर के मकसद का पता लगा रहे हैं अधिकारी

**एपी। नैशविले (अमेरिका)**

**नैशविले में** क्रिसमस के दिन धमाका करने वाले हमलावर की पहचान उजागर करने के बाद अधिकारी अब इस हमले के पीछे उसके इरादों का पता लगाने में जुटे हैं।अधिकारियों ने रविवार को नैशविले हमले के लिए जिम्मेदार शख्स की पहचान एंथनी क्विन वार्नर (63) के तौर पर की। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उसने विस्फोट क्यों किया। विस्फोट में हमलावर भी मारा गया।मामले में जांच कर रहे एफबीआई के स्पेशल एजेंट डग कोर्नेस्की ने रविवार को कहा, जांच में वक्त लगता है। इनके जवाब तुरंत नहीं मिल जाते हैं। हमारी टीम को जांच में थोड़ा और वक्त लगेगा। उन्होंने कहा, जांच अभी जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी हम सवालों का जवाब देने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान कई सुराग मिले हैं, लेकिन हमले के पीछे वार्नर के मकसद का पता लगाया जा रहा है।टेनेसी जांच ब्यूरो के निदेशक डेविड रॉश ने रविवार को संवाददाताओं से कहा क्रिसमस से पहले वार्नर सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में नहीं था। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे संदिग्ध का मकसद क्या था और उसने उसी जगह को क्यों चुना। वार्नर ने क्रिसमस के दिन सुबह यह विस्फोट किया था जिसमें कई इमारतों को नुकसान पहुंचा था।कानून लागू करने वाली एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि जांच में लगे अधिकारी वार्नर के डिजिटल फुटप्रिंट ले रहे हैं और उसके वित्तीय इतिहास को खंगाल रहे हैं।कोर्नेस्की ने कहा कि अधिकारी सुरागों के आधार पर जांच कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे यह पता चले कि हमले के पीछे उसकी क्या मंशा थी। प्राप्त सूचना के अनुसार वार्नर नैशविले में एक रियल इस्टेट कंपनी में कम्प्यूटर कंसल्टेंट के तौर पर काम करता था।अधिकारी उसकी संपत्ति, निवास तथा पृष्ठभूमि का पता लगा रहे हैं।

## संघाई पुलिस ने वीडियो गेम उद्योगपति की मृत्यु के सिलसिले में एक संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**बीजिंग।** शंघाई में पुलिस ने एक चीनी वीडियो गेम कंपनी के अरबपति संस्थापक की संभवत: जहर देने से हुई मौत के सिलसिले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। यह कंपनी लोकप्रिय विज्ञान गल्प उपन्यास द थ्री बॉडी प्रोब्लम पर वीडियो गेम बनाती है। लिन क्वी (39) की क्रिसमस के दिन अस्पताल में मृत्य हो गई थी। उनकी कंपनी युजू गेम्स कोरपोरेशन ने यह जानकारी दी थी। इस कंपनी को युजू इंटरएक्टिव नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि 39 वर्षीय एक सहकर्मी को हिरासत में लिया गया है। उसकी बस जू उपनाम से पहचान की गई है। बयान के अनुसार लिन को 17 दिसंबर को अस्पताल मे भर्ती कराया गया था और जांच में उन्हें जहर दिए जाने की आशंका सामने आई थी। पुलिस ने इससे अधिक नहीं बताया है।इस बीच कारोबारी पत्रिका कैक्सिन ने औद्योगिक सूत्रों के हवाले से बताया कि संदिग्ध युजू के फिल्म संभाग में काम करता था। हुरून रिपोर्ट के अनुसार लिन चीन के सबसे धनी उद्यमियों में 870 वें नंबर पर थे और उनके पास 6.8 अरब डॉलर की संपत्ति थी।

# हिजबुल्ला ने एक साल में दोगुनी की अपनी मिसाइल क्षमता

**एपी। बेरूत**

● नसरल्ला ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कार्यकाल के आखिरी कुछ सप्ताह अहम हैं और इन्हें लेकर सतर्कता बरती जा रही है

**लेबनान के** हिजबुल्ला नेता ने रविवार को दावा किया कि उसके संगठन ने एक साल में अपनी मिसाइल क्षमता दोगुनी कर ली है और इन मिसाइलों को हासिल करने से रोकने के इजराइल के प्रयास को भी उसने नाकाम कर दिया है।हसन नसरल्ला ने बेरूत के अरेबिक अल-मायदीन टीवी को दिए साक्षात्कार के दौरान कहा कि आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला के पास अब इजराइल में कहीं भी हमला करने और फलस्तीनी क्षेत्रों को कब्जा करने की क्षमता है।नसरल्ला ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के जरिए इजराइल ने पूर्वी बक्का क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले की धमकी दी थी। उसने कहा कि अगर इजराइल ने ऐसा किया तो हिजबुल्ला भी ऐसे हमलों पर जवाबी कार्वाई करेगा।हाल के महीनों में इजराइल ने चिंता जताई है कि हिजबुल्ला मिसाइल निर्माण केंद्र स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।नसरल्ला ने चार घंटे चले साक्षात्कार में कहा कि हिजबुल्ला के बारे में ऐसी कई बाते हैं जिन्हें इजराइल नहीं जानता है क्योंकि वे बेहद गोपनीय हैं। नसरल्ला ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के कार्यकाल के आखिरी कुछ सप्ताह अहम हैं और इन्हें लेकर सतर्कता बरती जा रही है।हिजबुल्ला ईरान का मुख्य सहयोगी संगठन है, जिसके कारण इजराइल से उसकी दुश्मनी जगजाहिर है। इजराइल के साथ उसके कई संघर्ष भी हो चुके हैं।नसरल्ला ने दोहराया कि ईरान और उसके सहयोगी ईरानियन रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला जरूर लेंगे। एक साल पहले इराक में अमेरिकी हमले में सुलेमानी की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, बदला जरूर लिया जाएगा।

# दक्षिण अफ्रीका में हालात बिगड़े तत्काल कदम उठाने की आवश्यक

**भाषा। जोहानिसबर्ग**

**कोविड-19**

**दक्षिण अफ्रीका** के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के कारण अस्पतालों में बिस्तरों एवं ऑक्सीजन की कमी होने के मद्देनजर मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों की क्रिसमस और नए साल की छुट्टियां रद्द करके उनकी बैठक बुला सकते हैं, ताकि वैश्विक महामारी से निपटने के खिलाफ तत्काल कार्वाई की जा सके।

साप्ताहिक संडे टाइम्स ने एक सरकारी सूत्र के हवाले से कहा, मैं पूरे भरोसे से बता सकता हूं कि (रामाफोसा की बुलाई) बैठक मंगलवार को होगी, जिसमें इस बात पर विचार-विमर्श किया जाएगा कि तेजी से बढ़ रहे इस संक्रमण को कैसे काबू में किया जा सकता है।

देश में पिछले एक सप्ताह से संक्रमण के रोजाना 14,000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। देश में शनिवार शाम तक संक्रमण के कुल मामले 9,95,000 थे। अब तक कुल 26,521 लोगों की संक्रमण से मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ज्वेली एमखिजे ने संक्रमण की दूसरी लहर को पहली लहर से भी अधिक खतरनाक बताया। पर्यटन मंत्री एमामोलोको कुबाई-एनगुबाने ने बताया कि लोगों ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। इसके कारण संक्रमण के मामले फिर से तेजी से बढ़ रहे हैं।चिकित्सकों एवं नर्सों से सरकार से तत्काल कार्वाई करने की अपील की है। चिकित्सकों का कहना है कि उनके लिए यह तय करना बेहद मुश्किल है कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप के कारण संक्रमित हुए युवा लोगों का पहले इलाज किया जाए या अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बुजुर्गों का पहले उपचार किया जाए। जोहानिसबर्ग में एक चिकित्सक ने कहा, यह भावनात्मक रूप से थकाने वाला है, क्योंकि हमें यह फैसला करना है कि पहले कौन मरेगा। हमारे पास पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं है।



इटली के सेंट्रल मिलन में हुई बर्फबारी का एक दृश्य

## क्विक न्यूज

### कोरोना वायरस के नए स्वरूप को गंभीरता से ले रहा है अमेरिका : फाउची

**वाशिंगटन।** अमेरिका के स्वास्थ्य अधिकारियो का मानना है कि ब्रिटेन के कुछ हिस्सो मे पाया गया कोरोना वायरस का नया प्रकार वायरस से पुराने स्वस्प से अधिक गंभीर नही है और टीका इस पर बेअसर नही होगा, लेकिन फिर भी इसे गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। अमेरिका में संक्रामक रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर एंथनी फाउची ने अमेरिकी अधिकारियो के इस फैसले का समर्थन किया कि ब्रिटेन से आने वाले लोगो को कोविड-19 से संक्रमित ना होने की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट के साथ ही देश में आने दिया जाए।उन्होंने कहा कि इस नए स्ट्रेन (प्रकार) पर सावधानी से गौर किया जाना चाहिए और हम इस पर बेहद गहनता से गौर कर रहे है। फाउची ने कहा, क्या इससे लोग अधिक बीमार हो रहे है? क्या यह अधिक खतरनाक वायरस है? और इसका जवाब है कि ऐसा कुछ प्रतीत नही होता। फाउची ने कहा कि ब्रितानी अधिकारियो ने अपने अमेरिकी सहकर्मियो को बताया है कि वायरस के लिए लाया गया टीका इस नए स्ट्रेन से निपटने में भी कारगर साबित होगा।उन्होंने कहा, हम इस संदर्भ में खुद भी अध्ययन करने जा रहे है। फाउची ने कहा कि अमेरिका अभी वैश्विक महामारी के महत्वपूर्ण चरण मे है और सबसे खतरनाक स्थिति शायद अभी आनी बाकी है।उन्होने मार्च अंत या अप्रैल की शुरुआत तक अधिकतर लोगो के टीका लग जाने का अनुमान भी लगाया। फाउची ने यह बयान सीएनएन के कार्यक्रम स्टेट ऑफ द यूनियन मे दिया।

### मध्य, दक्षिणी कैलिफोर्निया में लॉकडाउन जारी रहने की संभावना

**लॉस एंजिलिस।** मध्य और दक्षिणी कैलिफोर्निया मे अधिकारी लॉकडाउन बढ़ाने पर विचार कर रहे है। छुट्टियो के बाद कोरोना वायरस के मामलो में तेजी से बढ़ोतरी की आशंका और अस्पतालो मे आईसीयू बेड की कमी के कारण इस तरह के कदम उठाए जाने पर विचार किया जा रहा है।स्थिति पहले से ही खराब है और क्रिसमस एवं नववर्ष की छुट्टियो के बाद लोगो के अपने घरो मे लौटने के पश्चात आगामी दिनो मे हालात और खराब होने की आशंका है।क्रिसमस की पूर्व संध्या पर कैलिफोर्निया राज्य में संक्रमण के मामले बढ़कर 20 लाख हो गए।सैन जोकिन वैली और दक्षिणी कैलिफोर्निया मे लॉकडाउन की समयसीमा सोमवार को खत्म होने वाली है।राज्य के अधिकारियो ने कहा है कि लॉकडाउन को बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि इस संबंध मे अब तक कोई आधिकारिक आदेश नही आया है।

### कोविड-19: सिडनी में नए साल की पूर्व संध्या पर नहीं जुटेगी भीड़, जापान में नए विधएक की तैयारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर मे नए साल का जश्न इस साल फीका रहेगा, क्योकि अधिकारियो ने नए साल की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी देखने के लिए लोगो के यहां एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया है।न्यू साउथ वेल्स राज्य के प्रीमियर ग्लेडीस बेरेजीकलियान ने सोमवार को कहा कि जो लोग सिटी सेंटर में रहते है, वे नए साल का उत्सव मनाने के लिए 10 अतिथियो को ही अपने घर बुला सकते है। अतिथियो को इस क्षेत्र मे आने की अनुमति हासिल करने के लिए पहले आवेदन देना होगा।ऑस्ट्रेलिया के इस बड़े शहर मे कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए है, जिसके साथ ही 10 दिसंबर से अब तक यहां संक्रमण के126 मामले सामने आ चुके है। सिडनी हार्बर ब्रिज के ऊपर होने वाली आतिशबाजी को देखने के लिए यहां हर साल करीब 10 लाख लोग जुटते है।वही, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि उनकी योजना एक ऐसा विधेयक लाने की है, जो प्रतिष्ठानो को कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए उठाए गए उपायो का पालन करने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य करता हो और जिसमें उल्लंघन करने वालो को सजा देने तथा जुर्माना लगाने का भी प्रावधान हो। उनका कहना है कि इस विधेयक को संसद में जल्द से जल्द अगले साल पेश किया जाएगा। इस बीच, दक्षिण कोरिया मे कोरोना वायरस के नए प्रकार (स्ट्रेन) के तीन मामले सामने आए है। ए लोग ब्रिटेन से 22 दिसंबर को दक्षिण कोरिया पहुंचे थे। वही सोमवार को देश में कोविड-19 के कुल 808 नए मामले सामने आए, जिसके साथ ही संक्रमितो की कुल संख्या बढ़कर 57,680 हो गई। वही वायरस से वहां 819 लोगो की मौत हो चुकी है।

### ईरान की राजधानी के निकट कई हिमस्खलन 12 लोगो की मौत

**तेहरान (ईरान)** । ईरान की राजधानी तेहरान के निकट एक पर्वतीय इलाके में कई हिमस्खलन होने से 12 लोगों की मौत हो गई। सरकारी टीवी चैनल की खबर के अनुसार इलाके मे तेज हवाएं चलने और बर्फबारी के एक दिन बाद चार अलग-अलग जगहो पर हिमस्खलन हुए। एल्बोरज पर्वतीय श्रृंखला में जहां हिमस्खलन हुए, वहां सप्ताहांत मे बड़ी संख्या मे लोग पर्वतारोहण के लिए आते है। सरकारी टीवी चैनल पर दिखाया गया कि आपातकर्मी लापता लोगो की तलाश के लिए हेलीकॉप्टरो का इस्तेमाल कर रहे है। खबर के अनुसार 11 लोग मृत पाए गए और एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

# चीनी प्रतिनिधिमंडल ने एनसीपी नेता प्रचंड, माधव नेपाल से की मुलाकात

**भाषा। काठमांडू**

**चीन की** कम्युनिस्ट पार्टी के उपमंत्री के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल में सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच मतभेद दूर करने की कोशिशों के तहत पार्टी के शीर्ष नेताओं पुष्प कमल दहल प्रचंड और माधव नेपाल से सोमवार को मुलाकात की और देश में राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री गुओ एझु रविवार को यहां पहुंचे थे। इसे एनसीपी को टूटने से बचाने की चीन की कोशिश के तौर देखा जा रहा है। गुओ ने प्रचंड से मुलाकात की। प्रचंड प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को पार्टी के संसदीय नेता एवं उसके अध्यक्ष पदों से हटाए जाने के बाद पार्टी पर अपने नियंत्रण का दावा कर रहे हैं।



काठमांडू पोस्ट ने प्रचंड के सचिवालय के हवाले से बताया कि समकालीन राजनीति, खासकर प्रतिनिधि सभा को भंग करने के ओली के कदम के बाद पैदा हुई स्थिति, एनसीपी के दोनों धड़ों को साथ लाने और नेपाल एवं चीन के बीच सहयोग के मामलों पर बैठक में चर्चा की गई।इससे पहले, चार सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री ओली से भी मुलाकात की थी, ताकि दोनों धड़ों के बीच सुलह कराई जा सके। माई रिपब्लिका समाचार पत्र ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यालय एवं प्रधानमंत्री कार्यालय ने इन बैठकों की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने यह सार्वजनिक नहीं किया कि बैठक के दौरान क्या बातचीत हुई।उसने बताया कि गुओ सभी वरिष्ठ एनसीपी नेताओं को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। उन्होंने पार्टी के प्रचंड नीत गुट में ओली की जगह लेने वाले माधव नेपाल से भी मलाकात की। काठमांडू पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से कहा, ओली ने सदन भंग करने के बाद 30 अप्रैल और 10 मई को मध्यावधि चुनाव की घोषणा की है, ऐसे में चीनी प्रतिनिधिमंडल इस बात की भी समीक्षा कर रहा है कि क्या चुनाव कराना संभव है। चीनी प्रतिनिधिमंडल नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव से भी मुलाकात करेगा। सूत्रों के अनुसार, चीन एनसीपी में फूट से नाखुश है। गुओ सत्तारूढ़ दल के दोनों गुटों के बीच मतभेद दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें एक गुट का नेतृत्व ओली कर रहे हैं जबकि दूसरे गुट का नेतृत्व प्रचंड कर रहे हैं।

खबर में कहा गया है कि इससे पहले गुओ ने फरवरी 2018 में काठमांडू की यात्रा की थी, जब ओली नीत सीपीएन-यूएमएल और प्रचंड नीत एनसीपी (माओइस्ट सेंटर) का विलय होने वाला था और 2017 के आम चुनाव में उनके गठबंधन को मिली जीत के बाद एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी का गठन होने वाला था। मई 2018 में दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों का विलय हो गया और उन्होंने एनसीपी नाम से एक नया राजनीतिक दल बनाया।

पोस्ट की खबर में कहा गया है कि सत्तारूढ़ दल के एक नेता ने बताया कि गुओ एनसीपी के अंदर की स्थिति का जायजा लेंगे और दोनों गुटों को पार्टी की एकजुटता के लिए साझा आधार तलाशने की कोशिश करेंगे। वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित चीनी नेतृत्व का संदेश भी नेपाली नेतृत्व को देंगे।

स्थाई समिति के एक सदस्य ने कहा कि चीन ने गुओ को ऐसे वक्त भेजा है जब एनसीपी संकट में है। उल्लेखनीय है कि नेपाल में पिछले रविवार को उस वक्त राजनीतिक संकट शुरू हो गया था, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले ओली ने अचानक से एक कदम उठाते हुए 275 सदस्ईय सदन को भंग करने की सिफारिश कर दी। यह घटनाक्रम उनकी प्रचंड के साथ सत्ता की रस्साकशी के बीच हुआ।

प्रधानमंत्री की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति ने उसी दिन प्रतिनिधि सभा भंग कर दी और अगले साल अप्रैल एवं मई में नए चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी। इस पर एनसीपी के प्रचंड नीत गुट ने विरोध किया। प्रचंड एनसीपी के सह अध्यक्ष भी हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब चीन ने नेपाल के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप किया है। मई और जुलाई में चीनी प्रतिनिधि ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रचंड सहित एनसीपी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की थी। उस वक्त ओली पर इस्तीफे के लिए दबाव बढ़ रहा था। नेपाल के विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने चीनी राजदूत की सत्तारूढ़ दल के नेताओं के साथ सिलसिलेवार बैठकों को नेपाल के अंदरूनी राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप बताया था। चीन के ट्रांस- हिमालयन मल्टी डाइमेंशनल कनेक्टिविटी नेटवर्क सहित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत अरबों डॉलर का निवेश किए जाने के साथ हाल के वर्षों में नेपाल में चीन का राजनीतिक दखल बढ़ा है। चीनी राजदूत ने निवेश के अलावा ओली के लिए समर्थन जुटाने की भी कोशिशें की।

काठमांडू पोस्ट के मुताबिक सीपीसी और एनसीपी नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल रहे हैं। पिछले साल सितंबर में एनसीपी ने एक संगोष्ठी का आयोजन कर नेपाली नेताओं को शी के विचारों के बारे में जानकारी देने के लिए सीपीसी नेताओं को काठमांडू आने का न्योता दिया था। चीनी राष्ट्रपति की प्रथम नेपाल यात्रा से पहले यह आयोजन किया गया था।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने नेपाल में तेजी से घटित हो रहे राजनीतिक घटनाक्रमों पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए बृहस्पतिवार को कहा था कि यह पड़ोसी देश (नेपाल) का अंदरूनी मामला है और इस बारे में उसी देश को अपनी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के मुताबिक फैसला करना है।

होम थियेटर

# महिला-केन्द्रित थ्रिलर फिल्म



## अ कॉल टु स्पाइ

**अमेजॉन प्राइम ऑरिजिनल**
**कलाकार: राधिका आप्टे, सारा मेगन थामस, स्टाना केटिक**
**रेटिंग: 7/10**

युद्धकालीन जासूसी थ्रिलर फिल्मों को अतीत में प्राप्त विजय और सामने देखी क्रूरता के कारण सदा ही याद किया जाता है। यही कारण है कि वर्ल्डवॉर 1 को कई बार परदे पर उतारा जा चुका है लेकिन ये फिल्म महिलाओं के लिए विशेष है और इसे और अधिक विशेष बनाया है इसमें काम करने वाली स्त्रियों ने, जिनमें एक यहूदी, एक भारतीय तथा एक फ्रांसीसी महिला है।

इन तीन महिलाओं को युद्ध के क्षेत्र में ब्रिटिश प्रतिष्ठान ने पहली बार लगाया है और वे एक यहूदी प्रमुख के मार्गदर्शन में ऐसी कहानी का हिस्सा बन जाती हैं जो फिल्म के धीमी गति का होन के बाद भी रोचकता बनाए रखती हैं।

राधिका आप्टे इसमें एक सूफी सिग्नल महिला होती है वो अपनी लुक के अलावा चहकती हुई भूमिका के कारण भी फिल्म में धाक जमा देती हैं।

इस कहानी को लेकर जो सर्वाधिक विशेष बात है वो ये कि इस फिल्म का निर्देशन भी एक महिला ने ही किया है और इसे इस प्रकार से दर्शकों के सामने रखा गया है कि इसमें किसी प्रकार रुकावट न प्रतीत हो। स्कर्ट पहने इन जासूसों की ये कहानी आपको इनके साहस की गाथा, नवोन्मेषी होने और दुनिया को हिटलर के शिकंजे़ में जाने से बचाने के लिए दृढ़संकल्पित दिखाई देती हैं। एक के बाद एक देश उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर आते जाते हैं।

**शालिनी सक्सेना**

# कहानी में लय का अभाव

## आई एम योर वुमन

**अमेजॉन प्राइम ऑरिजिनल**
**कलाकार: रैशेल ब्रॉसनेहन, एरिंज़ कीन, मार्शा स्टेफेनी ब्लेक, बिल हेक, फ्रैंकी फैसन, मार्सलीन ह्यूगट, जेम्स मैकमेनामिन**
**रेटिंग: 4/10**



अंडरवर्ल्ड आधारित इस कहानी में जिसमें अंडरवर्ल्ड अधिक है भी नही, बल्कि इसमें अपराधियों के परिवार पर अपराध के प्रभाव को दिखाया गया है। फिल्म की गति धीमी है लेकिन धीरे धीरे ये आपकी समझ में आती जाती है। इस फिल्म में एक अधीर व्यक्ति को कुछ बेहद आश्चर्यचकित कर देने वाली गतिविधियों में लिप्त दिखाया जाता है जैसे कि वो अपनी पत्नी को एक बच्चा उपहार में देते दिखाया गया है जो स्वयं अपना बच्चा पैदा कर सकती थी। इसके बाद वो भाग जाता है और उसकी पत्नी तथा बच्चा इधर उधर उसकी तलाश में भटकते रहते हैं। फिर कहानी 70 के दशक के अमेरिका पहुंच जाती हैं जहां उसके सहअपराधी उसकी पत्नी की तलाश कर रहे होते हैं ताकि इस ऐडी का पता लगाया जा सके। इसी आपाधापी में उसकी एक और पूर्व पत्नी एक बच्चे तथा लवर के साथ प्रकट हो जाती है जो महिला को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मददगार होता है।

इससे अधिक इस कहानी के बारे में जानने के लिए फिल्म ही देखनी होगी।

# एक कहानी, सभी के लिए



## तोरबाज

**नेटलिक्स**
**कलाकार: संजय दत्त, नरगिस फाकरी, राहुल देव**
**रेटिंग: 5.5/10**

काफी समय बाद एक ऐसी फिल्म आई है जो प्रारंभिक झटकों के बाद प्रभाव दिखाना प्रारंभ करती है। इसमें एक व्यक्ति को ऐसे बच्चों में आशा की किरण जगाते दिखाया गया है जो अगानिस्तान जैसे युद्धग्रस्त देश में बच्चों को विनाश के पथ पर आगे जाने से रोकने का जतन करता दिखाई देता है। बच्चों के लिए वहां जीवन को सही ढंग से जीने का एक ही विकल्प है कि वे वहां के सिस्टम में न ढल जाएं।

गिरीश मलिक की फिल्म तोरबाज में भावनाओं को प्रधान रखा गया है। इसमें निहित संदेश मार्मिक होने के साथ ही आज के परिप्रेक्ष्य में काफी प्रासंगिक भी है। हिंदी सिनेमा में ऐसी फिल्में अधिक नहीं आतीं। लेकिन बच्चों के फिल्म में रहते इसमें संदेश तो होना ही था और कुछ भावुक पल भी दर्शकों को देखने को मिल सकते हैं। फिल्म में संजय दत्त एक ऐसे सैन्य अधिकारी की भूमिका में दिखाई देते हैं जो एक शिविर में बच्चों की स्थिति देखकर अपने जीवन में उद्देश्य पा जाते हैं। अब वो एक ऐसे व्यक्ति बन जाते हैं जो अपने देश में ही पूर्व में अपने व्यक्तिगत नुकसान के कारण निराश होने के बावजूद जीवन में एक लक्ष्य पा जाते हैं। बच्चों से उनका जुड़ाव एक ऐसे व्यक्ति का होता है जो बच्चों के लिए माता-पिता दोनों ही बन जाता है।

बच्चों ने इस फिल्म में धमाकेदार परफॉर्मेंस की है लेकिन फिल्म का पूरा भार संजय अपने कंधों पर ले लेते हैं। लेकिन फिल्म में नरगिस फाकरी के करने के लिए अधिक कुछ नहीं दिखाई देता। राहुल देव इसमें तालिबान का चरित्र अच्छे ढंग से निभाते हैं। उनकी शारीरिक भंगिमा इस फिल्म की मांग के अनुरूप दिखती है।

फिल्म में बंजर परिदृश्य को दिखाने का भी एक उद्देश्य ये है कि लोग किस प्रकार से शिविरों में अलग-अलग जगहों पर रहने को बाध्य हैं और ये कि वहां बच्चों का कोई भविष्य नहीं दिखाई देता। कुल मिलाकर फिल्म उन लोगों के लिए है जो अच्छे विषय-वस्तु तथा कंटेंट की फिल्म देखना चाहते हैं।

# डर नदारद है

## दुर्गामती: द मिथ

**अमेजॉन प्राइम वीडियो**
**कलाकार: भूमि पेडनेकर, अर्शद वारसी, जिशु सेनगुप्ता, माही गिल**
**रेटिंग: 5.5/10**

सामान्य सोच ये है कि किसी फिल्म का रीमेक लोगों अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। ऐसा इसलिये भी है क्योंकि लोगों को एक अपेक्षा होती है कि बॉलिवुड में किसी क्षेत्रीय भाषा की फिल्म का रीमेक अच्छा ही बनेगा। ये भी एक कारण है कि हिंदी भाषी लोग अधिक होते हैं और वे इसे सही ढंग से समझ लेते हैं। लेकिन सच तो यही है कि यदि किसी ने कोई फिल्म पहले ही



देख ली है तो उसकी प्रतिलिपि उससे अच्छी नहीं लग सकती। तो कहा जा सकता है कि मूल देवदास बहुत अच्छी फिल्म थी या कहें कि शरत चंद्र के उपन्यास के बिलकुन निकट थी। जी अशोक निर्देशित दुर्गामती... भी इसका अपवाद नहीं है उन लोगों के लिए जिन्होंने तमिल-तेलुगु संस्करण भागमती पहले ही देख रखी है।

ये विचित्र बात है कि एक निर्देशक मूल संस्करण में अच्छी फिल्म बनाए और इसके बाद वो दूसरी भाषा में इसे बनाते समय उतनी रुचि प्रदर्शित न करे। रीमेक बनाने का तो नियम ही यही है कि मूल फिल्म की कमियां दूर करते हुए उससे अच्छी फिल्म बनाई जाए। हिंदी में बनने के कारण तो ये और भी आवश्यक हो जाता है।

समस्या फिल्म में ये नहीं है कि भूमिपेडनेकर उतना अच्छा अभिनय नहीं कर सकी हैं उनका काम तो अच्छा कहा जा सकता है मुख्य बात फिल्म में ये है कि इसमें डर नाम की चीज कहीं दिखाई ही नहीं देती। और जो है भी उससे दर्शक पर कुछ भी अंतर नहीं पड़ता। एक भूतहा घर, एक चुड़ैल और इतिहास में दर्ज कोई लोकगाथा। निर्देशन की कमियों के कारण इन सभी मसालों का भी कोई स्वाद नहीं आता। इसके अलावा इसकी थीम कि कोई भी राजनेता सच्चा नहीं हो सकता। लेकिन इसमें तो ऐसा भी नहीं दिखता। हम कई बॉलिवुड फिल्में देख चुके हैं कि जो दिखता है सच नहीं प्रतीत होता है। ऐसे में चरमबिंदु पर जो होता है उससे आश्चर्य नहीं होता। अपराधिक थ्रिलर के रूप में इसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। लेकिन यदि आपने मूल फिल्म नहीं देखी तो आपको ये अच्छी भी लग सकती है। उन लोगों के लिए दुर्गामती एक सुखद बदलाव प्रतीत होगी। लेकिन यदि आप डर का आनंद लेना चाहते हैं तो आपको निराश होना ही होगा।

# '3 इडियट्स' ने दिलाई वैश्विक पहचान

अभिनेता आर माधवन का कहना है कि उनकी 2009 में आई फिल्म '3 इडियट्स' लोगों, विशेष रूप से छात्रों से, जुड़ाव तथा दर्शकों पर प्रभाव के संदर्भ में उनके जीवन और कॅरियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म बनी रहेगी।

ये फिल्म इसी क्रिसमस को अपनी रिलीज़ की तिथि से 11 साल पूरे कर चुकी है। उनका कहना है कि इस फिल्म का हिस्सा होने के कारण आज भी उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

माधवन ने बताया, '3 इडियट्स' लोगों, विशेष रूप से दुनिया भर के छात्रों से, जुड़ाव तथा दर्शकों पर प्रभाव के संदर्भ में उनके जीवन और कॅरियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म बनी रहेगी। मेरी ये फिल्म किसी भी दूसरी इंडस्ट्री में संपर्क करने पर मेरा विज़िटिंग कार्ड होती है। दुनिया भर में लोग इस फिल्म के कारण मुझे सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इस बात का भी इसमें अधिक प्रभाव नहीं पड़ता कि फिल्म हिंदी में है। मुझे नहीं लगता कि मेरे जीवन में किसी दूसरी फिल्म को इतना महत्व मिला हो।'



फिल्म में माधवन का चरित्र वन्यजीव फोटोग्राफर बनना चाहता था लेकिन पिता के आग्रह के कारण इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था।

फिल्म में अपने चरित्र का स्मरण करते हुए माधवन ने बताया, 'फरहान कुरैशी का चरित्र और पिता से उसकी बातचीत एक ऐसा संवाद है जो हर युवा को किसी न किसी समय अपने माता-पिता से करना ही पड़ता है। एक प्रकार से ये चरित्र युवा पीढ़ी द्वारा स्वयं की पहचान बनाने के संघर्षों का प्रतीक बन गया है और मैं 3 इडियट्स के फरहान के रूप में जाना जाता रहूंगा।

फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था और इसमें माधवन के साथ आमिर खान, शर्मन जोशी, बोमन ईरानी, करीना कपूर ,खान, ओमी वैद्या तथा मोना सिंह जैसे अभिनेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं।

# कोविड-19: सिडनी में नए साल की पूर्व संध्या पर नहीं जुटेगी भीड़ जापान में नए विधेयक की तैयारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी हार्बर में नए साल का जश्न इस साल फीका रहेगा, क्योंकि अधिकारियों ने नए साल की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी देखने के लिए लोगों के यहां एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया है।



न्यू साउथ वेल्स राज्य के प्रीमियर ग्लेडीस बेरेजीकलियान ने सोमवार को कहा कि जो लोग सिटी सेंटर में रहते हैं, वे नए साल का उत्सव मनाने के लिए 10 अतिथियों को ही अपने घर बुला सकते हैं। अतिथियों को इस क्षेत्र में आने की अनुमति हासिल करने के लिए पहले आवेदन देना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के इस बड़े शहर में कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही 10 दिसंबर से अब तक यहां संक्रमण के 126 मामले सामने आ चुके हैं।

सिडनी हार्बर ब्रिज के ऊपर होने वाली आतिशबाजी को देखने के लिए यहां हर साल करीब 10 लाख लोग जुटते हैं।

वहीं, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि उनकी योजना एक ऐसा विधेयक लाने की है, जो प्रतिष्ठानों को कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए उठाए गए उपायों का पालन करने के लिए कानूनी तौर पर बाध्य करता हो और जिसमें उल्लंघन करने वालों को सजा देने तथा जुर्माना लगाने का भी प्रावधान हो। उनका कहना है कि इस विधेयक को संसद में जल्द से जल्द अगले साल पेश किया जाएगा।

इस बीच, दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के नए प्रकार (स्ट्रेन) के तीन मामले सामने आए हैं। ए लोग ब्रिटेन से 22 दिसंबर को दक्षिण कोरिया पहुंचे थे।

# सोनम कपूर आहूजा की फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग शुरू



**मुम्बई।** अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा की फिल्म ब्लाइंड की शूटिंग स्कॉटलैंड के ग्लासगो में शुरू हो गई है। इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्देशन शोम मखीजा कर रहे हैं। यह एक दृष्टिहीन पुलिस अधिकारी की कहानी है, जो एक सीरियल किलर की तलाश कर रहा है। इस फिल्म में विनय पाठक, पूरब कोहली और लिलेट दुबे भी नजर आएंगी। फिल्म ब्लाइंड 2021 में रिलीज होगी।

## इरफान खान की फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स 2021 में बड़े पर्दे पर होगी रिलीज



**मुम्बई।** अभिनेता इरफान खान की आखिरी फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स 2021 में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पैनरोमा स्पॉटलाइट के निर्माता एवं निर्देशक अभिषेक पाठक ने एक बयान में कहा, हम इस फिल्म को दर्शकों को भारतीय सिनेमा के प्रिय सितारे को श्रद्धांजलि देने के रूप में पेश करेंगे। पैनरोमा एंड 70एमएम ही फिल्म को 2021 की शुरुआत में भारत में रिलीज करेगा। फिल्म का लेखन और निर्देशन अनूप सिंह ने किया है। अभिनेता इरफान का 54 साल की उम्र में इस साल अप्रैल में निधन हो गया था। वह फिल्म में ऊंट के व्यपारी की भूमिका में नजर आएंगे।

## संगीतकार ए आर रहमान की मां का निधन



**चेन्नई।** प्रसिद्ध संगीतकार ए आर रहमान की मां करीमा बेगम का सोमवार को निधन हो गया। परिवार के निकटवर्ती सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। रहमान ने अपने ट्विटर खाते में अपनी मां की तस्वीर साझा की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी एवं द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रहमान की मां के निधन पर शोक जताया है। पलानीस्वामी ने ट्वीट कर कहा, बीमारी के कारण महान संगीतकार ए आर रहमान की मां करीमा बेगम के निधन की खबर सुन कर दुखी हूं। मुख्यमंत्री ने रहमान और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। स्टालिन ने कहा कि संगीत के क्षेत्र में रहमान के यहां तह पहुंचने में उनकी मां की बड़ी भूमिका थी। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बेगम के निधन पर शोक जताया है।

## बंगाल वन विभाग ने सुंदरबन अभयारण्य में बाघ को रेडियो कॉलर लगाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल वन विभाग ने सुंदरबन बाघ अभयारण्य में एक नर बाघ को रेडियो कॉलर लगाया है। एक शीर्ष वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य वन्यजीव वार्डन वी के यादव ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि सेफगार्ड टाइगर (बाघों की सुरक्षा से जुड़ा) अभियान से बाघों के वास स्थान समेत उनके व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, नर बाघ को 26-27 दिसंबर को रेडियो कॉलर लगाया गया और उसे सुंदरबन बाघ अभयारण्य में छोड़ा गया ताकि रेडियो उपकरण के जरिए बाघ-मानव के बीच के पारस्परिक व्यवहार का आकलन हो सके। रेडियो कॉलर एक ऐसा यंत्र है, जिसकी मदद से जानवरों की गतिविधियों का पता चलता है। यह अभियान सुंदरबन बाघ अभयारण्य के बशीरहाट रेंज में किया गया।

# फराह खान, विक्रांत मेस्सी के सोशल मीडिया अकाउंट हुए हैक

**मुंबई।** कोरियोग्राफर निर्देशक फराह खान और अभिनेता विक्रांत मेस्सी ने सोमवार को बताया कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को हैक किया गया है और इन्हें ठीक किया जा रहा है।





फराह खान ने बताया कि उनके ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक किया गया था और पति शिरीष कुंदर की मदद से वह इंस्टाग्राम अकाउंट को बहाल करने में सफल रही। खान के पति शिरीष कुंदर भी निर्देशक हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, मेरा ट्विटर अकाउंट बीते शाम हैक हो गया। अगर आपको मेरे ट्विटर अकाउंट से कोई मैसेज या जवाब मिलता है तो कृपया उसे क्लिक नहीं करें क्योंकि संभव है यह आपके अकाउंट को हैक करने के इरादे से इस्तेमाल किया गया हो।

मैं हूं ना , ओम शांति ओम जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्देशक ने अपने फॉलोअर्स को सतर्क रहने को कहा। फराह ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह सच है। मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक हो गया था। कृपया सावधान रहें। कम्प्यूटर इंजीनियर शिरीष कुंदर की मदद से मैं इसे ठीक कर पाई हूं। उम्मीद है जल्द ही ट्विटर अकाउंट भी काम करने लगेगा। वहीं अभिनेता विक्रांत मेस्सी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने की सूचना दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, मेरे फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गए थे।

अगर आपको कोई संदेश या जवाब मिला हो तो कृपया उसे नजरअंदाज करें। हमलोग इस पर काम कर रहे हैं। हाल में अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर और इंटीरियर डिजाइनर सुजेन खान के इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक हो गए थे।

# हॉटस्टार की सीरीज हुनमान में नजर आएंगी शेफाली शाह

**मुम्बई।** अभिनेत्री शेफाली शाह ओटीटी मंच हॉटस्टार की आने वाली वेब सीरीज हनुमान में नजर आएंगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर रविवार रात अपने प्रशंसकों को यह जानकारी दी। शेफाली ने सीरीज का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, नए सफर की शुरुआत... नया किरदार निभाने को उत्साहित हूं..घबराई हुई भी हूं.... पहले कभी ऐसा कोई किरादार नहीं निभाया... हॉटस्टार की वेब सीरीज।

उनकी पोस्ट के अनुसार हनुमान की कहानी मोजेज सिंह, इशानी बनर्जी, स्तुति नायर और आसिफ मोयल ने लिखी है। इसका निर्माण शेफाली के पति एवं फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह करेंगे।



नोडल अफसर ने धान क्रय केंद्र पर पाई अनियमितताएं....

# मंडी सचिव व प्रभारी को नोडल अफसर ने लगाई फटकार

संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**स्टाम्प आयुक्त,** जिला नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने सोमवार को बिसवां तहसील के धान क्रय केंद्र रूकनापुर का मुआयना किया। निरीक्षण में उन्होंने धान खरीद में काफी अनियमितताएं पाईं। साथ ही धान रिजेक्शन रजिस्टर में भी गड़बड़ी पकड़ी। इस पर उन्होंने मंडी सचिव अवधेश कुमार व क्रय केंद्र प्रभारी शिवराम सिंह को फटकार लगाई। साथ ही नोडल अधिकारी ने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे किसानों के बयान दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करें। आपको बता दें कि सीतापुर दो दिनी दौरे पर आई निबंधक महानिदेशक, स्टांप आयुक्त और जिला नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने रविवार को पहले दिन जिला अस्पताल का मुआयना किया था। जिला अस्पताल के मुआयने के दौरान वहां से घायल व्यक्ति के इलाज में लापरवाही सामने आई, घायल एबुलेंस में पड़ा कराह रहा था, लेकिन स्ट्रेचर के अभाव में उसे एंबुलेंस से उतारा नहीं जा सका था, इस पर उन्होंने संबंधित को फटकार लगाई थी। बाद में उन्होंने गोशाला में जाकर व्यवस्थाओं का जाजया लिया था। साथ ही गायों को अपने हाथ से गुड व चारा भी खिलाया था। मुआयने में उन्होंने गोशाला संचालकों को निर्देश दिए थे, कि गोवंश को शीत लहर से बचाने के लिए समुचित प्रबंधक किए जाएं। दूसरे दिन सोमवार को जिला नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने बिसवां तहसील पहुंची और वहां पर धान क्रय केंद्र रूकनापुर का निरीक्षण किया। मुआयने में धान खरीद में काफी अनियमितताएं पकड़ी। इस पर उन्होंने मंडी सचिव और क्रय क्रेंद्र प्रभारी को फटकार लगाई। मुआयने के दौरान नोडल अधिकारी ने किसानों से बात की। बातचीत में किसानों ने अपनी समस्याएं बताई। कहा कि उनका धान तौला नहीं जा रहा है। उसे रिजेक्ट कर वापस कर दिया जा रहा है। पैसे की भी डिमांड की जा रही है। इस पर उन्होंने एसडीएम बिसवां को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए।


बिसवां-धान केन्द्र का निरीक्षण करती नोडल अफसर मिनिस्ती एस

**नोडल अफसर ने बांटे कंबल**- नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस. ने महिला सषक्तीकरण पर जोर दिया है। सकरन के प्राथमिक विद्यालय टेढ़वाकला में आयोजित चौपाल में उन्होंने कहा कि गरीब परिवार की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएगा। इस दौरान नोडल अधिकारी ने 13 महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए कंबल भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला .षि अधिकारी अखिलानंद पांडे, एपी वर्मा, संजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

# ऑनलाइन साक्षात्कार में छह परीक्षार्थी उत्तीर्ण



**सीतापुर।** मां कमला देवी श्री पीताम्बरा विद्या पीठ आईटीआई पारा सरांय धोंधी लहरपुर के परीक्षार्थियों के ऑनलाइन साक्षात्कार में 6 परीक्षार्थियों ने सफलता हांसिल की। ऑनलाइन साक्षात्कार गाजियाबाद उ.प्र. की मुब्रो कम्पनी ने 14 दिसम्बर को फिटर एवं इलेक्ट्रीशियन पद पर किया। सफल परीक्षार्थियों को संस्था के चेयरमैन सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बधाई दी। प्रधानाचार्य लक्ष्मण त्रिवेदी, फिटर अनुदेशक सर्वेश कुमार, इलेक्ट्रीशियन अनुदेशक दिनेश चन्द्र त्रिवेदी, विमलेश दीक्षित की उपस्थित में हुए साक्षात्कार में 20 परीक्षी शामिल हुए। चेयरमैन सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गरिमा वर्मा, अतुल कुमार, ब्रजेश कुमार, पंकज कुमार, विशाल मिश्रा व अंकित कुमार ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

गांवों में बजी थाली, गूंजा नारा...

# बहुत हो चुकी मन की बात, अब सुन लो किसान की बात

- अधिकारी किसानों को समझाते रहे, गांवो में किसान विरोधी नारे लगते रहे

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-प्रदर्शन करते संगतिन कार्यकर्ता

**प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी रविवार को जब मन की बात कर रहे थे तो सीतापुर के कई गांवो में किसान और मजदूर हाथो से थालियां बजाकर नारे लगा रहे थे कि बहुत चुकी मन की बात अब सुन लो किसानों की बात। मोदी-योगी सरकार शर्म करो, किसान विरोधी तीनों कानून वापस करो, संगतिन मजदूर संगठन के बैनर तले ब्लाक मिश्रिख के दधनामऊ, अर्थापुर ब्लाक पिसावां के बाबुर्दीपुर, फर्रादपुर, पखरपुर, बिचपरिया, जगदेवा, ब्लाक महोली के सीतापुर, स्वामी दयालपुर, ब्लाक मछरेहटा के ददेवरा, मठिया इजराइल, किन्हौटी आदि गांवो में थाली बाजाकर गांवो में घूम-घूम कर नारे लगाए जाते रहे। जबकि जिले में अधिकारी किसानों को समझाते रहे और गांवो में सरकार विरोधी नारे लगते रहे। किसानों बिल को लेकर सीतापुर इन दिनों विरोधी किसान और सरकारी किसान के दो धड़े बना दिए गए है, किसान बिल वापस कराने की मांग पर अडिग देशभर में किसान आसपास की लड़ाई लड़ रहा है, मोदी सरकार ने भी किसानों के बीच सरकार, शासन, प्रशासन को उताकर किसानों को विरोध में उतारने से रोंकने में जुट गई है। मंत्री, अधिकारी, मोदी सरकार की किसान हितो में चलाई जा रही योजनाओं को गिना रहे है तो किसान संगठन और सपा, कांग्रेस, किसानों का सरकार का विरोधी होना बता रहे है। जिले की प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह से लेकर कलक्टर विशाल भारद्वाज कप्तान आरपी सिंह सरकारी दफ्तरों से लेकर गांवो में किसानों के साथ बैठक कर मोदी-योगी सरकारों की नीतियों का किसान हित में होने का प्रमाण दे रहे है।

# झाड़ियों में अजगर देखे जाने से हड़कंप

- जंगल में छोड़ा गया पकड़ा गया अजगर
- डेढ़ कुंतल वजन का था अजगर

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**सीतापुर के** मडरहा गांव में डेढ़ क्विंटल वजनी एक अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। झाड़ियों के पास खेल रहे कुछ बच्चों ने यह अजगर देखा था। खबर पाकर एकत्रित हुए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। बरई जलालपुर क्षेत्र के मडरहा गांव में झाड़ियों के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों को झाड़ियों में अजगर दिखाई दिया। एक मोटा अजगर को देख उनके होश उड़ गए। आनन फानन घर पहुंचकर लोगों को झाड़ियों में अजगर होने की जानकारी दी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी बीच ग्रामीण रामचंद्र ने वन कर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से अजगर को पकड़कर दूर जंगल में छोड़ दिया। अजगर का वजन लगभग डेढ़ क्विंटल बताया जा रहा है।


अजगर पकड़ते ग्रामीण

किसान आंदोलन को लेकर अधिकारियों को एडीजी ने दिए निर्देश...

# संयुक्त रुप से भ्रमण कर किसानों से करें संवादः सुजीत पांडेय

- किसानों में फैले आक्रोश को कम करने में जुटा सरकारी तंत्र

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बैठक करते एडीजी सुजीत पांडेय

**सीतापुर में** किसानों के भीतर फैले रोष को ठण्डा करने के लिए सरकारी तंत्र ने अब पूर्णतया कमर कस ली है। इस बाबत सोमवार सुबह शासन द्वारा जिले के नोडल अफसर बनाए गए प्रधानाचार्य एडीजी सुजीत पाण्डेय ने जिले के सभी बड़े अफसरों संग पुलिस लाइंस में बैठक कर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उन्होंने ने अधीनस्थों को संयुक्त रुप भ्रमण कर किसानों से संवाद करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने वर्तमान में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। एडीजी ने कहा इस बाबत निरन्तर निगरानी रखते हुए किसानों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर निपटा दिया जाए। आपको बता दें किसानों में फैले आक्रोश को कम करने, उनकी समस्याओं पर चर्चा करने और कृषि कानूनों की विस्तृत जानकारी देने के लिए शासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिले की प्रभारी मंत्री स्वाति सिंह खैराबाद में आयोजन कर किसानों को कानूनों के फायदे गिना चुकीं हैं, तो वहीं डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी आरपी सिंह संयुक्त रुप से न सिर्फकलेक्ट्रेट में किसानों संग बैठक कर रहे हैं बल्कि तहसीलों, गांवों में जाकर किसानों संग चर्चा भी कर रहे हैं। इस दौरान समीक्षा बैठक में डीएम एसपी के अलावा एडीएम विनय पाठक, एएसपी नार्थ डॉ राजीव दीक्षित, एएसपी साउथ एनपी सिंह समेत सभी उपजिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी व मण्डी सचिव मौजूद रहे।

वाराणसी में आयोजित मिशन संवाद कार्यशाला में...

# प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की प्रधानाध्यापिका हुईं सम्मानित


सीतापुर-सम्मानित होने के बाद मौजूद शिक्षिकाएं

संवाददाता। सीतापुर

**काशी में** मिशन शिक्षण संवाद वाराणसी टीम एवं बेसिक शिक्षा विभाग वाराणसी के तत्वाधान में 25 व 26 दिसम्बर को वाराणसी पब्लिक स्कूल केराकतपुर में दो दिवसीय मिशन शिक्षण संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें प्राइमरी मिश्रापुर की प्राधानाध्यापिका नीलम कुमारी, प्राइमारी गजोधरपुर के सहायक अध्यापक अजय सिंह, काम्पोजिट विद्यालय की शिक्षिका ममता और प्राइमरी पीरपुर की षिक्षिका शालिनी को उत्कृष्ट कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल और बीएसए वाराणसी राकेश सिंह ने सम्मानित किया है।

# मुस्कान इलेवन ने छीनी महोली की मुस्कान

- उपकप्तान राहुल ने बनाये 23 गेंदों पर 90 रन

संवाददाता। पिसावां सीतापुर

**महोली स्व** उमेश गुप्ता व सोनू स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा लीग मुकाबला मुस्कान इलेवन पिसावां बनाम अभय स्पोर्ट के बीच खेला गया जिसमें मुस्कान इलेवन के कप्तान अली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 252 रन बनाये मुस्कान इलेवन की तरफ से राहुल की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी 23 गेंदों पे 90 रन बनाये जिसमे 11 बेहतरीन छक्के लगाये विवेक 32 व गोली ने 37 रनों के योगदान दिया। दूसरी पारी में उतरी अभय स्पोर्ट महोली की टीम 19,2 ओवर में 200 रनों पर आलआउट हो गई विकेट महोली की तरफसे केवल शाहरुख ने 33 गेंदों पे 74 रन बनाए व अमन ने सिर्फ33 रन का योगदान दिया बाकी कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नही कर सके मैन ऑफ द मैच राहुल ने 90 रन व दो विकेट लिए बेहतरीन प्रदर्शन में किया। टूर्नामेंट के अध्यक्ष ने बताया कि छठा लीग मैच अभिजीत सुपर किंग्स, सीयम इलेवन खीरी के बीच खेला जाएगा।


पिसावां-क्रिकेट जीतने के बाद मौजूद विजयी टीम

कोतवाली मिश्रिख इलाके के गजोधरपुर निकट का मामला...

# दबंगों ने नायब तहसीलदार को पीटा जबरन छुड़वाई ट्रैक्टर-ट्राली

- नायब तहसीलदार ने कोतवाली में तहरीर देकर लगाया आरोप, मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह निवासी चंदूपुर गिरफ्तार

**मिश्रिख सीतापुर।** सीतापुर में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वह राजपत्रित अधिकारियों के साथ हाथापाई करने, उनकी गाड़ी तोड़ने और उनके द्वारा जब्त की गई गाड़ी जबरन छुड़ा ले जाने पर आमादा होने लगे हैं। ताजा मामला कोतवाली मिश्रिख इलाके का है जहां नायब तहसीलदार द्वारा अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ने दबंगों ने उनके साथ न सिर्फ हाथापाई की बल्कि उनकी सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। इतना ही नहीं दबंगों ने अंजाम भुगत लेने की धमकी दी और चाभी छीनकर जबरन ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाकर चले गये। यह आरोप मिश्रिख में तैनात नायब तहसीलदार विदेह सिंह ने थाने में तहरीर देकर लगाए हैं। उनका कहना है कि वह बीती 25 दिसम्बर की रात क्षेत्र में अवैध खनन की जांच के लिए निकले थे। गजोधरपुर के पास के पास अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर जब उन्होंने ने दस्तावेजों की जांच की तो चालक दीपू एक भी कागज नहीं दिखा सका। जिसके चलते उसे पकड़ लिया गया। इस बीच प्रदीप सिंह निवासी चंदूपुर अपने साथियों संग वहां पहुंच गए और मारपीट करते हुए चाभी छीन ली। आरोपों को लेकर जब नायब तहसीलदार से बात की गयी तो उन्होंने मीडिया के सामने आने के लिए मना कर दिया। उनके मन में दबंगों का खौफव्याप्त है या फिर सच्चाई कुछ और है, यह पुलिसिया जांच का विषय है। फिलहाल मामले में कोतवाल मनोज कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

महोली नवनिर्मित तहसील का सांसद रेखा वर्मा ने...

# फीता काटकर नवनिर्मित भवन का किया शुभारंभ

संवाददाता। महोली सीतापुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ द्वारा गत दिनों वर्चुअल के माध्यम से महोली की नवनिर्मित तहसील का विधिवत लोकार्पण किया गया था उसी परिपेक्ष में सोमवार को नवनिर्मित तहसील में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तराखंड सह प्रभारी लोकसभा क्षेत्र धौराहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा व महोली एसडीएम शशिभूषण राय के द्वारा पूजन अर्चन कर तहसील में फीता काटकर तहसील भवन की शुरुआत कर दी गई। सांसद ने कहा कि यह तहसील क्षेत्र के सभी वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जल्द ही बैनामा होने की प्रक्रिया शुरू कराने के लिए रजिस्ट्रार की भी तैनाती करा दी जाएगी जिससे लोगों को बैनामा कराने के लिए मिश्रिख नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर एसडीएम शशि भूषण राय ने बताया कि अधिवक्ताओं के बैठने के लिए तहसील परिसर के पश्चिम की तरफ एक बीघा ग्राम समाज की भूमि पड़ी है उसी में अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर रविंद्र प्रताप सिंह तहसीलदार, शिव प्रकाश नायब तहसीलदार , कानूनगो राजकुमार शुक्ला, लेखपाल अनिल सिंह, विनीत अवस्थी, अरुण अवस्थी, कमल वर्मा, अनीश द्विवेदी तहसील अध्यक्ष, भाजपा नेता प्रवीण कुमार शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता टीटू गुप्ता एलिया ब्लाक प्रमुख अमरेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी रितेश सिंह गौर, अनूप मिश्रा, गुड्डू पांडे शिव चंद्र त्रिवेदी, शिव प्रताप सिंह, महेंद्र वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।


महोली-तहसील भवन का फीताकाटकर उद्घाटन करतीं सांसद रेखा वर्मा

धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस का 136वां स्थापना दिवस...

# लोकतंत्र बचाने को लेकर फिर करना पड़ेगा संघर्षः उत्कर्ष अवस्थी

संवाददाता। सीतापुर

**जनपद की** समस्त नौ विधानसभाओं में कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान किया गया तत्पश्चात कांग्रेस संदेश पदयात्रा निकाली गई। सीतापुर नगर में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस संदेश पदयात्रा निकाली गई जिसमें प्रमुख रुप से जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी पूर्व विधायक हरीश बाजपेई आमोद मिश्र शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव सुरेश गुप्ता जमुना प्रसाद शर्मा सहित पदाधिकारी गण व अनेकों नेता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने मुख्यालय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा कांग्रेसजनों को पार्टी के उद्देश्यों की शपथ दिलाई। उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि जिस प्रकार से आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी तथा भारत में लोकतंत्र की स्थापना की गई थी उसी प्रकार हम कांग्रेसजनों को एक बार फिर से लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा। शहर कांग्रेस कमेटी में ध्वजारोहण तथा शपथ ग्रहण के बाद शहर में पूर्व विधायक हरीश बाजपेई द्वारा रघुपति राघव राजा राम भजन गाते हुए कांग्रेस संदेश पद यात्रा निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से महोली विधानसभा में वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता रामखेलावन अवस्थी सीतापुर विधानसभा में आशा कनौजिया खलील अहमद राम गोपाल अवस्थी एडवोकेट अजीत सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सभी विधानसभाओं में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। विधानसभा बिसवां तथा विधानसभा महमूदाबाद में धारा 144 के चलते कांग्रेसजनों और पुलिस में झड़प भी हुई जिसमें कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। धारा 144 तथा महामारी अधिनियम 188 का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पदयात्रा नहीं निकालने दी।


सीतापुर-पदयात्रा निकालते कांग्रेसी

# बिजली कार्यालय, शौचालय व जलाशय पर गरजा बुल्डोजर





संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सोमवार से** तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका ने संयुक्त रूप से शहर की सर्राफा मार्केट में अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत सुभाष पार्क के करीब स्थित बिजली विभाग के कार्यालय, शौचालय व जलाशय से हुई। बिजली महकमें ने करीब 9 फिट आगे तक कब्जा कर रखा था। हालांकि कुछ दिन पूर्व ही विभाग ने अपना सामान समेट लिया था।

गौरतलब रहे कि एसडीएम सदर की अध्यक्षता में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए पैमाइश अभियान चलाया गया था। पैमाइश के दौरान लोगों द्वारा 13-13 फिट तक अवैध निर्माण होने की सच्चाई सामने आई थी। एसडीएम के निर्देश पर इन दुकानों का चिन्हीकरण करते हुए सभी अतिक्रमणकारियों को स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की नोटिस पर कुछ व्यापारियों ने कोर्ट का भी सहारा लेने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। हालांकि तमाम व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाया। इन अतिक्रमणकारियों में शहर स्थित बिजली विभाग का एक आफिस भी शामिल था।

पैमाइश में विभागीय कार्यालय करीब 8.5 फुट आगे निर्मित पाया गया। सोमवार को नगर पालिका का बुल्डोजर गरजा। बुल्डोजर ने बिजली विभाग के कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही शौचालय व जलाशय की इमारत भी ध्वस्त की गई। प्रशासन की कार्रवाही से अवैध अतिक्रमणकारियों में दहशत नजर आई। वहीं कई अन्य बिल्डिंगों पर भी बुल्डोजर का कहर बरपा। इस दौरान नायब तहसीलदार ओपी मिश्र, अधिशाषी अधिकारी आरआर अम्बेश सहित राजस्व, नगर पालिका और पुलिस बल मौजूद रहा।

# शहरभर में निकली कांग्रेस संदेश किसान पदयात्रा

● डॉ. त्रिवेदी ने कृषि कानूनों को बताया बर्बाद करने वाला



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**कांग्रेस के** 136 से स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी की अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद में कांग्रेस संदेश किसान पदयात्रा का आयोजन शहर के प्रमुख वार्डों में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक डा. रवि शंकर त्रिवेदी ने कहा कि तीनों काले कानून उत्तर प्रदेश के 12 करोड़ किसानों का जीवन बर्बाद कर देंगे। इस कानून में समर्थन मूल्य की गारंटी खत्म कर दी गई है। बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने की नियत सरकार की है। मंडिया खत्म करके कृषि संबंधित व्यवसाय मजदूरी की आजीवन का छीन कर गांव के विकास को बाधित करने की तैयारी है। देश के अन्नदाता को फकीर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का नौजवान मजदूर महिला दलित वर्ग सरकार से परेशान है।

सत्तासीन भाजपा के लोग मौज काट रहे हैं। जनता बेहाल घूम रही है। शहर के वरिष्ठ कांग्रेसियों रमाकांत गुप्ता, गणेश सहगल, रवि प्रताप सिंह, इरफान किदवई, सैयद जाफरी, एडवोकेट राजीव मिश्रा एवं धीर प्रशांत त्रिवेदी का उनके घर जाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस पदयात्रा पर संजय गोस्वामी कोमल सिंह राजीव अग्निहोत्री किशन कश्यप, चंद्रहास शुक्ला, मोहम्मद हारून, राजेंद्र गुप्ता, अजय सिंह, रवि गोस्वामी, जहीर अहमद, अंकित वर्मा, अंकित शुक्ला, इश्तियाक हुसैन व आशीष सिंह आदि दर्जनों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### छापों में पकड़ी गई सैकड़ों लीटर कच्ची शराब

**लखीमपुर-खीरी।** आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश से 24 दिसम्बर से 2 जनवरी तक जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रुद्र कान्त मिश्र द्वारा ग्राम अमृता पतेली व खाकीन थाना मोहम्मदी में दबिश की गई। दबिश में 90 लीटर कच्ची अवैध शराब और 1500 किग्रा लहन बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 गिरीश कुमार व क्षेत्र-4 कृष्ण प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त दबिश ग्राम सोनहा व ध्यानपुर थाना चंदन चौकी में दबिश दी गई। दबिश में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। मौके पर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 पंकज विवेक व पोलिस लाइन टीम के उपनिरीक्षक विशम्भर दयाल सिंह तथा बांकेगंज चौकी इंचार्ज कौशल किशोर यादव के साथ संयुक्त दबिश ग्राम जहानपुर थाना गोला, ग्राम बिल्हैया व गंगापुर थाना मैलानी में दबिश दी गई। दबिश में मौके पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके घर से 500 लीटर कच्ची अवैध शराब और 20000 किग्रा लहन बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 श्री रूद्र कांत मिश्र ग्राम बाईकुआं थाना मैंगलगंज में दबिश दी गई। दबिश में 500 किग्रा लहन और 23 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इस प्रकार कुल 633 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 22000 किग्रा लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कर दी गई। कुल 19 अभियोग पंजीकृत किए गए।

### बिजली विभाग के मीटर कार्यालय का ताला टूटा

**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को दिन बिजली महकमे के लिए बुरा साबित हुआ। एक तरफ नगर पालिका के बुल्डोजर ने बिजली कार्यालय का अवैध अतिक्रमण ढहाया वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग के मीटर कार्यालय का ताला भी टूटा। महकमे में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि रविवार/सोमवार की रात चोरों ने ताला तोड़ दिया था। हालांकि विभाग के कुछ लोग चोरी होने की गुपचुप बातें कर रहे हैं लेकिन विभाग के अफसरान चोरी होने की बात टालते रहे। मीटर एई अनिल कुमार चैरसिया ने बताया कि ताला टूटा जरूर है मगर सामान कोई गायब नहीं है।

### इफ्को महिला क्लब ने बुजुर्ग महिलाओं और बेटियों को वितरित किये कंबल



**बरेली।** इफको द्वारा आयोजित आर्य समाज अनाथालय, बरेली में आज इफ्को सुबह महिला क्लब की अध्यक्ष बीना झा व क्लब की अन्य पदाधिकारी गण ने बुजुर्ग महिलाएं और बेटियों को कंबल वितरित किया । इफको सुबह महिला क्लब की तरफ से आर्य समाज में रहने वाले बच्चों को भी कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर आर्य समाज के वरिष्ठ प्रधान श्री हर्ष वर्धन पदाधिकारी दीपक कुमार इसको कार्मिक विभाग के श्री आर पी सिंह, श्री गौरव शुक्ला सहित वार्डन रोली दुबे उपस्थित रही। सुबह महिला क्लब की अध्यक्षा बीना झा, सचिव संध्या श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनुपम सिंह भी उपस्थित रही।

### कक्षा छह से आठ तक विद्यालयों को भी खोलने की तैयारी

**बरेली।** कोरोना काल के बीच अब कक्षा छह से आठ तक के विद्यालयो को भी खोलने की तैयारी है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मांगी गई रिपोर्ट के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक ने चारो जिलो के डीआइओएस से रिपोर्ट मांगी थी। जिसमे अभिभावको से फीड बैक के आधार पर अपनी सहमति दी है। अब रिपोर्ट पर शासन निर्णय लेगा। दरअसल, कक्षा 9 से 12वीं तक सभी बोर्डो के स्कूल 19 अक्टूबर से खुल चुके है। अब आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय एवं कक्षा छह से आठ तक के विद्यालयो मे ऑफलाइन पढ़ाई शुरू कराने के लिए स्कूल खोलने की संयुक्त शिक्षा निदेशको से संस्तुति और असंस्तुति मांगी गई थी। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि इन विद्यालयो को खोलने के लिए फीड बैक लिया गया था। जो कि सकारात्मक है। सभी स्कूलो मे कोरोना से निपटने के पर्याप्त संसाधन है। इसलिए शासन के आदेश आते ही स्कूल खुल सकते है। इसे एक ही पाली मे 9.30 बजे से 2.30 बजे तक संचालित करने पर सहमति भेजी गई है।

### ताला तोड़कर चोरों ने की लाखों की चोरी

**बरेली।** बहु को ऑपरेशन के लिए एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया था। जिसकी देखरेख में पूरा परिवार लगा हुआ था। घर पर ताला लगा था। खाली पड़े घर के चोरों ने देर रात ताले तोड़ लिए । जहां से चोर करीब आठ लाख के जेवर और हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए । सुबह घर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है । सुभाषनगर थाना क्षेत्र मढ़ीनाथ की दुर्गा गली के रहने वाले सुधांशु शर्मा उर्फप्रिंस पुत्र स्वर्गीय सतीश चंद्र शर्मा सिविल लाइंस की एक शॉप पर अकाउंट का काम करते हैं । सुधांशु ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने राजेंद्र नगर के एक अस्पताल में पत्नी मोनिका शर्मा को भर्ती कराया था । जिसका देर रात ऑपरेशन हुआ था । पत्नी की देखरेख के लिए सुधांशु और उनकी मां रश्मि शर्मा हॉस्पिटल में ही रुके थेचोर खाली पड़े मकान के ताले तोड़कर उसमें दाखिल हो गए । जहां चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और 8 लाख रुपये की नकदी लेकर चोर फरार हो गए । सुबह सुधांशु अपनी मां के साथ घर पहुंचा तो उन्होंने देखा कि घर के ताले टूटे हुए हैं । अंदर जाकर देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ था और नगदी और जेवरात गायब था । घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस को शक है कि किसी आसपास के रहने वाले व्यक्ति का चोरी की घटना में हाथ हो सकता है ।

### पुलिस ने मुठभेड में ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देश पर जनपद में टॉप.10 व इनामी बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में थाना कटरा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली। रात्रि में कटरा पुलिस टीम द्वारा मखबिर की सूचना पर ग्राम नहर पुलिया खुदागंज रोड से पुलिस मुठभेड के दौरान थाना कटरा के टॉप 10 व 25000 का ईनामी बदमाश अभियुक्त कल्लू उर्फमोईन खाँ पुत्र बाबू खाँ उर्फबाबू लंगड़ा को गिरफ्तार किया। बदमाश के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा तथा 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त एक कुख्यात बदमाश है। इसके द्वारा लूट चोरी हत्या का प्रयास व पशुओं की चोरी तस्करी आदि जैसे संगीन अपराध किये गये है। उक्त बदमाश अपने पास अवैध असलहा भी रखता है तथा पुलिस को देखते ही फायर करता है तथा जनता में इसका भय व्यापत था। उक्त बदमाश एक पशु चोरी तस्कर गैंग का सदस्य है तथा इसके द्वारा थाना जलालाबाद क्षेत्र मे पुलिस पार्टी पर फायरिंग भी की गयी थी। थाना जलालाबाद मे कई दिनो से वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा 25000 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. सन्तोष कुमार, हे.का. प्रमोद कुमार, का.निर्मल सिह, प्रभात, नितिन तोमर मौजूद रहे।

### बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का क्षत्रिय समाज ने किया अभिनन्दन

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में क्षत्रिय समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियो का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वरब् सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज एकता के दम पर कोई भी मुकाम हासिल कर सकता है,हमें आपसी मन मुटाव भुलाकर समाज हित मे निरन्तर क्रियाशील रहना चाहिये। जिलाध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के निर्वल वर्ग के लोगों का बार एसोसिएशन के पदाधिकारी निःशुल्क मुकदमें की पैरवी करें और क्षत्रिय हितो का सदैव ध्यान रखें महासभा जनपद के क्षत्रियो के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर चिंतित एवं प्रयत्नशील है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनंत कुमार सिंह ने कहा कि समाज ने मुझे जो सम्मान दिया है,मैं आजीवन क्षत्रिय समाज के भरोसे को कमजोर नही होने दूँगा।समाज के भाइयो को मेरे द्वारा निःशुल्क कानूनी परामर्श दिया जायेगा।सयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर निर्वाचित मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि समाज हित मे मैं सदैव ततपर रहूँगा।अपने घर मे सम्मान का मान बड़ जाता है,समाज का मैं कर्जदार रहूंगा। सयुक्त सचिव राम किशोर भदौरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कहा कि समाज के प्रतिभावान लोगो के सम्मान में ऐसे निरन्तर कार्यक्रम किये जाते रहेंगे। युवा अध्यक्ष चंद्रभान सिंह रवि ने कहा कि समाज के युवा संगठित होकर समाज के महापुरुषों के बताये हुए मार्ग पर चलकर समाज की एकता के लिए कार्य करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भरत कुमार सिंह पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत,मनेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष जिला सहकारी संघ,महेंद्र पाल सिंह,निलय सिंह,मुकेश सिंह परिहार,अरविंद सिंह, राहुल सिंह,सूर्योदय सिंह,राकेश सिंह चंदेल, सुनील सिंह, आनंद प्रताप सिंह,उदय प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार सिंह ने किया तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## आईजी का गोला के किसानों के साथ संवाद

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस महा निरीक्षक लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह ने तहसील गोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचतोर समेत अन्य गांव के किसानों के साथ संवाद किया। आईजी लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से स्थानीय समस्याओंए मुद्दों एवं पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। किसान संवाद कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान किसानों ने विभिन्न मुद्दों पर आधारित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने पचतोर स्थित गुरुद्वारे में माथा टेका। उन्होंने जनपद की समृद्धि एवं खुशहाली हेतु अरदास की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंहए उप जिलाधिकारी गोला गोकरण नाथ अखिलेश यादव व क्षेत्राधिकारी पुलिस गोला आरके वर्मा मौजूद रहे।

## विधायक ने धरने की दी चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गत दिनों तहसीलदार के द्वारा चारागाह की भूमि पर बनी अवैध दुकानों को सीज कर दिया था। सोमवार को विधायक अरविन्द गिरि व ग्राम प्रधानपति शकील अहमद समर्थकों के साथ एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे। तहसील गेट पर अधिवक्ताओं से दूसरे पक्ष की नोक झोक हो गई। मामला इतना तूल पकड़ गया कि अधिवक्ताओं ने विधायक के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। अधिवक्ता अपना गुस्सा जाहिर करते हुए आंदोलित हो गये। दूसरे पक्ष पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग भी की। वहीं विधायक ने सीज की गई दुकानों के मालिकों को उनका हक दिलाने का मन बनाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि तीन जनवरी तक प्रशासन ने दुकानों के ताले नहीं खोले तो चार जनवरी से वह धरने पर बैठेंगे। सुबह से पुलिस प्रशासन को पता था कि दुकानदार तहसील में एसडीएम को घेराव करने वाले हैं ऐसे में कस्बा इंचार्ज व दो सिपाही भेजकर इतिश्री कर ली।

# डीएम-एसपी ने निघासन के किसानों से किया संवाद

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सोमवार को** डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने एसपी विजय धुल के साथ तहसील निघासन के रननगर सहित विभिन्न ग्रामों में स्थानीय कृषकों के साथ संवाद किया।

रननगर व निकटवर्ती ग्रामों के मौजूद स्थानीय कृषकों से डीएम-एसपी ने चौपाल लगाकर संवाद किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय मुद्दों सहित आगामी त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने तहसील निघासन के रननगर स्थित गुरुद्वारे में भी माथा टेका और जनपद की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए अरदास लगाई।

उन्होंने कहा कि किसान देश के अन्नदाता ही नहीं बल्कि देश के भाग्य विधाता है। उन्होंने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। आगामी त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ग्राम प्रधान रननगर मलूक सिंह एवं कुलविंदर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने स्थानीय मुद्दों समेत कृषि बिल के संबंध में ज्ञापन दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी निघासन ओम प्रकाश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस निघासन आरके वर्मा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने तहसील निघासन क्षेत्र अंतर्गत मोहाना नदी के किनारे स्थित तिलहा घाट पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से उनकी स्थानीय समस्याएं जानी व संबंधित को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। मौजूद ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि यदि यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा ठोकरें बनवाने की मांग की। जिससे आगामी बाढ़ के समय समीपवर्ती गांव को बाढ़ के प्रकोप से बचाया जा सकता है।

डीएम-एसपी ने थाना कोतवाली तिकुनिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, मालखाना, मेस, थाने की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया। जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर व आईजीआरएस रजिस्टर का अवलोकन कर थाना क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों के विषय पूछताछ की। समस्त रजिस्टर्स, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव व उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया।

# नोडल अधिकारी ने पीसीएफ गोदाम, धान क्रय केन्द्र, गौशाला व विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। फतेहपुर



**जनपद हेतु** नामित नोडल अधिकारी/विशेष सचिव, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ0प्र0 शासन, राजेन्द्र कुमार सिंह ने एक दिवसीय भ्रमण के दौरान पीसीएफ गोदाम भिटौरा रोड़, धान क्रय केन्द्र (विपणन शाखा) थरियांव, धान क्रय केन्द्र (विपणन शाखा) खागा, धान क्रय केन्द्र (विपणन शाखा) किशनपुर, सलेमाबाद गौशाला का निरीक्षण एवं ग्राम-कसेरूवा, ग्राम-बेंती सादात, व ग्राम-पलवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चौपाल लागकर ग्रामवासियों से वरासत एवं धान क्रय केन्द्र में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने पीसीएफ गोदाम भिटौरा रोड़ के निरीक्षण के दौरान कहा कि जो धान किसानों का आया है उसे दो दिन के अन्दर मिलों में भेजवाया जाय। गोदाम में पांच सौ खाली बोरे पाये गये। थरियांव धान क्रय केन्द्र में 344 किसानों का कामन धान 17975.60 कुन्तल क्रय के सापेक्ष 15018.40 कुन्तल धान मिलों को भेजा गया और 122 किसानों का हायब्रिड धान 5999.20 कुन्तल के सापेक्ष मिलों में 4982.40 कुन्तल भेजा गया और किसानों के खाते में 03 करोड़ 86 हजार 9 सौ 66 रूपये भेजा गया। मौके पर किसान चन्द्रकिशोर एवं लल्लू सिंह के धान की तौल की जा रही थी। नोडल अधिकारी ने धान क्रय केन्द्र में धान विक्रय की समस्या किसानों से पूंछा जिस पर किसानों द्वारा बताया गया कि धान विक्रय में कोई समस्या नही है। उन्होने डिप्टी आरमो को निर्देश दिये कि किसानों से लिये धान का भुगतान 72 घण्टे के अन्दर किया जाय। धान क्रय केन्द्र में बोरो पर्याप्त उपलब्धता पायी गयी। सलेमाबाद गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौशाला में 444 गौवंश में 36 नन्दी एवं 308 गाय पायी गयी। गौवंशों हेतु गौशाला में पर्याप्त मात्रा में चारा, पशु आहार मौके पर उपलब्ध पाया गया।

## आबकारी विभाग तथा पुलिस की छापेमारी, बड़ी बरामदगी

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के छोटे लालपुर गांव में सुबह आबकारी विभाग तथा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बड़ी छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस छापेमारी की कार्रवाई से पुलिस ने कई घरों से पचास लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं छापेमारी की इस कार्रवाई में 4 कुंतल लहन भी बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही लहर को नष्ट कर दिया। शराब बनाने के उपकरण भी पुलिस ने बरामद किए हैं। एक आरोपी को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। जबकि दो आरोपी मौके से निकल गए। पुलिस पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। जबकि मौके से निकल गए दो आरोपियों की तलाश कर रही है। इस मौके पर आबकारी निरीक्षक बिंदकी लक्ष्मी शंकर बाजपेई, आबकारी निरीक्षक खागा संदीप कुमार, कोतवाली बिंदकी के एसआई इजहार अहमद, प्रदीप कुमार, राजकुमार, जोगेंद्र तथा महिला रितु देवी, संगीता देवी, डाली, अरुणा देवी, सीमा देवी, सुरभि देवी आदि मौजूद रही।

# डकैती, लूट व चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश




**फतेहपुर।** जिले की पुलिस ने आज डकैती, लूट व चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, आपको बता दें कि पुलिस को सुचना मिली थी की डकैतों का एक गिरोह डकैती की घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने डकैतों की घेराबंदी किया। जहां अपने को घिरते देख डकैतों ने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी, जहाँ पुलिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ कर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 4 डकैत पुलिस के चंगुल से फरार हो गए, पकडे गए डकैतों के पास से पुलिस ने पहले की गई डकैती व लूट की घटना की नगदी, जेवरात व मोबाइल को बरामद किया है। वहीं एसपी ने फरार हुए गिरोह के मुख्य सरगना पप्पू यादव के ऊपर 25 हजार इनाम की घोषणा किया है। वहीं इस मामले में एसपी सतपाल अंतिल ने बताया की स्वाट टीम व मलवां थाने की पुलिस ने आज डकैती, लूट व चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उनके पास से नगदी, जेवरात व मोबाइल के साथ साथ घटना में उपयोग किये गए दो देशी तमंचा के साथ साथ मुठभेड़ के दौरान उपयोग किये गए कारतूस के खोखे भी बरामद किया है। यह लोग एक डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, जिसे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

# प्रमुख सचिव ने जिला अस्पताल सहित कई स्थानों का किया दौरा

संवाददाता। शाहजहांपुर

● प्रथम चरण हेतु 11331 लाभार्थियों के डाटा अपलोड, ठंड से बचाव के लिए गौशाला में तिरपाल लगाने के आदेश जारी





**प्रमुख सचिव** जितेन्द्र कुमार ने सोमवार को जिले में पहुंचकर जिला चिकित्सालय, कान्हा गौशाला सहित कई स्थानों का निरीक्षण किया। जिला चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान मुख्यचिकित्साधिकारी सहित चिकिसको को कोरोना काल में मरीजों की उचित देखभाल के साथ अस्पताल में साफसफाई के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने कोरोना वैक्सीन के लिए आई0सी0आर0 की व्यवस्था को चेक किया । वैक्सीन के लिए 04 नग कोल्ड चौन रैफ्रीजरेटर एक कक्ष में स्थापित है। कक्ष में सी0सी0टी0वी कैमरे स्थापित है। कक्ष के बाहर पानी का एक सिंक को बाहर शिफ्ट किये जाने के एवं कक्ष के आस-पास पूर्णत: स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण के लिए प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । प्रथम चरण के लिए 11331 लाभार्थियों के डाटा अपलोड कर दिये गये है। 412 वैक्सीनेटर चिन्हित किये गये है जिला विकासखंड स्तर पर नियन्त्रण कक्ष बनाए गए है। इसके बाद मुख्य सचिव ने वी0वी0 पैट गोदामध्वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान जानकारी दी गयी कि उक्त कार्य की स्वीकृत लागत रू0 236.50 लाख है। दिनॉक 15.05.2020 को कार्य प्रारम्भ कराया गया है। उक्त कार्य का निर्माण चार तल में होना है, मौके पर लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। चतुर्थ तल में कालम ढलाई का कार्य प्रगति में है। कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडकों द्वारा अवगत कराया गया कि अवमुक्त धनराशि रू0 110.00 लाख का उपभोग कर उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया गया है। उक्त निर्माण कार्य सितम्बर 2021 में पूर्ण किया जाना लक्षित है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया है किउक्त कार्य को माह जून 2021 तक पूर्ण कर लिया जाये उक्त कार्य में लिफ्ट की व्यवस्था नहीं की गयी है। लिफ्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

उन्होंने कान्हा गौशाला तराई मिश्रीपुर के निरीक्षण पाया कि गौशाला में 250 गौवंश रखे गये है। ठंड से बचाव के लिए गौशाला में तिरपाल लगाये गये है। अलाव की व्यवस्था की गयी है। गौशाला में भूसाध्खड़ा चारा तथा चोकर की पर्याप्त उपलब्धता है। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि गोबर को अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 239 पशुओं का ईयर-टैंग कर लिया गया है। एक गया घायल थी जिसका इलाज तत्काल किये जाने हेतु एवं घायल गाय को अन्य पशुओं से अलग रखे जाने के निर्देश दिये गये।

प्रमुख सचिव ने धान क्रय केन्द्र रोजा मंडी के निरीक्षण दौरान सर्वप्रथम तौल का निरीक्षण किया। कृषक श्री पवन कुमार ग्राम सरई बनतारा द्वारा 50 कुन्तल धान केन्द्र पर लाया गया था, एक बोरी धान का तौल कराया गया जो सही पाया गया। कृषक को चार दिन पूर्व टोकन उपलब्ध कराया गया था। टोकन रजिस्टर का मिलान किया गया। 72 घन्टे के अन्दर धान क्रय का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि पीएफएमएस के माध्यम से 6 से 7 दिन के अन्दर भुगतान हो रहा है। ग्राम सतवा के कृषक श्री जसवीर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके एक ट्राली धान का भुगतान 12 दिन में किया गया है। कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि 50 कुन्तल धान क्रय करने के उपरान्त शेष धान का क्रय हेतु 8 से 12 दिन का इन्तजार करना पड़ रहा है। जिसे कम किये जाने की अपेक्षा की गयी। श्री सुरेन्द्र, सुरजीत सिंह एवं शकुन्तला देवी द्वारा रोजा मंडी प्रथम (आरएफसी) में विक्रय किये गये धान के सम्बन्ध में उनके मोनम्बर पर धान कय किये जाने एवं उसके भुगतान के सम्बन्ध में वार्ता की गयी तीनों कृषकों द्वारा अवगत कराया गया कि 50 कुन्तल के भुगतान हो गये है, शेष धान का भुगतान न किया जाने से अवगत कराया गया। उक्त के सम्बन्ध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पीएफएमएस से फाईल जनरेट होने एवं वापस आने में लगभग 4-5 दिन का समय लग रहा है, जिससे भुगतान में थोडा विलम्ब हो रहा है। चवल मिलों को धान भेजे जाने के सम्बन्ध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 2-3 दिन के अन्दर धान भेजा जा रहा है । निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर धान को भेजे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने गन्ना क्रय केन्द्र बनतारा में क्रय किये जा रहे गन्ना तौल का मिलान किया। 5 कुन्तल के मानक वाट रखवा कर इलेक्ट्रानिक कांटे की जांच करायी जो कि सही पाई गई। कृषक श्री राजाराम पुत्र श्री केदार निवासी ग्राम बनतारा के गन्ने से भरी ट्राली का तौल कराया गया। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अवतक कुल 1.0 करोड़ कुन्तल गन्ने की खरीद किया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 2.25 लाख कुन्तल गन्ना की खरीद की जा रही है।

# विशेष मालगाड़ी कारीडोर का शुभारम्भ आज

संवाददाता। कानपुर देहात

- भाऊपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी दिखायेंगे हरी झण्डी
- भाऊपुर से खुर्जा के बीच 351 किमी के रास्ते का डीएफसी रेलयात्रा को बनायेगा सुगम
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने की सम्भावना
- दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शिरकत करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**हरियाणा** से पश्चिम बॅगाल के मध्य बन रहे 1839 किमी लम्बी विशेष मालगाडी भाडा परियोजना(डेडीकेटेड फ्रेड कॉरीडोर) के भाऊपुर(कानपुर) से खुर्जा(बुलॅदशहर) तक के 351 किमी रास्ते का शुभारम्भ आज मॅगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेंगे। भाऊपुर में आयोजित किये जा रहे भव्य समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ के भी सम्मिलित रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

डेडीकेटेड फ्रेड कॉरीडोर (डीएफसी) के भाऊपुर से खुर्जा के मध्य 351 किमी के हिस्से का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मॅगलवार को न्यू भाऊपुर जंक्शन में आयोजित किये जाने उद्घाटन समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ सहित करीब 1 हजार लोगों के सम्मिलित होने की सम्भावना है। सीएम का अधिकारिक कार्यक्रम न आने से उहापोह की स्थित है सीएम के अतिरिक्त प्रदेश मंत्रिमण्डल के दो या तीन प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों के भी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहने की सम्भावना है। प्रधानमंत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाने के साथ रेलवे के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड जायेगा। आज 29 दिसम्बर को शुरू होने वाले समारोह को भव्य व अभूतपूर्व बनाने के लिये वाटरप्रूफ पाण्डाल बनाने के अलावा, जंक्शन के पास की जमीन का समतलीकरण, वाहन सवारों के लिये पार्किग स्थल के साथ न्यू भाऊपुर जंक्शन के परिसर को रॅगीन झालरों से सजाया गया है। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन उपस्थित लोगों को सुनाया जायेगा। कोविड प्रोटोकाल को देखते हुये मास्क की अनिवार्यता जरूरी होगी। मॅगलवार को शुरू हो रहे इस ट्रैक में एक सप्ताह की समयावधि में सभी मालगाडियों का सॅचालन कर दिया जायेगा। इस ट्रैक से करीब 100 मालगाडियों का आवागमन सम्भव हो सकेगा।

## मासूम सहित पांच की ट्रेन हादसे में मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** सोमवार की दोपहर बकरियॉ चराने के दौरान मासूम सहित पॉच लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने पॅचनामा भरकर शव परिजनों को सौंपे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेशगॅज निवासी फरान(8) सोमवार की दोपहर को अपनी बकरियॉ चराने के लिये रेलवे ट्रैक से गुजर रहा था। अचानक दो बच्चों से गर्भवती बकरी अप रेलवे लाइन की ओर दौडने लगी, बकरी के पीछे फरान भी दौडा इसी बीच दिल्ली की ओर से तेजी से आ रही ट्रेन को देखते हुये फरान का बाबा हवीब खॉ(80) भी अपने पौत्र व बकरियों को बचाने के लिये भागा देखते ही देखते फरान, हवीब, बकरी व बकरी के गर्भ में पल रहे दो अजन्में भ्रूण ट्रेन की चपेट में आ गये। सभी के शवों के क्षत विक्षत टुकडे रेलवे ट्रैक के चारों ओर बिखर गये। सूचना पर पहुॅची जीआरपी पुलिस ने पॅचनामा भरकर शवों को उनके परिजनों को सौंपा।

# नगर पंचायत ने जलवाए अलाव, लोगों को राहत



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**नगर** पॅचायत के अलावों से कस्बे व क्षेत्रीय निवासियों को सर्दी से भारी राहत मिली है। पिछले एक सप्ताह से नगर पॅचायत द्वारा चिन्हित व गैर चिन्हित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे है। पश्चिमी विचोभ के चलते सोमवार को अचानक बढी सर्दी से लोग एक बार फिर ठिठुरने लगे। नगर पॅचायत की अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी व ईओ पवन किशोर मौर्य के निर्देशन में पिछले सप्ताह लोगों को सर्दी से निजात दिलाने के लिये नगर पॅचायत के मुख्य तिराहा पर तीन स्थानों, अकबरपुर रोड, थाना मोड, डेरापुर रोड के नगर पॅचायत गेट, रेलवे स्टेशन, केबिन तिराहा, मुख्य बाजार, मेन रोड, नहर स्थित नगर पॅचायत गेट सहित अन्य चिन्हित व भीड भाड की सम्भावना वाले गैर चिन्हित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सूखी लकडियों के अलाव जलवाये जा रहे है। सूखी लकडियों से जहॉ सर्दी से निजात पाने वाले स्थानीय व राहगीरों को धुॅयें से राहत मिली है। वहीं नगर पॅचायत ने जवाहरनगर व बजरॅगनगर स्थित रेन बसेरा को भी लोगों के लिये चालू कर दिया गया। सोमवार को अलाव जलवाये जाने के दौरान नगर पॅचायतकर्मी वीएन सिंह, याद कुमार यादव, सैनूर अहमद, राजेश रावत, विकास कुशवाहा, शिवम सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## छिमारा मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में युवती की हुई मौत

**जसवंतनगर।** नगर के मोहल्ला अहीर टोला निवासी रत्नेश कुमार शाक्य की करीब 20 वर्षीया कुण्नन्दनी रविवार रविवार को करीब 12 बजे अपने घर से सहेली के घर जन्मदिन समारोह में शामिल होने गई थी। वह उसी दिन देर शाम जब नन्दनी सहेली के भाई अनुज पुत्र मोर सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर पर वापस आ रही थी तभी छिमारा में जसवंतनगर की ओर से आ रही बाइक ने गांव महलई के पास टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस द्वारा मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई में भर्ती कराया गया था जहां पर उपचार के दौरान नन्दनी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच में जुटी है। युवती की मौत की खबर पाकर उसके घर और परिवार में कोहराम मच गया है।

# गेल इंडिया लिमिटेड ने की मॉकड्रिल

संवाददाता। फफूंद औरैया



**गेल** इंडिया लिमिटेड पाता ने खानपुर गाँव स्थित टेंकर पार्किंग में इमरजेंसी प्लान की रिहर्सल ;मॉकड्रिलद्ध सोमवार को की गई। जिसमें नेफ्ता और गैस टैंकर में टक्कर दिखाते हुये उसमें गैस रिसाव हुआ तत्पश्चात दोनों टैंकरों में आग लग गयी। टक्कर से हुए गैस रिसाव को गेल पाता के फायर कर्मियों सफलतापूर्वक गैस रिसाव को बंद किया और गैस को आगे फैलने से भी रोकने की क्षमता का प्रदर्शन किया। सोमवार को तीन बजे गेल पाता की खानपुर गाँव मे बनी टेंकर पार्किंग में गैल इंडिया लिमिटेड पाता और म्युच्वल एन्ड पार्टनर के सहयोग से आफ्साइड इमरजेंसी प्लान का रिहर्सल;मॉकड्रिलद्ध किया गया। मॉकड्रिल में टेंकर पार्किंग के पास नेफ्ता और एलपीजी टैंकर में टक्कर दिखाई गई टक्कर में गैस टेंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया । सूचना मिलते ही गेल पाता प्लांट में इमरजेंसी साइरन बजा दिया गया दस मिनट के अंदर ही गेल पाता प्लांट से आग बुझाने की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंच गई । कुछ ही देर बाद एनटीपीसी से भी दमकल की गाडियों ने पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरु कर दिया ।गैस रिसाव रोकने के लिए कर्मी लग गए हवा का रुख देखते हुए फायर कर्मियों ने पानी के फुहारों की एक दीवार सी बना दी जिससे गैस इधर उधर न फैलने पाए।आनन फानन में फोम का प्रयोग किया गया जिससे आग पर नियंत्रण पाया गया। टेंकर चालक सहित दो व्यक्ति घायल हुए घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया । इस मॉकड्रिल में गेल और एनटीपीसी के सैकड़ों कर्मियों ने भाग लिया। मॉकड्रिल के समय माइक से एलान कर ग्रामीणों तथा दुकानदारों से इलेक्ट्रानिक उपकरणएगैस चूल्हों व जलती हुई आग को बुझाने के लिए कहा गया । पार्किंग के दोनों तरफसे यातायात को रोक दिया गया था जिससे राहगीर किसी घटना हो जाने की आशंका कर रहे थे। मॉकड्रिल में मुख्य रूप से जिलाधिकारी अभिषेक सिंहए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गौतमए न्यायिक एम पी सिंहए ईडी अजय त्रिपाठीए जीएम फायर एन्ड सेफ्टी रवि शर्माए जीएम आईओपी के प्रियदर्शीए डीजीएम ए उपमहाप्रबंधक एचआर एस के कटियारए मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव फायर सर्विस औरैयाए थानाध्यक्ष राजेश सिंह एपाता चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने फिर मारा छापा

**घाटमपुर।** बीते दिनों जिलाधिकारी आलोक तिवारी के गांव कोटरा मकरंदपुर में धान क्रय केन्द्र में छापा मारने और गड़बड़ी मिलने पर वहाँ के क्रय केंन्द्र प्रभारी व सहायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ पुलिस के हवाले करने के बाद से उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव लगातार गौशालाओं और धान क्रय केंद्रों में छापा मारने का अभियान सा चला रखा है। जिसके चलते क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है। उप जिलाधिकारी अरुणकुमार श्रीवास्तव ने बीते तीन दिन पहले अचानक छापे के बाद आज फिर मंण्डी समिति जा पंहुचे और क्रय केंन्द्र के अभिलेख जॉचे, तथा वहाँ धान लेकर आये किसानों से भी पूछतांछ की, उप जिला अधिकारी ने बताया कि धान क्रय केंन्द्र के निरीक्षण की रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय भेजी जायेगी।

### बीएलओ के साथ बैठक

**घाटमपुर।** आगामी महीनों में होने वाले पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर उप जिलधिकारी ने आज तहसील के सभागार में बीएलओं संग बैठक की।

# विधानसभा चुनाव में प्रसपा की चाबी खोलेगी सरकार के ताले



संवाददाता। इटावा

**भरथना** क्षेत्र के प्रसपा नेता नागेन्द्र यादव के नेत्रत्व में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रसपा फरहान शकील ने गांव.गांवएपांव.पांव ने यात्रा निकाली। यात्रा इस यात्रा का शुभारम्भ भरथना नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित माता लोंगश्री मन्दिर से विमलेश कुमार सरार्फ एवं हीरो बाइक एजेंसी के मालिक विपिन यादव ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के दौरान शिव विवेकएकोमल सिंह के आवास सहजपुर ज्ञानपुरएत्रिलोकपुरा में रामजी भानु के आवास पर ग्राम पाली में कमलेश वावू सुनील मास्टरसुदर्शन सिंह गौरब आदि सहित नगला काली में मुकेश ठेकेदार और ग्राम भैसाई में पूर्व प्रधान अरुण कुमारएशिबू यादवएप्रमोद कुमारएशिव नरेश अवधेश यादवएराजू यादवएराजेश शर्माए मोहित पालएआदि ग्रामीणों के आवासों पर पहुँचे जहाँ ग्रामीणों ने यात्रा में सामिल सभी प्रसपा नेताओं व पदाधिकारियों का गर्म जोशी से स्वागत किया। वहीं पार्टी नेताओं ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और प्रसपा की नीतियों से अवगत कराया है।

## गृहकलह से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नवाबगंज/फर्रुखाबाद।** गृहकलह को लेकर युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर मौत को गले लगा लिया।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी 40 वर्षीय युवक अरविंद कुमार पुत्र नेकराम बाथम के मोहल्ले में आज एक पड़ोसी के तेहरवीं संस्कार की दावत चल रही थी। तभी अरविंद कुमार की घर में किसी से कोई कहासुनी हो गई, जिससे गुस्साए अरविंद कुमार पुत्र नेकराम बाथम अपने घर के अंदर कमरा बंद करके फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिजन आनन-फानन में दौड़े तथा कमरे का गेट तोड़कर अरविंद के पास पहुंचे। पड़ोसियों तथा परिजनों ने एकदम फांसी के फंदे से उतारा तथा प्राइवेट वाहन से फर्रुखाबाद निजी चिकित्सक के यहां ले करके भागे। परिजनों के अनुसार रास्ते में गांव हथियापुर के पास अरविंद कुमार ने दम तोड़ दिया। परिजन चीखने चिल्लाने लगे तथा वापस मृतक के शव को घर लेकर आए। बिना पुलिस को सूचना दिए ही परिजनों ने अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। खबर लिखे जाने तक किसी ने कोई भी थाना पुलिस को सूचना नहीं दी। मृतक की पत्नी अनीता देवी पुत्र अनुराग (20) छोटू (12) का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## किसानों के बीच पहुंच सुनी समस्याएं

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** भारतीय किसान एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश यादव के गांव बलीपुर एसएचओ पूनम जादौन और बबना चौकी इंचार्ज विनोद कुमार हलका इंचार्ज जितेंद्र सिंह अपने पुलिस बल के साथ पहुंच कर किसानों की समस्याएं सुनी । किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी होने की जानकारी ली । एसएचओ पूनम जादौन ने किसानों से कहा अगर कोई परेशानी हो तो बताएं कुछ किसानों ने अपनी समस्याएं बताई ।एसएचओ ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी कुछ किसानों ने मिट्टी अपनी जगह में डालने की बात कही तो अपनी जगह में मिट्टी डालने से इस समस्या का तुरंत निराकरण किया कोई नहीं रोकेगा किसानों की सभी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए पूर्ण रूप से आश्वासन दिया और जिलाध्यक्ष से कहा किसानों के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुने।

# कांग्रेसियों को लिया हिरासत में

संवाददाता। औरैया




**जिला** कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को कांग्रेस का 136 वां स्थापना दिवस खेत और किसानों की रक्षा करने के उद्देश्य से मनाया गया। कार्यक्रम पहले शहीद पार्क में होना तय हुआ था उसके उपरांत कार्यक्रम का स्थान बदलकर नारायणपुर तिराहे पर स्वर्गीय छुन्नू लाल सक्सेना पार्क में हुआ। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी को किसान विरोधी बताया। शहर के नारायणपुर चौराहे पर स्थित छन्नूलाल सक्सेना पार्क में कांग्रेसी एकत्रित हुए। जहां पर पहले स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश दीक्षित ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों व नीतियों को बताया और कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही किसानों के साथ रही है और उसमें कांग्रेस का कभी भी कोई ऐसा कर नहीं रहा यह से किसान आंदोलित होकर सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान विरोधी सरकार साबित हो रही है। इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं रह गया है। अब अन्नदाता कहा जाने वाला किसान भी अपनी जमीन को बचाने के लिए संघर्षरत है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिववीर दुबे ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो 3 कृषि कानून लागू किए हैं उन्हें शीघ्र वापस लिया जाए। कहा कि किसानों की जमीन पर उनका ही अधिकार रहना चाहिए और जो भाजपा किसानों को लालच दे रही है वह सिर्फ भ्रम फैला रही है। सीधे तौर पर वह किसानों की जमीन को न हड़प कर उद्योगपतियों के माध्यम से उसका सौदा कर रही है। यह बात किसान जान चुके हैं। इसलिए वह आंदोलित होकर सड़कों पर उतर आए हैं। स्थापना दिवस समारोह मनाए जाने के बाद किसानों के पक्ष में कांग्रेसियों द्वारा पैदल यात्रा भी निकाली गई थी।

## ग्रामीणों ने चोर रंगे हाथ पकड़ा

**जसवंतनगर।** मोहन की मडैया में स्थित एक घर में चोरी के इरादे से घुसे एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने चोर की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले किया लेकिन वह पुलिस हिरासत से भाग निकला हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।रविवार को नगर इलाके में स्थित उक्त मोहल्ला निवासी अमीन पुत्र सलीम के घर मे रात के समय एक चोर चोरी के इरादे से घुस गया। किसी तरह चोर मकान के अंदर घुसने में कामयाब हो गया चोर ने एक मोबाइल व सोने के जेबर सहित 20 हजार की नगदी को साफ कर पड़ोसी के घर मे घुस गया तो जगार होने पर लोगों को पता चल गया कि घर में चोर घुसा है सभी ने मिलकर चोर को दबोच लिया उन्होंने पुलिस को वहां बुलाया और पुलिस को सुपुर्द किया। बताया गया कि पुलिस को सुपुर्द किया चोर मौका पाकर भाग गया था।

# अतिक्रमण के खिलाफ गरजा बुलडोजर व्यापारी नेताओं से भिड़े दुकानदार



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**सिटी** मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी के नेतृत्व में सोमवार को नगरपालिका परिषद की ओर से शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान नाली के ऊपर स्थाई व अस्थाई निर्माण के अलावा 12 फीट ऊंचाई तक पर लगी टीनशेड, पॉलीथिन के पर्दे, ग्लोसाइन बोर्ड आदि तोड़ दिए गए। पक्षपात का आरोप लगाकर पहले पुलिस प्रशासन के खिलाफदुकानदारों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद व्यापार मंडल नेताओं से दुकानदार भिड़ गए। बाद में प्रशासन के समर्थन में नारेबाजी की गई।

शहर के लालगेट चौराहे पर दोपहर को सिटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, सीओ सिटी राजवीर सिंह, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार पुलिस बल व अन्य कर्मचारियों के साथ वहां पहुंचे। पालिका की दो जेसीबी व कई ट्रैक्टर ट्रालियां अभियान में लगाई गईं। नाली के ऊपर डाले गए जाल व पटियां तुड़वा दी गईं। 12 फीट की ऊंचाई तक लगे ग्लोसाइन बोर्ड, टीनशेड, पॉलीथिन व तिरपाल भी तोड़ दिए गए। लालसराय में खन्ना गारमेंट्स के मालिक संकेत अग्रवाल व उनके भाई शशांक अग्रवाल ने अतिक्रमण हटाने में पक्षपात का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे कुछ देर के लिए अतिक्रमण हटाने का काम रुक गया। दोनों भाइयों व अन्य व्यापारियों की अधिकारियों से नोकझोंक हो गई। इसी बीच मिश्रा गुट व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, कंछल गुट व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष बंटी सरदार, नगर अध्यक्ष मनोज मिश्रा भी आ गए। बॉबी मिश्रा ने अतिक्रमण के दौरान सब्जी विक्रेताओं के चबूतरे तोड़ने का विरोध कर हंगामा कर दिया। उन्होंने जेसीबी पर चढ़ने का प्रयास भी किया। उसी समय खन्ना गारमेंट्स के मालिक संकेत अग्रवाल व लालसराय के अन्य व्यापारियों ने आरोप लगाया कि व्यापार मंडल जानबूझकर देरी से आया।

# चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता। बकेवर



**महेबा** कस्बा स्थित बहेडा ओबरब्रिज के पास बीते दिबस की रात्रि महेबा चौकी इंचार्ज ने मुखबिर की सूचना पर चार चोरों को तीन चोरी की बैट्री सहित लबेदी के बसैयाहार में हुई चोरी का मोबाइल बरामद करने करके उक्त चोरी का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की पुलिस पकड़े गये बदमाशों को जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन पर सीओ भरथना चंद्रपाल सिंह व प्रभारी निरीक्षक बकेवर अंजन कुमार के आदेश पर बीते दिबस महेवा तिराहे पर संदिग्ध वाहन व्यक्ति चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक टैम्पू में कुछ बदमाश किस्म के लोग बैठे हुऐ है तथा उनके पास असहाल प्रतीत हो रहे है। मुखबिर की सूचना के आधार पर मय पुलिस बल के साथ महेवा चौकी प्रभारी नितेश कुमार वशिष्ठ बहेड़ा ओवरब्रिज के पास पहुंचे मुखबिर द्वारा उक्त बदमाशों की तरफ जैसे ही इशारा किया तो बैसे ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया पुलिस ने घेरा बंदी कर चोरों पर शिकंजा कसा गया जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक गंगा दास गौतम महेवा चौकी प्रभारी नितेंद्र वशिष्ठ ने अपराधियो पर शिकंजा वहीं उक्त पकड़े गये बदमाशों के पास से ऑटो यू पी 75 ए टी 9429 पकड़ा टैम्पू पकड़े गये बदमाशों की तलाशी लेने पर उनके पास से तीन चोरी की गयी बैटरी एक मोबाइल फोनए आधार कार्ड 315 बोर का तमंचाए दो जिंदा कारतूसए तीन छुरा बरामद किये गये। वहीं पकड़े गये चारों व्यक्तिओं से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अमित कुमार पुत्र अमरनाथ निवासी जैनमोहल्ला थाना जसंवत नगरए शनिकुमार पुत्र हरिओम निवासी लुधुपुर थाना जसवंतनगरए बवलू शर्मा पुत्र रामौतार जैन मोहल्ला थाना जसवंतनगरए सूरज कुमार पुत्र अमरनाथ जैन मोहल्ला थाना जसवंतनगर ने बताया कि दिनांक 16ध्12ध्20 को रात्रि में ग्राम बसैयाहार थाना लवेदी में हम सभी ने मिलकर एक मकान के अन्दर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की घटना को अंजाम देकर टैम्पो में बैठकर चले गये थे। वहीं उक्त चारों बदमाशों ने उक्त बसैयाहार में मकान से चोरी किया मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया।

# अतिक्रमण अभियान की मुनादी के साथ पॉलीथिन पकड़ो अभियान

संवाददाता। इटावा



**भरथना** नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को नगर के प्रमुख बाजार में सड़कों और फुटपातों पर फैले स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की सार्वजनिक मुनादी कर अतिक्रमणकारियों को चेताबनी दी है। जिसपर स्वम् भरथना नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामआसरे कमल ने लाउडस्पीकर से मुनादी करते देखे गये है।

आपको बतादें भरथना में प्रत्येक मार्ग की सड़कों व फुटपातों पर फैले स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को हरहाल में हटाये जाने को बीते दिनों प्रशासनिक बैठक में आम सहमती के बाद निर्णय लिया गया था। जिसके तहत नगर में मुनादी कर अतिक्रमणकारियों को चेताया जा रहा है। जिसमें अधिशाषी अधिकारी श्री कमल ने अवैध अतिक्रमण हटाने की अपील के साथ साथ प्रतिबंधित पॉलीथीन प्लास्टिक डिस्पोजल ग्लास के विरुद्ध अभियान चला कर प्रतिबन्धित पॉलीथिन जब्तकर जुर्माना कार्रवाई की गई है।

पॉलीथिन पकड़ो अभियान के तहत सर्वप्रथम अधिषाधि अधिकारी श्री कमल ने मोहल्ला सब्जी मंडी बालूगंज एवं ब्रजराज नगर में स्वयं मुनादी कर पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले 13 दुकानदारों से पॉलीथिन जबतकर उनके विरुद्ध 2750 रुपए जुर्माना कार्यवाही की गई है। अतिक्रमण अभियान व मुनादी के दौरान पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरियाएगौशाला प्रभारी मोहित यादवए राजेंद्र सिंहएसंतोष यादवएसाहेब खांएललित चतुर्वेदीएसाहिल कुमारएपूरन सिंह चौहानए आदि कर्मी मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने धान क्रय केन्द्रों, सिंचाई, विद्युत की उपलब्धता की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में जनपद नोडल अधिकारी/उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान क्रय केन्द्रों, सिंचाई, नहरों में पानी की उपलब्धता, विद्युत की उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों, राईस मिल संचालकों को निर्देशित करते हए कहा कि शासन के जो निर्देश है उसका अच्छे से पालन किया जायेगा। धान क्रय करने का जो शासकीय रेट है उसी रेट पर ही किसानों का भुगतान किया जाये। इस कार्य में कोई भी केन्द्र गडबडी करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने डिप्टी एमआरओ को निर्देशित किया कि जिन केन्द्रों में धान खुले में रखे है उनको ओस व बारिश से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था कर ली जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों की प्रतिदिन मानीटरिंग व बैठक की जाये। किसी केन्द्र की कोई शिकायत प्राप्त होती तो मौके पर जाकर निस्तारण की कार्यवाही की जाये, यदि बिचौलिया या कोई अधिकारी व कर्मचारी गलत करता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। वही नोडल अधिकारी ने भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के अमरौधा नगर पंचायत के पिपरी प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों संग चौपाल लगायी। इस मौके पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, एसडीएम सदर आनन्द कुमार सिंह, एसडीएम भोगनीपुर दीपाली भार्गव, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, डिप्टी एमआरओ शिशिर आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भुगतान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न किया जाये: डॉ. रोशन जैकब

## ● बिलम्ब से भुगतान करने पर नोडल अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की


धान खरीद केन्द्र का औचक निरीक्षण करतीं नोडल अधिकारी डा. रोशन जैकब व एडीएम।

**कन्नौज।** निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद की पूर्ति सुनिश्चित की जाये। भुगतान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न किया जाये। किसानों को धान से संबंधित किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाये। खरीद केन्द्रों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश आज सचिव, भूतत्व एंव खनिकर्म/जनपद नोडल अधिकारी डा. रोशन जैकब ने विपणन शाखा द्वारा संचालित धान खरीद केन्द्र ग्यासपुर खड़नी एवं निजी धान खरीद केन्द्र ग्यासपुर खड़नी का औचक निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होनें केन्द्र पर उपस्थित किसान नरेन्द्र सिंह से भुगतान के संबंध में जानकारी की, जिसमें बताया गया कि भुगतान करने में 7 से 8 दिन का समय लग जाता है जिस पर उन्होनें कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को 72 घण्टे के अन्दर हर संभव भुगतान सुनिश्चित किया जाये। केन्द्र में तौल कांटे, बोरे, छलनी आदि का गहनता से निरीक्षण करते हुये उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों के साथ व्यवहार मधुर रखा जाये तथा उन्हें अनावश्यक परेशान न किया जाये। नोडल अधिकारी ने केन्द्र में फीडिंग संबंधित कार्यवाही का गहनता से निरीक्षण करते हुये कहा कि निर्धारित समय में किसान के खाते में धनराशि पहुचनी चाहिए तथा क्रय किये गये धान की पोर्टल पर फीडिंग ससमय सुनिश्चित की जाये। केन्द्र प्रभारी गजेन्द्र शर्मा से उक्त के संबंध में जानकारी की, जिसमें केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 15 हजार कुतंल लक्ष्य के सापेक्ष 13 हजार कुतंल लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की गई।

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन में शानू गुप्ता का बढ़ा कद, यूपी के साथ एमपी की मिली जिम्मेदारी



**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक मयूर बिहार नई दिल्ली केन्द्रीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता के निर्देशन में चित्रकूट से राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता को यूपी के साथ मप्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा हुई एवं उद्योग व्यापार संगठन का जल्द ही भारत में व्यापारी ऐप व हेल्पलाइन नम्बर जारी करने की रूपरेखा बनी तथा दिल्ली, यूपी, बिहार, मप्र, हिमांचल, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, केरल, बंगाल आदि प्रदेशों के प्रभारी नियुक्त किये गये जहाँ पर जल्द ही कमेटी का विस्तार,व व्यापारियों के प्रमुख मुद्दों पर कार्य होगा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज बंसल, राष्ट्रीय संगठन मन्त्री गजेन्द्र शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री विकाश गर्ग, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नितिन गुप्ता, राष्ट्रीय महिला मोर्चा मन्त्री निशी पसीने,मथुरा से यूपी प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री जगत प्रशांत अग्रवाल, प्रदेश मंत्री उल्लास जी, दिल्ली प्रदेश महामंत्री संदीप बंसल, मुरारी जी,आदि पदाधिकारियों ने अपने सुझाव व कार्यों का विवरण सभी के समक्ष रखा।

## प्रेमी-प्रेमिका पहुंचे थाने, परिवारीजनों से जान का खतरा बताया

**राठ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रेमिका परिजनों के डर से घर छोड़कर प्रेमी के साथ शादी करने के लिये भटक रही है। आज प्रेमी युगल ने राठ कोतवाली में पहुंच कोतवाल से परिजनों द्वारा जान माल का खतरा बताते हुये शादी कराने की गुहार लगाई है। इसके बाद प्रेमी युगल वहां से चले गये।

कल राठ कोतवाली में आये प्रेमी युगल पुलिस से परिजनों द्वारा जान माल का खतरा बताते हुये शादी कराने की गुहार लगाते रहे। कोतवाली में युवती ने आरोप लगाते हुये बताया कि उसके माता-पिता ने उसे दो दिन कमरे में बंद रखा और उसके साथ मारपीट की थी। जिसके बाद वह रात्रि में परिजनों को बिना बताये अपने प्रेमी के साथ घर से भाग आई। आरोप लगाया कि उसके माता पिता उसे मारने की फिराक में है। वहीं युवक ने बताया कि वह दो दिनों से शादी के लिये भटक रहा है। लेकिन शादी कराने में उसका कोई नहीं है। जिससे वह यहां वहां भटक रहे है।

## क्विक न्यूज

### चोरी की बालू ले जाते ट्रैक्टरों समेत चार दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर अवैध खनन की रोकथाम को पहाडी थानाध्यक्ष सोनू कुमार सिंह की टीम ने बगीचा घाट सिंधौली से चार लोगों को पकड़कर चोरी की बालू ले जाते ट्रैक्टर समेत दबोचा है। सोमवार को पहाडी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की टीम ने सिंधौली गांव के बगीचा घाट में छापेमारी कर कामता द्विवेदी, पवन कुमार, अमित कुमार पुत्रगण केशव प्रसाद व सुरेश राजपूत पुत्र फक्कड़ निवासी सिंधौली मजरा भानपुर को विभिन्न नम्बरों के ट्रैक्टरों से अवैध खनन की बालू चोरी से दे जाते दबोचा है। सभी लोगों के खिलाफथाने में बालू चोरी व माल बरामद तथा खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्जकर ट्रैक्टरों को सीज किया है।

### स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने लगाई चौपाल

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 136वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने ध्वजारोहण कर कहा कि कांग्रेस की विचारधारा व नीतियों को गांव-गांव पहुंचाने की योजना के तहत कई विधानसभा के लोढवारा गांव से कांडीखेरा तक सफर किया। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने लोढवारा गांव में चौपाल लगाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों बताई। केन्द्र व राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों को उजागर किया। प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू की अगुवाई में सूबे में जनजागरण कर किसानों की समस्यायें उठाई जा रही हैं। किसानों के हर मुद्दे पर कांग्रेस साथ है।

### बांदा में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, संपत्ति जली

**बांदा।** थाना क्षेत्र के गोखरही गांव में शॉर्ट सर्किट के चलते रिहायशी मकान में आग लग गई। इससे घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गोखरही गांव निवासी श्रीकृष्ण पुत्र छोटू श्रीवास के घर में आग लग गई। उसका परिवार सो रहा था। तड़के 3 बजे खपरैल आग से धधक उठा। धुआं व आग देखकर परिवार के लोगों ने शोर मचाया। आसपास के लोग दौड़ पड़े। बगल में लगे सबमर्सिबल पंप चलाकर आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखा अनाज कपड़े गृहस्थी का सामान जल गया। एक मवेशी की भी जलकर मौत हो गई। हल्का लेखपाल ने अग्निकांड से हुए नुकसान का जायजा लिया है। शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। समाजसेवी अतुल अर्जुन सिंह ने दैवीय आपदा से पीड़ित परिवार की मदद की मांग प्रशासन से की है।

### दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** क्षेत्र के पढ़ोरी गांव के पीड़ित ने दबंगो की शिकायत पुलिस से की है। गांव के निर्देश सिंह (प्रकाश) ने पुलिस को बताया कि गांव के ही दबंग रघुवीर सिंह, सबल सिंह, रामनरेश सिंह, वीर सिंह, आदि लोगों आए दिन गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करते हैं।जिसके कारण घर से निकलना एवं बाहर जाना दूभर हो गया है। पीड़ित ने बताया कि सभी दबंग जान से मारने की धमकी देते हैं और कहते हैं कि तुम्हें और तुम्हारे परिवार को गांव में नहीं रहने देंगे।पीड़ित ने बताया कि बीते दिन सभी दबंगों ने मेरे साथ मारपीट की थी। पीड़ित ने बताया कि यह सभी लोग अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, जिससे गांव के सभी व्यक्ति इनके विरुद्ध बात करने से डरते हैं, यदि कोई इनकी शिकायत करता है तो उसके साथ मारपीट एवं गालीगलौज करते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की मिट्टी उठाने में दबंग डाल रहे रोड़ा

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में ठेकेदार के साथ गांव के दबंग ने गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। ठेकेदार ने दबंग पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद गौतमबुद्ध नगर ग्रेटर नोएडा निवासी अनूप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में ठेकेदार है। वह गिधौसा से सालाबाद तक निर्माण कार्य कर रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में अम्मरगढ़ गांव के रोहित आदि कुछ दबंग व्यवधान कर रहे हैं। दबंग अक्सर साइट पर आकर मजदूरों के साथ अभद्रता करते हैं। डंपर चालकों की चाबी छीनकर उन्हें परेशान करते हैं। पता चलने पर जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो वह उनके साथ भी गाली, गलौज करने लगे। ठेकेदार ने दबंग पर रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया। वहीं पीड़ित ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक की हत्या कर शव को फेंका

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत 11 माह पूर्व प्रेम प्रसंग के विवाद को लेकर गांव के ही तीन लोगों ने मारपीट कर हत्या करने के उपरांत शव को फेंक दिया था। पीड़ित मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम मकरंदनगर बसा निवासी कमला देवी पत्नी राम चंद्र द्वारा कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमें में कहा गया है कि विगत 3 जनवरी की सुबह प्रेम प्रसंग के विवाद को लेकर गांव के ही सुलोचना, ओमा, अमित पाल ने उसके पुत्र दलबीर की लाठी-डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी और शव को लालपुर पुलिया के पास फेंक दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### हैंडपंप रीबोर कराने को लेकर हुये विवाद में मारपीट

**जालौन (उरई)।** हैंडपंप के रीबोर कराने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी द्वारा गाली, गलौज व मारपीट करने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी ज्ञान सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके घर के बाहर हैंडपंप लगा है। जिस पर मोहल्ले के लोग पानी भरते हैं। कुछ समय पूर्व हैंडपंप खराब हो गया था। जिसको रीबोर कराने की आवश्यकता है। हैंडपंप को रीबोर कराने के लिए वह मोहल्ले के लोगों के साथ बात कर रहा था। तभी वहां गांव के ही भारत सिंह आ गए और रीबोर कराने को लेकर विवाद करने लगे। जब उसने समझाया कि रीबोर कराने से सभी का फायदा ही होगा। इस बात को सुनकर उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट भी कर दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### अनियंत्रित ट्रक पलटा

**जालौन (उरई)।** अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने के चक्कर में गिट्टी से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा। हादसे में चालक बाल बाल बचा। सुबह लगभग 5 बजे एक ट्रक झांसी से कन्नौज गिट्टी लादकर जा रहा था। तभी भिटारा गांव के पास अचानक ट्रक के सामने आवारा पशु आ गया। जब ट्रक चालक मलखान ने आवारा पशु को बचाने का प्रयास किया तो वह ट्रक से संतुलन खो बैठा और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गिट्टी सड़क पर बिखर गई। गति अधिक न होने के कारण चालक बाल बाल बच गया। क्रेन को बुलाकर ट्रक को उठाया गया।

### मारपीट कर धमकी देने की शिकायत एसडीएम से की

**कोंच(जालौन)।** ग्राम अर्जुनपुरा निवासी नवलसिंह पुत्र प्यारेलाल ने सोमवार को एसडीएम अशोक कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते रोज उसके बेटे राजपाल के साथ ग्राम कुरचौली निवासी रानू पुत्र रतन सिंह ने गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी जिससे वह परेशान है व काफी डरा हुआ है।नवल सिंह ने एसडीएम से उक्त घटना को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## बांदा में चोर की गोली से घायल की मौत

**बांदा।** देहात कोतवाली के जमालपुर गांव में चोरों ने योगेंद्र की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। वहीं पास सो रहे छोटे भाई धर्मेंद्र सिंह ने खटपट सुनकर चोरों को ललकारा। चोर भागने लगे। पीछा करने पर चोरो ने धर्मेंद्र को गोली मार दी। पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। ट्रामा सेंटर से कानपुर रेफर कर दिया गया। बीती रात इलाज के दौरान धर्मेंद्र की मौत हो गई। चोरों की गोली लगने से इलाज के दौरान व्यापारी के भाई की मौत हो गई। जमालपुर गांव में 13 दिसंबर की रात चोरों ने योगेंद्र की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने की नीयत से घुसे। पास सो रहे छोटे भाई 27 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह (राजा) निवासी जमालपुर ने चोरों को ललकारा। चोर भागने लगे इतने में बाइक से धर्मेंद्र सिंह ने चोरों का पीछा किया। तभी चोरों ने गोली मार दी। पुलिस ने घायल को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। ट्रामा सेंटर से कानपुर रेफर कर दिया। बीती रात इलाज के दौरान मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

# गांजा तस्करी में पुलिस को दो महिलाओं को पांच तस्करों की तलाश जारी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा कस्वे में पुलिस द्वारा पकडे गये 132 किलोग्राम गांजे मे पुलिस को इस तस्करी में दो महिलाओ समेत पांच आरोपियों को शामिल होने का मामला पुलिस के सामने आया है, पुलिस सभी की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस की हिरासत में आरोपी ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया है। कोरोना काल में ट्रेनो के आवागमन कम होने से ट्रको व अन्य वाहनों से गांजे की तस्करी की जा रही है। कल अज्ञात ट्रक में पकडा गया 132 किलो गांजे के साथ बादा जिले के पैलानी निवासी रमेश गुप्ता के रहस्य खोलने से पुलिस एक दम भौचक्की रह गयी है। तस्कर ने पूछताछ मे पुलिस को बताया कि यह गांजा आंध्र प्रदेश से खरीद कर कंटेनर ड्राइवर के सहयोग से रखा गया था। यहाँ से छोटे वाहन में ले जाकर इसे तिंदवारी व बांदा में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करना था। बिंवार थाना क्षेत्र के गांव कुनेहटा निवासी कंटेनर चालक जितेंद्र कुमार पुत्र रामबाबू, बांदा जनपद के थाना तिंदवारी के बेंदाघाट निवासी बबलू गुप्ता पुत्र अज्ञात, बांदा जनपद के तिंदवारी थाना के गांव गरौती निवासी निलेश एवं रमेश गुप्ता तथा बबलू गुप्ता की पत्नी व नीलेश की पुत्री शामिल हैं।पुलिस ने रमेश गुप्ता को आज जेल भेज दिया है एवं फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मौदहा, बांदा सहित आसपास के क्षेत्रों में विगत कई वर्षो से गांजा की सप्लाई बड़े पैमाने पर होती है।यहाँ पर लगातार दुर्ग ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों से छत्तीसगढ़ व अन्य प्रांतों से गांजा की.तस्करी होती रही है लेकिन इधर ट्रेनों के अभाव के कारण तस्करों ने नये तरीके अख्तियार कर लिए हैं जिसके चलते कंटेनरों तथा लांगरुट के ट्रकों एवं छोटी बड़ी गाड़ियों में गांजा की तस्करी होती है। छत्तीसगढ़, बिहार, आंध्रप्रदेश से आने वाले गांजा को क्षेत्र में पंद्रह से पच्चीस हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाता है।इस कारोबार में सक्रिय कस्बा मौदहा सहित आसपास के तस्करों को पुलिस कई बार जेल भेज चुकी है।इसके बावजूद यह धंधा दिन दूना रात चौगुना फलफूल रहा है।

# पद यात्रा निकालने से रोका तो कांग्रेसियों ने दी गिरफ्तारी

## ● बुंदेलखंड में गायों की दुर्दशा पर आवाज करेंगे बुलंद:अनुज

**उरई ( जालौन )।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी के आवाहन पर प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निरदेश पर उत्तर प्रदेश की गौशालाओं में लगतार हो रही गौवंश की हत्याओं को लेकर किसान बचाओ गाय बचाओ पद यात्रा को लेकर जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुज मिश्रा के नेतृत्व में पूर्व कालपी विधायक सुरेंद्र सिंह सरसेला एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी की मौजूदगी में कस्बा आटा में पद यात्रा निकाली।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा ने कहा कि यूपी सरकार चाहे जितनी भी रुकावट डाले, चाहे जितनी भी गिरफ्तारियां कर लो हम बुंदेलखंड में गाय बचाओ, किसान बचाओ की आवाज हमेशा उठाते रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार में गौशालाओं में गायों की दुर्दशा को सामने लाना एवं गोवंश को सरंक्षित करना हम सबका कर्तव्य है। पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि भाजपा सरकार गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपयों का वारा-न्यारा कर रही है लेकिन गौशालाओं में गायों की मौत हो रही है। योगी सरकार इस सच्चाई को छिपाने के लिए गड्ढे खुदवाकर उसमें गायों को फिंकवा देती है। पूर्व विधायक कालपी सुरेंद्र सिंह सरेसला ने कहा कि जहां हमारी गाय गौशालाओं में मर रही है वही उधर बुंदेलखंड का किसान बुरी तरह परेशान है। कर्ज का बोझ किसान को रोज दबा रहा है। फसलों का दाम नहीं मिल रहा है। आवारा पशुओं की वजह से किसान के पूरे परिवार के 24 घंटे खेत में बिताने को मजबूर हो रहे हैं। पूर्व ब्लॉक पुख कुठौन्द अशोक द्विवेदी, कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर ने कहा कि किसान और गोवंश दोनों पर सरकार की लापरवाही से गहरा प्रहार हो रहा है। सेवादल जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला एवं उपाध्यक्ष सिद्धार्थ दिवौलिया ने कहा कि आज इस निकम्मी सरकार के सामने ये सवाल उठाना जरूरी है। जब करोड़ों रुपए गाय के नाम पर आ रहे हैं तो गौशालाओं की यह दुर्दशा क्यों है। महासचिव दिपांशु समाधिया एवं सचिव राघवेंद्र तिवारी, अमित पांडेय पूर्व प्रदेश महासचिव ने सरकार से प्रश्न किया कि क्यों गायों को ऐसे मरने के लिए छोड़ दिया गया है। इन्हीं सब सवालों के साथ कांग्रेस पार्टी की गाय बचाओ, किसान बचाओ यात्रा जिला जालौन के आटा कस्बे में निकाली गई जिसमें जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह सरसेला, सेवादल जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी। जिसमें जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा, बृजलाल खाबरी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक धीरेन्द्र शुक्ला सेवादल जिलाध्यक्ष, रेहान सिद्दकी उरई शहर अध्यक्ष, जॉइंट सिकरेट्री उप्र युवा काँग्रेस, बसारत हुसैन, संतोष चौहान, देवेंद्र सिंह बनाफर, दिलीप राजपूत आदि सैंकड़ो कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से विवाहिता की मौत, बहनोई घायल

**बांदा।** तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार विवाहिता की मौत हो गई। जबकि उसका बहनोई घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपित चालक वाहन समेत घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस चालक का पता लगा रही है। पैलानी कस्बे के ग्राम अदरी निवासी दिलशाद खां की 18 वर्षीय पत्नी अफसरी अपने बहनोई 25 वर्षीय तौकीर ग्राम मोहम्दाबाद जिला फतेहपुर के साथ इलाज कराने बिदकी कस्बे गई थी। वहां से रविवार शाम बाइक पर दोनों अदरी गांव जा रहे थे। रास्ते में चिल्ला थाना क्षेत्र के ग्राम पलरा के पास बहनोई ने किसी काम के लिए बाइक रोकी थी। इसी बीच पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर की उन्हें टक्कर लग गई। हादसे में विवाहिता अफसरी की मौके पर मौत हो गई। उसका बहनोई घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर गई। जहां बहनोई का चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रहा है। बहनोई ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। पांच बहनों में वह तीसरे नंबर की है। हादसे से स्वजल बेहाल हैं। चिल्ला थाना प्रभारी गोपाल दुबे ने बताया कि जिस डंपर से दुर्घटना हुई है। उसका कोई नंबर नहीं नोट कर पाया है। डंपर व उसके चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पुलिस के नोडल अधिकारी ने किसानों से बात कर बनाया बीडियो

**हमीरपुर।** कलक्ट्रेट प्रांगण में धरने में बैठे आज तड़के पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी बीआर मीणा ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की और वीडियो बनाया। नोडल अधिकारी ने किसानों से पूछा कि क्या उनको बिल के बारे मे कोई जानकारी है इस पर किसानों ने कहा कि इस मामले में कोई जानकारी नही है जब तक दिल्ली में किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा तब तक वह अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे रहेगे।

भाकियू यूनियन का धरना प्रदर्शन आज आठवे दिन जारी रहा। कड़कड़ाती सर्दी में बैठे किसानो से आज तड़के नोडल अधिकारी ने संगठन के जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह के उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से पूछा इस पर श्री राजपूत ने कहा कि किसानों की समस्याओ को कोई सुनने वाला नही है, आज तक धरना स्थल पर कोई नही आया है। न ही आज तक किसी ने कोई समस्याएं पूछी है। राजपूत ने कहा कि एआरटीओ की मिली भगत से ओवरलोड चल रहा है। कृषि विभाग किसानों को किसी भी योजना की जानकारी नही देता है। सिचाई की समस्या के चलते किसानों का उत्पादन आय दिन घटता जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बडे काश्तकार धरना पर नही आते है जब कि छोटे किसानों का उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। किसानो से साफकहा कि जब तक दिल्ली मे किसानों का धरना जारी रहेगा तब तक वह धरना स्थल से नही उठेगे इसके लिये उन्हे चाहे जितना क्यो न संघर्ष करना पडे। किसानों ने आज भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मोदी की नीतियों को जमकर कोसा। किसानों ने बताया कि मौदहा बांध मे पानी न होने से सिचाई की बहुत ही समस्या आती है।

# वरासत दर्ज करने पर लेखपाल को चार्जशीट देकर विभागीय कार्रवाई के दिए आदेश

## ● ग्राम पंचायत अधिकारी जल्ला से मांगा स्पष्टीकरण


गौशाला का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

**हमीरपुर।** जनपद के नोडल अधिकारी रवि कुमार एनजी ने आज कुरारा मंडी स्थल पहुँचकर धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया तथा धान बेचने वाले किसानो से फोन में बात कर फीडबैक लिया। नोडल अधिकारी ने कुरारा विकासखंड के जल्ला ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर वहां की साफ-सफाई, सैनिटाइजेशन, आवास, राशन व्यवस्था, शौचालय, खड़ंजा, नाली निर्माण आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वरासत के प्रकरणों की समीक्षा पर तीन वर्ष से अधिक पुराने वरासत दर्ज न करने पर नोडल अधिकारी ने जल्ला के लेखपाल को चार्जशीट देकर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय से वरासत दर्ज करना लेखपाल का मूल कार्य है इसमे कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौशाला का प्रबंधन ठीक ढंग से न करने पर नोडल अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी का स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए तथा उसके विरुद्ध शिकायत की तथा ग्राम पंचायत के कार्यों की परियोजना अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी रवि कुमार ने कोविड-19 की वैक्सीनेशन की तैयारियों की समीक्षा में कहा कि वैक्सीनेशन के पूर्व फ्रंटलाइन वर्करों आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों आदि के माध्यम से जनपद की जनसंख्या के अनुसार चरणबद्ध ढंग से वैक्सीनेशन की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सेंटर पर सीसीटीवी और अग्निशमन की भी पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। ब्लॉक स्तर पर कोल्ड चेन बनाए रखने हेतु हर तैयारी पूर्ण कर ली जाए।

# टीकाकरण के बाद भी कोविड का करना होगा पालन: डॉ. के. स्वरूप

**कन्नौज।** कोरोना वैक्सीन का इंतजार जल्द ही समाप्त होने वाला है, लेकिन वैक्सीन आने और लगने के तुरंत बाद मास्क लगाने से आजादी मिलने वाली नहीं हैं। कोरोना वैक्सीन लगने के बाद भी लोगों को मास्क लगाना जरूरी होगा, क्योंकि वैक्सीन लगने के बाद भी उसके किसी भी तरह के परिणाम आने में समय लगेगा।

यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.स्वरूप का। उन्होने बताया कि कोरोना से बचने का संकल्प लेकर सावधान व सजग रहना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन सभी उपायों को अमल में लाएं जो कोरोना से बचाव के लिए जरूरी हैं। मास्क को अपना सबसे बड़ा हथियार समझें, जो बिना मास्क के घूम रहे हैं उन्हें भी मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.गीतम सिंह ने बताया कि नए वर्ष में टीका आने की उम्मीद है। कोरोना टीका लगने के बाद भी सबको एहतियात बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने में कुछ भी गलत नहीं है। इससे बचने के उपाय भी अधिकांश लोग जान चुके हैं जैसे कि मास्क पहनना, हाथ धोना और भीड़-भाड़ भरे इलाके से बचना यह हमें कोरोना के साथ-साथ अन्य बीमारियों से बचाता है। जिससे संक्रमण के फैलने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। डा.सिंह ने बताया कि टीकाकरण अभी अपने शुरुआती चरण में होगा। हमारे सामने जनसंख्या और अन्य चुनौतियां हैं। सभी को टीका लगने में काफी समय लगेगा। इसके बाद ही हम सब वायरस से सुरक्षित हो पाएंगे। यह पता लगाना सभी के लिए बहुत मुश्किल है कि किस व्यक्ति को वैक्सीन लगी है और किसे नहीं। इसलिए वैक्सीन के बाद भी सभी का मास्क पहनना और शारीरिक दूरी का पालन करना बेहद जरूरी है। ताकि वैक्सीन के बाद कोरोना को रोका जा सकें। उन्होंने बताया कि हमें अभी यह नहीं पता कि वैक्सीन हमें कितने समय तक वायरस से बचा सकती है। ऐसे में जब तक सकारात्मक नतीजे आने शुरू न हो जाएं, मास्क पहनना जरूरी होगा।

## धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**कोंच( जालौन )।** थाना नदीगांव पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले के मुताबिक थाना नदीगांव में पदस्थ उप निरीक्षक दिनेश कुमार गिरि ने सिपाही लाल साहब शुक्ला, ओमप्रकाश पाल,लेखराज सिंह व महिला सिपाही अनु के साथ मिलकर सोमवार की सुबह करीब 5 बजे गस्त के दौरान समीपवर्ती मध्यप्रदेश की सीमा से पहले राजू कोरी पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम बरूआ थाना रावतपुरा भिंड को गिरफ्तार कर लिया।बिदित हो कि राजू कोरी के खिलाफ बीती 5 दिसंबर को राजकुमार पुत्र उदयभान निवासी गोपालपुरा ने राजू समेत 4 लोगों के खिलाफ उससे धोखाधड़ी कर साढ़े तीन लाख रुपये हड़प लेने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा था जिसको लेकर पुलिस ने राजू समेत 4 आरोपियों के खिलाफ दफा 406,420 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# गरीबों को नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ: मीरा भारती


डीएम को ज्ञापन देने जाती सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी मीरा भारती आदि।

**चित्रकूट।** सरदार सेना ने मानिकपुर तहसील के माराचन्द्रा के मजरा ऊंची, गेडवारी, धोबहरा के किसानों को सम्पर्क मार्ग व पानी की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि गांव में सरकार की किसी योजना का गरीब जनता को लाभ नहीं मिल रहा है। सोमवार को सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी मीरा भारती व मंडल प्रभारी मोहित भाई पटेल, कृष्ण कुमार वर्मा, दादूराम वर्मा, बोधी, गोमती, मुन्नी, ऊषा, राजा भइया, राजेन्द्र, रामऔतार, छोटेलाल, रामसनेही, भानुप्रताप आदि ने जिलाधिकारी से भेंटकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि गरीब जनता जंगल के तेंदूपत्ता व महुआ बीनकर जीवनयापन करते हैं। नाले का पानी पीकर जीते हैं। तीन किमी दूर से पानी लाते हैं। सभी नल बिगडे पड़े हैं। पांच किमी दूर कोई सम्पर्क मार्ग नहीं है। गांव में किसी के बीमार पडने पर एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती। सरदार सेना ने गांव में बुनियादी सुविधायें सुलभ कराने की जिलाधिकारी से मांग की है। इस मौके पर भानुप्रताप, रामचरन, मूलचन्द्र, छोटी देवी, राजेश्वरी, राजकुमारी, मेधवा देवी, हीरामनी, भगुनिया, शिवकुमारी, गीता, सुमन, लक्ष्मिनिया आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पद यात्रा में शामिल होने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## ● पंचानन चौराहा से की गई गिरफ्तारी, शांति भंग की हुई कार्यवाही

## ● मुचलके पर छोड़े गए कांग्रेस कार्यकर्ता


पुलिस हिरासत में कांग्रेस कार्यकर्ता।

**संवाददाता।** कोंच( जालौन )

**भारतीय** राष्ट्रीय कौंग्रेस की महासचिव, उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में पार्टी द्वारा निकाली जा रही गाय बचाओ किसान बचाओ पद यात्रा में शामिल होने के लिये सोमवार को आटा टोल प्लाजा पर जा रहे 11 कौंग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रभारी निरीक्षक इमरान खान व मंडी चौकी प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर पंचानन चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए पद यात्रा में जाने की जिद पर अड़े रहे जिसके बाद पुलिस ने पालिकाध्यक्ष डॉ सरिता वर्मा, निवर्तमान नगर अध्यक्ष प्रभुदयाल गौतम, पीसीसी सदस्य मुहम्मद अहमद, अखिल वैध, सभासद अनिल पटैरिया, जाहिद, अहमद खां, प्रमोद शुक्ला, रवि गौतम, राजेन्द्र निगम, हाजी नसरुल्ला को गिरफ्तार कर लिया और सभी को कोतवाली ले आये।कोतवाली में काफी देर बैठाने के बाद पुलिस ने उक्त सभी कार्यकर्ताओं के खिलाफ शांति भंग सहित 107/116 की कार्यवाही कर दी जिसके बाद एसडीएम ने 50-50 हजार रुपये के मुचलके पर सभी कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया। वहीं कोतवाली में पालिकाध्यक्ष सहित अन्य कौंग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है और कांग्रेस पार्टी किसानों के हक की इस लड़ाई में हमेशा साथ खड़ी रहेगी।

# अपूर्णनीय क्षति है सत्यदेव सिंह का निधनः मुख्यमंत्री

हेमन्त पाठक। गोंडा



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ ने सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रहे स्व. सत्येदव सिंह के तेरहवीं कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित कर परिवारीजनों को अपनी ओर से संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें सान्त्वना दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्थानीय सर्किट हाउस में देवीपाटन मण्डल के सांसद लोक सभा/राज्य सभा, सदस्य विधानसभा व विधान परिषद तथा जिलाध्यक्ष क्षेत्रीय अध्यक्ष व महांमंत्रीगणों के साथ बैठक भी की।

तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री योगी ने स्व0 सत्येदव सिंह के आकस्मिक निधन को विचाराधारा, संगठन और प्रदेश की अपूर्णनीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि स्व0 सत्यदेव सिंह ने जीवन पर्यन्त मूल्यों, आदर्शों और एक विचार धारा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। संगठन के एक समर्पित कार्यकर्ता से संसद तक उनकी पूरी जीवन यात्रा रचनात्मकता की जीवन कथा रही। उन्होंने उनकी धर्मपत्नी स्व0 सरोज रानी सिंह के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विचारधारा को उनके साथ मिलकर आगे बढ़ाने में जो योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। मुख्यमंत्री ने दोनों दिवगंत आत्माओं को अपनी ओर से श्रद्धान्जलि अर्पित कर कहा कि मां पाटेश्वरी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर उपराज्यपाल जम्मू-कश्मीर मनोज सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री सहकारिता मुकुट विहारी वर्मा, मंत्री स्वास्थ्य जय प्रताप सिंह, सिंचाई मंत्री डॉ0 महेन्द्र सिंह, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, सांसद गोण्डा कीर्तिवर्धन सिंह, सांसद बस्ती हरीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष सूर्य नरायण तिवारी, अवध प्रान्त अध्यक्ष शेष नरायन मिश्रा, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल, वैभव सिंह, मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला, शारदाकान्त पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर आयुक्त देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, एसपी आदि मौजूद रहे।

# दलितों ने अधिवक्ता के परिवार पर बोला हमला

संवाददाता। सुल्तानपुर

**दर्जनों** दलित लामबंद हो अधिवक्ता परिवार पर धावा बोल दिए। हमलावर पीड़ित के घर में घुस गए। माता पिता व पत्नी बहन को पीट पीट कर लहूलुहान कर डाले। फिलहाल पुलिस ने अधिवक्ता के पिता की तहरीर पर जान लेवा हमला, घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए दर्जनभर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। उधर, बार अध्यक्ष नागेंद्र सिंह का कहना हैं जिलेभर के अधिवक्ता साथ हैं। पुलिस अधिवक्ता परिवार पर दबाव बनाने के लिए मुकदमा लिख कर गलत किया हैं। जिसकी लड़ाई लड़ी जाएगी। मामला कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के झौववारा गांव का हैं। जहां पर पीड़ित जय प्रकाश पांडेय की बाग की जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास करना चाह रहे थे।जबकि इस भूखंड का सिविल न्यायालय से स्थगनादेश भी पारित है।फिलहाल दी गई तहरीर में आरोप लगाया हैं कि गांव के महन्थ राम ,प्यारेलाल, मोहित लाल, हरिशंकर ,राहुल ,गोवर्धन, रामजीत, रामअवध, राजकुमार, पिंटू, शिवकृपाल, विजय समेत कई दर्जन लोग लाठी डंडे, कुल्हाड़ी व मशाल लेकर धावा बोल दिये। गाली गलौज सुन पीड़ित जैसे ही घर की ओर भागना चाहा तो हमलावर घर मे घुसकर मारना शुरू कर दिए। मां व बहन बचाने पहुंची तो उन्हें भी मारे पीटे। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दलितों ने पीड़ित के छप्पर व भूसैले में भी आग लगा दी। आगे इस तरह की घटना न हो तब से पुलिस की एक पिकेट मौजूद हैं।पुलिस ने दलित की ओर से अधिवक्ता परिवार के कई लोगो के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले को और भी तूल पकडा दिया हैं। एक पक्ष से दर्जन भर लोगो को पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेज दिया हैं।

गांव के दर्जनों दलित भी प्रार्थनापत्र देकर रिपोर्ट कराने की मांग की थी। जिस पर एसटी एससी का मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज कर लिया गया हैं। फिर भी सोमवार को दर्जनों दलितों ने शहर में प्रदर्शन कर मेडिकल कराने की मांग एसपी से किया हैं।

### एटा में अधिवक्ता के साथ पुलिसिया उत्पीड़न से रोष

**सुलतानपुर।** एटा में अधिवक्ता के साथ किए गए पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ अखिल भारतीय अधिवक्ता महासभा के जिलाध्यक्ष शेख नजर के नेतृत्व में वकीलों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस की यह बर्बरतापूर्ण कार्यशैली हरगिज बर्दाश्त नही की जाएगी। कहा कि अधिवक्ता राजेन्द्र शर्मा व उनके परिवार के साथ किया गया बरबरतापूर्ण कार्य बेहद शर्मनाक है। इस कार्य में शामिल पुलिस कर्मियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में जिसमें आजाद अहमद, संजय गोस्वामी, अली जाफरी, दीप्ती रानी, शकील, संदीप, अकबर, नमन, आशीष, दिलशाद तथा अन्य लोग शामिल रहे।

# अपर मुख्य सचिव के निरीक्षण में मिली खामियां



संवाददाता। सुलतानपुर

**धान** का समर्थन मूल्य पाने के लिए परेशान किसानों की समस्याएं देखने सोमवार को जिले में पहुंची अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार ने अफसरों के चश्मे से निरीक्षण किया। अमहट स्थित मंडी समिति के धान क्रय केंद्र पर अभिलेखों एवं खरीद की पडताल की, लेकिन कहीं खामियां नजर नहीं आई। जबकि इससे पूर्व डीएम रवीश गुप्ता एवं भाजपा नेता रामभुवन मिश्रा ने कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया था तो केंद्र प्रभारियों की मनमानी उजागर हुई थी।

शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं बेसिक शिक्षा विभाग रेणुका कुमार ने मंडी समिति मंडी अमहट में संचालित धान क्रय केन्द्रों पर की जा रही धान क्रय सम्बन्धी समीक्षा बैठक करने के पश्चात धान क्रय केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मण्डी क्रय केन्द्रों पर नमी मापक यंत्र, कांटा, पावर विनोइंग मशीन, जनरेटर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। मौके पर कृषक सुयस नारायन, निवासी विसानी केंद्र पर तौल कराने आए हुए थे, जिनसे नोडल अधिकारी ने क्रय संबंधी जानकारी ली। कृषक द्वारा बताया गया कि मण्डी के क्रय केन्द्र पर किसी प्रकार की किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी नहीं आ रही है। नोडल अधिकारी श्रीमती रेणुका कुमार ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि शेष किसानों का भुगतान अतिशीघ्र कराया जाय। उन्होंने खाद्य विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्र मण्डी का भी निरीक्षण किया। वहां भी सबकुछ ठीक मिला। केंद्र प्रभारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित मिले। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, सीडीओ अतुल वत्स, एडीएम (वि0रा0) उमाकांत त्रिपाठी, सीआरओ शमशाद हुसैन, एसडीएम सदर रामजीलाल, सीओ सिटी सतीशचंद्र शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, मंडी सचिव हीरालाल, प्रभारी डिप्टी आरएमओ रामकुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व अपर मुख्य सचिव ने एल-2 कोविड-19 हास्पिटल ट्रामा सेंटर एवं गौशाला अमहट का निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

### लेखपाल ने नही दर्ज की वरासत

**सुलतानपुर।** मुख्य सचिव रेणुका कुमार ने वरासत अभियान के अंतर्गत ग्राम बनकेपुर व ग्राम लाखीपुर का निरीक्षण किया। बनकेपुर में कुल 37 मृतक व ग्राम लाखीपुर में 15 मृतक पाए गए। बनकेपुर में अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि अभी तक 37 लोगों का वरासत दर्ज नहीं हुई है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहाकि इससे प्रतीत होता है कि क्षेत्रीय लेखपाल ने लापरवाही की है, परंतु अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत शासन के मंशानुरूप आप सभी का कार्य प्राथमिकता पर होगा। अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। नोडल अधिकारी द्वारा वरासत अभियान के अन्तर्गत ग्राम बनकेपुर में उपस्थित व्यक्तियों में से 20 पात्र व्यक्तियों को तथा ग्राम लाखीपुर में उपस्थित व्यक्तियों में से 11 पात्र व्यक्तियों को कम्बल वितरित किया गया।

## चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द मौर्य के निर्देश पर जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसिला प्रसाद के निर्देशन मे थाना प्रभारी थाना कोतवाली भिनगा द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 425.2020 धारा 379 भादवि से संबंधित चोरी गए ट्रैक्टर व ट्रॉली के साथ अभियुक्त रमेश कुमार वर्मा पुत्र वंशराम निवासी बढ़ईगांव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर किया गया। तलाशी के दौरान इसके कब्जे से नाजायज 1 किलो 100 ग्राम नाजायज चरस भी बरामद किया गया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**श्रावस्ती।** भिनगा. संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के तत्वाधान में पुलिस लाइन में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक राम स्वार्थ शुक्ला की देख.रेख में कई रिक्रूट आरक्षियो ने रक्तदान किया।

# किसानों से सीधे धान, गन्ना की खरीद की जाएः आलोक टण्डन

संवाददाता। रायबरेली



**जनपद** के नामित नोडल अधिकारी अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन ने अपने तीन दिवसीय भ्रमणध्निरीक्षण के दुसरे दिन जनपद में धान-गन्ना क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंगागंज, हरचन्दपुर, मील एरिया, अमावा सहित शहर गल्ला मण्डी में बनाये गये धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों से सीधे धान क्रय किया जाए तथा बिचौलियों के माध्यम से किसी भी प्रकार की खरीदारी पर शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन ने गंगागंज व हरचन्दपुर क्षेत्र के धान क्रय केन्द्र पर धान बेचने आये किसानों से संवाद किया तथा उनके आधार आईडी आदि का मिलान रजिस्टर से किया। किसानो जो धान क्रय केन्द्रो पर बेचने आये हुए थे उनका आधार व टोकन रजिस्टर से मिलान किया कुछ किसानों टोकन पुराना नम्बर पाा गया व कुछ का आगे का नम्बर तथा जिस पर किसानों ने बताया कि यदि भीड़ नही होती है तब धान क्रय केन्द्र प्रभारियों से अनुरोध कर बेचने का प्रयास किया जाता है। महिला किसान उमा देवी, विद्यादेवी, संत प्रसाद आदि का रेंडम टोकन रजिस्टर से मिलान भी करवाया। इसी प्रकार आयुक्त ने मील एरिया, गल्ला मण्डी स्थित धान क्रय केन्द्रों को निरीक्षण किया उन्होंने केन्द्र प्रभारी व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसाना से धान क्रय करने के दौरान आधार कार्ड आदि कागजात अवश्य देख लें।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया गिरफ्तार



संवाददाता। श्रावस्ती

**सोमवार** को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय भिनगा स्थित कार्यालय पर पार्टी का 136वाँ स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह के निर्देशानुसार गाय बचाओ.किसान बचाओ का नारा देकर पांच किलो मीटर पैदल चलकर पार्टी के नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। कांग्रेसियों के इस प्रयास पर पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी समेत कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन स्थित अस्थाई जेल ले गयी। जहां पर सबको चार घण्टे तक रखने के बाद पुलिस ने सबको छोड़ दिया। इस मौके पर रमाकांत त्रिपाठी पप्पू यादव अमन पाण्डेय चन्द्रपाल यादव असम खान भरत लाल यादव पवन पाण्डेय एवं सरोज पाठक समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एऔद्योगिक .व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्टेऊ सभागार भिनगा श्रावस्ती में सम्पन्न हुयी। जिसमें विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी जिसमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 27 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 32 तथा ओ0डी0ओ0पी0 में 10 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृत प्रदान की गयी। स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों परअतिशीघ्र ऋण वितरण कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग को दिये गये साथ ही आगामी बैठक में सचिव मण्डी परिषद बहराइच उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये जिससे उनसे सम्बन्धित बिन्दुओं पर चर्चा किया जा सके। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा व नगर पंचायत इकौना को नगर क्षेत्र मे साफसफाई व अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, छह मावेशी झुलसे एक की मौत

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)



**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत खरहरा मजरे सीवन में अज्ञात कारणों से लगी आग से आधा मवेशी झुलस कर गम्भीर रूप से जख्मी हो गए, जिनमें से एक बछड़े की दर्दनाक मौत हो गई,वहीं पांच की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत खरहरा मजरे सीवन में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे उस समय गांव में अफरा - तफरी मच गई जब अचानक खरफूस से बना सत्रोहन का झोपड़ा जलने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण दौड़ते अग्नि और प्रचंड हो गई और देखते ही देखते पूरा झोपड़ा धू-धू कर जलने लगा। थोड़ी दूरी पर काम कर रहे मनरेगा श्रमिकों एवं ग्रामीणों ने दौड़कर कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। किंतु जब तक आग पर काबू पाया जाता आग में झुलस कर चार गायें और दो बछड़े गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। झुलसे 2 बछड़ों में से एक बछड़े की कुछ ही पलों में तड़प-तड़प कर मौत हो गई। वहीं चार मवेशियों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पाकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे शिवगढ़ पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर जावेद आलम ने झुलसे हुए सभी मवेशियों का इलाज किया। डॉक्टर जावेद आलम ने बताया कि आग में 2 बछड़े और चार गायें झुलसी थी। दिनमें से एक बछड़े की मौत हो गई है वहीं शेष बचे 5 मवेशियों का इलाज किया गया है। हल्का लेखपाल ने हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरता से लें अधिकारीः सीडीओ

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बचत भवन के सभागार कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने अधिकारियों से कहा कि उद्योग बन्धु उघमियों की समस्याओं का निराकरण युद्धस्तर पर करें। एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि यदि लक्ष्य पूरा न हो तो उसे तत्काल पूर्ण किया जाये। उद्यमियों को एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के बारे में बताया गया। वही बैठक में मेसर्स नन्दलाल पैकमेंट व मसर्स मित्तल एगो प्रा0लि0 औद्योगिक द्वारा विद्युत बिल अधिक व ठीक कराने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण कम्प्यूटराइज्ड बिल अभी जारी न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि निस्तारण कराकर अवगत कराया जाए। विद्युत अबाध आपूर्ति, सड़कध्नाली निर्माण आदि प्रमुख बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा सम्बन्धित आधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने निवेशमित्र योजना सिंगल विण्डों सिस्टम योजना की समीक्षा के दौरान विद्युत सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, यूपीएसआईडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, श्रम विभाग, अग्निशमन विभाग, पॉव्र कार्पोरेशन विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर आवेदन में अनापित्तयांध्सहति आदि विवरण लम्बित होने पर अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

# शिक्षा महकमे की जमीन पर कब्जे का आरोप

संवाददाता। सुलतानपुर

**● खंड शिक्षा अधिकारी ने लगाई एसडीएम से न्याय की गुहार**

**समाधान** दिवसों पर आयोजित पंचायत में अधिकांश शिकायतें दबंग किस्म के लोगों द्वारा भूमि काबिज करने से संबंधित मामले सामने आते हैं। परंतु अतिक्रमण व वेशकीमती जमीन हथियाने में सरकारी महकमे भी कम नहीं है। ऐसा ही ताजा मामला कस्बा लंभुआ में इन दिनों खूब चर्चित हो चला है। दिलचस्प बात तो यह कि अतिक्रमण की गई जमीन की भनक संबंधित विभाग को तब लगी जब क्षेत्र के युवा समाजसेवी मनोज शर्मा ने नियम के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य की शिकायत दर्ज कराई। शिकायती पत्र में लिखे मजमून के अनुसार लम्भुआ कस्बे में स्थित बेशकीमती जमीन पर विगत वर्षों में जिला पंचायत ने पक्का निर्माण कराया। मौजूदा समय में भी दोमंजिला निर्माण शुरू हुआ। मानक के विपरीत और घटिया सामग्री के प्रयोग से हो रहे निर्माण की भनक जब कस्बा निवासी व वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार मनोज शर्मा को हुई तो संबंधित जिम्मेदार महकमे में शिकायत दर्ज कराई। इतना ही नहीं हरकत में आये अधिकारियों ने जब गहनता से बिंदुवार जांच आगे बढ़ाई तो अनेक अनियमतता प्याज के छिलके की तरह निकलने लगी। सबसे बड़ा आश्चर्य तो यह कि जिला पंचायत जिस भूमि पर निर्माण कार्य को करा रहा है वह भूमि खंड परिषदीय विद्यालय लंभुआ प्रथम के नाम पर दर्ज है। मामले ने तूल पकड़ा तो शिक्षा विभाग ने ताल ठोक दी और इसी क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने उपजिलाधिकारी लम्भुआ को पत्र लिखकर उक्त दर्ज आवंटित गाटा का सीमांकन करने व अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## शौच से वापस लौट रही विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास

**शिवगढ़ ( रायबरेली )** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में शौंच से वापस घर लौट रही विवाहिता को गांव के एक युवक ने दबोच कर अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक अमित कुमार पुत्र रामकिशोर को जेल भेज दिया है। महिला का आरोप है कि वह शौंच से घर वापस लौट रही थी तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के अमित कुमार ने उसे दबोच कर दुष्कर्म करने की कोशिश की पीड़िता चिल्लाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और डायल 112 नम्बर पर सूचना देकर आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया।थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

## युवक की मौत, लगा वाहनों का जाम

**लालगंज,रायबरेली।** सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को आग लगाने का प्रयास करते हुए सड़क जाम कर दिया। लेकिन पुलिस की सर्तकता से ट्रक तो बचा ही, पुलिस ने ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव निवासी विजय प्रताप रैदास पुत्र केसई रात लगभग 8 बजे घर जाने के लिए लालगंज-फतेहपुर मुख्यमार्ग पार कर रहा था तभी फतेहपुर की तरफसे आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया जिसके चलते विजय की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना से भड़के ग्रामीणो ने सड़क जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। ट्रक चालक दुर्घटना के बाद सड़क पर ट्रक खड़ा कर भाग निकला। जानकारी मिलते ही लालगंज समेत सर्किल के सभी थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह व एसडीएम जीतलाल सैनी भी मौके पर पहुंचे।देर रात किसी प्रकार ग्रामीणों को अधिकारियों ने समझा बुझा कर शांत कराया। दुर्घटना के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनो का लम्बा जाम लग गया। कई किलोमीटर लगे इस लम्बे जाम को खुलवाने में पुलिस सोमवार की सुबह लगभग दस बजे तक जूझती दिखी। मृतक दो पुत्रियों अंजली व आंचल का पिता था। उसकी पत्नी गुड़िया की शिकायत पर दुर्घटना करने वाले ट्रक चालक के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### असहाय निराश्रितों को वितरित किए कंबल

**लालगंज,रायबरेली।** स्व.प्रदीप कुमार पाल की स्मृति में पूरे चौन मजरे कुम्हडौरा में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग एक सैकड़ा लाभार्थियों को शीतलहर से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए।राजू पाल के द्वारा कम्बल वितरित किए गए। गांव के निर्धन एवं असहाय रामचंद्र, मोहन विश्वकर्मा, कुंज बिहारी, कालीचरन साहू, रामलाल कोरी, सुनील कुरील, तेज प्रकाश, राजकुमार कुशवाहा आदि के चेहरों पर कंबल पाकर मुस्कान दिखी। इस मौके पर छोटू सिंह, रितुराज सिंह, युवराज सिंह ,बबलू सिंह,फंटू सिंह, किशोर सिंह, हरिओम सिंह, बबलू आदि मौजूद रहे।

## आयुक्त ने किसानों की सुनी समस्या

**रायबरेली।** जनपद के नोडल अधिकारी अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन भ्रमणध्निरीक्षण के दौरान अमावां विकास खण्ड की न्याय पंचायत सिधौना के प्रांगण में किसानो की एक चौपाल में राजस्व अधिकारियों के साथ वरासत से सम्बन्धित मामलों को किसानों के मध्य एसडीएम सदर अशिंका दीक्षित व एडीएम (प्रशासन) राम अभिलाष से पढ़वाकर किसानों सुनवाया तथा किसानों से पूछ-ताछ के दौरान स्थलीय सत्यापन भी करवाया। उन्होंने चौपाल के माध्यम से किसानों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को किसानों की शिकायतों के निस्तारण को तत्काल कराने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से कहा कि जनपद में उन्नतशील बीज व खाद की कोई कमी नही है यदि किसी भी किसान को कोई दिक्कते हो तो जिलाधिकारी, एसडीएम, जिला कृषि अधिकारी आदि अधिकारियों को अपनी समस्या बता सकता है।

## स्वच्छता मिशन में मिला तीसवां स्थान

**करनैलगंज ( गोंडा )।** नगर पालिका करनैलगंज ने स्वच्छता मिशन में तीसवां स्थान हासिल किया है। नगर के ईदगाह के मैदान में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए जाने के बाद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर चार वार्डों की जन जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी राजीव रंजन सिंह व संचालन आशीष कुमार सिंह ने किया। अधिशासी अधिकारी व अवर अभियंता के साथ साथ अन्य लोगों ने नगर वासियों को संबोधित करते हुए साफ सफाई हेतु जागरूक करते हुए लोगों से नगर को स्वच्छ बनाये रखने की अपील भी की और कहा कि जैसा कि इस पर नगर पालिका करनैलगंज ने पूरे प्रदेश में साफ सफाई में तीसवीं रैंक हासिल की है। जिससे करनैलगंज का नाम रौशन हुआ है। नगर के लोग यदि पूरी तरह से सहयोग करेंगे तो पहली रैंक भी हासिल की जा सकती है। जिससे करनैलगंज नपाप के साथ ही जनता का भी नाम रोशन होगा।साथ ही गीला व सूखा कचरा अलग अलग डालने पर विशेष बल दिया। इस मौके पर चारों वार्डों के सभासद, नामित सभासद तथा वार्ड के मौलाना अकील अहमद, मोहम्मद आरिफ बबलू व नपाप कर्मचारी पशुपति सिंह, मुरारी, वार्ड की अधिकतर महिलायें मौजूद रहीं।

### 2 जनवरी को होगी जिला पंचायत की बैठक

**गोंडा।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गोण्डा ने बताया है कि जिला पंचायत गोण्डा की सामान्य बैठक आगामी 02 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में अपरान्ह 12.30 बजे से मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी।उन्होंने बताया कि बैठक में बैठक के एजेण्डे, गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति पर चर्चा, विचार विमर्श, जिला पंचायत की पुनरीक्षित आय- ययक वित्तीय वर्ष 2020-2021 की स्वीकृति पर विचार, जिला पंचायत गोण्डा के मूल आय-व्ययक वित्तीय वर्ष 2021-2022 की स्वीकृति पर विचार, वित्तीय वर्ष 2020-2021 में 5वॉ राज्यवित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की आवंटित धनराशि की परियोजना आदि पर चर्चा होगी।

# क्रय केन्द्र पर घटतौली पाए जाने पर कार्रवाई होगीः अपर मुख्य सचिव

### नोडल अधिकारी ने धान खरीद की स्थिति सहित अन्य बिन्दुओं की विधिवत समीक्षा की

### प्रत्येक क्रय केन्द्र पर बैनर लगाने के दिए निर्देश

**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**जनपद** के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में धान क्रय केन्द्रों पर धान खरीद की स्थिति सहित अन्य बिन्दुओं के संबंध में विधिवत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष जनपद के 10309 कृषकों द्वारा अपने धान को क्रय केन्द्रों पर बेचा गया है, 12 हजार कृषकों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है। जनपद में 80 प्रतिशत कृषकों का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निस्तारण तत्काल कर दिया जाए। कोई भी किसान क्रय केन्द्र से वापस न जाने पाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर बैनर लगा होना अनिवार्य है जिस पर एमएसपी अंकित हो तथा केन्द्रों पर बोरों की संख्या पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी धान क्रय केन्द्र पर घटतौली की शिकायत मिलने पर उसके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों कों निर्देशित किया कि कितने किसानों द्वारा पंजीकरण कराने के उपरान्त पीएफएमएस से बेरीफिकेशन पेंडिंग है, पंजीकरण के सापेक्ष कितने किसानों द्वारा धान की बिक्री की गयी है तथा कितने किसानों के खाते में धनराशि अभी तक नही पहुची है कि रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध करा दी जाए। सिचाई विभाग की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है कि किसानों की सिचाई हेतु बने नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कोविड-19 की वैक्सीनेशन के संबंध में उनके द्वारा जानकारी प्राप्त की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 33 एडीओ के हाथों में रहेगी 1215 पंचायतों के तिजोरी की चाबी

### प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद डीएम ने नियुक्त किया प्रशासक

**संवाददाता** । बस्ती

**कम** से कम छह माह तक जिले के 1215 ग्राम पंचायतों के खजाने की चाबी 33 सहायक विकास अधिकारियों के पास रहेगी। कार्य को देखने से लेकर भुगतान की सारी जिम्मेदारी इन्हीं के ही कंधों पर रहेगी। हालांकि ग्राम पंचायतों के पुराने कामों को छोड़कर कोई नए काम नहीं होगें, और न नए कामों का भुगतान ही होगा। एक-एक एडीओ पंचायत को दो-दो ब्लॉकों के 60 से 70 ग्राम पंचायतों की तिजोरी दी गई है। एडीओ एग्री और एडीओ समाज कल्याण को प्रषासक की जिम्मेदारी न मिलने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि अन्य जनपदों में इन दोनों को भी प्रषासक की जिम्मेदारी दी गई है।

काफी सालों बाद सहायक विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों के तिजोरी की चाबी हाथ लगी है। पहले इनकी भूमिका ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यो की मानिटरिंग करना था, मगर अब इनके पास वित्तीय अधिकार भी हो गया है।

जिस चेक पर पहले प्रधान और सेक्रेटरी सयुंक्त रुप से हस्ताक्षर करते थे, अब वही हस्ताक्षर एडीओ और सेक्रेटरी मिलकर करेंगे।

# ...और माननीय को ब्लाक से लौटना पड़ा वापस

### बीडीओ पर बनाया कार्यो के भुगतान का दबाव

### सत्यापन बाद भुगतान की बात पर अड़ी बीडीओ

**संवाददाता** । बस्ती

**विकास** खण्ड विक्रमजोत के बीडीओ पर विधायक हर्रैया द्वारा क्षेत्र पंचायत और ग्राम निधि के कार्यो का भुगतान करने को लेकर दबाव बनाने का मामला चर्चा में है। आरोप है कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होता देख बिना कार्य कराए भुगतान के लिए फाइल भेज दी गई। बीडीओ ने भुगतान को यह कहते हुए रोक दिया कि जब कार्यों का सत्यापन हो जाएगा तभी भुगतान होगा। बताया जाता है कि भुगतान रोकने का मामला विधायक हर्रैया अजय सिंह तक पहुंचा तो वे कार्यकाल के अंतिम दिन दलबल के साथ ब्लाक मुख्यालय पहुंचे। क्षेत्र पंचायत और ग्राम निधियों से कराए गए कार्यो का भुगतान करने का दबाव बनाने लगे। भुगतान को लेकर बीडीओ श्वेता वर्मा और विधायक के बीच रार बढ़ गई। बीडीओ ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया कि बिना कार्यो का सत्यापन कराए भुगतान नहीं किया जाएगा।

इसे सुनकर माननीय की त्यौरी चढ़ गई, लेकिन उनके दबाव का बीडीओ पर असर नहीं पड़ा। घंटों बहस के बाद विधायक को वापस लौटने को विवश होना पड़ा। ब्लॉक मुख्यालय में हुई बहसबाजी की क्षेत्र में चर्चा है। लोग यह कह रहे हैं कि जब विधायक ही इस तरह का दबाव बनाएंगे तो फिर अधिकारी नियम कायदे से काम कैसे करेगें। बीडीओ श्वेता वर्मा का कहना है कि बिना टेंडर निकाले ही कार्यो की एमबी कर दी गई। बिना टेंडर निकाले अचानक करोड़ों का काम करा देना दर्शा दिया गया। भुगतान का दबाव बनाया गया, लेकिन बिना कार्यो का सत्यापन कराए दबाव में भुगतान नहीं होने पाएगा। बताया कि समूचे मामले से सीडीओ को अवगत करा दिया गया है। इस बावत विधायक के मोबाइल फोन पर काल कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया।

दो मोबाइल नम्बर नहीं उठा। तीसरे पर सम्पर्क हुआ तो उनके द्वारा कहा गया कि अभी थोड़ी देर में बात करते हैं। लेकिन इसके बाद उनके द्वारा काल नहीं की गई।

# ऊर्जा राज्य मंत्री ने किया मंडल स्तरीय खादी व ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ



**मिर्जापुर**। बीएलजे ग्राउंड महुआरिया में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा मंडल स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शनी में स्टाल लगाया गया था। जिसको रमाशंकर सिंह पटेल ने परीक्षण किया उसको सराहा। इस मौके पर कहा कि हमारी उत्तर प्रदेश की सरकार मेले के माध्यम से सस्ते दर पर विभिन्न उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इस अवसर पर माननीय विधायक रत्नाकर मिश्रा एवं विधायक सुचिस्मिता मौर्य एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता धनंजय पांडेय एवं जिला अधिकारी सुशील कुमार पटेल सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

# गालिब जयंती पर कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित

**सोनभद्र**। मशहूर शायर मिर्जा असद उल्ला खान गालिब की जयंती पर 27 दिसंबर को हर साल की तरह मित्रमंच फाउण्डेशन सोनभद्र द्वारा 18वें अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया।

मुशायरे में देश के मशहूर शायरों व कवियों ने शिरकत की। संस्था के अध्यक्ष विकास वर्मा ने शायरों को मंच पर आमंत्रित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राबर्ट्सगंज के पूर्व चेयरमैन एवं मित्रमंच फाउण्डेशन के संरक्षक विजय जैन और वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र ने मिर्जा गालिब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शम्मा रोशन की। तदोपरान्त विजय जैन ने सभी शायरों-कवियों का माल्यार्पण से स्वागत किया। मुशायरे की शुरुआत वरिष्ठ शायर हसन सोनभद्री ने मिर्ज़ा ग़ालिब के जीवन पर कुछ प्रकाश डालते हुए की कब रहा शाहे सुखन महदूद पैमानों के बीच गालिबन गालिब रहा।

# दो एमओआईसी का वेतन रोका, दो को शोकाज

### गोल्डेन कार्ड बनाने के अभियान में लापरवाही का मामला

**संवाददाता** । बस्ती

**आयुष्मान** भारत योजना में गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए संचालित अभियान में रूचि न लिए जाने पर बनकटी, परशुरामपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने,रूधौली, भानपुर को कम गोल्डन कार्ड बनने पर शोकाज नोटिस जारी करने का डीएम आषुतोष निरंजन ने निर्देश दिया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि प्रत्येक ब्लाक में पांच या उससे अधिक गांव में गोल्डेन कार्ड बनाने के कैम्प लगाए जाय, प्रत्येक दिन 150 गोल्डेन कार्ड बनाए जाय। ब्लाक बनकटी में बीएलई अमनदीप, बहादुरपुर में नाजिम अंसारी, कप्तानगंज में पवन कुमार, रूधौली में रामविशाल, सल्टौआ में इन्द्रप्रकाश को गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए कैम्प न लगाने पर उनके कामन सर्विस सेन्टर का आईडी बन्द करने का सम्बन्धित एजेन्सी को निर्देश दिया। समीक्षा में पाया कि छः माह पूर्व भी कैम्प लगाकर गोल्डेन कार्ड बनाए गए थे, वहां लाभार्थियों को अभी तक गोल्डेन कार्ड वितरित नहीं किया गया है। निर्देश दिया कि ऐसे गांव में आयुष्मान मित्र भेजकर लाभार्थियों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराएं। ऐसे गांवों की सूची तैयार कर लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड का वितरण कराने के लिए नोडल डा. सीएल कन्नौजिया को निर्देषित किया। कहा कि अभियान के दौरान कैम्प से वंचित गांवों में 30 दिसम्बर को पुनः कैम्प लगाया जाए। बैठक में सीएमओ डा0 एके गुप्ता, मुख्य कोषाधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, डा. सीके वर्मा, डा. फखरेयार हुसैन, डा. आईए अंसारी, सीओ गिरीश सिंह, सुधीर कुमार, डा. स्वाती त्रिपाठी व अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारी गांव में भ्रमण कर करें सीधा संवादः शिवशंकर सिंह



**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**पुलिस** उपमहानिरीक्षक/नोडल अधिकारी शिवशंकर सिंह द्वारा जनपद में भ्रमण के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में कोविड-19 के नये स्ट्रेन के दृष्टिगत गाइडलाइन (दो गज दूरी मास्क है जरूरी) के पूर्ण रुप से पालन कराये जाने का निर्देश दिया व प्रदेश मे हो रहे किसान आंदोलनों के संबंध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान नोडल शिवशंकर सिंह ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के किसान संगंठनों/किसान नेताओं में नये कृषि कानून के संबंध में अवगत करायें तथा किसानों के अन्दर कोई भ्रम/भय हो तो उसे सही जानकारी देकर दूर करें। यह कानून किसानों का हितैषी है तथा उनकी आय बढ़ाने वाला है। उन्होने निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारीगण गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का ज्ञापन लेकर स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त तहसीलदार, निरीक्षक प्रज्ञान त्रिलोचन त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# मनरेगा के तहत चाहिए काम तो उठाइए फोन

**संवाददाता** । सोनभद्र

**मनरेगा** के तहत कार्यों के आवंटन में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत अब काम पाने के लिए न तो विभागों के चक्कर काटने पड़ेंगे और न ही किसी की जी हुजूरी करनी पड़ेगी। ग्राम्य विकास विभाग ने इसके लिए बाकायदा मोबाइल नम्बर जारी किया है, जिस पर एसएमएस या व्हाट्सएप सन्देश भेजकर कोई भी मनरेगा के तहत काम की मांग कर सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्राम्य विकास विभाग के राज्य मनरेगा सेल के अपर आयुक्त योगेश कुमार का कहना है कि ग्रामीण लाभार्थियों को काम दिलाने में मदद को विभाग हमेशा तत्पर है, इसी के तहत यह नई पहल की गयी है। मनरेगा सेल ने इसके लिए राज्य स्तर पर दो मोबाइल नम्बर-9454464999 और 9454465555 जारी किया है। इसके साथ ही सभी खंड विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है।

# ब्रह्मजीत को न्याय पंचायत पालक नियुक्त किया गया

### विचार परिवार बीजपुर प्रखंड की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता** । बीजपुर/सोनभद्र

**विश्व** हिंदू परिषद के तत्वावधान में संगठित विचार परिवार बीजपुर प्रखण्ड की बैठक रविवार की सायं स्थानीय ग्राम पंचायत के मुख्य सब्जी मंडी परिसर स्थित पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अयोध्या में भगवान श्री रामलला के मंदिर निर्माण हेतु धनराशि संग्रह एवं अन्य प्रकार के सहयोग के कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। इसके तहत न्याय पंचायत स्तर के बैठक दो जनवरी को अजिरेश्वर महादेव मंदिर जरहा में तय किया गया। साथ ही साथ न्याय पंचायत के पालक के रूप में ब्रह्मजीत सिंह को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रखण्ड के पालक उपेंद्र प्रताप सिंह का मार्गदर्शन एवं अभियान की रूपरेखा सभी के समक्ष रखी गई। बैठक का संचालन अभियान प्रमुख संदीप उपाध्याय ने किया बैठक में मुख्य रूप से यशवंत सिंह, आरएसएस के अनिल त्रिपाठी, विकास मंगला, संदीप गुप्ता, रामजियावन गुप्ता, संजय गुप्ता, रामेश्वर, श्रवण सिंह, संतोष गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, योगेंद्र चौबे, राम बाबू, सेठ धर्मेंद्र गुप्ता अन्य संभ्रांत नागरिक व अभियान से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मां दुधईया मंदिर के बिगडू दास का आशीर्वाद सभी को मिला। बैठक का समापन बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास के आशीर्वचनों एवं मार्गदर्शन के साथ हुआ।

# समाजसेवियों ने जरूरतमंद ग्रामीणों को बाटे कंबल

**संवाददाता** । बीजपुर ( **सोनभद्र** )

**बीजपुर** के वरिष्ठ समाजसेवियों ने सोमवार को स्थानीय ग्राम पंचायत के मुख्य बाजार परिक्षेत्र स्थित मोटर गैरेज पर जरूरतमंद गरीब एवं असहायों को ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से उन्हें कम्बल एवं स्वेटर बांटकर पुनीत कार्य किया है।

समाजसेवी विकास मंगला, सुनील सिंह, सतपाल जैन, सुनील तिवारी अरविन्द गुप्ता, पिंटू शंकर प्रसाद ने सिरसोती के टोला कोडार के 40 असहाय गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल एवं स्वेटर प्रदान किया। कड़ाके की पड़ रही हाड़ कपाऊ ठंड में कम्बल और स्वेटर पाकर सभी के चेहरे खिल गए।



समाजसेवी समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते रहते हैं। लकड़ी बेचकर जीवन यापन करने वाली असहाय महिलाओं को इन समाज सेवियों द्वारा आवश्यक आवश्यकताओं की सामान दिया जाता है। क्षेत्र के लोगों द्वारा इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की जा रही है।

# पांच साल की प्रधानी, फिर भी नहीं रहे मतदाता

### बीएलओ ने विरोधियों का नाम ही गायब कर दिया

**संवाददाता** । बस्ती

**अंतिम** मतदाता सूची के प्रकाषन होने के बाद बीएलओ की मनमानी खुलकर सामने आ रही है। बीएलओ के द्वारा प्रधान के पूरे परिवार का नाम वोटर लिस्ट से गायब करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीएलओ कुशलावती ने प्रधानी का चुनाव लड़ने के लिए दलित प्रधान संकला देवी सहित उनके पूरे परिवार का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया। विरोधियों का नाम काटने के बाद तो 400 से अधिक ऐसे अपने लोगों का नाम शामिल कर लिया, जो दूसरे गांव के है। मामला विक्रमजोत के ग्राम पंचायत बस्थनवा का है।

सच्चाई सामने आने पर प्रधान का परिवार सकते में है। परिवार का कहना है कि अगर एसडीएम हर्रैया ने उनकी नहीं सुनी तो मामले को हाईकोर्ट में ले जाया जाएगा। इसकी आपत्ति प्रधान सहित अन्य के द्वारा की गई है। इस तरह अन्य कई मामले सामने आरहे हैं, जिन पर अगर रजिस्टीकरण अधिकारी या एसडीएम ने कठोर कार्रवाई नहीं की तो चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था का संकट खड़ा हो जाएगा, जो लोगों के भारी पड़ सकता है। 'पायनियर' निरंतर बीएलओ की मनमानी को उजागर करता आरहा है, साथ यह भी आगाह करता आरहा है कि अगर इससे सख्ती से नहीं निपटा गया तो चुनाव के हिंसक हो सकता है, क्योंकि एक-एक वोट के लिए प्रधानी चुनाव में लोग जान लगा देते है। सूची के प्रकाशन के बाद इतनी आपत्तियों सामने आएगी कि तहसील प्रषासन के सामने बड़ी संख्या में आपत्तियों के निस्तारण करने का संकट खड़ा हो जाएगा। सबसे पहले मामला सांसद के गांव कटया में आया, जहां पर प्रधान को पता नहीं कि उनके गांव में पांच सौ से अधिक वोटर बढ़ा दिए गए। बाद में प्रधान को पताचला कि बीएलओ खुद प्रधानी का चुनाव लड़ना चाहता है, इस लिए उसने पहले विरोधियों का नाम काटा और फिर बड़ी संख्या में फर्जी तरीके से अपने लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कर दिया। पहले बस्थनवा के प्रधान के कुनबे का नाम वोटर लिस्ट से गायब हुआ, और अब वर्तमान बीएलओ अभिषेक सिंह के परिवार का नाम भी सूची से गायब हो गया।

बीएलओ ने बताया कि पूर्व बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ती कुशलावती ने प्रधान और उसके पूरे परिवार का नाम मतदाता सूची से काट दिया। कुशलावती ने अपने पुत्र अभिषेक तिवारी और संतोष तिवारी जो कि नाबालिग है, का नाम वोट लिस्ट में शामिल कर दिया। बताया कि मतदातासूची में एसडीएम हर्रैया की ओर से नहीं सुधारा गया तो वी कोर्ट का सहारा लेंगे।

# स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली संदेश यात्रा

**संवाददाता** । संतकबीरनगर


**जिला** कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी का 136 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने सोमवार को कांग्रेस संदेश यात्रा निकाली, जो कांग्रेस कार्यालय से होते हुए मेहदावल बाईपास होकर प्रि जिला कांग्रेस कार्यालय पर आकर रुका। जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कांग्रेसियों को सम्मानित करने के बाद कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग अपने उस पार्टी का स्थापना दिवस मना रहे हैं।

जिसका इतिहास ही त्याग तपस्या और बलिदान का रहा है 136 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराने से लेकर देश को विकास के मुख्य धारा में लाने का किया आज भी कांग्रेस की जड़े घर घर में मौजूद है। जहां हम लोगो को खाद पानी डालने की जरूरत है ताकि कांग्रेस पार्टी से हमेशा डरने वाली इस भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम हम लोग कर सके। संदेश यात्रा



संसदीय कार्यालय से निकलकर आजाद चौक, मेंहदावल बाईपास भ्रमण करते हुए कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। आजाद चौक, नेहरू चौक एवं मेंहदावल बाईपास चौक पर स्थापित महान विभूतियो के मूर्ति पर काग्रेसियों ने माल्यार्पण कर उनके उपदेशो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दिलशाद अफसर, शांति देवी, महेंद्र कनौजिया, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, विजय कुमार शुक्ला, फूलदेव यादव, भुनेश्वर भारती, सुग्रीव पासवान, मीनू सिंह, राजीव गोंड, शमशाद अहमद फैजी, अमर्देव पांडेय, नमन सिंह, प्रशांत सिंह, शेषनाथ मोर्या, दुर्गेश पाठक, सोनू चौरसिया, श्रीराम कसेरा, श्रवण सिंह, श्रीचंद यादव, आरिफ अभिजीत चौधरी, अशोक आर्या, शीमु खान, पिंटू सिंह, जमुना प्रसाद, महेंद्र यादव, बिट्ठू सिंह, राममिलन, अनिल रॉय, मोइन अंसारी, शम्स खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस का 136 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**मिर्जापुर**। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल ने कहा कि जब जब कांग्रेस पार्टी कमजोर हुई हैं देश और प्रदेश कमजोर हुआ है उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उन महान नेताओं को नमन करते हैं जिन्होंने देश को आजाद कराया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता छोटे खान ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से पदयात्रा निकालकर घंटाघर लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित लोकपति त्रिपाठी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में एआईसीसी के सदस्य सुधाकर, पीसीसी के सदस्य शिव शंकर चौबे, पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष दीपचंद जैन आदि मौजूद रहे।

# एडीओ ने पंचायत चुनाव की निर्वाचक नामावली बीएलओ को दी

सेमरियावां ( **संतकबीरनगर** )। सोमवार को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) शशिभूषण पाण्डेय ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की निर्वाचक नामावली क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में तैनात बीएलओ को दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में सभी 115 बूथ लेवल आफिसर अपने मतदान केंद्रों पर 28 दिसम्बर से तीन जनवरी तक मौजूद रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली में दावे तथा आपत्ति का निस्तारण चार जनवरी से 11 जनवरी को निर्धारित है। उन्होंने सभी बीएलओ को समयबद्ध तरीके व पारदर्शिता बरतते हुए काम करने के निर्देश दिये हैं। किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर प्रदीप पाण्डेय, राम सूरत, नूर मुहम्मद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राममंदिर निर्माण को लेकर संघ विचार मंच का सम्मेलन आयोजित

**संवाददाता** । घोरावल(सोनभद्र)

**एक** शताब्दी के संघ के संघर्ष के पश्चात अब अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण आम जनमानस को दृष्टिगत होने लगी है। सोनभद्र से लगायत घोरावल तक के अनेकों कार्यकर्ता व पदाधिकारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भाजपा व उसके अनुषांगिक संगठनों के सक्रिय सहभागिता करने वाले स्वजन आज भी मौजूद हैं। उक्त बातें प्रान्त धर्म प्रसार प्रमुख व विहिप के विभाग संगठन मंत्री नरसिंह त्रिपाठी ने कहा उन्होंने कहा कि 1528 के मीर बाकी द्वारा कुरचित कर्म और अयोध्या काशी मथुरा समेत 30 हजार मंदिरों के जमींदोज होने की वृहद कथा मंच से बयान की। सोमवार को समन्वित रूप में संघ विचार मंच के घोरावल शिव मंदिर पर हुए सम्मेलन में जिला खंड,मंडल,व अन्य इकाइयों की रूपरेखा बतायी जो अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए आस्था व निष्ठा के साथ कर्मरत रहेगी। इसमें विभिन्न स्तरों पर मार्गदर्शक मंडल तथा अन्य इकाइयों का गठन कर आठ जनवरी तक बैठक आरंभ कर देने की तय सुधा तिथि भी बतायी। उन्होने अपने उदबोधन में विभिन्न स्तर पर पांच पांच लोगों की कमेटी दस दस लोगों की समिति 21 की संख्या में अभियान समिति और इनके कार्य वृतांत भी आरेखित किये। प्रान्त प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने कार्यक्रम में उदबोधन देने वाले प्रमुख लोगों में संघ जिला कार्यवाह बृजेश कुमार धनंजय पाठक धर्म जागरण प्रमुख व खंड पालक विभाग टोली भाजपा मोर्चा प्रदेश महामंत्री व खंड पालक देवेंद्र पटेल नगर पालक विभाग टोली हिमांशु कुमार सिंह,राजीव कुमार विभाग संयोजक बजरंग दल व अभियान समिति जिला संयोजक रहे।कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह दिनेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक तीर्थराज जिला मंत्री कैलाश बैसवार मंडल अध्यक्ष अरुण पांडेय प्रभानंद मिश्र, प्रसून कुमार आदि मौजूद रहे।

## अभिभावकों की भूख हड़ताल जारी

**मुग़लसराय,चन्दौली।** रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल के सामने स्कूल बच्चों के अभिभावक गढ़ एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठ गए । बताते चलें कि अभिभावकों द्वारा स्कूल फीस को लेकर उक्त भूख हड़ताल की गई है अभिभावकों की मांग है कि कोरोनावायरस में बंद रहे निजी स्कूलों की केवल 25 फ़ीसदी ही ट्यूशन फीस निर्धारित की जाए सभी अतिरिक्त चार्ज जिसका उपयोग अभिभावकों और बच्चों ने नहीं किया वह समाप्त किया जाएएऑनलाइन क्लास के सर्वप्रथम गाइडलाइन जारी की जाए जिसमें फीस समय सीमा और निगरानी तय की जाए स्कूल टीचर और बच्चों की निगरानी सुनिश्चित की जाएएवर्ष 2016 के फीस एक्ट की पालना सुनिश्चित की जाए ।

## एक करोड़ का गांजा बरामद कर दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**चन्दौली . बलुआ।** पुलिस को गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने बरामद गांजे की कीमत करीब एक करोड़ रुपये की बताई जा रही है जो कि छत्तीसगढ़ से बिहार ले जाई जा रही थी । फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल चन्दौली मादक पदार्थों की तस्करी का ट्रांजिट जोन बन गया है जिसपर लगाम लगाने के लिए नवागत कप्तान अमित कुमार ने पुलिस टीम को अभियान चलाने के निर्देश दिए है । इसी क्रम में बलुआ पुलिस को मिली मुखबिर की सूचना पर पपौरा बाजार के समीप चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कंटेनर पास से गुजरता दिखाई दिया जिसमें रखे खाली कंटेनर में टमाटर की टोकरी से गिरने लगे। शक होने पर पुलिस ने ट्रक को रोकवा दिया इतने में वाहन छोड़ दो व्यक्ति भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया । जांच के दौरान पुलिस ने कंटेनर से गांजे की भारी खेप बरामद की जिसमे लगभग 4 कुंटल गांजा बोरियों में भरकर रखा हुआ था ।

## गोद लिये दिव्यांग परिवार को युवा सपा नेता ने दिया 51 सौ रूपया

**धर्मापुर, जौनपुर।** कोरोना जैसी महामारी के चलते बीते मार्च महीने से लगे लॉक डाउन के चलते खाने.पीने के लिये मोहताज बने मुस्लिम दिव्यांग परिवार की मदद करने की प्रक्रिया युवा सपा नेता ऋषि यादव द्वारा आज भी जारी है। पूर्व में आर्थिक सहयोग के अलावा राशन सहित अन्य चीजों से सहयोग करने वाले ऋषि यादव स्थानीय क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर गांव में समाजवादी कुटिया चलाकर गरीब परिवार के बच्चों को निःशुल्क पठन.पाठन देने के साथ शिक्षा.दीक्षा सहित पौष्टिक आहार बराबर दे रहे हैं। इसी क्रम में लॉक डाउन के चलते घर की स्थिति खराब होने की जानकारी होने पर पास के गांव गजना निवासी इम्तियाज अहमद जो अंधे हैं तथा उनकी पत्नी दिव्यांग हैए के घर पहुंच गये।

# सचिव व लेखपाल निलंबित, प्रधान समेत दो पर एफआईआर



## नोडल अधिकारी प्रमुख, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग मुकेश मेश्राम ने निरीक्षण किया

**संवाददाता।** मऊ

शासन के नियुक्त नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग मुकेश कुमार मेश्राम ने सोमवार को ताबड़तोड़ निरीक्षण कर कमियों पर एक्शन लिया। धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति लिमिटेड भीटी एवं गोवंश आश्रय गायघाट नगर पालिका परिषद का निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी द्वारा धान क्रय केंद्र पर सचिव से पूछा कि केंद्र के अंतर्गत कितने गांव जुड़े हुए हैं तथा सारे गांव में कितने किसान हैंए कितने लोगों को धान क्रय के लिए टोकन दे दिया गया है।

इसका संतोषजनक जवाब न देने पर नाराजगी व्यक्त की गई। अधिकारी ने मेंटेन रजिस्टर को देखा गया। इसमें क्रय का दिनांक लिखा गया था परंतु टोकन डेट न लिखे होने पर लिखने का निर्देश दिए। यहां सचिव एवं लेखपाल के कार्य में काफी अनियमितता मिलने पर धान क्रय केंद्र सचिव एवं लेखपाल को निलंबित करने का आदेश दिया। इसके बाद नोडल अधिकारी द्वारा मधुबन तहसील के क्रय केंद्र तथा रमउपुर ग्रामसभा का निरीक्षण किया गया। यहां बिना काम कराए एडवांस भुगतान किए जाने पर प्रधान व ग्राम सचिव पर एफआइआर दर्ज करते हुए रिकवरी के आदेश दिए। नोडल अधिकारी के ताबडतोड़ निरीक्षण व कार्रवाई से दिनभर प्रशासन हांफता नजर आया। उधर मधुबन तहसील क्षेत्र में विकास कार्यों और किसानों से जुड़े कार्यक्रमों का जायजा लेने पहुंचे जनपद के नोडल अधिकारी मुकेश मेश्राम के निरीक्षण में व्यापक अनियमितता उजागर हुई। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए क्रय केंद्र के सचिव और रमउपुर ग्राम पंचायत के निवर्तमान प्रधानए सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ ही कर्मचारियों के चेहरे पर हवाईयां उड़ती रही।सर्वप्रथम नोडल अधिकारी दुबारी स्थित गन्ना तौल केंद्र पहुंचे। यहां गन्ना लेकर किसानों से तौल अपने सामने कराया। इस दौरान किसानों ने पिछले वर्ष के भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर उन्होंने जल्द भुगतान का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रामसिंह वर्मा, अपर जिलाधिकारी, रजनीश सिंह, एसडीएम लालबाबू दूबे, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह सहित अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपर मुख्य सचिव ने धन क्रय केन्द्र, गौशाला, गन्ना तौल केन्द्र, एवं वैक्सिन स्टोर का किया औचक निरीक्षण






**देवरिया।** जनपद नोडल अधिकारी,अपर मुख्य सचिवए नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन राजन शुक्ला आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत गौ आश्रय स्थलए धान क्रय केन्द्रए गन्ना क्रय;कांटा केन्द्रद्ध एवं कोविड.19 के जिला स्तरीय वैक्सिन स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान वहां कार्य व्यवस्थाओं को जाना एवं आवश्यक निर्देश दिया। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला नगरपालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला बेशहारा आश्रय स्थल पिपरपाती का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया गया कि वर्तमान में 62 गौवंश हैं। उन्होने गौवंशो का समुचित देखभाल किये जाने एवं ठंड के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थायें रखें जाने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त पीसीएफ के धान क्रय केन्द्र सोनूघाट का जायजा लिया। नमी माप मशीनए इलेक्ट्रानिक कांटा आदि को भी देखा। नमी माप मशीन द्वारा अपने सामने धान की नमी का जायजा लिया। उन्होने धान क्रय केन्द्र प्रभारी देवानंद राय को निर्देश दिया कि धान क्रय करने में कोई लापरवाही व अनियमितता नही बरतेगें। कृषको का धान क्रय करने कोई हिला.हवाली कदापि न बरतें। इस दौरान एक कृषक रामबचन मिलेए जो बतायें कि धान क्रय नही किया जा रहा है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि इनके द्वारा अभी रजिस्ट्रेशन नही कराया गया है और धान हल्दिया रोग ग्रसित भी है। नोडल अधिकारी ने कृषक से धान का नमूना लाने को कहा। नमूने में हल्दिया रोग से ग्रसित धान भी थाए जिसे साफ करा कर क्रय किये जाने का निर्देश प्रभारी को दिया गया। इस केन्द्र पर अब तक 100 किसानो का धान क्रय किया जा चुका था तथा उनमे से 86 किसानो का भुगतान कर लिया गया था। इस केन्द्र का लक्ष्य 6 हजार कुन्तल निर्धारित हैए जिससे से 5500 कुन्तल धान क्रय कर लिया गया है। इस दौरान उन्होने उपस्थित कृषकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इसके उपरान्त अपर मुख्य सचिव परसिया मिस्कारी में प्रतापपुर चीनी मिल से गन्ना काटा का भी निरीक्षण किया। कांटे के माप का अपने सामने वजन करा करके देखाए जो सही पाया गया। इस केन्द्र पर आज 12 किसानो के गन्ने का तौल किया गया था। जिलाधिकारी अमित किशोर ने काटा लिपिक को आगाह किया कि यदि किसी प्रकार की घटतौली मिलेगी तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र क्षेत्र में 12 गांव सम्मिलित है। इस मौके पर सहायक गन्ना प्रबंधक मोहित कुमार से भी उन्होने तौल आदि की जानकारी लियें। अपर मुख्य सचिव कोविड.19 वैक्सिन स्टोर के निरीक्षण के दौरान वैक्सिन के समुचित रख.रखाव के निर्देश के साथ पूरी तत्परता व सजगता बरतने का निर्देश सीएमओ सहित अन्य जुडे स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया। इस दौरान जिलाधिकारी अमित किशोर,ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादवए सीआरओ अमृत लाल बिन्द, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज मौजूद रहे।

## दरोगा के खिलाफ पत्रकार एकजुट, सीओ को पत्रक देकर की निलम्बन की मांग

**शाहगंज, जौनपुर।** खुटहन थाने पर तैनात मनबढ़ दरोगा द्वारा समाचार संकलन के दौरान ब्लाक मुख्यालय पर पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट से नाराज तहसील के पत्रकार क्षेत्राधिकारी से मिलने तहसील पहुंचे। उनके न मिलने पर कार्यालय में पत्रक देकर त्वरित कार्यवाही की मांग की। पत्रकारों ने 72 घण्टे के भीतर कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। बताते चलें कि बीते 25 दिसंबर को खुटहन ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संकलन करने के लिए पत्रकार मौजूद थे जहां सुरक्षा में लगे दरोगा गोपाल तिवारी ने पत्रकार श्रवण उपाध्याय से किसी बात को लेकर बहस शुरू कर दिया। बात बढ़ने पर दरोगा ने पत्रकार को गाली देते हुए उन पर हाथ उठा दिया। मामले में थानाध्यक्ष समेत उच्चाधिकारियों को सूचना के बाद भी कार्यवाही न होने से नाराज पत्रकार अखलाक खान के नेतृत्व में तमाम पत्रकारों संगठनों से जुड़े पत्रकारों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पत्रक सौंपा। उनके न रहने पर उनसे वार्ता करके मनबढ़ दरोगा पर निलंबन अथवा स्थानांतरण की मांग की।

## अभिभावक विद्यालय के प्रबंधक से मिलकर अपनी समस्या रखें : विनय वर्मा



**मुग़लसराय,चन्दौली।** नगर में अभिभावकों द्वारा फीस माफी के संदर्भ में चलाए जा रहे आंदोलन के दृष्टिगत विद्यालय प्रबंधक संघ चंदौली द्वारा एसजी पब्लिक स्कूल में एक प्रेस वार्ता सोमवार को आयोजित की गई ।उस बाबत पत्रकारों से बातचीत के दौरान विद्यालय प्रबंधक संघ के अध्यक्ष विनय कुमार वर्मा ने बताया कि सभी प्राइवेट विद्यालय ने इस कोरोना काल में शासन द्वारा जारी प्रत्येक शासनादेश का शत.प्रतिशत पालन किया है। शासन द्वारा कोई भी फीस माफ न किए जाने के बावजूद लगभग प्रत्येक विद्यालय में अपने स्तर से 20 से 25: की छूट आमतौर पर तथा परिस्थिति विशेष के अनुसार 50 तथा कहीं.कहीं 100: तक फीस माफ की गई है।शासन ने केवल अप्रैल.मई तथा जून की ट्रांसपोर्ट फीस माफ की थी परंतु आमतौर पर सभी विद्यालय ने स्कूल खुलने तक ट्रांसपोर्ट की फीस अपने स्तर से माफ कर दी है। सरकार द्वारा निजी विद्यालय प्रबंध तंत्र को कोई सुविधा या सहूलियत नहीं दी गई है।प्रबंध तंत्र अपने स्तर से सभी शिक्षण तथा शिक्षणेत्तर कर्मियों को वेतन भुगतान की व्यवस्था कर रहे हैं। बिजलीएइंश्योरेंसएटैक्सए परमिटएपीएफएके भुगतान में कोई राहत नहीं दी गई है।सबसे बुरी स्थिति विद्यालयों द्वारा लोन पर लिए गए वाहनों के किस्त को चुकाने की है जिसके लिए फाइनेंस कंपनियों द्वारा मानसिक रूप से प्रबंधकों को प्रताड़ित किया जा रहा है।दूसरी ओर कुछ लोग जो अभिभावक होने का दावा करते हैं वह आंदोलन की आड़ में अपनी राजनैतिक जमीन तलाश रहे हैं और इनका अभिभावकों की मूल समस्या से कोई लेना देना नहीं है।अभिभावक हमारे अपने हैं। प्रेसवार्ता के दौरान विद्यालय प्रबंधक संघ के संरक्षक अरुणअग्रवालएसंयुक्त सचिव कुमार रविएकोषाध्यक्ष इकबाल अहमद राजूएमीडिया प्रभारी कृष्णमोहन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेसीआई जौनपुर ने ग्रेट डे पर पूर्व अध्यक्षों को किया सम्मानित



*जौनपुर।* जेसीआई जौनपुर ने पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में नगर के रूहट्टा स्थित एक हाल में ग्रेट डे का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट सहदेव मिश्रा ने रक्तदान करने वाले गौरव सेठए सनी सेठए जितेंद्र सेठए संजय गुप्ताए राकेश सोनीए प्रदीप जायसवालए उत्कर्ष सेठीए गौतम सेठ को रक्तदाता सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। जेसीआई जौनपुर के पूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व जेसीरेट चेयरपर्सन के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ एवं जेसीरेट चेयरपर्सन किरन सेठ द्वारा पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधानए चंद्र मोहन वर्माए सुरेश चंद गुप्ताए महेंद्र नाथ सेठए अरुण त्रिपाठीए डाण् मदन मोहन वर्मा ए शकील अहमदए डाण् अजीत कपूरए मनोज चतुर्वेदीए संजय बैंकरए चंद्रशेखर जायसवालए राधेरमण जायसवालए कृष्ण कुमार जायसवालए स्वर्णिमा जायसवालए पूर्व जेसीरेट चेयरपर्सन नीतू गुप्ताए शशांक सिंह यवनिका सिंहए आलोक सेठ अनीता सेठए संतोष अग्रहरी दीपिका अग्रहरीए संजय गुप्ता वंदना गुप्ता सहित अन्य पूर्व अध्यक्ष एवं जेसीरेट चेयरपर्सन को माल्यार्पण करके अंगवस्त्रम एवं उपहार द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधानए अरुण त्रिपाठीए मदन मोहन वर्माए कृष्ण कुमार जायसवालए शशांक सिंह रानू ने कहा कि जेसीआई युवाओं की संस्था है जो पहले व्यक्ति विकास का कार्य करती है। साथ ही समाजसेवा के कार्यों को करती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने विपरीत परिस्थितियों में भी शानदार कार्य करने पर संस्थाध्यक्ष सहित पूरी टीम को बधाई दिया। विशिष्ट अतिथि मंडलाध्यक्ष आलोक सेठ ने जेसीआई जौनपुर की संपूर्ण टीम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए मंडल अधिवेशन में सबसे अधिक अवार्ड जीतने की बधाई दिया। मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट सहदेव मिश्रा ने कहा कि जिस संस्था में बड़े बुजुर्गों से अनुभवए विचार.विमर्श एवं आशीर्वाद लेकर कार्य की जाते हो तथा उन्हें हर वर्ष सम्मानित किया जाता हो निश्चित ही वह संस्था हमेशा मजबूत एवं शिखर पर रहेगी।

# यदि व्यापारी एकजुट रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे: राधेरमण जायसवाल

## नगर उद्योग व्यापार मण्डल की परिचय बैठक में जुटे व्यापारी बंधु

**संवाददाता।** जौनपुर

नगर उद्योग व्यापार मंडल की परिचय बैठक अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल की अध्यक्षता में सिद्दीकपुर स्थित आरसीपीएल ष्नेचर पार्कष् पर हुई जहां मुख्य अतिथि दिनेश टण्डन जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल ने नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि आपने बहुत कम समय में इतनी बड़ी और अनुशासित कार्यकारिणी को जोड़ा है जो प्रशंसनीय है। नगर की टीम ने कोरोना काल में लगातार व्यापारी समस्याओं तथा व्यापारियों के हित के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जितनी भी सराहना की जायए कम होगी। साथ ही जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण करते हुए बधाई दिया। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष महंत सूर्य प्रकाश जायसवाल और प्रांतीय मंत्री सोमेश्वर केसरवानी ने संयुक्त रूप से नगर की पूरी टीम को बधाई देते हुए प्रदेश की सदस्यता अभियान में सहयोग करने की अपील किया। साथ ही हमेशा आगे बढ़कर जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान करते हुये कहा कि जब भी आवश्यकता होगीए प्रदेश स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये व्यापारियों से ष्एक रहे रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगेष् का नारा दिया। अपने 6 महीने के कार्यकाल के रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए श्री जायसवाल ने 10 वर्षों के बाद पुनः लोहा व्यापार मंडल के नए टीम की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष रतन जायसवालए महामंत्री ज्ञानचंद जायसवालए और कोषाध्यक्ष के लिए राजकुमार साहू को नियुक्त किया गया।

# पुलिस की घेराबंदी तोड़ कांग्रेसजनों ने निकाली संदेश पदयात्रा

**संवाददाता।** जौनपुर

कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टीजनों ने पुलिस की किलेबंदी तोड़कर कांग्रेस संदेश पदयात्रा निकालकर शहीद भगत सिंह पार्क पहुंचकर तिरंगा झण्डा फहराया एवं राष्ट्रगान किया। साथ ही संविधान की शपथ लेते हुये सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कांग्रेस संदेश यात्रा निकालकर शहीदों व महापुरूषों के मूर्तियों पर माल्यार्पण करने का कार्यक्रम तय था लेकिन किसान आन्दोलन को देखते हुए जिला प्रशासन ने कांग्रेस के बड़े नेताओं के घर पर पुलिस का पहरा बैठा दिया। उधर शहर कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका परिषद में स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा से कांग्रेस संदेश यात्रा निकालकर सब्जी मण्डी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क पहुंचकर वहां पर झण्डारोहणए राष्ट्रगान व भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का कार्यक्रम तय किया था। कांग्रेस कार्यकर्ता शहर कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हो रहे थे। इसी बीच शहर कोतवाल भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर सारे कार्यक्रम रद्द करने का दबाव बनाने लगे। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने भगत सिंह पार्क तक जाने की इजाजत दे दिया। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिंह व संगठन प्रभारी मुफ्ती मेंहदी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता कार्यालय से भगत सिंह पार्क तक संदेश यात्रा निकाली।



# भाजपा पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित





**संवाददाता।** देवरिया

भाजपा सलेमपुर द्वारा सर्वानंद शांडिल्य योगेश्वर महाविद्यालय जमुआ तिवारी में सलेमपुर एभटनी एवम भाटपाररानी के बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक और पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम भाजपा नेता अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनील यादव स्नेही द्वारा देवी गीत से हुआ। उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है।जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओ के सुख दुख में भागीदारी बनकर उनकी मदद करनी चाहिये। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लड़ेंगे।जिला पंचायत की 56 सीटे जीतना हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री मोदी जनता हित को सर्वोपरि मानते है। भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि भाजपा की एकमात्र ऐसी पार्टी हैए जहां आंतरिक लोकतंत्र आज भी कायम है। यहां प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है। कार्यकर्ताओं को संगठन से लेकर सरकार तक दायित्व निर्वहन करने का अवसर मिलता है। भाजपा नेता अभिषेक तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर आज भाजपा विश्व की नम्बर एक पार्टी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को पूर्व प्रधानाचार्य योगेश्वर तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सलेमपुर मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल जायसवाल ने एवम संचालन मिथिलेश बाबा ने किया।

## पूविवि परिसर के सुरक्षाकर्मियों को कुलपति ने बांटे कम्बल

**सिद्दीकपुर, जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एसण् मौर्य ने विवि परिसर की सुरक्षा में तैनात 41 सुरक्षाकर्मियों को सोमवार को कंबल बांटे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कंपकंपाती ठंड में सुरक्षा बल परिसर में तैनात हैं। इस मौसम में उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर न पड़ेए इस बात को लेकर विवि प्रशासन गंभीर है। सुरक्षा बलों का दायित्व भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल के जवान के साथ परिसर में कुलपति आवास पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को कंबल वितरित किया गया। उनका मानना है कि अत्यधिक सर्दी में उनको थोड़ी राहत मिलेगी और वह बचाव करते हुए अपना काम मुस्तैदी से करेंगे।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

## जनहित के कार्यो में प्राथमिकता बरतने कीए की गयी अपेक्षा

**संवाददाता।** देवरिया

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन गांधी सभागार में सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता एवं सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, सदर विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, बरहज विधायक सुरेश तिवारी, एमएलसी राम सुन्दर दास, जिलाधिकारी अमित किशोर, पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता से जुडे योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुडे अनेक सुझाव व समस्याओं को भी रखा गयाए जिसके समाधान के निर्देश समिति द्वारा अधिकारियों को दी गयी। अध्यक्ष सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुडे जो भी समस्यायें उठाये जाते हैए उसे अधिकारी गंभीरता से लें और उसका निराकरण करायें। गत बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि की समीक्षा में यह पाया गया है कि काफी हद तक समस्याओं का निराकरण हुआ है। आगे भी इसी मंशा से अधिकारी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। अधिकारी व जन प्रतिनिधि एक दूसरे के सापेक्ष हैए उनके समन्वय पूर्ण कार्य से ही जनपद का विकास होगा। सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि एक जगह बैठ कर संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। जहां कोई कमियां आयेए उसका निराकरण करायें। केवल बैठकों में ही संवाद न हो बल्कि जनहित के मुद्दो पर चर्चा होती रहनी चाहिये। समाधान भी होना चाहिये व जनता तक उसका हित पहुँचना चाहिये। समाधान व चर्चा औपचारिकता नही बल्कि प्रमाणिकतायुक्त होनी चाहिये। मनरेगा की समीक्षा के दौरान सलेमपुर सांसद श्री कुशवाहा ने पिन्डी गांव के बंधे में कुछ भाग अपूर्ण होने की बात रखी। बाढ खंड के अधिशासी अभियंता को इसे मनरेगा से सम्मिलित करते हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। डीसी मनरेगा गजेन्द्र तिवारी द्वारा बताया कि पारदर्शिता का अनुपालन भी कराया जाता है। रामपुर कारखाना प्रतिनिधि डा संजीव कुमार शुक्ला ने छोटी गंढक में कुछ कटान स्थलो पर मनरेगा से ठोकर बनाये जाने की बात रखी।



# क्रय केन्द्रों पर घूमकर भाजपाई किसानों को दे रहे सफाई : प्रभुनारायण

**संवाददाता।** सकलडीहा,चन्दौली

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपाई गांव गांव में जनचौपाल लगाकर सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे है। इस क्रम में सोमवार को सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपाल लगाकर सरकार की किसान विरोधी नितियों को उजागर किया। इस दौरान केन्द्र और प्रदेश सरकार पर किसानों को गुमराह करने पर जमकर भड़ास निकाला।

सपाईयों ने बरंगाए फेसुड़ाए कटसिल और पौरा गांव में किसान पदयात्रा निकालकर किसानों को जगह जगह सम्बोधित किया। सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि आखिर क्यों केन्द्र प्रभारियों के खिलाफ मुकदमा लिखवाना पड़ रहा है। बिचौलियो को क्यो मौका दिया जा रहा है। जब किसानों का धान की खरीद का उचित मूल्य और आसानी से धान की खरीदारी क्रय केन्द्रों पर हो जाता तो किसान परेशान नही होते। किसान हित की बात करने वाले क्रय केन्द्रों पर घूमकर भाजपाई सफाई दे रहे है।

किसानों को सिर्फ गुमराह कर रहे है। पुंजीपति और जमाखोरों को किसान बिल के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। अंत में किसानों को किसान बिल की खामियों पर विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर जिपंस अनिल यादव,अनिल चौहान, मुन्ना पांडेय, अरविंद पासवान, बसावन गोंड, प्रभात यादव, अचरज यादव, इन्द्रदेव, बिहारी, टुनटुन यादव, अमीर अंसारी, जीतन यादव,राजनारायण मौर्य, मोहन गोंड, जगदीश मिश्रा, जमुना विश्वकर्मा, संकठा यादव, सिंटू यादवए बिंदू, रहमान, नंदलाल, दीपक पाठक, मराछु कन्नौजिया, मदन शर्मा, रामहरख प्रजापतिए रविन्द्र राम आदि किसान मौजूद रहे।

## धार्मिक गुरूओं से संवाद स्थापित किया गया

**संवाददाता।** देवरिया

शासन उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद देवरिया में नियुक्त नोडल अधिकारी पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर श्री राजेश मोडक द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी देवरिया श्री अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया डा0 श्रीपति मिश्र के साथ जनपद देवरिया के कानून व्यवस्था एकिसानों की समस्याओंए कोविड के नए स्ट्रेन के खतरे के दृष्टिगत गाईड लाइन के अनुपालन आदि की समीक्षा करते हुए उचित दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात जनपद देवरिया में चिह्नित धार्मिक स्थल बालाजी मन्दिर, देवरहा बाबा मन्दिर, सोमनाथ मन्दिर, गायत्री मन्दिर आदि धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर वहाँ उपस्थित धार्मिक गुरूओं से संवाद स्थापित किया गया।



# किसानों की समस्याओं का हल शीघ्र करें: गर्ग

## समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि नहरों में रोस्टर के अनुसार किसानों को आवश्यकतानुसार पानी टेल तक पहुंचाए



**संवाददाता।** अमेठी

**अपर** मुख्य सचिव उच्च शिक्षा व नोडल अधिकारी मोनिका एस. गर्ग ने जनपद भ्रमण के दौरान एचएएल कोरवा मुंशीगंज में धान खरीद, कोविड-19 व उसके टीकाकरण, जनसमस्याओं विशेषकर किसानों की समस्याओं, सिंचाई, नहरों में पानी की उपलब्धता, विद्युत की उपलब्धता तथा पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों आदि से सम्बन्धित समीक्षा बैठक किर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने धान खरीद की समीक्षा किया। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा जनपद का लक्ष्य 110000 मीट्रिक टन रखा गया ह, जिसमें से अब तक 12624 किसानों से 70260 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है जो लगभग कुल खरीद के 63 प्रतिशत खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद में किसानों से धान क्रय करने के लिए 57 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें विपणन शाखा के 23, पीसीएफ के 28, यूपी एग्रो के दो, मंडी समिति के दो एफसीआई के दो केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुल खरीद से लगभग 75 प्रतिशत किसानों को भुगतान की कार्यवाही की जा चुकी है। बैठक में नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिस क्रम से टोकन दिया गया हो उसी क्रम से किसानों का धान खरीदा जाए। किसानों को केंद्रों पर इंतजार न करना पड़े तथा उनका समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद नोडल अधिकारी ने कोविड-19 व उसके टीकाकरण की समीक्षा किया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे ने बताया कि वैक्सीनेशन को लेकर जनपद स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैंए डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैए वैक्सीन रखने के लिए जनपद में 15 कोल्ड चैन उपलब्ध हैं,। प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर को टीकाकरण किया जाएगा। नोडल अधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से विस्तार से निराश्रित गोवंश के टैकिंग की प्रगति आवारा पशुओं के संरक्षित करने टीकाकरण की प्रगति आदि पर जानकारी ली। उन्होंने विद्युत, सिंचाई, पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों की समस्याओं के प्रति सर्तक रहे। किसानों को नहरो में टेल तक पानी पंहुचाने का भरसक प्रयास करें। नहरों में रोस्टर के अनुसार किसानों को आवश्यकतानुसार पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये कि क्वालिटी एवं डिस्पोजल की फीडबैक को ठीक रखा जाये। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने नोडल अधिकारी को बताया कि किसानों को किसी प्रकार की स्थानीय स्तर पर समस्या प्रकाश मे आती है तो उसे तत्काल हल कराने का प्रयास किया जाता है। किसी किसान को खादए पानी आदि कि समस्या फिलहाल नहीं है। फ्रि भी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को किसानों के हित में सजग रहने के कडे निर्देश दिये गये है। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय, डिप्टी आरएमओ **भीमा चंद गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

## केकडी का जोरदार प्रदर्शन कार्यकर्ताओं ने सिर मुंडवाया

### भारी संख्या में किसानों के साथ पहुंचीं महिलाएं



**बाराबंकी।** राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल (केकडी) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित गन्ना दफ्तर परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया है। यहां पर सिर मुड़वा कर अनोखा प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार को सदबुद्धि देने की विनती की। इसके साथ ही मार्च निकालते हुए जिलाधिकारी दफ्तर पर ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल का यह जोरदार प्रदर्शन केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों काले कानूनों व किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर हुआ। इस दौरान भारी पुलिस तैनात रहा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामजी तिवारी ने स्वयं इस आंदोलन की कमान संभाली। सुबह गन्ना दफ्तर परिसर में एकत्र हो रहे कार्यकर्ता जब नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए तो प्रशासन हलकान हो उठा। इस मौके पर रामजी तिवारी ने 11 किसानों के साथ सर मुड़वा कर केंद्र सरकार को सदबुद्धि देने की प्रार्थना से की। श्री तिवारी ने कहा कि संगठन के अध्यक्ष व प्रसिद्ध लेखक अमरेश मिश्रा ने किसानों के हित में पूरे देश में प्रदर्शन का आवाहन किया है। रामजी तिवारी ने कहा कि किसानों को इस बात की आशंका है कि सरकार किसानों से गेहूं और धान जैसी फसलों की खरीद को कम करते हुए बंद कर सकती है और उन्हें पूरी तरह से बाजार के भरोसे रहना होगा। किसानों को इस बात की आशंका भी है कि इससे निजी कंपनियों को फायदा होगा और न्यूनतम समर्थन मूल्य के खत्म होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ेंगी।

## किसानों को जागरूक करेगी समाजवादी पार्टी: रमेश यादव

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार ने देश के प्रतिष्ठित उपक्रम रेल, हवाई जहाज, बीएसएनएल, जीवन बीमा निगम सहित कई सार्वजनिक प्रतिष्ठान उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गएए अब किसानों के जीवन से खिलवाड़ करने का कार्य भाजपा केंद्र सरकार कर रही है। किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर सपा अनदेखी नहीं कर सकती, सपा किसानों को जागरूक कर संघर्ष करेगी। कस्बा बिशुनपुर में आयोजित कसान चौपाल संवाद में पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने व्यक्त किए। फरीद महफूज किदवई ने कहा कि आज किसान बदहाली के दौर से गुजर रहा है। भाजपा सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैए भाजपा सरकार की निजीकरण नीति किसान वर्ग को कहीं का नहीं रखेगी। किसानए मजदूरों नौजवान व अल्पसंख्यक सभी वर्ग इस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें।

समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज ने कहा कि सपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। सत्ता में रहते सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश का चौमुखी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिक्षाए सड़कए अस्पताल जैसी बुनियादी चीजों पर सरकार ने बहुत कार्य किया।

सपा नेता वीरेंद्र कुमार रामू के संचालन में किसान चौपाल संवाद संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में सपा जिला उपाध्यक्ष प्रभारी कुर्सी मो सबाह, जिला सचिव यशवंत यादव, संजय यादव, नगर अध्यक्ष नसीम फतेहपुर अध्यक्ष सुरेश यादव, पूर्व अध्यक्ष राम गुलाम यादव, हरिराम लोधी, बेलहरा अध्यक्ष सुनील सोनी, सपा नेता अखिलेश यादव, शिक्षक सभा अध्यक्ष मनीष वर्मा, चन्दन यादव, युवजन सभा अध्यक्ष रंजीत यादव, मुलायम यूथ बिग्रेड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महिला सभा अध्यक्ष शकीला बानो, शबनम, विवेक यादव, प्रदीप यादव, ब्लाक महासचिव असगर अली मंसूरी आदि शामिल थे।

## गौवंश बचाने के चक्कर में पलटी कार बाल-बाल बचे सवार

**संवाददाता।** बाराबंकी

**गौवंश** बचाने के चक्कर में सोमवार को एक कार अनियत्रिंत होकर पलट गयी जिससे कार सवार बाल बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ निवासी पंकज सिंह सपरिवार अपनी ब्रेजा कार से गोरखपुर गये थे। सोमवार को सभी वापस लखनऊ आ रहे थे कि रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अयोध्या लखनऊ हाइवे पर ग्राम वैसन पुरवा के निकट एक साड़ आ गया। जिसे बचाने के लिए कार चालक ने जैसे ही ब्रेक मारी वैसे कार असन्तुलित होकर पलट गयी। इस घटना में कार सवार पंकज सिंह, प्रखर सिंह, स्मृति सिंह व एक बच्चा कार के अन्दर फंस गये। यह देख स्थानीय लोगो की मौके भीड़ इकठ्ठा हो गयी जिसके पश्चात् कार में फसे लोगो को सुरक्षित बाहर निकाल कर घर के लिए रवाना किया। यह हादसा दोपहर बाद हुआ।

## अधिकारी किसानों की समस्याओं के लिए हर समय तैयार रहें: हीरालाल

**संवाददाता।** ललितपुर

**पुलिस** उप महानिरीक्षक हीरालाल की अध्यक्षता में जनपद में स्थापित लॉ एण्ड ऑर्डर की प्रगति की समीक्षा बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप महानिरीक्षक द्वारा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने एवं जनपद के अधिकारियों को किसानों के सहयोग के लिये प्रत्येक समय तैयार रहने के निर्देश दिये गए। उपजिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद के सम्मानीय समाज सेवियों का सहयोग जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये अवश्य लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसान नेताओं से सम्पर्क कर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुये उन्हें पूर्ण सहयोग किया जाता है। इस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के किसानों से संवाद बनाये रखने के लिये जनपद के किसान नेताओं की सूची तैयार करें। इसके अलावा जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों के धर्मगुरूओं से सम्पर्क स्थापित कर शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम करने में प्रशासन प्रयासरत रहे। जनपद में स्थित धार्मिक स्थलों का सर्वे कर थानों में सर्वे रिपोर्ट से सम्बन्धित रजिस्टर तैयार किया जाये जिससे मंदिरों से सम्बन्धित घटनाओं की जॉच करने में सहजता हो सके। जनपद के अधिकारी जनता की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनें साथ ही उन्हें समयबद्ध रूप से निस्तारित करने का प्रयास करें।

## शिक्षामित्रों की भूख हड़ताल जारी बिगड़ी शिक्षामित्रों की हालत

**संवाददाता।** बाराबंकी



**नियुक्ति** बहाल किए जाने की मांग को लेकर बीते तीन दिनों से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल कर रहे शिक्षामित्रों का क्रमिक अनशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बीती रात तीन शिक्षामित्रों की हालत बिगड़ गई नाजुक हालत में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भेजा गया।

विदित हो कि 69000 शिक्षकों के सापेक्ष जिले में की गई शिक्षक नियुक्ति मामले में दो दर्जन शिक्षामित्रों ने शुक्रवार से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर तब धरना देना शुरू कर दिया था जब उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई थी। धरना दे रहे शिक्षामित्रों ने आरोप लगाया था कि नियुक्ति की सारी अर्हता पूरी होने के बावजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी। अनशनकारी शिक्षामित्र नियुक्ति बहाल करने की मांग कर रहे थे सुनवाई ना होने पर धरना प्रारंभ कर दिया था यही नहीं अगले दिन या धरना भूख हड़ताल में तब्दील हो गया खुले आसमान के नीचे क्रमिक अनशन पर बैठे शिक्षामित्रों में बीती रात तब अफरा-तफरी मच गई, जब एक शिक्षामित्र की अचानक तबीयत खराब हो गई। हालत नाजुक होने पर अन्य शिक्षामित्रों ने एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किए जाने के बाद उसकी हालत में सुधार आया, इसी क्रम में नीतू वर्मा एवं उषा देवी को भी चिकित्सकों की सलाह पर घर भेज दिया गया है उधर भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षामित्रों की सुध लेने अभी तक फिलहाल कोई नहीं आया है जिससे शिक्षामित्रों की हालत बिगड़ती जा रही है।

## जंगल में आगजनी से वन सम्पदा हुई खाक

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे हुसैनी मुस्तफाबाद व पूरे लोकई रामनगरकोल गांव के मध्य जंगल मे रविवार की रात लगभग 11.30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आगजनी मे लाखों की वन संपदा को नुकसान हुआ है। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण जंगल की तरफ पहुंचे और अपने स्तर पर पानी न होने की स्थिति मे फावड़ा ,कुल्हाड़ी से सरपत का लगाव काटकर फेंका। ग्रामीणों ने प्रयास किया कि किसी तरह आग की लपटें आगे न बढ़ सकें, हालांकि आगजनी से लगभग 25 बीघा जंगल का सरपत, तथा सैकड़ो पौधे जलकर राख हो गये। वही दर्जनों बड़े पेड़ भी झुलस गए। आगजनी के चलते जंगली छोर पर क्षेत्र के मन्नू खां, रसीद अहमद, नईम खां, रफीक अहमद, आदि निवासी गाजीपुर मुस्तफाबाद, वही रामसजीवन यादव, जैराम यादव, पूरे लोकई मैकू लाल, गिरधारी लाल आदि निवासी रामनगरकोल का सरपत पेड़ भी जलकर राख हो गए है।

## निर्माणाधीन महिला बाल चिकित्सालय की खराब गुणवत्ता देख भड़के एसडीएम

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**सीएचसी** परिसर मे निर्माणाधीन महिला एवं बाल चिकित्सालय में जारी कार्यो का एसडीएम ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता परखने के लिए जांच समिति मे नामित अधिशाषी अभियंताओं को भी मंगलवार को निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये है। एसडीएम राम नारायण सोमवार को दोपहर बाद अचानक सीएचसी परिसर पहुंचे।

यहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पचास बेड के निर्माणाधीन महिला एवं बाल चिकित्सालय का उन्होने औचक निरीक्षण शुरू किया। एसडीएम को भी जारी निर्माण कार्य मे खामियां दिखी तो वह कार्यदायी संस्था पर भड़क उठे। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था से निर्माण को लेकर कार्ययोजना का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने को कहा। वहीं जांच समिति मे नामित अधिशाषी अभियंताओं को भी मंगलवार को तकनीकी परीक्षण के लिए उपलब्ध होने के निर्देश दिये।

बता दें सीएचसी परिसर मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा के प्रयास से सात करोड़ छत्तीस लाख लागत की मैटरनिटी विंग की स्वीकृत प्रदान की गई है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को अब तक पांच करोड़ छत्तीस लाख अवमुक्त भी हो चुके है। सप्ताह भर पहले क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना क्षेत्र के दौरे पर आयी थी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर विधायक मोना ने मैटनिटी विंग के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तो गुणवत्ताविहीन निर्माण देख वह भड़क उठी थीं।

विधायक ने अनियमितता को लेकर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं विभागीय अपर मुख्य सचिव को जांच के लिए पत्र लिखा है। इधर डीएम डा. रूपेश कुमार ने महिला एवं बाल चिकित्सालय के निर्माण मे शिकायत को देखते हुए एसडीएम की अध्यक्षता मे तीन सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर रखा है। एसडीएम के औचक निरीक्षण से सीएचसी परिसर मे देर शाम तक हडकंप का माहौल दिखा।

## कोरोना टीकाकरण को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने एल-2 चिकित्सालय में कोरोना टीकाकरण एवं कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कोरोना टीकाकरण के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन के लिये चिन्हित किये गये सेन्टर पर अनिवार्य रूप से थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाए, आने वाले प्रत्येक कर्मचारी की स्क्रीनिंग करने के बाद शरीर का तापमान सामान्य मिलने पर ही टीकाकरण के लिये कक्ष में भेजा जाये।

बैठक में सीएमओ ने बताया कि टीका लगाने हेतु तीन कमरे होगें, एक कमरे में अभिलेखों की जांच होगी, दूसरे में एएनएम या स्टाफ नर्स द्वारा टीका लगाया जायेगा और तीसरे कमरों में आधे घंटे तक लाभार्थी को रोका जायेगा ताकि उस पर होने वाले किसी दुष्प्रभाव को देखा जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीकाकरण स्थल पर मेडिकल निगरानी टीम अवश्य उपस्थित रहे। कोल्ड चेन सेन्टरों में टीके को स्टोर करने के समस्त इंतजाम जल्द से जल्द पूर्ण किये जाये इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सीएमओ से अब तक जनपद में कोविड अस्पताल में भर्ती कोरोना मरीजों की की संख्या, ठीक हुये मरीजों की संख्या एवं होम आइसोलेशन मरीजों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये और पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों का आरटीपीसीआर टेस्ट अवश्य किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय-समय पर सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जाये और होम आइसोलेशन मरीजों से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखे और यदि किसी भी मरीज में गम्भीर बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें कोविड चिकित्सालय में भर्ती किया जाये।

**शासन के निर्देश पर चला वाहन चेकिंग अभियान**

**बाराबंकी।** शासन के निर्देश पर सोमवार को जिले में यातायात प्रभारी के नेतृत्व वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया चार पहिया वाहनों का चालान कर राजस्व वसूला गया। विदित हो कि शासन ने वाहनों पर जातिसूचक लिखने पर रोक लगा दी है इसके लिए समस्त जनपद के पुलिस अधिकारियों को पत्र जारी कर अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

## जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

तिलोई (**अमेठी**)। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के जियापुर गांव में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर सोमवार को दो पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने मामले को शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के जियापुर गांव निवासी अशरफ पुत्र इबरार ने थाने पर दी लिखित तहरीर में लिखा है कि मैंने गांव के ही अकरम पुत्र इकबाल से जमीन खरीदी थी सोमवार को जब मैं नींव की खुदाई करवाने मजदूरों के साथ मौके पर पहुंचा तभी नासिर अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए ।मौके पर काम कर रहे मजदूरों को भी जातिसूचक शब्दों से गालियां दी। सूचना पर मदद करने पहुंचे अकरम उर्फ पप्पू अफजाल व अकरम ने बीच बचाव करना चाहा तो डंडों व सीटों से हमला कर दिया।

## राम के आदर्शों का आत्मसात कर भारत को दिलाएं विश्वगुरू का दर्जा: गोविंद भाई

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**क्षेत्र** के रामपुर भेडियानी गावं मे हो रही नौ दिवसीय संगीतमयी सुनिये कथा रघुनाथ की को सुनने के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी। मानव कल्याण सेवा संस्थान के संयोजन मे कथा विश्राम दिवस पर बोलते हुए कथा व्यास श्री गोविंद भाई जी बद्री नाथ धाम ने कहा कि आज समाज को ऐसी आवश्यकता है कि वह प्रभु श्रीराम के आदर्शो से सीखे उनका अनुसरण करें। उन्होनें श्रद्धालुओं से कहा कि वह श्रीराम की कथा को अपने मे आत्मसात करने का प्रयत्न करें तभी भारत को विश्व गुरु बनने का अवसर मिल सकेगा। उन्होंने मनुष्य मे मनुष्य व जीवो के प्रति प्रेम भाव का व्यवहार रखने का आहवान भी किया। कथाव्यास ने प्रभु श्रीराम का हनुमान सुग्रीव की मित्रता लंका दहन रामेश्वर स्थापना श्री राम सेतु निर्माण एवम पूरी सेना व परिवार सहित रावण वध और माता सीता की अग्नि परीक्षा विभीषण का राजतिलक व फिर पुष्पक विमान द्वारा तमाम ऋषि मुनियों का आशीर्वाद प्राप्त कर पुन: अयोध्या आगमन और श्री राम का राज्याभिषेक तक के सभी प्रसंगों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कथा सुनकर पांडाल मे उपस्थित रामभक्त मंत्रमुग्ध हो उठे। श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक पं. श्याम शंकर पान्डेय अध्यक्ष पं शिव नारायण पान्डेय व संचालक पं कृष्ण देव शुक्ला व प्रचार मंत्री शिवपवन दुबे जी द्वारा कथा श्री गोविंद भाई जी व अन्य आचार्यो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भजन गायक सतीश चंद्र पान्डेय बलराम ने भजन सबकै बिगडी बनाया हमार सुधि काहे भुलाया गाया तो पूरा पांडाल झूम उठा।

## जिलाधिकारी ने की जनपद में साप्ताहिक बंदी घोषित

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जनपद में स्थित विभिन्न दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए कैलेंडर वर्ष-2021 हेतु दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों (आवर्त दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों को छोड़कर) के लिए साप्ताहिक बंदी घोषित की है। उन्होंने बताया कि तहसील अमेठी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में नगर पंचायत अमेठी, मुंशीगंज, विषेशरगंज व मुंशीगंज रोड अमेठी में मंगलवार तथा रामगंज में बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बंदी के रूप में घोषित की गई हैए इसी क्रम में तहसील गौरीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका गौरीगंज व टिकरिया में मंगलवार तथा जामों क्षेत्र में शनिवार को साप्ताहिक बंदी के रूप में घोषित किया गया है।

## बच्चे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, रोजाना व्यायाम करें: मंडलायुक्त

**संवाददाता।** ललितपुर

**गौवंश** आश्रय स्थल अमझरा के निरीक्षण के उपरान्त विकासखण्ड विरघा के ग्राम बेटना के प्राथमिक विद्यालय में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। खाद्यान वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि ग्राम में 232 राशन कार्ड धारक थे अब मात्र 190 राशन कार्डधारक के नाम कोटेदार की रिपोर्ट में बताये जा रहे हैं। इस पर आयुक्त ने इस सम्बंध में जांच कराये जाने के निर्देश दियेतथा ग्रामवासियों को अपने परिवार का बैंक में खाता खुलवाये जाने के सम्बंध में अवगत कराया जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि मनरेगा के तहत पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैए इस दौरान आयुक्त ने ग्रामवासियों को बताया कि सभी लोग अनिवार्य रुप से मास्क का प्रयोग करें जिससे कोरोना नामक भयानक बीमारी से आप सुरक्षित रह सकें।

विद्युत आपूर्ति की समीक्षा में बताया गया कि ग्राम में विद्युत आती है साथ ही विद्यालय में भी विद्युतीकरण है। जन चौपाल में आयुक्त ने ग्राम के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, नियिमित व्यायाम करें, प्रतिदिन विद्यालय जायें तथा स्वच्छ भोजन ग्रहण करें। इस दौरान जिलाधिकारी अन्नावि दिनेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 136वां स्थापना दिवस

**बाराबंकी।** सोमवार को जिले भर में कांग्रेस पार्टी का 136वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पदयात्रा भी निकाली गयी और पार्टी की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन ने कहा कि मुबंई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में 28 दिसम्बर 1885 को 72 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई। 62 वर्षो तक आजादी की लड़ाई लड़ने के बाद कांग्रेस ने 15 अगस्त 1947 को इस देश को आजादी दिलाकर देश की आवाम को खुली हवा में सांस लेने का एहसास दिलाया। आजादी के बाद जिस देश में सुई नही बनती थी वहां अब परमाणु बम बन रहे है, यह भी कांग्रेस की ही देन है। आजादी के बाद आज एक बार फिर देश के अन्नदाता के चेहरे पर मायूसी है।

## खाद्य विभाग व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है: अभय

**संवाददाता।** ललितपुर

**जय** बुंदेलखंड व्यापार मंडल की एक बैठक जिला कार्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय जैन एवं मंडल अध्यक्ष अंचल अर्जरिया झांसी महानगर अध्यक्ष साहू एवं जिलाध्यक्ष अभय चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों में कई योजनाओं का संचालन किया किया जा रहा है।

इन योजनाओं को व्यापारियों को लाभ दिलाना संगठन का प्रथम कार्य है, साथ ही अगर किसी व्यापारी को कोई भी समस्याएं हो तो संगठन को तुरंत व्यापारी की मदद के लिए आगे आना चाहिए। तत्पश्चात संगठन के विस्तार करते हुए करीम राइन पप्पू को व्यापार मंडल का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष अभय चौबे ने बताया वर्तमान में व्यापारियों को सबसे ज्यादा खाद्य विभाग द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। इस संबंध में जल्द ही जिले भर के व्यापारियों को साथ लेकर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

**मिट्टी खनन जोरों पर, पुलिस और प्रशासन अनजान**

सिद्धौर (बाराबंकी) । क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं द्वारा नहर की पटरी खोदकर रातो रात मिट्टी को गायब किया जा रहा है ।सिद्धौर असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धौर पुलिस चौकी क्षेत्र में अहमदपुर पारा कोठी से निकले सिद्धौर रजबहा पर सिद्धौर रॉयल होटल समीप नहर की पटरी खोदकर खनन माफियाओं द्वारा रातो रात पुलिस व राजस्व विभाग की सांठगांठ के चलते नहर पटरी की मिट्टी खोदकर ले जाई जा रही है। बताते हैं कि कई दिनों से अवैध मिट्टी खनन कार्य हो रहा है।